www.mpinfo.org/rojgar | www.mpmadhyam.in
डाक पंजीयन क्र. ई-2/भो.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84
वर्ष-37, अंक-01, मूल्य ₹10.00

रोज़गार और निर्माण

http://www.rojgaraurnirman.in
प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 06.01.2020 से 12.01.2020

सोच में परिवर्तन से ही बनेगी मध्यप्रदेश की नई पहचान

मध्यप्रदेश की नई पहचान के लिये जवाबदेही के साथ करें काम – मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ भोपाल में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने भोपाल स्थित मंत्रालय में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ नए वर्ष की पहली बैठक में नव वर्ष की बधाई देते हुए सरकार की प्राथमिकताओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार गठन को एक वर्ष पूरे हो गये हैं। उन्होंने कहा कि हर सरकार और मुख्यमंत्री की अपनी दृष्टि और कार्यशैली होती है और प्रशासन तंत्र के भी अपने तौर-तरीके होते हैं। मुख्यमंत्री ने नए साल में सरकार की प्राथमिकताएं गिनाते हुए कहा कि सबसे ज्यादा जरूरी है सोच में परिवर्तन लाना। सोच में परिवर्तन से ही मध्यप्रदेश की नई पहचान बनेगी। उन्होंने कहा कि सरकार की सोच और प्रशासनिक तंत्र के काम करने के तरीके में अंतर नहीं होना चाहिए।

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने कहा कि देश में अंग्रेजों ने जो प्रशासन के तौर-तरीके सिखाए थे अब उनमें बदलाव आ गया है। अंग्रेजों ने केवल राज्य के हितों की सुरक्षा करना सिखाया था। आज आम नागरिकों, उपभोक्ताओं, हितग्राहियों के हितों की रक्षा को प्राथमिकता मिल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को अब पूरी जवाबदेही के साथ मित्रवत और सहयोगी बनने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने समय के साथ चलते हुए नियम, कानून, प्रक्रियाओं में भी आवश्यक परिवर्तन लाने पर विचार करने और स्वप्रेरणा से सुझाव देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कई योजनाएं बजट की कमी और कई अन्य कारणों से अधूरी रह जाती हैं। कई योजनाएं केंद्र सरकार के पास लम्बित पड़ी रहती हैं। इन पर प्राथमिकता से ध्यान दें। केंद्र की योजनाओं का भरपूर लाभ लें और बाधाओं को दूर करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम समय नहीं बदल सकते, लेकिन समय हमें जरूर बदल देगा। इसलिए समय के साथ आगे बढ़ने और प्रदेश को आगे ले जाने के लिए काम करें।

श्री नाथ ने कहा कि हर विभाग को यह भी देखना होगा कि अन्य राज्यों में उसके क्षेत्र से संबंधित कौन से नये परिवर्तन हो रहे हैं। दूसरों की सफलताओं और असफलताओं से सीख लें। उन्होंने कहा कि इसके लिए हर विभाग में एक समीक्षा प्रकोष्ठ बनाएं और अपना दृष्टि-पत्र बनाएं। केंद्र सरकार में लम्बित योजनाओं का समाधान करने के लिए सिर्फ पत्राचार करने की औपचारिकता में न पड़ें, बल्कि संबंधित अधिकारियों से सतत् संपर्क करें और समाधान निकालें ताकि केंद्र के बजट प्रावधानों और योजनाओं का पूरा लाभ प्रदेश को मिले।

ई-गवर्नेंस से वी-गवर्नेंस

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सेवा प्रदाय व्यवस्थाओं को सक्षम बनाने पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है, ताकि आम नागरिकों को इनका भरपूर लाभ दिला सकें। सेवा प्रदाय व्यवस्था जितनी प्रभावी होगी उतना ही प्रभावी प्रशासन होगा। उन्होंने कहा कि अब ई-गवर्नेंस से वी-गवर्नेंस पर जाने की आवश्यकता है। पुरानी व्यवस्थाओं की समीक्षा कर अप्रभावी करने के लिए पूरा सहयोग करें। व्यवस्थाओं में परिवर्तन कर सक्षम बनाएं। उन्होंने कहा कि हर परिवर्तन में थोड़ा नुकसान होता है, लेकिन थोड़े नुकसान के लिए बड़े फायदे की अनदेखी करना ठीक नहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योग के क्षेत्र में अविलम्ब त्वरित स्वीकृति देने की व्यवस्था अमल में लायें ताकि निवेशकों को भटकना न पड़े और औपचारिकताएं जल्दी पूरी हो जाएं। स्वच्छ शहरों की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर और भोपाल की तारीफ होती है। इससे आगे अब यह सोचना होगा कि स्वच्छता के क्षेत्र में कौन से नए आयाम जोड़े जा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों का सौंदर्य बढ़ाने के उद्देश्य से नोटिफाइड सड़कों के किनारे बनी बड़ी सरकारी और गैर सरकारी इमारतों में अनिवार्य रूप से पेंटिंग करने के प्रावधान पर विचार करते हुए कानून बनाने पर भी विचार चल रहा है। उन्होंने कहा कि नजरिए में परिवर्तन लाने की दिशा में यह छोटा-सा प्रयास होगा।

भूमि प्रबंधन प्राधिकरण गठित होगा

मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों के स्वामित्व में पड़ी अनुपयोगी जमीनों का लोकहित में उपयोग करने के उद्देश्य से भूमि प्रबंधन प्राधिकरण गठित करने की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हर विभाग इस बात की समीक्षा करे कि कितनी जमीन उसके उपयोग की है और कितनी अनुपयोगी पड़ी है। उन्होंने कहा कि ऐसी जमीनों पर गरीबों के आवास निर्माण जैसी योजनाएं बनाई जा सकती हैं।

एक सप्ताह में कर्मचारी चयन आयोग

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले एक सप्ताह में कर्मचारी चयन आयोग काम करना शुरू कर दे। इसकी सभी औपचारिकताएं पूरी कर लें। कौशल उन्नयन के संबंध में उन्होंने कहा कि कौशल उन्नयन के काम में कितनी सफलता मिली, इसका आकलन करना जरूरी है। कौनसा कौशल रोज़गार के लिए उपयोगी है इसकी प्राथमिकता तय कर लें। प्रदेश के लिए कौन-कौन से कौशल जरूरी हैं उन पर ध्यान दें। आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए पूरा सहयोग करें।

मुख्यमंत्री ने किसानों की ऋण माफी के दूसरे चरण की शुरुआत की चर्चा करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में न सिर्फ भारत की बल्कि विश्व की उद्यानिकी राजधानी बनने की संभावनाएं हैं। इन संभावनाओं का पूरा उपयोग करें। फ्लोरीकल्चर की बहुत गुंजाइश है। इस क्षेत्र से खाद्य प्रसंस्करण अभिन्न रूप से जुड़ा क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि अब मिलकर यह प्रयास करना है कि मध्यप्रदेश को दुनिया में हो रहे परिवर्तन से कैसे जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि परिवर्तन अपनी गति से जारी रहेगा। यदि परिवर्तन के साथ कदम-ताल नहीं की तो पीछे छूट जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ज्यादा काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अभी गुणवत्ता में महाविद्यालयों से लेकर प्राथमिक स्तर पर बहुत कमी है। इसका स्तर बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके लिए रणनीतिक प्रयासों को बढ़ाना होगा। प्राथमिक शालाओं से शुरुआत करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ा बजट खर्च होता है, लेकिन गुणवत्ता नहीं बढ़ने से उसका फायदा भविष्य के लिए नहीं मिल पाता।

नकली दवाई बनाने वाली दवा कंपनियों के विरुद्ध अभियान

स्वास्थ्य के क्षेत्र की प्राथमिकता की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुर्वेदिक डॉक्टर की पद स्थापना करने तथा आयुष्मान जैसी योजनाओं का अधिकाधिक उपयोग करने की दिशा में भी काम करने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागीय बजट की राशि का उपयोग जनवरी, फरवरी और मार्च महीने में करने का चलन-सा बन गया है। इस प्रवृत्ति से बचने की आवश्यकता है। 'शुद्ध के लिए युद्ध' अभियान की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शुद्ध के लिए युद्ध करने की स्थिति बनना अपने आप में अप्रिय है। उन्होंने कहा कि अब मिलावटी दवाई बनाने वाली दवा कंपनियों के विरुद्ध अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों के हित के लिए मध्यप्रदेश को शुद्धता का प्रदेश बनाने के लिए वे प्रतिबद्ध हैं।

जय किसान फसल ऋण माफी योजना – द्वितीय चरण

अट्ठारह सौ किसानों को 12 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हुई अंतरित

भिण्ड, किसानों की कर्जमाफी के लिए सरकार ने जय किसान फसल ऋण माफी का दूसरा चरण प्रारम्भ कर दिया है। सहकारिता एवं संसदीय कार्य मंत्री डॉ. गोविन्द सिंह ने भिण्ड जिले के लहार में आयोजित कार्यक्रम में योजनान्तर्गत किसानों को फसल ऋण माफी पत्रक तथा किसान सम्मान पत्र/ताम्रपत्र वितरित किए।

कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री डॉ. गोविन्द सिंह ने कहा कि कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने जो कर्ज माफी का वचन किसानों को दिया था वह पूरा किया जा रहा है।

भिण्ड जिले से किसानों की ऋण माफी के दूसरे चरण की शुरुआत हो रही है, जिसमें जिले के 1800 किसानों का 12 करोड़ 26 लाख से अधिक का (50 हजार रुपये से लेकर एक लाख रुपये तक का ऋण) कृषि ऋण माफ किया जा रहा है।

इस योजना के प्रथम चरण में भिण्ड जिले के 26477 किसानों का 86 करोड़ 79 लाख 65 हजार 535 रुपये का ऋण माफ हुआ था।

डॉ. गोविन्द सिंह ने कहा कि कृषि आधारित इस प्रदेश में अन्नदाताओं की स्थिति बेहतर हो, यह मंशा प्रदेश सरकार के मुखिया श्री कमल नाथ की है। किसानों को सशक्त करना उनकी जिम्मेदारी है। सहकारिता मंत्री श्री सिंह ने कहा कि किसानों की पीड़ा को सरकार ने समझा है और उन्हें इस संकट से निकालने की पहल मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ द्वारा की गई। शपथ ग्रहण के कुछ घंटे बाद ही उन्होंने अपना वचन वर्तमान चुनौतियों के बाद भी निभाया है। प्रदेश में यह योजना चरणबद्ध तरीके से लागू की गई है।

हनुवंतिया जल महोत्सव

पर्यटन की असीम संभावनाओं से रोज़गार को जोड़ा जाएगा

खंडवा, मध्यप्रदेश में उपलब्ध पर्यटन की असीम संभावनाओं को रोज़गार से जोड़ा जाएगा। हम ऐसी रणनीति बना रहे हैं, जिससे पर्यटन स्थल राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आकर्षण के केंद्र बनें और लोगों को व्यापक पैमाने पर रोज़गार उपलब्ध हो। ये बातें मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने खण्डवा जिले में इंदिरा सागर बांध स्थित हनुवंतिया पर्यटन स्थल में चौथे जल महोत्सव का शुभारंभ करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने कहा कि मनोरंजन की दृष्टि से पर्यटन क्षेत्र सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश में विश्व स्तर के पर्यटन स्थल हैं। बड़ी संख्या में जल और वन संपदा है। जरूरत है कि हम अपनी इस संपदा को आर्थिक और रोज़गार की दृष्टि से विकसित करें। उन्होंने कहा इससे प्रदेश के नागरिकों की आय में वृद्धि करने के साथ ही उनके जीवन स्तर में भी सुधार ला सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हनुवंतिया जैसे अन्य पर्यटन स्थलों का भी सुनियोजित विकास किया जाएगा। इससे स्थानीय लोगों को रोज़गार मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की पिछले एक वर्ष की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि किसानों का कर्ज माफ करके हमने किसानों की उन्नति के नए रास्ते बनाए हैं। दूसरे चरण में चालू खाते वाले किसानों की ऋण माफी की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए बढ़ते हुए कृषि उत्पादन का उचित मूल्य किसानों को दिलाया जाएगा।

नया टूरिस्ट सर्किट

पर्यटन मंत्री श्री सुरेन्द्र सिंह बघेल ने बताया कि महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, महेश्वर, माण्डू, मोहनखेड़ा और सिंगाजी को मिलाकर एक टूरिस्ट सर्किट विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि माण्डू में आदिवासी संस्कृति, परम्परायें और उनके खान-पान से पर्यटकों को परिचित कराने की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार धार्मिक और ट्राइबल टूरिज़्म को बढ़ावा दे रही है।

श्री बघेल ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने पिछले दिनों उज्जैन स्थित महाकालेश्वर के लिए 300 करोड़ रुपये और ओंकारेश्वर के लिये 156 करोड़ रुपये की योजनाओं को स्वीकृत करने का ऐतिहासिक कार्य किया।

टीचिंग-लर्निंग सिस्टम को प्रभावी बनाएं टीचर्स - जनसम्पर्क मंत्री

भोपाल, जनसम्पर्क मंत्री श्री पी.सी. शर्मा ने पीपुल्स कैम्पस में ग्लोबल टीचर्स मीट के उद्घाटन सत्र में कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिये जरूरी है कि टीचिंग-लर्निंग सिस्टम को प्रभावी और सशक्त बनायें। युवा पीढ़ी को शिक्षा देते समय उन्हें भारतीय संस्कृति और पारम्परिक मूल्यों की विरासत से भी अवगत करायें।

श्री शर्मा ने कहा कि इन्फॉर्मेशन टेक्नालॉजी से टीचिंग-लर्निंग को अधिक प्रभावी बनाने के कई रास्ते खुल गए हैं। स्मार्ट क्लास की अवधारणा को स्कूलों ने अपनाया है। राज्य सरकार ने शासकीय स्कूलों में भी स्मार्ट क्लाससेस शुरू की हैं। उन्होंने बताया कि अब एक्सीलेंस स्कूलों, मॉडल स्कूलों और अन्य शासकीय स्कूलों में स्मार्ट क्लास संचालित की जा रही हैं।

श्री शर्मा ने कहा कि ग्लोबल टीचर्स मीट के निष्कर्षों और सुझावों को शासकीय स्कूलों में भी लागू करने पर विचार किया जाएगा। उन्होंने निजी शिक्षण संस्थाओं से कहा कि वे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के होनहार बच्चों को शिक्षा देने के लिये आगे आएं। उन्होंने करुणाधाम आश्रम के आचार्य द्वारा झुग्गी-बस्तियों के बच्चों को नि:शुल्क कोचिंग देने और प्रोफेशनल कोर्सेज एवं उच्च अध्ययन की सुविधा उपलब्ध कराने का उदाहरण देते हुए इसका अनुसरण करने की अपेक्षा की।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

विष्णुगुप्त एकेडमी

A new era begins

जुड़े प्रदेश की सबसे बड़ी एवं अनुभवी शिक्षकों की टीम से

MPPSC Mains Hindi & English Medium 16 Jan 2020

MPPSC Pre+Mains Hindi & English Medium 16 Jan 2020

MPSI New Batch 16 Jan 2020

संविदा शिक्षक वर्ग-3 16 Jan 2020

अभिभावकों से अपील – किसी भी संस्थान में प्रवेश लेने से पूर्व, पुराने विद्यार्थियों से अवश्य संपर्क करें क्योंकि ये आपके बच्चों के भविष्य का सवाल है

वेदा बिजनेस पार्क, फर्स्ट फ्लोर, भंवरकुआ मेन रोड, इन्दौर +91 88899 00158 +91 88899 00159

2 DAYS FREE DEMO CLASSES

R-43224/2020

आजाद पी 3 एकेडमी

सपनों की उड़ान आप भरें, उन्हें साकार हम करें।

UPSC | MPPSC | MPSI | PATWARI | SAMVIDA 1,2,3

प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सेवा हेतु सम्मानित

MPPSC

PRE + MAINS HINDI & ENGLISH MEDIUM

NEW BATCH START 16 JAN'20

शिक्षक पात्रता परीक्षा वर्ग 3 16 JAN'20

MPSI 16 JAN'20 | **आरक्षक** 15 JAN'20

हेड ऑफिस : वेदा बिल्डिंग, 216 द्वितीय मंजिल, एप्पल हॉस्पिटल के पास, भंवरकुआ, इंदौर

6-A इंद्रपुरी कॉलोनी, भंवरकुआं इंदौर

0731-4966653 / 54, 97559-16644, 70244-86260, 91092-57973

R-43216/2020

Chetan Meena's Institute For Civil Services

UPSC | MPPSC | MPSI | VYAPAM OTHER EXAMS

MPPSC PRE + MAINS

HINDI & ENGLISH MEDIUM NEW BATCH -2020

15 JAN' 2020

UNDER THE GUIDANCE BY: Chetan Meena IIT BOMBAY

NEW BATCH STARTS FOR MPPSC

LIVE ANSWER WRITING

MAINS TEST SERIES

160/4, Bholaram Ustad Marg, Indore

0731-4910077 | 75828-77777 | 94249-80001

R-43215/2020

Requirements

Academic Positions for B.Com (Plain / Hons / Tax / CA) & BBA, MBA, PGDM) :
• Principal • Professor • Associate Professor • Assistant Professor
for Finance, HR, Marketing, Operation, Accounts, Computer Sc./IT, Economics, Hindi, English & Maths
Admin Staff : • Registrar • Office Assistant • Librarian • Book Lifter

Qualification As per UGC / AICTE / DHE / DTE & DAVV norms Salary : No bar for experienced & deserving candidates

Interested candidates may send their updated CV along with photocopy of all testimonials at Institute's following address within 5 days from the date of advertisement or mail : imiregistrar@gmail.com Mob.: 9717265930

INDORE MANAGEMENT INSTITUTE AND RESEARCH CENTER

(Approved by AICTE New Delhi & D.H.E. / DTE, Bhopal, Affiliated to DAVV, Indore)

City Office : 418 Milinds Manor, opp. Central Mall, RNT Marg, Indore (M.P.) Ph. 0731-2527587

Campus - Village Datoda, Khandwa Road, Near Choki Dhani, Indore (M.P.) 452020

R-43218/2020

Requirements

Academic Positions for B.A.LL.B (5 Years Integrated), LL.B.(3 Years) :-
• Principal • Professor • Associate Professor • Assistant Professor
for Political Sc., Hindi, History, Economics & English-Lit. & all Law subjects.
Admin Staff : • Registrar • Scholarship Staff • Office Assistant • Librarian • Book Lifter • PR / Admission / Marketing Officer

Qualification As per UGC / BCI / DHE & DAVV norms Salary : No bar for experienced & deserving candidates

Interested candidates may send their updated CV along with photocopy of all testimonials at Institute's following address within 5 days from the date of advertisement or mail : registrarsslc@gmail.com Mob.: 9717265930

S & S LAW COLLEGE

(Approved by BCI, New Delhi & D.H.E. Bhopal, Affiliated to DAVV, Indore)

City Office : 418 Milinds Manor, opp. Central Mall, RNT Marg, Indore (M.P.) Ph. 0731-2527587

Campus - Village Datoda, Khandwa Road, Near Choki Dhani, Indore (M.P.) 452020

R-43219/2020

मध्यप्रदेश प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा की घर बैठे निःशुल्क तैयारी करें

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल द्वारा आयोजित की जा रही मध्यप्रदेश प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा 2020 हेतु सम्पूर्ण मार्गदर्शन के लिए आज ही अपने मोबाइल फोन पर यूट्यूब पर जाकर लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में प्रतिष्ठित डॉ. जयंतीलाल भंडारी के career disha चैनल को सब्सक्राइब करें, घर बैठे पाठ्यक्रम के अनुरूप संभावित परीक्षोपयोगी प्रश्नों को देखें, याद करें और सफलता की डगर पर आगे बढ़ें।

सफलता हेतु डॉ. भंडारी के मार्गदर्शन में तैयार बाजार में उपलब्ध मासिक पत्रिका प्रतियोगिता निर्देशिका और प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा 2020 के नोट्स भी खरीदें –

संपर्क करें :– प्रतियोगिता निर्देशिका

111, गुमाश्ता नगर, इन्दौर ☎ 0731-2482060, 2480090

R-43221/2020

नये बैच में प्रवेश प्रारंभ

शिक्षक पात्रता (संविदा) भर्ती परीक्षा वर्ग – 3

सभी अनिवार्य विषय उपलब्ध

पत्राचार पाठ्यक्रम उपलब्ध

कौटिल्य एकेडमी

→ भँवरकुंआ चौराहा, इन्दौर

9827368224 0731-4226615

इन्दौर शाखा – राजवाड़ा चौराहा, प्रेस कॉम्प्लेक्स, फूटी कोठी, कातावी नगर, गीता भवन, एम.आई.जी., विजय नगर

R-43222/2020

15 वर्षीय अनुभवी टीम

नये बैच में प्रवेश प्रारंभ

MPTET शिक्षक पात्रता परीक्षा वर्ग - 3

सभी अनिवार्य विषय उपलब्ध

पत्राचार पाठ्यक्रम उपलब्ध

बालाजी ट्यूटोरियल्स

ठाकुर भवन, भंवरकुआ चौराहा, इंदौर

Mo.98930-53653

R-43217/2020

6 जनवरी से 4 घंटे का विशेष बैच

प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा-2020 विशेष टारगेट बैच

3 DEMO क्लास जरूर लें और अंतर देखें

संस्कृत विषय की विशेष क्लास उपलब्ध

कालका IAS प्लॉट नं. 1, 301, 3rd मंजील पर मनोहर डेरी के पीछे सेन्ट्रल बैंक के पास एम.पी. नगर, जोन-1, भोपाल 9111831119

अगर आप कोचिंग नहीं आ सकते तो घर बैठे भी ONLINE क्लास उपलब्ध

R-43220/2020

एक हजार गौ–शालाओं का निर्माण कार्य प्रगति पर

भोपाल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री कमलेश्वर पटेल ने मनरेगा योजना की समीक्षा करते हुए कहा है कि इस योजना में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में एक हजार गौ-शालाओं का निर्माण करने का लक्ष्य है। गौशालाओं के निर्माण कार्य तेजी से पूरे किये जा रहे हैं। इन निर्माण कार्यों पर अब तक 9395 लाख रुपये व्यय किये गये हैं। श्री पटेल ने निर्देश दिये कि मनरेगा में जल संरक्षण संरचनाओं के कार्यों को प्राथमिकता दी जाये।

विनर्स

इंस्टीट्यूट, इन्दौर

संविदा शिक्षक वर्ग 3

MPSI | कांस्टेबल

नये बैचेस प्रारंभ

दिनांक - 7 जनवरी से

Free Demo Class

इन्दौर

Call : 9009335533

R-43223/2020

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ की पहल पर बदल गया प्रदेश का औद्योगिक परिदृश्य

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ की पहल पर बीते 12 महीनों में प्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य में बड़ा सकारात्मक बदलाव देखने में आया है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में बड़े उद्योगों के लिये विकसित भूमि आवंटित करने तथा उद्योग स्थापना के लिये दी जाने वाली सभी सहूलियतें मुहैया कराने के लिये ऐतिहासिक निर्णय लिये और उन्हें जमीन पर उतारा। इसके फलस्वरूप देश के बड़े-बड़े उद्योगपति मध्यप्रदेश में उद्योग लगाने के लिये लगातार आगे आ रहे हैं। बड़े उद्योगों के साथ ही मध्यम एवं लघु उद्योगों ने भी प्रदेश में पूँजी निवेश करने की पहल की है। राज्य सरकार ने इनकी पहल का सम्मान करते हुए इन्हें भी आवश्यकतानुसार विकसित भूमि आवंटित की है।

मुख्यमंत्री की पहल पर वर्ष 2019 के दौरान बड़े उद्योगों को 773 एकड़ से अधिक विकसित भूमि आवंटित की गई। इसी अवधि में बड़े उद्योगों में 7365 करोड़ रुपये से अधिक का पूंजी निवेश संभावित है। औद्योगिक केंद्र विकास निगम ने विकसित औद्योगिक क्षेत्रों में इस वर्ष, पिछले वर्ष की तुलना में 67 प्रतिशत अधिक विकसित औद्योगिक भूमि आवंटित की। इसी प्रकार बड़े उद्योगों में बीते वर्षों की तुलना में 52 प्रतिशत अधिक पूंजी निवेश भी संभावित है।

श्री कमल नाथ के द्वारा प्रदेश में उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहन देने के लिये उठाये गये कदमों के चलते वर्ष 2019 में प्रदेश में वृहद, मध्यम और लघु उद्योगों में कुल 32 हजार 500 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। इस अवधि में एक लाख 9 हजार 210 नये रोज़गार के अवसर भी निर्मित हुए।

सौ करोड़ से अधिक पूंजी निवेश के उद्योग

प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा निर्मित विश्वास के वातावरण में बड़े-बड़े उद्योग आना शुरू हो गये हैं। मात्र पिछले एक साल में 100 करोड़ रुपये से अधिक प्रस्तावित पूंजी निवेश के 11 उद्योगों ने प्रदेश में प्रवेश किया है। इनमें से रॉलसन टायर्स ने पीथमपुर में 1258 करोड़ रुपये, मे. एसीसी लि. देवसरी जिला कटनी ने 1270 करोड़ रुपये, मेकलाड्स फार्मास्युटिकल्स ने धार में 723 करोड़ 21 लाख रुपये, श्रीराम पिस्टन एण्ड रिंग्स ने पीथमपुर में 620 करोड़ रुपये, सिपला लिमिटेड ने धार में 513 करोड़ रुपये, स्मार्ट इंडस्ट्रीयल पार्क, धार फारम्युलेशन एसईजेड ने धार में 335 करोड़ रुपये, मे. पारले एग्रो प्रा.लि., सीतापुर फेस-2 ने 329 करोड़ रुपये, वेल्सपन कार्पोरेशन लि. जमुनिया खेड़ा ने धार में 300 करोड़ रुपये, जमना ऑटो ने धार में 230 करोड़ रुपये, ऑटोमेटिव एक्सल लि. ने धार में 185 करोड़ रुपये और इंडियन रेअर अर्थ्स लि. ने एमएसएमई अचारपुरा में 112 करोड़ 93 लाख रुपये का पूंजी निवेश प्रस्तावित किया है।

बड़े उद्योगों को आवंटित विकसित भूमि

राज्य सरकार ने प्रदेश में बड़े उद्योगों को प्राथमिकता के साथ विकसित भूमि आवंटित की है। पिछले एक साल में इन उद्योगों को कुल 773 एकड़ विकसित भूमि आवंटित की है। इनमें से रॉलसन टायर्स को 404656 वर्गमीटर, एसीसी को 30600, मेकलॉडस फार्मास्युटिकल्स को 114200, श्रीराम पिस्टन एंड रिंग्स को 65000, सिपला लि. 121264, धार फारम्युलेशन 154228, पारले एग्रो 137200, वेल्सपन लि. को 604490, जमना ऑटो 48400, ऑटोमेटिव एक्सल 93032 और इंडियर रेअर अर्थ्स लि. को 101211 वर्गमीटर विकसित भूमि आवंटित की गई है।

ब्लॉग

समय के साथ चलें

नव-वर्ष 2020 का शुभारम्भ हो रहा है। वर्ष 2019 स्मृति में अंकित हो गया है। हम सब नव-वर्ष की सुबह का स्वागत आशाओं, उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा के साथ करें। हर पल नया सीखने के लिए तैयार रहें और विफलताओं से सीखने के लिए तो हमेशा तैयार रहें। ख्याल रहे कि असफलताएं और कुछ नहीं, बल्कि आधे-अधूरे मन से किए गए प्रयासों का फल हैं। सफलता एक सापेक्ष वस्तु है। कई बार ईमानदार और भरपूर प्रयासों के बावजूद यह दूर रहती है। इसलिए हमेशा उत्कृष्टता की तलाश करें। मुझे शास्त्रीय उर्दू शायरी का एक नायाब शेर याद आता है, जिसमें शायर अल्ताफ हुसैन हाली कहते हैं-

"है जुस्तजू कि खूब से है खूबतर कहां?
अब ठहरती है देखिए जाकर नजर कहां?"

इसका सीधा अर्थ है कि हमेशा उत्कृष्टता की तलाश में रहें और इसे हासिल करने के लिए बिना थके आगे बढ़ते रहें।

असफलताओं से डरने और सफलताओं से मोहित होने की जरूरत नहीं। हम तभी असफल होते हैं, जब हम बदलते समय के साथ तालमेल रखने में असफल होते हैं। समय कठोर होता है। वह आपकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति या भौगोलिक पहचान की परवाह नहीं करता। किसी के लिए नहीं रुकता। समय एकमात्र कीमती चीज है, जो हर किसी के पास है, लेकिन कुछ ही लोगों के पास इसका उपयोग करने का विवेक होता है।

मुझे प्रसिद्ध रूसी चित्रकार मार्क चगाल की एक प्रसिद्ध पेंटिंग का शीर्षक याद आता है कि 'समय बिना किनारों की नदी है।' इसलिए यदि समय को मनचाही दिशा में प्रवाहित करना हो, तो समय की नदी पर किनारे बनाने के लिए तैयार रहें। यह हम सभी के लिए चुनौती है। इस प्रयास में कोई हमारी मदद नहीं कर सकता। जो समय के साथ दोस्ती करते हैं, वे अन्ततः अपनी मनचाही मंज़िलों को पा लेते हैं। सहजता से अपने लक्ष्यों को हासिल कर लेते हैं। दुनिया में कुछ चीजें हैं, जो पैसों से नहीं खरीदी जा सकतीं जैसे स्नेह, ज्ञान, विश्वास, नींद, मुस्कुराहट, सेहत, दोस्ती और निश्चित रूप से शक्तिशाली समय। हम हर पल नष्ट होते जाते हैं यदि कीमती पलों को व्यर्थ गँवाते जाएं।

नए साल में, समय के बेहतर और रचनात्मक उपयोग के प्रति संवेदनशील होने का संकल्प लें। हर पल का सम्मान करें और समय का प्रबंधन करना सीखें।

हम अच्छे या बुरे समय का आकलन कर सकते हैं। हम उज्ज्वल भविष्य की अच्छी से अच्छी कल्पना कर सकते हैं। हम अपनी विचार प्रक्रिया में वर्तमान समय से आगे की सोच सकते हैं, लेकिन सच यह है कि हमें समय के साथ ही चलना है। चाहे विद्यार्थी हों, किसान हों, व्यापारी हों, अमीर या गरीब हों किसी भी पद पर हों, आपको समय के साथ कदमताल करना होगा।

हम समय नहीं देख सकते। इसे सिर्फ महसूस करते हैं। जैसे हम हवा को नहीं देख सकते, लेकिन इसकी गति को महसूस करते हैं। हालांकि घड़ियां हमारी मदद करती हैं, लेकिन हम समय को बदलाव से ही अनुभव करते हैं। इसलिए शास्त्रों में कहा गया है कि समय हर जख्म भर देता है। सबके पास अच्छे समय की अपनी सोच है। लोग अपनी खुशियों के लिए हजारो खर्च करते हैं, लेकिन समय का सदुपयोग करने वालों को खुशियां स्वाभाविक रूप से मिलती हैं।

हमें समय के प्रति बेहद संवेदनशील होना होगा। इसलिए, हमेशा समय का ध्यान रखें। घड़ियों, सेकंड, मिनट, घंटे, तारीख, महीने और वर्षों के बिना दुनिया की कल्पना करो। इनके बिना भी समय का अस्तित्व था और हमेशा रहेगा। यह पृथ्वी और ब्रह्मांड की सबसे कीमती वस्तु है। एक क्षण भी व्यर्थ न जाने दें। हमेशा बड़े काम करने का प्रयास करें और अपना योगदान देने के लिए तैयार रहें।

मैं हमेशा अपने पसंदीदा व्यक्तित्व अल्बर्ट आइंस्टीन के कालजयी शब्दों को दोहराना चाहूँगा, जिन्होंने कहा था- 'हर दिन सौ बार मैं खुद को याद दिलाता हूं कि मेरा आंतरिक और बाहरी जीवन अन्य लोगों के श्रम पर आधारित है। चाहे वे जीवित हों या न हों। जो कुछ मुझे उनसे मिला और अब भी मिल रहा है, उसे उसी मात्रा में लौटाने के लिए मुझे खुद श्रम करना होगा।' मुझे विश्वास है कि हर जिम्मेदार नागरिक इन स्वर्णिम शब्दों से सहमत होगा।

मैं सभी नागरिकों को नव-वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं और कामना करता हूं कि सब स्वस्थ, प्रसन्न और संपन्न रहें।

● **कमल नाथ**
- ब्लॉगर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं

ब्रह्मांड को जानें

प्लूटो में छुपे राज

गतांक से आगे- नासा के अनुसार प्लूटो की भूमध्य रेखा के करीबी क्षेत्र की तस्वीरों से पता चलता है कि वहां बर्फ की परत के ऊपर लगभग 3,500 मीटर (11,000 फुट) ऊंचे पर्वत हैं। पता चला है कि ये पहाड़ ज्यादा पुराने नहीं हैं। इस लिहाज से यह हमारे चार अरब छप्पन करोड़ साल के सौरमंडल से काफी नया है। न्यू होराइजन्स के चित्रों से पता चला है कि प्लूटो दस करोड़ वर्ष पुराना है। प्लूटो का रंग भूरा है। इसके 67 प्रतिशत हिस्से में पथरीले पदार्थ हैं और 33 प्रतिशत में बर्फ है। इसका भार 1,30,50,00,00,000,000 अरब किलोग्राम है। न्यू होराइजन से यह भी पता चला कि प्लूटो बर्फीला ग्रह है। यान में प्लूटो के सबसे बड़े चन्द्रमा कैरॉन और इसके दो छोटे चन्द्रमा निक्स एवं हाइड्रा को भी जूम करके दिखाया है। प्लूटो की सतह पर हाल ही में दिल के आकार जैसा कुछ देखा गया था। इसका आकार करीब 1,600 किलोमीटर था। इस इलाके का नाम स्पुतनिक अंतरिक्ष यान के नाम पर रखा गया। चित्रों से पता चलता है कि यह इलाका कई जगहों पर टूटा हुआ है। 20-30 किलोमीटर लम्बे हिस्सों के किनारे पर छोटी-छोटी घाटियां नजर आती हैं। लगता है जैसे इनमें कोई काली चीज़ भरी हुई है। मिशन से जुड़े वैज्ञानिकों के अनुसार यह सौर मंडल में देखी गई सतहों में सबसे नई है।

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

प्रवासी भारतीय दिवस 9 जनवरी

प्रवासी भारतीयों की समस्याओं और अवदान पर विमर्श का दिन

राजा दुबे
(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

प्रवासी भारतीय दिवस भारत सरकार के विदेश मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष 9 जनवरी को मनाया जाता है। यह वह दिन है, जिस दिन वर्ष 1915 में महात्मा गांधी, जो सबसे बड़े प्रवासी माने जाते हैं, वे दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटे थे। भारत में उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया था और देश को उपनिवेशवादी शासन से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया था। इस दिवस को मनाने की शुरुआत वर्ष 2003 से हुई थी। प्रवासी भारतीय दिवस मनाने की संकल्पना सुप्रसिद्ध न्यायविद् स्व. लक्ष्मीमल सिंघवी ने की थी। प्रवासी भारतीय दिवस के अवसर पर अपने-अपने क्षेत्र में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले भारतवंशियों का सम्मान किया जाता है तथा उन्हें प्रवासी भारतीय सम्मान प्रदान किया जाता है। यह आयोजन भारतवंशियों से सम्बन्धित विषयों और उनकी समस्याओं के चर्चा का मंच भी है। प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन वर्ष 2003 से हर साल आयोजित किया जा रहा है। वर्ष 2019 के बाद से यह आयोजन द्विवार्षिक हो गया है। इन सम्मेलनों में प्रवासी भारतीय समुदाय के लिए सरकार पारस्परिक रूप से लाभप्रद गतिविधियों के लिए अपने पूर्वजों की भूमि के लोगों को संलग्न करने के लिए एक मंच प्रदान करती है। ये सम्मेलन दुनिया के विभिन्न भागों में रहने वाले प्रवासी भारतीयों के बीच सम्पर्क बनाने में भी बहुत उपयोगी होते हैं और विभिन्न क्षेत्रों में अपने अनुभवों को साझा करने के लिए उन्हें सक्षम बनाते हैं। इस अवसर पर असाधारण योग्यता के व्यक्तियों को भारत के विकास में उनकी भूमिका की सराहना करने के लिए प्रतिष्ठित प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार से भी सम्मानित किया जाता है।



प्रवासी भारतीय दिवस मनाने के प्रमुख उद्देश्य सुपरिभाषित हैं

प्रवासी भारतीय दिवस मनाये जाने के प्रमुख उद्देश्यों को सुपरिभाषित किया गया है और उनके अनुपालन के लिये प्रवासी भारतीयों से जुड़े मामलों पर विमर्श कर उनके अवदान को भी चिन्हांकित किया गया है। प्रवासी भारतीय दिवस के कतिपय प्रमुख उद्देश्य हैं -

(एक) प्रवासी भारतीयों की भारत के प्रति सोच, उनकी भावनाओं की अभिव्यक्ति के साथ ही उनकी अपने देशवासियों के साथ सकारात्मक बातचीत के लिए एक मंच उपलब्ध करवाना भी इस दिवस का एक प्रमुख उद्देश्य है। इसके लिये सतत सम्पर्क की प्रक्रिया भी जारी रखी जाती है।

(दो) भारतवासियों को प्रवासी बंधुओं की उपलब्धियों के बारे में बताना तथा प्रवासियों को देशवासियों की उनसे अपेक्षाओं से अवगत करवाना भी इस दिवस का एक उद्देश्य है, जिससे परस्पर विश्वास बनता है।

(तीन) विश्व के 110 देशों में प्रवासी भारतीयों का एक सक्रिय समूह बनाना, जिससे उनकी सभी समस्याओं पर सम्यक रूप से विचार हो सके।

(चार) भारत के दूसरे देशों से बनने वाले मधुर सम्बन्ध में प्रवासियों की भूमिका के बारे में आम लोगों को बताना। अन्य देशों से सम्बन्ध के आधार बिन्दुओं में प्रवासियों की भूमिका और विचार को भी शामिल करना।

(पांच) भारत की युवा पीढ़ी को प्रवासी भाइयों से जोड़ना। ऐसा करने के प्रवासी भारतीय दिवस के साथ ही 'युवा प्रवासी दिवस' का भी समांतर आयोजन भी करना।

(छः) भारतीय श्रमजीवियों को विदेशों में किस तरह की कठिनाइयों का सामना करना होता है उसके बारे में विचार-विमर्श करना, क्योंकि ज्यादातर प्रवासी भारतीय श्रममूलक कामकाज ही करते हैं।

इन उद्देश्यों को हासिल करने के लिये ही भारत सहित अनेक देशों में संकल्पित तिथि को प्रवासी भारतीय दिवस मनाया जाता है।

वर्ष 2019 में तत्कालीन विदेश मंत्री (स्व.) सुषमा स्वराज ने प्रवासी भारतीय दिवस को द्विवार्षिक आयोजन के रूप में मनाने की घोषणा की थी।

उसी घोषणा के परिप्रेक्ष्य में प्रवासी भारतीय दिवस अब एक साल छोड़कर आयोजित होगा। इस लिहाज से पिछले वर्ष यानी वर्ष 2019 में आयोजित होने के बाद वर्ष 2020 में यह दिवस आयोजित नहीं किया जाएगा। अब प्रवासी भारतीय दिवस का आयोजन वर्ष 2021 में होगा। इसी के साथ यह भी बताया गया था कि यह सत्र विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जाएगा, जिसमें बारह भारतीयों और बारह प्रवासी भारतीयों को विशिष्ट रूप में आमंत्रित किया जायेगा। प्रवासी भारतीय दिवस के आने वाले सत्रों के कुछ विषयों के बारे में बताया गया कि उन सत्रों में क्षमता निर्माण और आर्टीफिशयल इंटेलिजेंस (कृत्रिम ज्ञान) में भारतीय डायस्पोरा की भूमिका और 'भारत में इससे जुड़ी चुनौतियों के संबंध में भारत और डायस्पोरा एक दूसरे को क्या दे रहे हैं' इसके बारे में विचार करने पर फैसला किया जायेगा। इस सत्र में ही विदेश मंत्रालय प्रवासी भारतीयों से अपने प्रवास के अनुभवों को समझने, विदेशों में जीवन की गुणवत्ता और भारत के बाहर जाने के उनके फैसले के पीछे के कारणों को समझने की कोशिश भी करेगा। वस्तुतः प्रवासी भारतीयों की मनोदशा का भाप्य ही इस आयोजन का मूलमंत्र हो, इस दिशा में भी सार्थक प्रयास किये जायेंगे।

विश्व में प्रवासी भारतीयों की संख्या दो करोड़ से भी अधिक है

भारत छोड़कर विश्व के दूसरे देशों में जा बसने वाले भारतीयों को प्रवासी भारतीय कहते हैं। विश्व के अनेक देशों में प्रवासी भारतीय फैले हुए हैं। विश्व के अड़तालीस देशों में रह रहे प्रवासियों की जनसंख्या करीब दो करोड़ है। इनमें से ग्यारह देशों में 5 लाख से ज्यादा प्रवासी भारतीय वहां की औसत जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं और वहां की आर्थिक व राजनीतिक दशा व दिशा को तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यहां उनकी आर्थिक, शैक्षणिक व व्यावसायिक दक्षता का आधार काफी मजबूत है। वे विभिन्न देशों में रहते हैं, अलग-अलग भाषा बोलते हैं, परन्तु वहां के विभिन्न क्रियाकलापों में अपनी महती भूमिका भी निभाते हैं। प्रवासी भारतीयों को अपनी सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने के कारण ही साझा पहचान मिली है और यही कारण है जो उन्हें भारत से गहरे जोड़ता है। जहां-जहां प्रवासी भारतीय बसे हैं वहां उन्होंने आर्थिक तंत्र को मजबूती प्रदान की है और बहुत कम समय में अपना एक अहम मुकाम बना लिया है। वे मजदूर, व्यापारी, शिक्षक, अनुसंधानकर्ता, खोजकर्ता, डॉक्टर, वकील, प्रबन्धक, इंजीनियर, प्रशासक आदि के रूप में दुनियाभर में स्वीकार किए गये हैं। प्रवासियों की सफलता का श्रेय उनकी परंपरागत सोच, सांस्कृतिक मूल्यों और शैक्षणिक योग्यता को दिया जा सकता है। कई देशों में वहां के मूल निवासियों की अपेक्षा भारतवंशियों की प्रतिव्यक्ति आय भी ज्यादा है। वैश्विक स्तर पर सूचना तकनीक के क्षेत्र में क्रांति में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिसके कारण भारत की विदेशों में छवि निखरी है। प्रवासी भारतीयों की सफलता के कारण भी आज भारत विश्व में आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। स्व. डॉ. एल.एम. सिंघवी की अध्यक्षता में गठित एक कमेटी ने प्रवासी भारतीयों पर 18 अगस्त 2000 को अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी। रिपोर्ट में प्रवासी भारतीयों पर बनाई गई उच्चस्तरीय कमेटी को पहला ऐतिहासिक कदम बताते हुए इस बात की आशा व्यक्त की गई है कि कमेटी द्वारा जो सुझाव दिए गए, उन पर सरकार पहल करेगी।

अब तक वर्ष 2003 से 2019 तक सत्रह प्रवासी भारतीय दिवस के आयोजन हो चुके हैं। वर्ष 2003 में पहला, वर्ष 2004 में दूसरा, वर्ष 2007 में पांचवां, वर्ष 2008 में छठवां, वर्ष 2010 में आठवां, वर्ष 2011 में नौवां, वर्ष 2014 में बारहवां और वर्ष 2016 में चौदहवां कुल आठ प्रवासी भारतीय दिवस नई दिल्ली में आयोजित हो चुके हैं। वर्ष 2005 में तीसरा प्रवासी भारतीय दिवस मुम्बई में, वर्ष 2006 में चौथा हैदराबाद में, वर्ष 2009 में सातवां चेन्नई में, वर्ष 2012 में दसवां जयपुर में, वर्ष 2013 में ग्यारहवां तिरुअनंतपुरम में, वर्ष 2015 में तेरहवां गांधीनगर में, वर्ष 2017 में पन्द्रहवां बेंगलुरु में, वर्ष 2018 में सोलहवां सिंगापुर में और वर्ष 2019 में सत्रहवां वाराणसी में सम्पन्न हुआ था।

(फोटो गूगल से साभार)

भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन
सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र शार
श्रीहरिकोटा, श्री पोट्टि श्रीरामुलु नेल्लूर जिला (आं.प्र)

विज्ञापन सं. सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र शार/भर्ती/04/2019 तिथि 28.12.2019

सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र शार विभिन्न विषयों में वैज्ञानिक/इंजीनियर एससी एवं चिकित्सा अधिकारी एससी/एसडी पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:/

पद कोड	पद का नाम	रिक्तियों की संख्या	अनिवार्य योग्यता
28	वैज्ञानिक/इंजीनियर एससी (रसायन इंजीनियरिंग)	09 (01 पद चि.वि. से ग्र.व्य.-ग.नि./म.प. हेतु चिन्हित)	बी.ई/बी. टेक या औसत न्यूनतम 65% अंकों (सभी सेमेस्टरों का औसत) के साथ प्रथम श्रेणी में रसायन इंजीनियरिंग में समकक्ष की उपाधि योग्यता या 10 पॉइंट स्केल पर 6.84 की सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग। एएमआईई/ग्रेड आईईटीई योग्यता के साथ अभ्यर्थियों हेतु न्यूनतम 65% अंक या केवल खंड बी में सीजीपीए।
29	वैज्ञानिक/इंजीनियर एससी (रसायन इंजीनियरिंग)	01	औसत न्यूनतम 60% के साथ प्रथम श्रेणी में रसायन इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर की समकक्ष की उपाधि या एम.ई/एम.टेक या बी.ई/बी. टेक की पूर्व पात्रता योग्यता के साथ 10 पॉइंट स्केल पर 6.5 की सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग या औसत न्यूनतम 65% अंकों (सभी सेमेस्टरों का औसत) के साथ प्रथम श्रेणी में रसायन इंजीनियरिंग में समकक्ष योग्यता या 10 पॉइंट स्केल पर 6.84 की सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग। एएमआईई/ग्रेड आईईटीई योग्यता के साथ अभ्यर्थियों हेतु न्यूनतम 65% अंक या केवल खंड बी में सीजीपीए।
30	वैज्ञानिक/इंजीनियर एससी (औद्योगिक इंजीनियरिंग)	02	औसत न्यूनतम 60% के साथ प्रथम श्रेणी में औद्योगिक इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर की समकक्ष की उपाधि या एम.ई/एम.टेक या बी.ई/बी. टेक की पूर्व पात्रता योग्यता के साथ 10 पॉइंट स्केल पर 6.5 की सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग या औसत न्यूनतम 65% अंकों (सभी सेमेस्टरों का औसत) के साथ प्रथम श्रेणी में मैकेनिकल इंजीनियरिंग/इलेक्ट्रोनिक्स एवं संचार इंजीनियरिंग/सिविल इंजीनियरिंग/रसायन इंजीनियरिंग में समकक्ष योग्यता या 10 पॉइंट स्केल पर 6.84 की सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग। एएमआईई/ग्रेड आईईटीई योग्यता के साथ अभ्यर्थियों हेतु न्यूनतम 65% अंक या केवल खंड बी में सीजीपीए 6.84.
31	वैज्ञानिक/इंजीनियर एससी (बिजली तंत्र)	03	औसत न्यूनतम 60% के साथ प्रथम श्रेणी में बिजली तंत्र में स्नातकोत्तर की समकक्ष की उपाधि या एम.ई/एम.टेक या बी.ई/बी. टेक की पूर्व पात्रता योग्यता के साथ 10 पॉइंट स्केल पर 6.5 की सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग या औसत न्यूनतम 65% अंकों (सभी सेमेस्टरों का औसत) के साथ प्रथम श्रेणी में इलेक्ट्रिकल या इलेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग में समकक्ष योग्यता या 10 पॉइंट स्केल पर 6.84 की सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग। एएमआईई/ग्रेड आईईटीई योग्यता के साथ अभ्यर्थियों हेतु न्यूनतम 65% अंक या केवल खंड बी में सीजीपीए।
32	वैज्ञानिक/इंजीनियर एससी (औद्योगिक सुरक्षा)	01	औसत न्यूनतम 60% के साथ प्रथम श्रेणी में औद्योगिक सुरक्षा में स्नातकोत्तर की समकक्ष की उपाधि या एम.ई/एम.टेक या बी.ई/बी. टेक की पूर्व पात्रता योग्यता के साथ 10 पॉइंट स्केल पर 6.5 की सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग या औसत न्यूनतम 65% अंकों (सभी सेमेस्टरों का औसत) के साथ प्रथम श्रेणी में मैकेनिकल इंजीनियरिंग/उत्पादन इंजीनियरिंग/रसायन इंजीनियरिंग में समकक्ष योग्यता या 10 पॉइंट स्केल पर 6.84 की सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग। एएमआईई/ग्रेड आईईटीई योग्यता के साथ अभ्यर्थियों हेतु न्यूनतम 65% अंक या केवल खंड बी में सीजीपीए।
33	वैज्ञानिक/इंजीनियर एससी (मशीन डिजाइन / इंजीनियरिंग डिजाइन)	02	औसत न्यूनतम 60% के साथ प्रथम श्रेणी में मशीन डिजाइन / इंजीनियरिंग डिजाइन में स्नातकोत्तर की समकक्ष की उपाधि या एम.ई/एम.टेक या बी.ई/बी. टेक की पूर्व पात्रता योग्यता के साथ 10 पॉइंट स्केल पर 6.5 की सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग या औसत न्यूनतम 65% अंकों (सभी सेमेस्टरों का औसत) के साथ प्रथम श्रेणी में मैकेनिकल इंजीनियरिंग में समकक्ष योग्यता या 10 पॉइंट स्केल पर 6.84 की सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग। एएमआईई/ग्रेड आईईटीई योग्यता के साथ अभ्यर्थियों हेतु न्यूनतम 65% अंक या केवल खंड बी में सीजीपीए 6.84.
34	वैज्ञानिक/इंजीनियर एससी (संरचनात्मक इंजीनियरिंग)	01	औसत न्यूनतम 60% के साथ प्रथम श्रेणी में संरचनात्मक इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर की समकक्ष की उपाधि या एम.ई/एम.टेक या बी.ई/बी. टेक की पूर्व पात्रता योग्यता के साथ 10 पॉइंट स्केल पर 6.5 की सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग या औसत न्यूनतम 65% अंकों (सभी सेमेस्टरों का औसत) के साथ प्रथम श्रेणी में सिविल इंजीनियरिंग में समकक्ष योग्यता या 10 पॉइंट स्केल पर 6.84 की सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग। एएमआईई/ग्रेड आईईटीई योग्यता के साथ अभ्यर्थियों हेतु न्यूनतम 65% अंक या केवल खंड बी में सीजीपीए 6.84.
35	चिकित्सा अधिकारी 'एससी' (बाल चिकित्सा)	01	एम.बी.बी.एस.+भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त तथा उसके साथ पंजीकृत दो वर्ष की अवधि का बाल चिकित्सा (शिशु स्वास्थ्य) में डिप्लोमा।
	चिकित्सा अधिकारी 'एसडी' (बाल चिकित्सा)		एम.बी.बी.एस.+ भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त तथा उसके साथ पंजीकृत बाल चिकित्सा (शिशु स्वास्थ्य) में एम.डी/डीएनबी। **(या)** एम.बी.बी.एस.+ भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त तथा उसके साथ पंजीकृत दो वर्ष की अवधि का बाल चिकित्सा (शिशु स्वास्थ्य) में डिप्लोमा के साथ पाँच वर्षों का अनुभव।
36	चिकित्सा अधिकारी 'एससी' (ऑप्थैलमोलोजी)	01	एम.बी.बी.एस.+ भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त तथा उसके साथ पंजीकृत ऑप्थैलमोलोजी में (दो वर्ष की अवधि) का डिप्लोमा।
	चिकित्सा अधिकारी 'एसडी' (ऑप्थैलमोलोजी)		एम.बी.बी.एस.+ भारतीय चिकित्सा परिषद में पंजीकृत तथा अस्थि विज्ञान में एम.डी/एमएस/डीएनबी की उपाधि **(या)** एम.बी.बी.एस.+ पांच वर्ष के अनुभव के साथ भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त तथा पंजीकृत ऑप्थैलमोलोजी में (दो वर्ष की अवधि का) डिप्लोमा।

चि.वि. से ग्र.व्य.– चिन्हित विकलांग से ग्रसित व्यक्ति ; **ग.नि./म.प.** – गतिक निशक्तता / मस्तिष्क पक्षाघात

(शेष पृष्ठ 7 पर)

उत्तर मध्य रेलवे
रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ
बाल्मीकी चौराहा, नवाब यूसुफ रोड, इलाहाबाद. 211001

अधिसूचना

खेलकूद कोटा (खुली भर्ती) के अन्तर्गत भर्ती

रोजगार सूचना सं. एस.क्यू. 2019-20 **दिनांक : 28/12/2019**

जारी करने की तिथि : 28/12/2019 **अंतिम तिथि : 20/01/2020, 23.59 बजे तक**

1. उत्तर मध्य रेलवे के प्रधान कार्यालय में खेलकूद कोटा वर्ष 2019-20 में खुली भर्ती के तहत पे. बैण्ड-I 5200-20200 + ग्रेड पे 1900/2000 और 2400/2800 (7वे सी.पी.सी. के बाद संशोधित वेतनमान पे मैट्रिक्स लेबल- 02/03 और 04/05) में भर्ती के लिए नीचे पैरा 02 एवं 04 में विनिर्दिष्ट न्यूनतम खेलकूद और शैक्षणिक मानक पूरा करने वाले उत्कृष्ट खिलाड़ियों से नीचे दर्शाये खेलों हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

खेलों के निम्नलिखित क्षेत्र में भर्ती की जानी है :-

A. पे. बैण्ड-1 ₹ 5200-20200 + ग्रेड पे ₹ 1900/2000, 7वे सी.पी.सी. के बाद संशोधित वेतनमान पे मैट्रिक्स लेबल - 02/03

क्रम. संख्या.	खेल का नाम	पुरुष/ महिला	कोटि सं.	खेलने का विशिष्ट स्थान/ भार वर्ग जिसकी आवश्यकता है	रिक्तियां
1	क्रिकेट	पुरुष	1	बल्लेबाज	01
		महिला	2	विकेट कीपर	01
			3	ऑफ स्पिनर	01
2	कुश्ती	पुरुष	4	92 किग्रा. फ्री स्टाइल	01
3	मुक्केबाजी	पुरुष	5	फ्लाई वेट (49 to 52 किग्रा.)	01
4	जिमनास्टिक	पुरुष	6	खिलाड़ी	01
5	भारोत्तोलन	पुरुष	7	89 किग्रा.	01
		महिला	8	49 किग्रा.	01
6	पावर लिफ्टिंग	पुरुष	9	74 किग्रा.	01
7	बैड मिन्टन	महिला	10	खिलाड़ी	01
8	फुटबॉल	पुरुष	11	मिडफील्डर	01
9	एथेलेटिक्स	पुरुष	12	5000 मीटर	01
		महिला	13	800 मीटर	01
10	हाकी	पुरुष	14	डिफेंडर	01
		महिला	15	डिफेंडर	01
11	टेबल टेनिस	पुरुष	16	खिलाड़ी	01
				कुल योग	**16**

पे. बैण्ड-I रु. 5200-20200... ग्रेड पे रु. 2400/2800, 7वे सी.पी.सी0 के बाद संशोधित वेतनमान पे मैट्रिक्स लेबल-04/05

क्रम. संख्या.	खेल का नाम	पुरुष/ महिला	कोटि सं.	खेलने का विशिष्ट स्थान/ भार वर्ग जिसकी आवश्यकता है	रिक्तियां
1	कुश्ती	पुरुष	17	55 किग्रा. ग्रीको रोमन	01
2	जिमनास्टिक	पुरुष	18	खिलाड़ी	01
3	भारोत्तोलन	पुरुष	19	61 किग्रा.	01
4	एथेलेटिक्स	पुरुष	20	भाला फेंक	01
5	हाकी	महिला	21	फॉरवर्ड	01
				कुल योग	**05**

नोट:- अभ्यर्थी अपना आवेदन **http://www.rrcald.org** पर ऑन लाइन के माध्यम से भरें। एक से अधिक कोटियों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी आवेदन भरते समय सम्बन्धित कोटियों को भरें/टिक करें । प्रत्येक कोटि के अलग-अलग परीक्षा शुल्क देना होगा।

2. भर्ती के लिए खेलकूद मानक:-

खेलकूद कोटा के तहत खुले विज्ञापन के माध्यम से खिलाड़ियों की भर्ती के न्यूनतम खेलकूद मानक टीम और व्यक्तिगत स्पर्धाओं में निम्नवत हैं:-

A. पे. बैण्ड-1 ₹ 5200-20200 + ग्रेड पे ₹ 1900/2000, 7वे सी.पी.सी. के बाद संशोधित वेतनमान पे मैट्रिक्स लेबल - 02/03 के लिए।

a) नीचे पैरा 2.1 कोटि -ब में दिये गये वर्गीकरण के अनुसार- किसी भी स्पर्धा/प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया हो **अथवा**

b) नीचे पैरा 2.1 कोटि -स में दिये गये वर्गीकरण के अनुसार- किसी भी प्रतियोगिता/स्पर्धा में कम-से-कम तीसरा स्थान हासिल किया हो **अथवा**

c) सीनियर/यूथ/जूनियर वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कम-से-कम तीसरा स्थान हासिल किया हो **अथवा**

d) भारतीय ओलम्पिक संघ के तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में कम-से-कम तीसरा स्थान हासिल किया हो **अथवा**

e) भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वाधान में आयोजित अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालयी प्रतियोगिता में कम-से-कम तीसरा स्थान हासिल किया हो अथवा

f) फेडरेशन कप प्रतियोगिता (सीनियर वर्ग) में पहला स्थान हासिल किया हो।

B. पे. बैण्ड-I ₹ 5200-20200 + ग्रेड पे ₹ 2400/2800, 7वे सी.पी.सी. के बाद संशोधित वेतनमान पे मैट्रिक्स लेबल - 04/05 लिए।

a) ओलम्पिक खेलो में देश का प्रतिनिधित्व किया हो (कोटि-अ) अथवा

b) नीचे पैरा 2.1 कोटि-ब में दिये गए वर्गीकरण के अनुसार किसी भी प्रतियोगिता/स्पर्धा में **एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल को छोड़कर** कम-से-कम तीसरा स्थान हासिल किया हो।

2.1 अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का कोटि निर्धारण :-

कोटि-अ : ओलम्पिक खेल (सीनियर वर्ग) अथवा एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल

कोटि-ब : विश्व कप (जूनियर/सीनियर वर्ग)
: विश्व चैम्पियनशिप (जूनियर/सीनियर वर्ग)
: एशियन खेल (सीनियर वर्ग)
: राष्ट्रमण्डल खेल (सीनियर वर्ग)

कोटि-स : : राष्ट्रमण्डल चैम्पियनशिप (जूनियर/सीनियर वर्ग)
: एशियन चैम्पियनशिप / एशिया कप (जूनियर/सीनियर वर्ग)
: **दक्षिण** एशियन फेडरेशन (सैफ) खेल (सीनियर वर्ग) यू.एस.आई.सी. (विश्व रेलवे)
: चैम्पियनशिप (सीनियर वर्ग)

2.2 एथेलेटिक्स (पुरुष/महिला):- एथेलेटिक्स में नेशनल इंटर इस्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिपों में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को भी ग्रेड पे ₹ 1900/2000 वाले पदों पर भर्ती के लिए भी विचार किया जायेगा।

2.3 बैडमिंटन तथा टेबल टेनिस (पुरुष) :- बैडमिंटन तथा टेबल में खिलाड़ियों को ग्रेड पे ₹ 1900/2000 वाले पदों पर निम्नलिखित मानदंड के अनुसार उनकी मौजूदा वार्षिक ऑल इंडिया रैंकिंग के आधार पर भी भर्ती के लिए विचार किया जायेगा।

क्र. सं.	भर्ती के लिए न्यूनतम खेलकूद मानदंड		
	आयु कोटि	इवेन्ट	मौजूदा वार्षिक ऑल इंडिया रैंकिंग
1	सीनियर्स	सिंगल्स	बारहवें स्थान तक
		डबल्स	चौथे स्थान तक
2	यूथ	सिंगल्स	छठे स्थान तक
3	जूनियर्स	सिंगल्स	छठे स्थान तक

इस प्रयोजन के लिए केवल मौजूदा वार्षिक ऑल इंडिया रैंकिंग के बारे में विचार किया जायेगा। मिक्सड डबल्स में रैंकिंग के बारे में विचार नहीं किया जायेगा।

2.4 क्रिकेट (पुरुष/महिला):-

2.4.1 राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट (पुरुष एवं महिला) में टेस्ट मैच में इंडियन सीनियर्स टीम अथवा सीमित ओवर के वन डे इंटरनेशनल मैच अथवा टवन्टी-20 ओवर्स मैच में प्रतिनिधित्व किया हो तो, पे बैन्ड ₹ 5200-20,200 में ग्रेड पे ₹ 1,900 अथवा ₹ 2000 वाले पदों पर भर्ती के लिए भी विचार किया जायेगा।

2.4.2 नेशनल स्तर पर क्रिकेट में, बीसीसीआई के तत्वाधान में आयोजित 4 दिन/एक दिन के सीमित ओवर/ट्वन्टी-20 ओवर पुरुष/महिला चैम्पियनशिपों (विजी ट्राफी को छोड़कर) में निम्नलिखित खेलकूद उपलब्धियां होने पर पे बैंड 5,200-20,200 में ग्रेड पे ₹ 1,900/2000 वाले पदों पर भर्ती के लिए भी विचार किया जायेगा।

क्रम. संख्या.	चैम्पियनशिपों का ब्यौरा	कोटि	ग्रेड पे ₹ 1900/2000 में भर्ती के लिए न्यूनतम खेलकूद उपलब्धियां
01	ऑल इंडिया इंटर स्टेट एण्ड प्लेट ग्रुप चैम्पियनशिप	सीनियर/यूथ (अन्डर-23)/ जूनियर (अन्डर-19)	इलीट ग्रुप चैम्पियनशिपों का सेमी फाइनलिस्ट
02	ऑल इंडिया इंटर स्टेट चैम्पियनशिप	सीनियर/जूनियर (अन्डर-19)	ऑल इंडिया नॉक-आउट स्टेज का सेमी फाइनलिस्ट
03	ऑल इंडिया इंटर जोनल चैम्पियनशिप	सीनियर/जूनियर (अन्डर-19)	फाइनलिस्ट

2.5 हॉकी (पुरुष/महिला): हॉकी में भर्ती के लिए चार अथवा अधिक राष्ट्रों के अन्तर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटो में कम-से- कम दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले के बार में भी विचार किया जायेगा।

टिप्पणी:- क) खुले विज्ञापन कोटा के तहत सभी भर्ती, वेतनमान के न्यूनतम पर होगी।

ख) उपर्युक्त सभी चैम्पियनशिप मान्यता प्राप्त अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय/राज्य खेलकूद फेडरेशनों के तत्वाधान में आयोजित किए गए हो तथा इन्हें रेलवे खेलकूद संवर्धन बोर्ड द्वारा भी मान्यता दी गई होनी चाहिए।

ग) जूनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में खेलकूद उपलब्धियों के आधार पर खिलाड़ियों की भर्ती के लिए निम्नलिखित ऐज ग्रुप के खिलाड़ियों पर ही विचार किया जाएगा।

क्र. सं.	खेल का नाम	कोटि	मान्यता प्राप्त जूनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का विवरण	
			ऐज ग्रुप	
1	एथेलेटिक्स	पुरुष/महिला	अन्डर-20	जूनियर राष्ट्रीय एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप
2	बैडमिन्टन	पुरुष/महिला	अन्डर-19	जूनियर राष्ट्रीय बैडमिन्टन चैम्पियनशिप
3	मुक्केबाजी	पुरुष	17-18 वर्ष	जूनियर राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप
4	क्रिकेट	पुरुष	अन्डर-23	कर्नल सी.के. नायडू ट्रॉफी (इंटर स्टेट) चैम्पियनशिप)
			अन्डर-19	1. कूच बिहार ट्रॉफी (इंटर स्टेट चैम्पियनशिप) 2. वीनू मांकड़ ट्राफी (वन डे लिमिटेड ओवर इंटर स्टेट चैम्पियनशिप)
		महिला	अन्डर-19	1. इंटर स्टेट ऑल इंडिया नॉक आउट/इंटर स्टेट जोनल टूर्नामेंट (वन डे लिमिटेड ओवर चैम्पियनशिप) 2. ऑल इंडिया इंटर जोनल टूर्नामेंट (वन डे लिमिटेड ओवर चैम्पियनशिप)
5	फुटबॉल	पुरुष	अन्डर-19	जूनियर राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप - डी.सी. रॉय ट्रॉफी के लिए।
6	जिमनास्टिक	पुरुष	अन्डर-17	जूनियर राष्ट्रीय जिमनास्टिक चैम्पियनशिप
7	हॉकी	पुरुष	अन्डर-21	जूनियर (अन्डर-21) राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप
		महिला	अन्डर-19	जूनियर राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप
8	पावर लिफ्टिंग	पुरुष	अन्डर-23	जूनियर राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप
9	टेबल टेनिस	पुरुष	अन्डर-17	जूनियर एवं युवा राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैम्पियनशिप
10	भारोत्तोलन	पुरुष/महिला	अन्डर-20	जूनियर राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैम्पियनशिप
11	कुश्ती (फ्री स्टाइल ग्रीका रोमन	पुरुष	अन्डर-20	जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैम्पियनशिप

3 विचारार्थ खेलकूद उपलब्धियों की अवधि: अभ्यर्थी की पात्रता की दृष्टि से वर्तमान और पिछले दो वित्त वर्ष की खेलकूद उपलब्धियाँ पर ही विचार किया जायेगा। अत: 01.04.2017 या उसके बाद की खेलकूद उपलब्धियां की मान्य होगी।

4. न्यूनतम शैक्षिणिक योग्यता:-

a पे. बैण्ड-I ₹ 5200-20200 + ग्रेड पे ₹ 1900/2000, (7वे सी.पीसी. पे मैट्रिक्स लेवल-02/03): उम्मीदवारों को मान्यता प्राप्त बोर्ड द्वारा न्यूनतम इण्टरमीडिएट या समकक्ष की शैक्षिक योग्यता रखनी होगी।

टेक्नीकल पदों हेतु अभ्यर्थियों को एक्ट अप्रेन्टिस/आई टी आई पास होना अनिवार्य है। एक्ट अप्रेन्टिस / आई टी आई के सर्टिफिकेट एस.सी.वी.टी./ एनसीवीटी द्वारा मान्यता प्राप्त होने चाहिए।

b) पे. बैण्ड -1 रु. 5200-20200 + ग्रेड पे रु. 2400/2800, (7वे सी.पी.सी. पे मैट्रिक्स लेवल - 04/05): उम्मीदवारों को मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा न्यूनतम डिग्री या समकक्ष की शैक्षिक योग्यता रखनी होगी।

5. आयु: आयु सीमा: 01.01.2020 को 18 वर्ष से 25 वर्ष। आयु सीमा में कोई छूट नहीं दी जायेगी।

6. भर्ती प्रकिया:- भर्ती ट्रॉयल एवं खेलकूद उपलब्धियों के मूल्यांकन के आधार पर की जाएगी। ट्रॉयल में उपयुक्त पाए जाने वाले अभ्यर्थी ही दूसरे चरण के लिए पात्र होंगे। नियुक्ति से संबंधित प्रकिया मुख्यालय द्वारा पूर्ण की जायेगी। अभ्यर्थी के आवेदन पत्र या उसकी अभ्यर्थिता को गलत पाए जाने पर किसी भी चरण में अस्वीकृत किया जा सकता है और इसके किसी भी कारण की सूचना देने के लिए रेलवे बाध्य नहीं होगी।

7. भर्ती हेतु शर्तें :-

क) किसी भी पद हेतु आवेदन करने के पहले अभ्यर्थी को सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वह उपरोक्त पैरा 2, 3, 4, एवं 5 में दिये गये मानकों को पूरा करता/करती है।

ख) खेलकूद प्रमाण-पत्रों में अंकित अभ्यर्थी का नाम और पिता का नाम वही हो जो उसके स्कूल/कालेज के प्रमाण-पत्रों में दर्ज है। इस मामले में कोई भी भिन्नता नहीं होनी चाहिए।

ग) किसी विशेष प्रतियोगिता/स्पर्धा में हासिल विशिष्ट स्थान, खेलने की पोजिशन/भार वर्ग (फ्रीस्टाइल /गोलकीपर/ डिफेन्डर / फारवर्ड/61 किग्रा आदि),यदि लागू हो, जैसा कि इस विज्ञप्ति के पैरा 1 (A&B) में अंकित है, का भी आवेदन में अनिवार्य रूप से उल्लेख करें।

घ) जिन पदों के लिए प्रारंभिक प्रशिक्षण अपेक्षित है उन पदों पर नियुक्ति के पूर्व उम्मीदवारों को प्रशिक्षण में सफलता प्राप्त करनी होगी।

ङ.) अनुसूचित जाति/जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को देय छूट हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र (केन्द्रीय सरकार के आधीन नियुक्ति हेतु) अपलोड करना होगा।

च) चयनित अभ्यर्थियों को प्रशासनिक सुविधानुसार /आवश्यकतानुसार कहीं भी एवं किसी भी पद पर पद स्थापित किया जा सकता है।

छ) अभ्यर्थी को आवेदन की अंतिम तिथि के पश्चात् अल्प अवधि की सूचना पर परीक्षण के लिए तैयार रहना होगा।

ज) चयनित उम्मीदवार की यदि लिपिक कम टाइपिस्ट वर्ग में नियुक्ति की जाती है तो उसे 04 वर्ष के अन्दर टाइपराइटर पर हिन्दी में 25 शब्द प्रति मिनट अथवा अंग्रेजी में 30 शब्द प्रति मिनट या कम्प्यूटर पर अंग्रेजी में 40 शब्द प्रति मिनट अथवा हिन्दी में 35 शब्द प्रति मिनट टाइपिंग परीक्षा पास करनी होगी। यदि 04 वर्ष के अन्दर टंकक परीक्षा पास नहीं कर पाते हैं तो उसकी नियुक्ति जब तक टंकक परीक्षा पास नहीं कर लेता तबतक प्रोविजनल मानी जायेगी और उन्हें कोई प्रमोशन/ इंक्रीमेंट नहीं दिया जायेगा।

झ) पदों पर नियुक्ति के लिए चयनित उम्मीदवार को रेलवे प्रशासन द्वारा ली जाने वाली अपेक्षित चिकित्सा उपयुक्तता परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।

ञ) भर्ती के लिए किसी भी प्रकार के सिफारिश करने / कराने वाले अभ्यर्थियों को अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा।

8. सेवारत उम्मीदवार :-

सेवारत रेलवे कर्मचारियों और रेलवे संगठन के अर्ध शासकीय कार्यालयों जैसे रेलवे कैंटीन, सहकारी समितियों और संस्थानों में कार्यरत कर्मचारी/उम्मीदवारों को अपने कार्यालय द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र (NOC) अपलोड करना होगा।

9. परीक्षा शुल्क :-

9.1 नीचे पैरा 9.2 मे दर्शाये गये उम्मीदवारों को छोड़ कर सभी उम्मीदवारों को ₹ 500/- (रु. पांच सौ केवल) परीक्षा शुल्क देना होगा । परीक्षण (Trial) परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा-शुल्क रु. 400/- वापसी किया जाएगा।

9.2 अ.जा./अ.ज.जा./भूतपूर्व सैनिक/विकलांग/ महिला / अल्पसंख्यक / आर्थिक पिछड़ा वर्ग को . 250/- (रु. दो सौ पचास केवल) परीक्षा शुल्क देना होगा। परीक्षण (Trial) परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा शुल्क रु. 250/- वापसी किया जाएगा।

9.3 आर्थिक रुप से पिछड़े उम्मीदवार वह है जिनकी वार्षिक आय रु. 50000.00 से कम है। ऐसे उम्मीदवारों को आय प्रमाण पत्र परिशिष्ट-'ग' मे अपलोड करना होगा।

9.4 परीक्षा शुल्क किसी भी दशा में लौटाया नहीं जायेगा। (पैरा 9.2 मे दर्शाये गये उम्मीदवारों को छोड़ कर) परीक्षा शुल्क केवल ऑनलाइन माध्यम से जैसे इन्टरनेट बैंकिंग / डेबिट क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ही जमा होगा, जिसका प्रोसेसिंग चार्ज भी अभ्यर्थी को वहन करना होगा। जिन्होंने परीक्षा शुल्क जमा न किया होगा, उनका आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा।

10. आवेदन कैसे करें:

10.1 अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन पत्र वेबसाइट **http://www.rrcald.org** पर भरे। ऑनलाइन आवेदन भरने के पहले दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें। उम्मीदवार यह सुनिश्चित कर लें कि उसके द्वारा भरी गयी सारी सूचना सत्य है।

10.2 उम्मीदवार आवेदन पत्र में माँगी गयी सूचना, बायोडाटा एवं परीक्षा शुल्क आदि से सम्बन्धित सभी जानकारी ऑनलाइन के माध्यम से ध्यान से भरें ।

नोट 1:- उम्मीदवार अपने नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि आदि सूचना अपने दिये गये मैट्रिक स्तर के अभिलेख के अनुसार सही-सही भरें। दस्तावेज सत्यापन के समय भिन्नता पाये जाने पर उसकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जायेगी। यदि किसी अभ्यर्थी ने अपना नाम बदला हो तो उसे दस्तावेज सत्यापन के समय गजेट नोटिफिकेशन या न्यायिक प्रपत्र इत्यादि प्रस्तुत करना होगा। ऐसे अभ्यर्थी अपना बदला हुआ नाम अंकित करेंगे तथा अन्य जानकारियां मैट्रिक स्तर के अभिलेख के अनुसार

नोट 2:- अभ्यर्थी अपना ई-मेल एवं मोबाइल नम्बर ऑनलाइन आवेदन भरते समय अंकित करे तथा इसे भर्ती प्रकिया पूर्ण होने तक चालू रखें! उम्मीदवारों को महत्वपूर्ण सूचना ई-मेल एवं मोबाइल नम्बर के माध्यम से समय-समय पर भेजी जाती रहेगी और माना जायेगा कि अभ्यर्थियों ने इसे पढ़ लिया है।

10.3. परीक्षा शुल्क रु. 500/- (पैरा 9.2 मे दर्शाये गये उम्मीदवारों को परीक्षा शुल्क रु. 250/- (प्रोसेसिंग चार्ज अलग से) ऑनलाइन माध्यम से इन्टरनेट बैंकिंग, डेबिट / क्रेडिट कार्ड के माध्यम से जमा करे। परीक्षा शुल्क जमा करने के उपरांत ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय समस्त आवश्यक जानकारियां संबंधित कॉलम में सही-सही भरना होगा।

10.4 ऑनलाइन आवेदन भरते समय अपना हाल का बना हुआ रंगीन फोटो साइज 3.5 cm x 3.5 cm (श्याम/ श्वेत फोटो मान्य नहीं होगा) JPEG फारमैट में 20 kb से 30 kb का स्कैन करके अपलोड करें।

10.5 ऑनलाइन आवेदन भरते समय अपना हस्ताक्षर (अंग्रेजी तथा हिन्दी) JPEG फारमैट में 10 kb से 15 kb का स्कैन करके अपलोड करें।

इंदौर मण्डल इंदौर, आयुक्त कार्यालय परिसर, मोती बंगला, इंदौर

दूरभाष : 0731(2430050), ई-मेल : seresindore@mp.gov.in

क्रमांक/2343/लेखा/ग्रायांसेवा/2019 इंदौर, दिनांक 23.12.2019

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक - 16/2019-20

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से ऑनलाइन पोर्टल **https://www.mptenders.gov.in** के माध्यम से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग - झावुआ के पैकेज क्र. MP-Jhabua-BT-01 अनुसार निर्माण कार्य की निविदा सिस्टम टेण्डर नं. 2019_RES_70943, निविदा प्रपत्र एपेंडिक्स 2.10 पर आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **प्रारंभ तिथि 07.01.2020 समय 14.00 बजे से**, प्री-विड मीटींग तिथि 14.01.2020 समय 12.00 बजे से, ऑनलाइन निविदा दर प्रस्तुत करने की प्रारंभ तिथि 14.01.2020 समय 10.30 से, ऑनलाइन निविदा दर प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि 20.01.2020 समय 17.30 बजे तक एवं मूल शपथ-पत्र (Original Affidavit) कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मण्डल इंदौर में प्राप्त/जमा करने की अंतिम तिथि 20.01.2020 समय 17.30 बजे तक।**

निविदा दिनांक 22.01.2020 समय 11.00 बजे इस कार्यालय में खोले जावेंगे। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने हेतु विस्तृत विवरण वेवसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर विस्तृत निविदा एवं कार्यालयीन समय में देखे जा सकते हैं।

अधीक्षण यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
जी-21086/43196/2020 इंदौर मण्डल इंदौर

कार्यालय अधीक्षण यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, रीवा मण्डल रीवा

दूरभाष (फोन) 07662-254720, E-Mail_ID - seresrewa@mp.gov.in

संक्षिप्त निविदा विज्ञप्ति क्र. 13/2019-20

क्रमांक 05/ग्रा.यां.से./2020 रीवा, दिनांक 02.01.2020

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से Cover-3 (तीन लिफाफा पद्धति) 50 लाख से अधिक एवं Cover-2 (दो लिफाफा पद्धति) 50 लाख एक के आधार पर ऑनलाइन प्रतिशत दर निविदा प्रपत्र एपेंडिक्स 2.10 अनुसार निविदायें लोक निर्माण विभाग की केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेवसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है :-

क्र.	ग्रा.यां.से. संभागीय कार्यालय	सिस्टम आई.डी. नम्बर	कार्य का प्रकार	कार्यों की संख्या	निमार्ण कार्यों की अनुमानित लागत (लाख)	रिमार्क
1.	सतना	2020_RES_72580	जिला खनिज भवन निर्माण कलेक्ट्रेट के पीछे सतना।	01	82.22	प्रथम
2.	सतना	2020_RES_72581	के.जी.वी. छात्रावास भवन का उन्नयन कार्य रामनगर जनपद पंचपयत रामनगर जिला सतना।	01	123.00	प्रथम
			कुल योग		**205.22**	

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेवसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक 01.01.2020 से प्रारंभ होकर दिनांक 18.01.2020 समय 17.30 वजे शाम तक एवं निविदा प्रपत्र ऑनलाइन दर प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि 18.01.2020** समय 17.30 वजे शाम तक निर्धारित है। निविदा कवर "अ" (Cover-1) "ब" (Cover-2) एवं "स" (Cover-3) ऑनलाइन ही जमा/अपलोड (Submit) करने होंगे। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वेवसाइट पर देखी जा सकती है।

संशोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नहीं की जावेगी। संशोधन संवंधी सूचनाएं केवल वेवसाइट पर ही अपलोड की जावेगी। समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम दिवस की प्रतीक्षा न करें। शीघ्रातिशीघ्र विड जमा करें। वेवसाइट में किसी प्रकार की असुविधा के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

अधीक्षण यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
जी-21298/43214/2020 रीवा मण्डल रीवा

मन में संकल्प के रूप में उभरी आशा-आकांक्षाएं ही समय के साथ जीवन में मूर्त रूप लेती हैं - जोनाथन स्विफर

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई सिंगरौली

फोन : 07805-297421, ई-मेल : piusingrauli@gmail.com

एनआईटी नं. 20/2019/केन्द्रीयकृत निविदा/एपीडी/पी.आई.यू./1865/रीवा दिनांक : 27.12.2019

निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्मों से आमंत्रण की जाती हैं :

स.क्र.	टेंडर पोर्टल नं.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) लाख में
1.	2019_PWPIU_72136_1	जिला सिंगरौली अंतर्गत जनजातीय कन्या छात्रावास बंजारी का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई सेनेटरी फिटिंग और इलेक्ट्रीफिकेशन सहित कार्य।	सिंगरौली	212.38
2.	2019_PWPIU_72138_1	जिला सिंगरौली अंतर्गत जनजातीय सीनियर बालक छात्रावास निवास का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई सेनेटरी फिटिंग और इलेक्ट्रीफिकेशन सहित कार्य।	सिंगरौली	250.15
3.	2019_PWPIU_72140_1	जिला सिंगरौली अंतर्गत अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास सरई का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई सेनेटरी फिटिंग और इलेक्ट्रीफिकेशन सहित कार्य।	सिंगरौली	212.38
4.	2019_PWPIU_72141_1	जिला सिंगरौली अंतर्गत अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास देवसर का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई सेनेटरी फिटिंग और इलेक्ट्रीफिकेशन सहित कार्य।	सिंगरौली	212.38
5.	2019_PWPIU_72142_1	जिला सिंगरौली अंतर्गत अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास क्र. 01 वैढ़न का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई सेनेटरी फिटिंग और इलेक्ट्रीफिकेशन सहित कार्य।	सिंगरौली	212.38
6.	2019_PWPIU_72145_1	जिला सिंगरौली अंतर्गत अनुसूचित जाति जूनियर बालक छात्रावास चितरंगी का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई सेनेटरी फिटिंग और इलेक्ट्रीफिकेशन सहित कार्य।	सिंगरौली	212.38
7.	2019_PWPIU_72146_1	जिला सिंगरौली अंतर्गत अनुसूचित जाति सीनियर कन्या छात्रावास क्र. 02 देवसर का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई सेनेटरी फिटिंग और इलेक्ट्रीफिकेशन सहित कार्य।	सिंगरौली	212.38
8.	2019_PWPIU_72147_1	जिला सिंगरौली अंतर्गत अनुसूचित जाति सीनियर कन्या छात्रावास क्र. 01 वैढ़न का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई सेनेटरी फिटिंग और इलेक्ट्रीफिकेशन सहित कार्य।	सिंगरौली	212.38
9.	2019_PWPIU_72218_1	जिला सिंगरौली अंतर्गत शासकीय डिग्री कॉलेज देवसर भवन निर्माण एवं अन्य अधोसंरचना विकास कार्य, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय देवसर के खेल मैदान में बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई सेनेटरी फिटिंग और इलेक्ट्रीफिकेशन सहित कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	सिंगरौली	852.82
10.	2019_PWPIU_72255_1	जिला सिंगरौली अंतर्गत 100 सीटर कन्या छात्रावास सिंगरौली का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई सेनेटरी फिटिंग और इलेक्ट्रीफिकेशन सहित कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	सिंगरौली	194.8
11.	2019_PWPIU_72257_1	जिला सिंगरौली अंतर्गत आयुष कार्यालय भवन वैढ़न का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई सेनेटरी फिटिंग और इलेक्ट्रीफिकेशन सहित कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	सिंगरौली	77.89
12.	2019_PWPIU_72369_1	जिला सिंगरौली अंतर्गत 2000 मैट्रिक टन क्षमता गोडाउन का निर्माण कार्य तिराया, परसोना एवं खुटार वाटर सप्लाई सेनेटरी फिटिंग और इलेक्ट्रीफिकेशन सहित कार्य।	सिंगरौली	471.53
13.	2019_PWPIU_72375_1	जिला सिंगरौली अंतर्गत 2000 मैट्रिक टन क्षमता गोडाउन का निर्माण कार्य कर्सुआराजा, सखौहा एवं कोयलखुथ वाटर सप्लाई सेनेटरी फिटिंग और इलेक्ट्रीफिकेशन सहित कार्य।	सिंगरौली	495.48
14.	2019_PWPIU_72378_1	जिला सिंगरौली अंतर्गत 2000 मैट्रिक टन क्षमता गोडाउन का निर्माण कार्य जमगढ़ी, बिन्दुल एवं माड़ा वाटर सप्लाई सेनेटरी फिटिंग और इलेक्ट्रीफिकेशन सहित कार्य।	सिंगरौली	495.48
15.	2019_PWPIU_72381_1	जिला सिंगरौली अंतर्गत 2000 मैट्रिक टन क्षमता गोडाउन का निर्माण कार्य सरई, महुआगांव एवं वरका वाटर सप्लाई सेनेटरी फिटिंग और इलेक्ट्रीफिकेशन सहित कार्य।	सिंगरौली	495.48
16.	2019_PWPIU_72390_1	जिला सिंगरौली अंतर्गत 2000 मैट्रिक टन क्षमता गोडाउन का निर्माण कार्य बरगवां, ईटार एवं पराई वाटर सप्लाई सेनेटरी फिटिंग और इलेक्ट्रीफिकेशन सहित कार्य।	सिंगरौली	495.48
17.	2019_PWPIU_72393_1	जिला सिंगरौली अंतर्गत 2000 मैट्रिक टन क्षमता गोडाउन का निर्माण कार्य चतरी, दुधमनिया एवं चितरंगी वाटर सप्लाई सेनेटरी फिटिंग और इलेक्ट्रीफिकेशन सहित कार्य।	सिंगरौली	471.53
18.	2019_PWPIU_72394_1	जिला सिंगरौली अंतर्गत 2000/1000 मैट्रिक टन क्षमता गोडाउन का निर्माण कार्य घोघरा, गढ़वा एवं कुशाही वाटर सप्लाई सेनेटरी फिटिंग और इलेक्ट्रीफिकेशन सहित कार्य।	सिंगरौली	399.8
19.	2019_PWPIU_72398_1	जिला सिंगरौली अंतर्गत 2000 मैट्रिक टन क्षमता गोडाउन का निर्माण कार्य मझौली एवं रामगढ़ वाटर सप्लाई सेनेटरी फिटिंग और इलेक्ट्रीफिकेशन सहित कार्य।	सिंगरौली	330.32

1. निविदा से संबंधित विड डाक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 30.12.2019 समय 9.00 से दिनांक 13.01.2020 समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

संभागीय परियोजना यंत्री
जी-21341/43232/2020 लोक निर्माण विभाग, (पीआईयू) सिंगरौली, (म.प्र.)

आदिवासी वर्ग के शैक्षणिक विकास के लिये छात्रवृत्ति वितरण व्यवस्था का सरलीकरण

भोपाल, मध्यप्रदेश में आदिवासी वर्ग के शैक्षणिक विकास के लिये छात्रवृत्ति वितरण व्यवस्था का सरलीकरण किया गया है। इस व्यवस्था के अंतर्गत आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा अब पेपरलेस तरीके से एमपीटास (MPTASS) सॉफ्टवेयर के माध्यम से छात्रवृत्ति ऑनलाइन वितरित करना आरंभ किया गया है। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में इस व्यवस्था से इस वर्ष 7 हजार 674 शिक्षण संस्थाओं के 2 लाख 76 हजार 163 विद्यार्थियों को करीब 200 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति उनके बैंक खातों में पेपरलेस तरीके से एमपीटास (MPTASS) सॉफ्टवेयर के माध्यम से ऑनलाइन वितरित की गई है।

प्रदेश के 16 लाख 69 हजार 437 आदिवासी विद्यार्थियों को प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना का लाभ दिया गया है। इन विद्यार्थियों के बैंक खातों में 136 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति राशि ट्रांसफर की गई है। आदिवासी विद्यार्थियों को उच्च अध्ययन के लिये विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति का लाभ दिलाया जाना भी सुनिश्चित किया गया है। वर्ष 2019 में इस योजना में 7 विद्यार्थियों को 82 लाख रुपये की छात्रवृत्ति उपलब्ध कराई गई।

कोचिंग व्यवस्था

आदिवासी वर्ग के युवा देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश पा सकें, इसके लिये उन्हें जे.ई.ई., नीट, क्लैट, (JEE, NEET, CLAT) की प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिये राज्य शासन ने निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की है। वर्ष 2019 में 800 विद्यार्थियों की कोचिंग पर 14 करोड़ 50 लाख रुपये खर्च किये गये।

कन्या शिक्षा परिसर

जनजाति वर्ग की बालिकाओं की शिक्षा और साक्षरता वृद्धि के लिये भी प्रयास शुरू किये गये हैं। इसके लिये प्रदेश में 82 कन्या शिक्षा परिसर संचालित किये जा रहे हैं। प्रत्येक परिसर की सीट क्षमता 490 है। इस वर्ष परिसर संचालन के लिये करीब 61 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

शिक्षा परिसरों और गुरूकुलम का उन्नयन

प्रदेश में इस वर्ष केन्द्र के सहयोग से 9 कन्या शिक्षा परिसरों और 4 गुरूकुलम आवासीय विद्यालयों का एकलव्य विद्यालय में उन्नयन किया गया है। प्रदेश में संचालित 12 एकलव्य आवासीय विद्यालयों में ऑडिटोरियम निर्माण के लिये 18 करोड़ रुपये से अधिक राशि मंजूर की गई है। प्रदेश में 13 नये एकलव्य विद्यालय खोले गये हैं। विभाग द्वारा संचालित प्रत्येक हाईस्कूल को 2 लाख और प्रत्येक हायर सेकेण्ड्री स्कूल को 5 लाख रुपये की राशि अधोसंरचना के विकास के लिये जारी की गई है। विभाग के 119 हायर सेकेण्ड्री स्कूलों में से 36 में नवीन शाला भवनों के निर्माण और शेष स्कूलों में अतिरिक्त कक्षों के निर्माण के लिये 118 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है।

इसी के साथ 43 भवनविहीन छात्रावासों में भवन निर्माण के लिये 91 करोड़ 65 लाख रुपये की राशि जारी की गई है।

वर्ष 2020 के अंत तक पूरा हो जायेगा शैल चित्रों का दस्तावेजीकरण

भोपाल, संस्कृति विभाग के पुरातत्व संचालनालय द्वारा प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के चित्रित शैलाश्रयों का दस्तावेजीकरण और संरक्षण वर्ष 2020 के आखिर तक पूरा कर लिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि राजधानी भोपाल में श्यामला हिल्स तथा मनुआभान की टेकरी और रायसेन जिले में भीम बैठका, साँची, खरवई, पेनगवां, रायसेन किले के पास रामछज्जा, बारला आदि स्थानों के चित्रित शैलाश्रय पर्यटकों और पुरातत्व प्रेमियों के आकर्षण का केन्द्र हैं। हजारों वर्ष पहले ये शैलाश्रय आदि मानव का बसेरा रहा है। पुरातत्व संचालनालय ने इन शैलाश्रयों की सूची तैयार कर विधिवत सर्वेक्षण की पहल की है। इन सभी स्थानों का दस्तावेजीकरण (डॉक्युमेन्टेशन) करने के पश्चात इनके संरक्षण के कार्य को अंजाम दिया जायेगा।

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan Bhopal (M.P.)- 11
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)
No.11/22/D-12/MPRRDA/2020 Bhopal, Dated : 01.01.2020

NOTICE INVITING TENDER No. 130/MTN/2020
(Special Repairs of Bridges)

Online Tenders for Construction of Bridges with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **http://mptenders.gov.in** as detailed below :

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Guna	1	22221000.00
2.	Sheopur	1	22489000.00

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website from **02.01.2020,17:00 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document for construction & maintenance of rural roads/Bridges Sept. 2017 on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/96312/43235/2020 **CHIEF GENERAL MANAGER (T & E-G)**

राज्य शहरी आजीविका मिशन से 2298 हितग्राहियों को मिला रोज़गार

भोपाल, राज्य शहरी आजीविका मिशन योजना में वर्ष 2019 में 5 हजार 316 हितग्राहियों को प्रशिक्षण दिया गया। इनमें से 2298 हितग्राहियों को रोज़गार/स्वरोज़गार उपलब्ध कराया गया। योजना 110 शहरों में क्रियान्वित की जा रही है। इस योजना में प्रशिक्षण के लिए सीपेट, इंडो-जर्मन टूल और निजी औद्योगिक संस्थानों से अनुबंध किये गए हैं। स्व-रोज़गार कार्यक्रम के अन्तर्गत इस वर्ष 517 हितग्राहियों को 6 करोड़ 28 लाख रुपये ऋण दिया गया है।

शहरी पत्र-विक्रेता सदस्यता योजना में इस वर्ष एक लाख 24 हजार 799 पथ विक्रेताओं का सर्वेक्षण कर परिचय-पत्र वितरित किये गए। पथ-विक्रेताओं की सुविधा के लिए एक करोड़ 33 लाख रुपये की लागत से हॉकर्स कॉर्नर का निर्माण करवाया गया।

योजना में जिला मुख्यालयों और एक लाख से अधिक जनसंख्या वाले 55 नगरीय निकायों में 133 आश्रम स्थल संचालित किये जा रहे हैं। इनमें आश्रयहीन व्यक्तियों को निःशुल्क आवास और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवायी जाती है।

नये उच्चदाब विद्युत कनेक्शन पर ऊर्जा प्रभार में 20 प्रतिशत की छूट

भोपाल, ऊर्जा विभाग द्वारा किसानों और घरेलु उपभोक्ताओं के साथ ही उद्योगों को भी सहूलियत दी गयी है। नये उच्चदाब कनेक्शनों को ऊर्जा प्रभार में 20 प्रतिशत, अधिकतम एक रुपये प्रति यूनिट की छूट 5 वर्ष तक देने का निर्णय लिया गया है। विद्यमान निम्नदाब उपभोक्ता द्वारा उच्चदाब कनेक्शन में परिवर्तन करवाने पर ऊर्जा प्रभार में एक रुपये प्रति यूनिट की छूट दी गयी है। ये बातें ऊर्जा मंत्री श्री प्रियव्रत सिंह ने कहीं।

श्री सिंह ने बताया है कि ऑफ-पीक अवधि में (रात 10 से सुबह 6 बजे तक) बिजली खपत पर ऊर्जा प्रभार में 20 प्रतिशत की छूट दी गयी है। ग्रामीण फीडरों पर जुड़े उच्चदाब औद्योगिक उपभोक्ताओं को न्यूनतम खपत में 20 प्रतिशत और नियत प्रभार में 5 प्रतिशत की छूट दी गयी है।

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अन्तर्गत उच्चदाब संयोजन के लिए ऑनलाइन आवेदन और ऑनलाइन भुगतान पर कनेक्शन देने की सुविधा दी गयी है। उद्योगों को मात्र 2 दस्तावेजों, पहचान-पत्र और मालिकाना/कब्जे के प्रमाण-पत्र के आधार पर नवीन बिजली कनेक्शन की सुविधा दी गयी है। 33 के.वी. तक के बिजली कनेक्शनों के लिए बिजली निरीक्षक से चार्जिंग परमिशन की बाध्यता को समाप्त कर निजी चार्टर्ड बिजली सुरक्षा इंजीनियर की सहायता से स्व-प्रमाणन की सुविधा दी गयी है। अग्रिम भुगतान पर एक प्रतिशत की छूट दी गयी है। बिजली कम्पनियों के मोबाइल एप एवं पोर्टल के माध्यम से भी उपभोक्ता सेवा उपलब्ध करवायी गयी है।

नई पेयजल नीति से छोटे गांव भी होंगे लाभान्वित

भोपाल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री सुखदेव पांसे ने कहा है कि राज्य सरकार की नई पेयजल नीति से गर्मी के मौसम में बड़े गांवों के साथ छोटे गांव भी नल-जल योजना से लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि नई नीति में छोटे और दूर-दराज के गांवों में नल-जल योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रक्रिया का सरलीकरण किया गया है।

श्री पांसे ने बताया कि जिन बसाहटों में गर्मी के मौसम में 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के मान से पेयजल उपलब्ध नहीं हो पाता है, उनमें नए हैण्डपम्प लगाए जायेंगे। श्री पांसे ने बताया कि नई पेयजल नीति में बसाहटों के हित में आवश्यक बदलाव किये गये हैं।

राज्य स्तरीय कहानी उत्सव

बच्चों में पढ़ने की आदत पैदा करती हैं कहानियां-स्कूल शिक्षा मंत्री

स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कहानी उत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

भोपाल, कहानियां भारतीय संस्कृति एवं परम्परा का अभिन्न अंग रही हैं। कहानी के माध्यम से घर के बुजुर्ग बच्चों को नैतिक शिक्षा एवं ज्ञान से परिचित कराते थे। आजकल बच्चों का कहानी से जुड़ाव कम हो रहा है। इसे जीवंत रखने के लिये स्कूलों में कहानी उत्सव मनाया जा रहा है। ये बातें स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने प्रगत शैक्षिक शिक्षा महाविद्यालय में राज्य स्तरीय कहानी उत्सव का शुभारंभ करते हुए कहीं। इस अवसर पर बच्चों एवं शिक्षकों ने रोचक एवं शिक्षाप्रद कहानियां सुनाईं।

डॉ. चौधरी ने कहा कि कहानी के माध्यम से बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ती है, किताब पढ़ने की आदत विकसित होती है। उन्होंने कहा कि कहानी के माध्यम से मिला ज्ञान और शिक्षा जिन्दगी भर याद रहती है। उन्होंने पंचतंत्र, कछुआ-खरगोश की कहानी, अकबर-बीरबल आदि रोचक कहानियों के माध्यम से मिली शिक्षा का जिक्र किया।

स्कूल शिक्षा मंत्री ने बच्चों को एक कहानी सुनाकर जीवन में धनात्मक रवैया रखते हुए आगे बढ़ने की बात कही। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों में कहानी के प्रति लगाव कम हो रहा है। बच्चे अपना समय मोबाइल पर वीडियो गेम खेलने और टी.वी. देखने में व्यर्थ गंवा रहे हैं।

स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि कहानी के माध्यम से बच्चे शिक्षकों के करीब आते हैं और अपनी जिज्ञासा को उनके सामने खुलकर रखते हैं। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि स्कूल में पारिवारिक वातावरण निर्मित करें ताकि बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि और लालसा पैदा हो।

उप सचिव श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव ने बताया कि राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा 'पढ़े भारत-बढ़े भारत' योजना में कहानी की कला को शिक्षण प्रविधि का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिये राज्य स्तरीय कहानी उत्सव प्रारंभ किया गया। इसमें कक्षा पांचवी से 8वीं तक के विद्यार्थी तथा शिक्षक शामिल होते हैं। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय आयोजन में प्रथम पांच बच्चों एवं प्रथम तीन शिक्षकों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। समस्त सहभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र दिया जायेगा।

किलों के शहर माण्डवगढ़ में पांच दिवसीय 'माण्डू फेस्टिवल' शुरू

संस्कृति मंत्री डॉ. विजयलक्ष्मी साधौ एवं पर्यटन मंत्री श्री सुरेन्द्र सिंह बघेल धार जिले के माण्डू फेस्टिवल का शुभारंभ करते हुये।

धार, मध्यप्रदेश की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को संजोए धार जिले के किलों के शहर माण्डवगढ़ में गत 28 दिसम्बर से 5 दिवसीय 'माण्डू फेस्टिवल' शुरू हुआ। संस्कृति मंत्री डॉ. विजयलक्ष्मी साधौ और पर्यटन मंत्री श्री सुरेन्द्र सिंह बघेल ने फेस्टिवल का शुभारंभ किया। इस बार यह फेस्टिवल 'खोजने में खो जाओ' सोच पर आधारित है।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि इस बार माण्डू फेस्टिवल में कारवां सराय में प्रतिदिन सुबह योग सत्र आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि माण्डू फेस्टिवल में पर्यटकों को परफार्मिंग आर्ट्स वर्कशॉप, आर्ट इंस्टालेशन, नेचर ट्रेल्स, वॉक्स, कविता-पाठ, फूड, वास्तु-शिल्प, संगीत और बहुत कुछ देखने को मिलेगा। फोटोग्राफरों के लिये स्वर्ग की अनुभूति देने वाले इस फेस्टिवल में इतिहास, विरासत, खाने के अनुभव और इंस्टाग्राम वाले स्थानों को देखने के अवसर प्राप्त होंगे।

माण्डू फेस्टिवल का पहला दिन

फेस्टिवल में पहले दिन लेक-साइड पर विशेष रूप से तैयार लेजर-शो आयोजित किया गया। स्थानीय बुनकरों द्वारा मध्यप्रदेश की असली बुनाई एवं प्रिन्ट्स पर जोर देते हुए 'शक्ति' का प्रस्तुतिकरण किया गया, जिसमें अनूठी आदिवासी डिजाइनों को प्रदर्शित किया गया। इसके अलावा निशानेबाजी, पैरासेलिंग, पैराग्लाइडिंग, बंजी जंपिंग, रॉक क्लाइम्बिंग, जोर्बिंग जैसी कई सारी साहसिक गतिविधियां ऐतिहासिक भव्यता के बीच रोमांच पैदा करती रहीं। कला और इतिहास के समागम का उत्सव मनाते हुए लोकप्रिय कलाकार, इण्डियन ओशन, प्रेम जोशुआ, नवराज हंस, अंतरिक्ष और कबीर कैफे ने अपने भावपूर्ण संगीत से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

माण्डू फेस्टिवल के शुभारंभ कार्यक्रम में विधायक श्री पांचीलाल मेड़ा, श्री प्रताप ग्रेवाल और डॉ. हीरालाल अलावा उपस्थित थे।

अनाश्रित गौ-वंश के लिये 23 करोड़ रुपये से बनेंगी 78 गौ-शालाएं

भोपाल, मध्यप्रदेश में वन समितियों के माध्यम से 78 गौ-शालाएं बनाई जाएंगी। तीस लाख रुपये प्रति गौ-शाला की दर से बनने वाली 50 गौ-शालाओं का 15 करोड़ रुपये का वित्त पोषण लघु वनोपज संघ और शेष 28 गौ-शालाओं के लिये 8 करोड़ 4 लाख रुपये का वित्त पोषण वन सुरक्षा समितियों को दी जाने वाली लाभांश की राशि से किया गया है। गौवंश को सतत् चारा आपूर्ति के उद्देश्य से संयुक्त वन प्रबंधन समितियों के सहयोग से चारा उत्पादन के लिये उपयुक्त वन क्षेत्रों का चयन किया जा रहा है। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, संयुक्त वन प्रबंधन श्री चितरंजन त्यागी ने बताया कि अनाश्रित गायों के लिये गौ-शाला खोलना राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। वन विभाग द्वारा गौ-शालाओं के लिये स्थल का चयन उस क्षेत्र में उपलब्ध अनाश्रित गौ-वंश के आधार पर किया गया है। प्रत्येक गौ-शाला के लिये 30 लाख रुपये प्रति इकाई की दर से प्राक्कलन तैयार किये गए हैं।

ढाई लाख हेक्टेयर में होगा बिगड़े बांस वनों का सुधार एवं संरक्षण

भोपाल, राज्य शासन ने वनवासियों की आजीविका को सुरक्षित आर्थिक आधार प्रदान करने के लिये बिगड़े बांस वनों के सुधार एवं संरक्षण की योजना तैयार की है। वन और ग्रामीण विकास विभाग समन्वित रूप से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना के तहत प्रदेश में 2 लाख 50 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में बिगड़े बांस क्षेत्र का सुधार और संरक्षण करेंगे। इस पर लगभग 1365 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे। योजना से शुरू के 4 सालों में लगभग डेढ़ हजार वनवासी परिवार लाभान्वित होंगे।

इस योजना से वनवासियों को स्थाई आजीविका का साधन मिलेगा। साथ ही, वन संरक्षण भी होगा। योजना में पांचवें वर्ष से बांस का विदोहन किया जाएगा। विदोहन से प्राप्त बांस संयुक्त वन समिति के हितग्राहियों को दिया जाएगा। इसी प्रकार पूर्व से बांस वनों से आच्छादित रहे क्षेत्रों के 50 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में भी बांस रोपण किया जाएगा। बांस रोपण के आठवें वर्ष में बांस विदोहन से प्राप्त बांस संयुक्त वन समिति के हितग्राहियों को दिया जाएगा।

वनवासी समुदाय की आजीविका में वन उत्पादों का महत्वपूर्ण स्थान है। वनों के संरक्षण से न केवल उत्पादों की लगातार उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी, बल्कि अच्छा वन आवरण, भू-जल और कृषि आधारित आजीविकाओं को भी बेहतर किया जा सकेगा। प्रदेश में 94 हजार 689 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र है, जो प्रदेश का 30.72 प्रतिशत भू-भाग है। वन प्रबंधन में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये प्रदेश में 15 हजार 608 संयुक्त वन प्रबंधन समितियां गठित हैं। प्रदेश के 66 हजार 874 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र का प्रबंधन करने में स्थानीय समुदायों की महत्वपूर्ण भूमिका है। समुदायों की भागीदारी से वनों की अवैध कटाई और अग्नि सुरक्षा पर नियंत्रण हो सका है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

औद्योगिक स्वरूप में विकसित किया जाएगा जिला डिण्डौरी

भोपाल, आदिम-जाति कल्याण मंत्री श्री ओमकार सिंह मरकाम ने गत दिनों डिण्डौरी जिले की जनपद समनापुर में 'आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में कहा कि आदिवासियों में पलायन की प्रवृत्ति को रोकने के लिए डिण्डौरी को औद्योगिक जिले के स्वरूप में विकसित किया जाएगा। इससे स्थानीय व्यक्तियों को रोज़गार के अधिक अवसर मिल सकेंगे। उन्होंने बताया कि डिण्डौरी जिले में कोदो-कुटकी की मार्केटिंग के लिये 42 करोड़ रुपये की योजना मंजूर की गई है।

श्री मरकाम ने बताया कि राज्य सरकार ने अपने वचन-पत्र में किये गये वायदे के अनुसार प्रदेश में पहली बार 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के रूप में मनाने के लिये शासकीय अवकाश घोषित किया। इस दिन जिला और जनपद स्तरों पर आदिवासी कल्याण के कार्यक्रम आयोजित करने की परम्परा शुरू की गई। आदिवासी क्षेत्रों के सभी गांवों को मदद योजना में 25-25 हजार रुपये मूल्य के बर्तन उपलब्ध करवाये गये। आदिवासियों को छठी, बारसा में 50 किलो और दसगात्र के लिये एक क्विंटल अनाज इस योजना में निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है।

डिण्डौरी जिले के विकास की चर्चा करते हुए श्री मरकाम ने बताया कि गांव-गांव पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के लिये 3 करोड़ रुपये की लागत से सर्वे कार्य शुरू किया गया है। आदिवासी अंचलों में लोगों के लिये हाट-बाजारों में ए.टी.एम. खोले जा रहे हैं।

आदिवासियों के देव-स्थानों के संरक्षण की आप्ठान योजना में डिण्डौरी जिले के करबेमट्ठा और रामपुर को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि डिण्डौरी में आदिवासी सांस्कृतिक केंद्र स्थापित करने के लिये 5 करोड़ रुपये मंजूर किये गये हैं। जिले के आदिवासी विद्यार्थियों को कम्प्यूटर शिक्षा में दक्ष करने के लिये 5 करोड़ रुपये की लागत से कम्प्यूटर सेन्टर खोला जा रहा है। साथ ही, जिले में 40 आंगनवाड़ी केन्द्रों के निर्माण के लिये 3 करोड़ 50 लाख रुपये की राशि जारी की गई है।

श्री मरकाम ने अधिकारियों को जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में जॉब कार्डधारियों को अनिवार्य रूप से 100 दिन का रोज़गार देने के निर्देश दिये। उन्होंने रोज़गार गारंटी योजना के कार्यों में जन-संरक्षण के कार्यों को प्राथमिकता देने को भी कहा।

आदिम जाति कल्याण मंत्री श्री मरकाम ने शिविर में सबकी समस्याओं को सुना और निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति की महिला मुखिया को आहार अनुदान राशि और दिव्यांगों को उपकरण वितरित किये।

पेंच टाइगर रिज़र्व पहुंचे 88 हजार 683 पर्यटक

भोपाल, देश के सबसे लोकप्रिय टाइगर रिज़र्व में से एक मध्यप्रदेश के पेंच टाइगर रिज़र्व में पर्यटन वर्ष 2018-19 में 88 हजार 683 पर्यटक पहुंचे। इसमें 79 हजार 852 भारतीय और 8 हजार 831 विदेशी पर्यटक शामिल हैं। इससे रिज़र्व को अब तक का सर्वाधिक 3 करोड़ 11 लाख 35 हजार 923 रुपये राजस्व प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि पर्यटन वर्ष 1997-98 में मात्र 988 पर्यटकों ने पेंच टाइगर रिज़र्व का भ्रमण किया था, जिनमें एक भी विदेशी पर्यटक शामिल नहीं था। पेंच टाइगर रिज़र्व को प्रबंधन में पर्यटन वर्ष 2010-11 में पूरे देश में प्रथम और वर्ष 2014 में दूसरा स्थान मिला।

पेंच टाइगर रिज़र्व देश में सबसे अधिक शाकाहारी घनत्व वाला पार्क है। यहां मांसाहारी प्राणियों में बाघ, तेंदुआ, जंगली बिल्ली, कुत्ते, लकड़बग्घा, सियार, लोमड़ी, भेड़िया, नेवला आदि और शाकाहारी प्रजातियों में मुख्य रूप से बायसन, चीतल, सांभर, नीलगाय, चौसिंगा, चिंकारा, जंगली सुअर आदि जानवरों की बहुतायत के साथ खूबसूरत जंगल भी सैलानियों को आकर्षित करते हैं। राष्ट्रीय उद्यान में विभिन्न मौसमों में लगभग 325 प्रजाति के पक्षी देखे जा सकते हैं। पार्क के तोतलाडोह जलाशय के डूब क्षेत्रों में सर्दी के मौसम में प्रवासी पक्षियों का जमघट लगा रहता है। पेंच टाइगर रिज़र्व में 116 किलोमीटर मार्ग तथा 82.3 वर्ग किलोमीटर (20 प्रतिशत) क्षेत्र में पर्यटन होता है। पर्यटकों को 3 प्रवेश-द्वार रूखड़, तेलिया और खवासा से प्रवेश दिया जाता है। वन विभाग द्वारा पर्यटकों की सुविधा के लिये यहां 96 गाइड की व्यवस्था की गई है। इनमें 12 महिला गाइड शामिल हैं। टूरिया में 10 महिला, कर्माझिरि और तेलिया वफर में एक-एक महिला गाइड की नियुक्ति की गई है। टूरिया प्रवेश-द्वार पर कुल 56, कर्माझिरि में 11, जमतरा और तेलिया वफर में 6-6, रूखड़ वफर में 2 और सकाटा वफर में 3 गाइड उपलब्ध हैं।

ओरछा को बनाएंगे विकसित पर्यटन केंद्र

ओरछा, वाणिज्यिक कर मंत्री श्री बृजेन्द्र सिंह राठौर ने सुप्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल ओरछा में करीब 7 करोड़ रुपये लागत के निर्माण एवं विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि ओरछा को विकसित पर्यटन केंद्र बनाया जाएगा।

श्री राठौर ने कहा कि ओरछा क्षेत्र आध्यात्मिक समृद्धि के साथ-साथ ऐतिहासिक धरोहरों का धनी है। उन्होंने बताया कि ओरछा की पहचान को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने के लिये आगामी मार्च माह में भव्य ओरछा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। श्री राठौर ने कहा कि ओरछा नगर को खूबसूरत बनाने के साथ-साथ यहां के रहवासियों को सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ओरछा में शीघ्र ही सुव्यवस्थित हाट-बाजार बनाया जाएगा, जिसमें सभी तरह के छोटे-बड़े दुकानदारों के लिये स्थान सुरक्षित रहेगा।

विद्युत राजस्व संग्रहण में 1832 करोड़ रुपये की हुई वृद्धि

भोपाल, मध्यप्रदेश में इंदिरा गृह ज्योति योजना लागू होने के बाद विद्युत राजस्व वसूली में लगातार वृद्धि हो रही है। योजना में एक करोड़ रुपये से अधिक विद्युत उपभोक्ता लाभान्वित हो रहे हैं। वर्ष 2019 में अप्रैल से नवम्बर तक गत वर्ष के इन महीनों की तुलना में 1832 करोड़ रुपये अधिक राजस्व संग्रह हुआ है। इस वर्ष नवम्बर माह में कुल 2017 करोड़ रुपये विद्युत राजस्व संग्रहण हुआ, जो पिछले साल के नवम्बर माह की तुलना में 413 करोड़ रुपये अधिक है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रियव्रत सिंह ने यह जानकारी दी।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि प्रदेश की तीनों वितरण कंपनियों ने राजस्व संग्रह में अब तक का उत्कृष्ट योगदान दिया है। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा नवंबर 2019 में 596 करोड़ रुपये, मध्य क्षेत्र कंपनी द्वारा 587 करोड़ रुपये एवं पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 834 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह किया गया। पिछले वर्ष इसी अवधि में पूर्व क्षेत्र कंपनी द्वारा 452 करोड़ रुपये, मध्य क्षेत्र कंपनी द्वारा 488 करोड़ रुपये एवं पश्चिम क्षेत्र कंपनी द्वारा 664 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह किया गया था। इस नवंबर माह में पूर्व क्षेत्र कंपनी द्वारा 31.71 प्रतिशत, मध्य क्षेत्र कंपनी द्वारा 20.38 प्रतिशत और पश्चिम क्षेत्र कंपनी द्वारा 25.63 प्रतिशत अधिक राजस्व संग्रह किया गया। यह कंपनी गठन के बाद किसी एक माह में सर्वाधिक है।

प्रति यूनिट सर्वाधिक नगद राजस्व

प्रदेश में प्रति यूनिट नगद विद्युत राजस्व वसूली गत वर्ष 2 रुपये 34 पैसे की तुलना में इस वर्ष नवंबर में 4 रुपये 14 पैसे हो गई है। यह गत वर्ष के इसी माह से 77 प्रतिशत अधिक है। पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में प्रति यूनिट नगद राजस्व वसूली में वृद्धि का प्रतिशत 91.99 और पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी का 81.57 प्रतिशत रहा है। इंदौर सिटी सर्किल 7.78, इंदौर ओ एण्ड एम 6.16, सिंगरौली 6.07, जबलपुर सिटी 6.06 और भोपाल सिटी की प्रति यूनिट नगद राजस्व वसूली 5.99 रुपये है।

वेब-पोर्टल पर मिलेगी बिजली बिल भुगतान की रसीद

भोपाल, ऊर्जा मंत्री श्री प्रियव्रत सिंह ने बताया है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के उच्च-दाब उपभोक्ताओं को एक जनवरी से कम्पनी के पोर्टल पर बिल भुगतान की रसीद मिलेगी। भुगतान के दो दिन बाद रसीद को डाउनलोड करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उच्च-दाब उपभोक्ता कंपनी के वेब-पोर्टल portal.mpcz.in पर जाकर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। उच्च-दाब उपभोक्ताओं के लिए बिजली बिल ई-मेल, व्हाट्सएप के अलावा कंपनी के पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2020

क्या आपका वोटर आईडी कुछ इस तरह है?....

और आप उसे रंगीन और प्लास्टिक का चाहते हैं?....

तो विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2020 के दौरान
यानी 15.01.2020 तक
रंगीन फोटो सहित फॉर्म 8 भरकर
अपने मतदान केन्द्र में उपस्थित बीएलओ को
आवेदन दें अथवा ऑनलाइन पोर्टल nvsp.in पर
आवेदन अपलोड करें।

अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए
टोल फ्री नंबर पर सम्पर्क करें
1950

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

D-11292/R-43210/2019 आषयन : मध्यप्रदेश माध्यम/2019

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश द्वारा जनहित में जारी

सामयिकी

2020 में इसरो लॉन्च करेगा चंद्रयान-3

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख के. सिवन ने बताया कि चंद्रयान-3 प्रोजेक्ट को मंजूरी मिल गई है। इसे वर्ष 2020 में लॉन्च किया जा सकता है। इसकी लागत चंद्रयान - 2 से कम आयेगी। प्रधानमंत्री कार्यालय के राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि आगामी चंद्रयान की लैंडर और रोवर से लैस होने की बहुत संभावना है।

अमेरिका ने

ईरानी जनरल कासिम सुलेमानी को मार गिराया

अमेरिका ने ड्रोन हमला कर ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर जनरल कासिम सुलेमानी को मार दिया है। जनरल

- **ट्रंप ने कहा कि सुलेमानी अमेरिकी राजनयिकों और सैन्यकर्मियों पर हमले की साजिश रच रहा था और इसी वजह से उसे निशाना बनाया गया।**
- **इस सप्ताह सैनिकों की तैनाती से पहले ट्रंप प्रशासन ने मई से 14 हजार अतिरिक्त सैनिकों को पश्चिम एशिया भेजा है।**
- **इस हमले के बाद ईरान ने कहा है कि वह इस हत्याकांड का बदला लेगा।**

सुलेमानी ईरान के अल-कुद्स वल के प्रमुख थे। जनरल सुलेमानी को अयातुल्ला खामेनी के बाद ईरान में सबसे ताकतवर माना जाता था। इस हमले के बाद अमेरिका ने कहा कि उसने विदेश में अमेरिकी कर्मियों की सुरक्षा के लिए स्पष्ट रक्षात्मक कार्रवाई करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति के निर्देश पर ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स अल-कुद्स फोर्स के प्रमुख कासिम सुलेमानी को मार गिराया है। गौरतलब है कि इस संगठन को अमेरिका ने प्रतिबंधित विदेशी आतंकवादी संगठन की सूची में डाल रखा है। अमेरिका के इस हमले के बाद अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ गया है। बढ़ते तनाव को देखते हुए अमेरिका ने 3 हजार अतिरिक्त सैनिक भेजने का फैसला किया है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्डर ट्रंप ने कहा है कि उनका देश ईरान के साथ युद्ध शुरू नहीं करना चाहता, लेकिन ईरान ने कोई जवाबी कार्रवाई की, तो अमेरिका इससे निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

मिस्र-फ्रांस

मिलकर लीबिया संकट सुलझाएंगे

मिस्र के राष्ट्रपति अब्दुल फतह सीसी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रों ने लीबिया संकट का राजनैतिक

समाधान तलाशने के लिए द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग जताने पर सहमति जतायी है। मिस्र के राष्ट्रपति ने इस संबंध में दूरभाष पर फ्रांस के राष्ट्रपति से विस्तृत चर्चा भी की। दोनों नेताओं ने लीबिया में मौजूदा संकट को सुलझाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ सहयोग को लेकर चर्चा भी की।

प्रदूषण बढ़ने से काबुल में 17 लोगों की मौत

काबुल में पिछले दिनों प्रदूषण के बढ़ते स्तर के कारण सांस का संक्रमण होने की वजह से 17 से अधिक लोगों की मौत हो गई। मिनिस्ट्री ऑफ पब्लिक हेल्थ ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रदूषण अपने मानक स्तर से बहुत ज्यादा बढ़ गया है। जिसके दुष्परिणामों को देखते हुए एंटी-पॉल्यूशन कैंपेन (प्रदूषण विरोधी अभियान) को शुरू कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार आम सर्दी और फेफड़ों की समस्याओं सहित श्वसन संक्रमण की स्थिति के चलते पिछले सप्ताह करीब 8,800 मरीजों ने काबुल के सरकारी अस्पतालों में अपना इलाज करवाया। अंतर्राष्ट्रीय निगरानी संगठन एयर विजुएल के अनुसार सरकारी भवनों, बरात घर, घरों और कुछ अन्य निजी व्यवसायों में कोयला सहित निम्न गुणवत्ता वाले ईंधन के प्रयोग के चलते यह स्थिति बनी है।

अमेरिका और उत्तर कोरिया के बीच तकरार बढ़ी

अमेरिका और उत्तर कोरिया के बीच सुरक्षा और हथियारों को लेकर उपजे संदेहों के आधार पर तकरार बढ़ने

- **अमेरिका ने कोरिया प्रायद्वीप पर निगरानी विमान उड़ाया।**
- **उत्तर कोरिया ने नए रणनीतिक हथियार को लेकर चेतावनी दी थी।**

की खबरें आयी हैं।

अमेरिका द्वारा उत्तर कोरिया में मानवाधिकार हनन का मामला उठाए जाने पर पिछले हफ्ते उत्तर कोरिया ने अमेरिका को कड़ा सबक सिखाने की चेतावनी भी दी थी। कोरियाई मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन की अध्यक्षता में बुलाई गई बैठक में देश की संप्रभुता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आक्रामक उपायों पर चर्चा की। बैठक में हथियारों का परीक्षण पुनः शुरू करने पर भी चर्चा हुई।

विषाणुओं का पता लगाने

वैज्ञानिकों ने खास उपकरण किया विकसित

अमेरिका में पेन स्टेट यूनिवर्सिटी और न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने हाथ से संचालित होने वाला अनोखा यंत्र

- **एच 5 एन 1, जीका और इबोला जैसे विषाणुओं की वजह से बड़े पैमाने पर बीमारियाँ फैलीं और काफी मौत हुई हैं।**

विकसित किया है, जो विषाणुओं का शीघ्र पता लगा सकता है। 'पीएनएएस' नामक पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार वायरोलॉजिस्ट का अनुमान है कि जानवरों में 16.7 लाख अज्ञात विषाणु होते हैं, इनमें से कई की चपेट में मनुष्य आ जाते हैं।

वैज्ञानिकों के अनुसार यह उपकरण नैनो ट्यूब की सारणी का उपयोग करता है, जिसे विषाणुओं की एक विस्तृत रेंज के अनुसार डिजाइन किया गया है। जिसे वैज्ञानिक रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी का उपयोग उसके निजी कंपन के आधार पर विषाणु की पहचान के लिए करते हैं। वैज्ञानिकों ने इसे 'वाइरियन' कहा है और इसके संभावित उपयोग का दायरा बड़ा है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि जल्दी पता लगाया जाए तो, इनसे निपटने के उपाय तेजी से कर विषाणुओं को फैलने से रोका जा सकता है।

जर्मनी में क्रू केबिन कर्मचारियों की हड़ताल

जर्मनी की सबसे बड़ी एयरलाइन लुफ्थांसा की सहायक जर्मनविंग एयरलाइन के क्रू केबिन कर्मचारियों की हड़ताल के चलते कई उड़ानें प्रभावित हो गई और करीब 180 उड़ानों को रद्द करना पड़ा। जर्मनविंग एयरलाइन के परिचायकों के कड़े प्रतिबंधों के बाद यह हड़ताल शुरू हुई थी। कर्मचारियों ने नए नियमों को न मानने का फैसला कर अपने तयशुदा समय पर न पहुंच कर उड़ानों को संकट में डाल दिया था। कर्मचारी यूनियन का कहना है कि जर्मनविंग एयरलाइन के प्रबंधन का कर्मचारियों को लेकर दृष्टिकोण स्पष्ट नहीं है।

अमेरिका-तालिबान शांति समझौता, जल्द होगी तिथि की घोषणा

अमेरिका और तालिबान शांति वार्ता की तारीख जल्द ही घोषित करेंगे और यह वार्ता जिस स्थान पर होगी इसकी भी जानकारी देंगे।

ज्ञात रहे कि अफगानिस्तान के कुछ राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने कहा है कि समावेशी शांति वार्ता टीम के गठन के बारे में दोनों पक्षों के बीच चर्चा होने लगी है। खबरों के अनुसार विश्वस्त सूत्रों ने कहा

- **तालिबान के एक पूर्व कमांडर ने कहा है कि संघर्ष विराम के दो घटक हैं, पहला अमेरिका से शांति समझौता करने से पहले संघर्ष विराम की घोषणा करना और दूसरा अफगानी तथा विदेशियों के संदर्भ में राष्ट्रव्यापी-समझौता।**

कि आगामी अमेरिका-तालिबान वार्ता के दौरान दोनों पक्ष शांति समझौते का समय तय करेंगे और अफगान वार्ता शुरू करेंगे।

तालिबान को संघर्ष विराम नीति मंजूर नहीं

तालिबान ने अफगानिस्तान द्वारा तैयार की गई संघर्ष विराम नीति को नामंजूर कर दिया है। उन्होंने बयान जारी कर कहा है कि कई समाचार संस्थान पिछले कुछ समय से संघर्ष विराम के बारे में गलत जानकारी दे रहे हैं, जबकि तथ्य यह है कि अफगानिस्तान इस्लामी अमीरात की संघर्ष विराम की कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान में अगर हिंसा समाप्त करनी है तो संघर्ष विराम नीति के हर पहलू पर सरकार को तालिबान के साथ पुनः चर्चा कर सुधार लाना चाहिए। ज्ञात रहे कि अमेरिका और अफगान सरकार ने लंबे समय तक तालिबान के साथ संघर्ष विराम का आह्वान किया था। हालांकि विद्रोहियों ने कई बार कहा है कि अमेरिकी सैनिकों की देश से वापसी होने के बाद ही कोई संघर्ष विराम होगा।

रूस और यूक्रेन ने गैस समझौते पर किये हस्ताक्षर

यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेस्की ने कहा है कि रूस और यूक्रेन ने पाँच वर्षों के लिए गैस परागमन समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।

इस समझौते से यूक्रेन को सात अरब डॉलर राजस्व के रूप में प्राप्त होने की उम्मीद है। इस उर्जा की सुरक्षा और यूक्रेन के लोगों के कल्याण के लिए यूक्रेन की गैस संचरण प्रणाली लोड की जाएगी। अनुबंध के अनुसार गाजप्रोम 2020 में कम से कम 65 अरब क्यूबिक मीटर और अन्य चार वर्ष के लिए 40 अरब क्यूबिक मीटर गैस का वितरण किया जाएगा।

उरुग्वे में आपातकाल लागू हुआ

उरुग्वे के राष्ट्रपति तबरे वाजक्वेज ने देश में महिलाओं की हत्याओं के बढ़ते मामलों को देखते हुए आपातकाल की घोषणा कर दी है। राष्ट्रपति कार्यालय की वेबसाइट पर जारी आदेश में कहा गया है कि महिलाओं के खिलाफ हाल ही में हिंसा के बढ़ते मामलों और राष्ट्रीय स्तर पर लिंग आधारित हिंसा के बाद फैली अशांति को देखते हुए देश भर में आपातकाल लागू किया जा रहा है। आदेश में यह भी कहा गया है कि महिलाओं की सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों तथा जेलों में अभियान भी चलाया जाएगा। गृह मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार लिंग आधारित हिंसा के प्रतिदिन 108 मामले दर्ज किए जा रहे हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

मलाला यूसुफजई

विश्व की सबसे मशहूर किशोरी घोषित

संयुक्त राष्ट्र ने डिकेड इन रिव्यू रिपोर्ट में पाकिस्तान की

सामाजिक कार्यकर्ता और नोबेल पुरस्कार (शांति) विजेता मलाला यूसुफजई को विश्व की सबसे मशहूर किशोरी घोषित किया है। इस समीक्षा रिपोर्ट में 2010 के मध्य से लेकर 2013 के अंत तक के कार्यक्रमों को शामिल किया गया था। इनमें 2010 में हैती में आये भूकंप, 2011 के सीरियाई संघर्ष और 2012 में मलाला द्वारा लड़कियों की शिक्षा को लेकर चलाये गये अभियान को शामिल किया गया। इसी को ध्यान में रखते हुये यूएन ने उन्हें अपना शांति दूत नियुक्त किया था।

जेसिका मीर

महिला एस्ट्रोनॉट ने स्पेस स्टेशन से दी इजरायली पर्व की शुभकामना

नासा की इजरायली मूल की एस्ट्रोनॉट जेसिका मीर ने

धरती से 400 किलोमीटर ऊपर अंतरिक्ष स्टेशन से हनुक्का पर्व की बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक फोटो पोस्ट की जिसमें त्यौहार पर पहने जाने वाली जुराबें दिख रही हैं। 8 दिन तक चलने वाला हनुक्का त्योहार दिवाली की तरह यहूदियों का रोशनी पर्व है। इसका अर्थ है समर्पण।

डॉग स्क्वॉड सर्विलांस सिस्टम

एक किलोमीटर तक जानकारी भेजने में सक्षम

भारतीय सेना ने ऑडियो-वीडियो सर्विलांस सिस्टम और

बुलेट प्रूफ जैकेट विकसित की है। यह जैकेट आर्मी डॉग्स के लिये तैयार की गई है। यह जैकेट पहनने के बाद डॉग्स गोपनीय रूप से दुश्मन की स्थिति और सांख्यबल की सटीक जानकारी इकट्ठा कर सकेंगे। इसमें लगे कैमरा और ट्रांसमीटर एक किलोमीटर तक जानकारी एकत्र कर भेज सकेंगे। आर्मी डॉग यूनिट के लेफ्टिनेंट कर्नल वी. कमल राज ने बताया कि सर्विलांस सिस्टम को जम्मू-कश्मीर में परखा गया है।

आइस होटल

स्वीडन में 5 महीने बाद नदी में बदल जाता है होटल

स्वीडन का आइस होटल सर्दियों में बनाया जाता है

और 5 माह बाद खुद ही पिघल कर नदी में तब्दील हो जाता है। दुनिया का यह पहला ऐसा होटल है। यह 1989 में पहली बार बना था और अब अपनी 30वीं सालगिरह मना रहा है। होटल के संस्थापक यंगवे बर्गक्विस्ट ने इसमें स्पेशल सुइट बनाये हैं, जिन्हें 16 देशों के 33 आर्टिस्ट ने महज 1 सप्ताह में तैयार किया है। यहां 12 बेडरूम, आइस बार और लेपर्ड बनाये गये हैं। यंगवे बताते हैं कि होटल आर्कटिक सर्कल से 200 किलोमीटर दूर टॉर्न नदी पर बना है। यहां का तापमान माइनस 18 से 40 डिग्री तक रहता है।

राजा जॉन चारी

नासा के मून मिशन के लिये चुने गये

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मून मिशन आर्टेमिस

के लिये 13 फर्स्ट क्लास एस्ट्रोनॉट्स सेलेक्ट किये हैं। इनमें भारतीय मूल के राजा जॉन चारी भी हैं। दो साल की कठिन ट्रेनिंग के बाद 10 जनवरी 2020 को इन्हें तीन स्पेस मिशन में शामिल किया जायेगा। राजा जॉन चारी को नासा में लोग प्यार से ग्राइंडर या राजा चारी भी बुलाते हैं। राजा अमेरिकी वायुसेना में कर्नल रह चुके हैं। 42 वर्षीय राजा चारी के पास अमेरिकी वायुसेना के कई लड़ाकू विमानों को 2000 से ज्यादा घंटे उड़ाने का अनुभव है।

संगीता रेड्डी और निरंजन हीरानंदानी

फिक्की और एसोचैम के अध्यक्ष बने

अपोलो अस्पताल ग्रुप की ज्वॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर

संगीता रेड्डी 2019-20 के लिये फिक्की की नई अध्यक्ष बन गई हैं। वे संदीप सोमानी की जगह लेंगी। वहीं हीरानंदानी समूह के को-फाउंडर और एमडी डॉक्टर निरंजन हीरानंदानी एसोचैम के अध्यक्ष चुने गये हैं। उन्होंने 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी के लिये कारोबारी संगठन की प्रतिबद्धता जताई है।

मेजर अनूप मिश्रा

डिजाइन ब्यूरो अवॉर्ड से सम्मानित

भारतीय सेना के मेजर अनूप मिश्रा ने एक ऐसी जैकेट

बनाई है, जो स्नाइपर्स राइफल के हमले से सुरक्षा देगी। उन्होंने इस बुलेट प्रूफ जैकेट का नाम 'सर्वत्र जैकेट' रखा है। आर्मी चीफ ने इस जैकेट बनाने के लिये उन्हें आर्मी डिजाइन ब्यूरो एक्सिलेंस अवॉर्ड देकर सम्मानित किया है। मेजर अनूप ने बताया कि उन्होंने यह जैकेट निजी प्रयासों से तैयार की है। उन्होंने जैकेट बनाने का काम कश्मीर घाटी में एलओसी पर स्नाइपर वॉर की कई घटनाओं के बाद शुरू किया था।

हर्षवर्धन श्रृंगला

नये विदेश सचिव होंगे

आईएफएस अधिकारी हर्षवर्धन श्रृंगला नये विदेश

सचिव होंगे। वह अभी अमेरिका में भारत के राजदूत हैं। कार्मिक मंत्रालय ने उनकी नियुक्ति की घोषणा की। श्रृंगला 29 जनवरी को नया प्रभार संभालेंगे। वह मौजूदा विदेश सचिव विजय केशव गोखले की जगह लेंगे। श्रृंगला भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के 1984 बैच के अधिकारी हैं। वह बांग्लादेश और थाइलैंड में भारत के उच्चायुक्त रह चुके हैं।

हाइपरसोनिक मिसाइल एवनगार्ड

रूस ने सेना में की शामिल

रूस ने पहली हाइपरसोनिक मिसाइल एवनगार्ड की

तैनाती कर दी है। हाइपरसोनिक मिसाइल वाला रूस पहला देश बन गया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दावा किया है कि इसकी गति आवाज से बीस गुना ज्यादा है। एवनगार्ड को तैनात किये जाने की जानकारी देते हुये रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने बताया कि 27 दिसम्बर को एवनगार्ड हाइपरसोनिक मिसाइल को सेना में शामिल किया गया। यह मिसाइल परमाणु क्षमताओं से लेस है।

'द स्कॉटलैंड'

मनीष वात्सल्य की फिल्म ऑस्कर में हुई नॉमिनेट

बिहार के फिल्मकार मनीष वात्सल्य की फिल्म 'द

स्कॉटलैंड' ऑस्कर के लिये नॉमिनेट हुई है। बेटियों से दुष्कर्म थीम पर आधारित इस फिल्म ने सिनेमा के सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड के लिये बेस्ट फीचर फिल्म कैटेगरी में सीधी एंट्री पाई है। मनीष बिहार के पहले फिल्मकार हैं जिनकी फिल्म ऑस्कर के लिये नॉमिनेट हुई है। अब तक उनकी फिल्म 62 इंटरनेशनल अवॉर्ड जीत चुकी है।

मिग-27 लड़ाकू विमान

वायुसेना का 'बहादुर' हुआ रिटायर

वायुसेना ने अपने 'बहादुर' लड़ाकू विमान मिग-27 को

38 साल बाद रिटायर कर दिया है। जोधपुर एयरबेस पर भव्य समारोह में इसने विदाई उड़ान भरी। कारगिल युद्ध में मुख्य भूमिका निभाने वाले मिग-27 वायुसेना की वैकबोन रहे हैं। यह भी संयोग ही है कि जोधपुर से ही इन विमानों ने पहली उड़ान भरी थी। जोधपुर एयरबेस पर सबसे पहले इन वायुयोद्धाओं की शानदार परेड हुई। फिर एक-एक कर सातों मिग-27 अंतिम सफर पर रवाना हुये।

जॉन सुलीवन

रूस में अमेरिका के नये राजदूत बने

जॉन सुलीवन को रूस में अमेरिका का नया राजदूत

नियुक्त किया गया है। अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पियो ने ट्विटर के जरिये यह जानकारी दी। पोम्पियो ने सुलीवन को शपथ दिलवायी। उन्होंने कहा कि मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूँ। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि सुलीवन रूस के साथ अमेरिका के सहयोग को मजबूत करने और दोनों देशों के बीच रचनात्मक संबंध बनाने के प्रयासों का प्रभावी रूप से नेतृत्व करेंगे।

चेयोप्स दूरबीन से

वैज्ञानिक सौरमंडल के बाहर के ग्रहों का पता लगायेंगे

यूरोप के वैज्ञानिकों ने सौरमंडल के बाहर के ग्रहों का

पता लगाने के लिये चेयोप्स दूरबीन को बनया है। यह दूरबीन हमारे सौरमंडल के बाहर के ग्रहों का घनत्व, संरचना और उनके आकार का पता लगायेगी। फ्रेंच गुएना में नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक डिडियर क्वेलोज ने बताया कि इस दूरबीन को 710 किलोमीटर दूर स्थापित किया गया है। ज्ञात रहे कि कैरेक्टराइजिंग एक्सोप्लेनेट्स यानी बाहरी ग्रहों के बारे में जानकारी जुटाने को संक्षिप्त रूप से चेयोप्स कहा जाता है। इस दूरबीन को रूस में बने सोयूज रॉकेट के जरिये अंतरिक्ष में भेजा गया है।

बेंजामिन नेतन्याहू

फिर बने लिकुड पार्टी के नेता

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू एक बार फिर

अपनी लिकुड पार्टी के नेता चुने गये हैं। पिछले साल मार्च में हुये प्रधानमंत्री पद के चुनाव में किसी पार्टी को बहुमत नहीं मिला था, इसके बाद बेंजामिन के नेतृत्व पर सवाल खड़े हो रहे थे, लेकिन सभी को पछाड़ते हुये बेंजामिन एक बार फिर पार्टी के नेता के तौर पर उभरे, उन्हें 72 प्रतिशत से अधिक वोट मिले हैं।

डेनिस मिलेनबर्ग

विमान निर्माता कंपनी बोइंग ने सीईओ पद से हटाया

विमान निर्माता कंपनी बोइंग ने अपने मुख्य कार्यकारी

अधिकारी (सीईओ) डेनिस मिलेनबर्ग को सीईओ पद से हटा दिया है। फिलहाल अंतरिम सीईओ की जिम्मेदारी कंपनी के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर ग्रेग स्मिथ निभायेंगे। मिलेनबर्ग को हटाने के पीछे मुख्य वजह अक्टूबर 2018 और मार्च 2019 में दो बोइंग मैक्स विमानों के क्रैश हो जाने को बताया जा रहा है। फेडरल एविएशन एजेंसी पर भी बोइंग-737 मैक्स विमानों की तकनीकी खामियों को नजरअंदाज करने के आरोप लगे थे।

अभिजीत बनर्जी

डी-लिट की मानद उपाधि से होंगे सम्मानित

कलकत्ता विश्वविद्यालय अपने वार्षिक दीक्षांत समारोह

में नोबेल पुरस्कार विजेता अभिजीत विनायक बनर्जी को डी-लिट की मानद उपाधि से सम्मानित करेगा। यह दीक्षांत समारोह 28 जनवरी को होगा। प्रशासन ने इस सम्मान समारोह के लिए अपनी मंजूरी दे दी है।

स्मृति शेष

सिनेमेटोग्राफर रामचंद्र बाबू का निधन

प्रख्यात सिनेमेटोग्राफर रामचंद बाबू का 73 वर्ष की

उम्र में निधन हो गया। उन्होंने 128 से अधिक फिल्मों के लिये छायाकार के रूप में काम किया, जिसमें अधिकतर मलयाली भाषा की फिल्में थीं। उन्होंने पुणे एफटीटीआई से स्नातक किया था। उन्हें चार बार केरल राज्य फिल्म पुरस्कार मिल चुका है।

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज एस. मोहन का निधन

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज एवं कर्नाटक के पूर्व

कार्यकारी राज्यपाल डॉक्टर एस. मोहन का 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने प्रेसीडेंसी महाविद्यालय से स्नातक करने के बाद मद्रास विश्वविद्यालय से कानून की डिग्री हासिल की थी। 1954 में मद्रास हाईकोर्ट में वकील के तौर पर उन्होंने वकालत की शुरुआत की थी। वे 1955-56 तक मद्रास लॉ कॉलेज के प्रोफेसर रहे। 26 अक्टूबर 1989 को वे कर्नाटक हाईकोर्ट के सीजे बने थे।

बीआरएसी के संस्थापक फजले हसन का निधन

विश्व के सबसे बड़े गैर सरकारी संगठनों में एक

बांग्लादेश रुरल एडवांसमेंट कमेटी (बीआरएसी) के संस्थापक फजले हसन आबिद का 83 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उन्हें मष्तिष्क का ट्यूमर था। आबिद ने लंदन में एक अकाउंटेंट के तौर पर प्रशिक्षण लिया था और 1971 में युद्ध के दौरान उन्होंने तेल कंपनी शेल की नौकरी भी छोड़ दी थी। इसके बाद उन्होंने बीआरएसी की स्थापना की थी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

आप चतुर बनने के साथ विवेकवान भी बनें – एलेन एल्डा

कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, रीवा मण्डल रीवा

दूरभाष (फोन) 07662-254720, E-Mail ID - seresrewa@mp.gov.in

संक्षिप्त निविदा विज्ञप्ति क्र. 12/2019-20

क्रमांक 1591/ग्रा.यां.से./2019 रीवा, दिनांक 24.12.2019

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से Cover-3 (तीन लिफाफा पद्धति) 50 लाख से अधिक एवं Cover-2 (दो लिफाफा पद्धति) 50 लाख तक के आधार पर ऑनलाइन प्रतिशत दर निविदा प्रपत्र एपेंडिक्स 2.10 अनुसार निविदायें लोक निर्माण विभाग की केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है :-

क्र.	ग्रा.यां.से. संभागीय कार्यालय	सिस्टम आई.डी. नम्बर	कार्य का प्रकार	कार्यों की संख्या	निर्माण कार्यों की अनु. लागत (लाख)	रिमार्क
1.	सीधी	2019_RES_71709	बी.टी. रोड पैकेज क्र. 1541 जनपद पंचायत रामपुर नैकिन जिला सीधी।	01	82.63	प्रथम
2.	सीधी	2019_RES_71711	बी.टी. रोड पैकेज क्र. 1542 जनपद पंचायत मझौली जिला सीधी।	03	195.88	प्रथम
3.	सतना	2019_RES_71418	स्लैव कलवर्ट निर्माण मझगवां पहाड़ी खेरा मुख्य मार्ग से कानपुर चैनेज 850 मी.	01	25.93	प्रथम
4.	सतना	2019_RES_71417	चित्रकूट मुख्य मार्ग रोड से पडमानियां में स्लैव कलवर्ट निर्माण चैनेज 150 मी., पुलिया निर्माण चैनेज 600 मी., 1800 मी., 2400 मी., 4100 मी. एवं नाली निर्माण चैनेज 600 मी., से 1600 मी.।	01	97.75	प्रथम
5.	सतना	2019_RES_71415	मुख्यमंत्री मार्ग मझगवां पहाड़ी खेरा मुख्य मार्ग से उमरिहा में स्लैव कलवर्ट चैनेज 600 मी., 700 मी., 950 मी., 1350 मी. 1800 मी., 3600 मी. एवं रिटेंनिंग वाल निर्माण चैनेज 600 मी. से 950 मी., तक।	01	54.64	प्रथम
6.	सतना	2019_RES_71414	भरहटा से म्यान मार्ग में स्लैव कलवर्ट चैनेज 2400 मी., 3300 मी. एवं 4000 मी., 4700 मी. तथा वेन्टेज काजवे निर्माण चैनेज 550 मी. एवं 900 मी.।	01	77.60	प्रथम
7.	सतना	2019_RES_71412	बेरमा से कुदरा मार्ग में रिटेंनिंग वाल एवं नाली निर्माण चैनेज 2000 मी.।	01	43.92	प्रथम
8.	सतना	2019_RES_71411	सारंग से नौगवां काप मार्ग में वेन्टेज काजवे निर्माण चैनेज 1400 मी., 1600 मी., 2700 मी., 2850 मी. एवं 3000 मी. तथा स्लैव कलवर्ट निर्माण चैनेज 1800 मी., 2000 मी. एवं 2100 मी.।	01	76.62	प्रथम
9.	सतना	2019_RES_71410	हरदुआकला से नकझिर मुख्यमंत्री मार्ग में स्लैव कलवर्ट निर्माण चैनेज 225 मी., 600 मी., 1100 मी.।	01	26.43	प्रथम
10.	सतना	2019_RES_71408	मुख्यमंत्री मार्ग खाम्हा से खामताला वेन्टेज काजव निर्माण चैने 450 मी. एवं स्लैव कलवर्ट निर्माण चैनेज 2900 मी., 3200 मी.।	01	76.48	प्रथम
11.	सतना	2019_RES_71407	मनकहरी से वदरौख मार्ग में ह्यूम पाइप कलवर्ट 01 से 02 नग निर्माण चैनेज 1700 मी. 2000 मी. 02 से 02 नग चैनेज 1500 मी. 1900 मी.।	01	23.77	प्रथम
12.	सतना	2019_RES_71406	अरगट से रानीकाप मार्ग में स्लैव कलवर्ट निर्माण चैनेज 1500 मी.।	01	45.19	प्रथम
13.	संभाग क्र. 2 रीवा	2019_RES_71403	100 सीटर बालिका छात्रावास त्योंथर जनपद पंचायत त्योंथर जिला रीवा।	01	117.48	प्रथम
14.	संभाग क्र. 2 रीवा	2019_RES_71401	100 सीटर बालिका छात्रावास जवा जनपद पंचायत जवा जिला रीवा।	01	117.48	प्रथम
15.	संभाग क्र. 2 रीवा	2019_RES_71400	100 सीटर बालिका छात्रावास मऊगंज जनपद पंचायत मऊगंज जिला रीवा।	01	117.48	प्रथम
16.	संभाग क्र. 2 रीवा	2019_RES_71399	100 सीटर बालिका छात्रावास नईगढ़ी जनपद पंचायत नईगढ़ी जिला रीवा।	01	117.48	प्रथम
17.	संभाग क्र. 2 रीवा	2019_RES_71396	100 सीटर बालिका छात्रावास हनुमना जनपद पंचायत हनुमना जिला रीवा।	01	117.48	प्रथम
18.	संभाग क्र. 2 रीवा	2019_RES_71394	मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सितलहा से वसुआर पहुंच मार्ग।	01	107.74	प्रथम
19.	संभाग क्र. 2 रीवा	2019_RES_71392	ग्रामीण खेल मैदान (स्टेडियम) सन्दोह विकास खण्ड त्योंथर जिला रीवा।	01	22.33	तृतीय (रिस्क एण्ड कास्ट)
20.	संभाग क्र. 1 रीवा	2019_RES_71390	100 सीटर बालिका छात्रावास (वेलवा पैकान) गंगेव जनपद पंचायत गंगेव जिला रीवा।	01	117.48	प्रथम

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक 28.12.2019 से प्रारंभ होकर **दिनांक 15.01.2020 समय 17.30 बजे** शाम तक एवं निविदा प्रपत्र ऑनलाइन दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15.01.2020 समय 17.30 बजे शाम तक निर्धारित है। निविदा कवर "अ" (Cover-1), "ब" (Cover-2) एवं "स" (Cover-3) ऑनलाइन ही जमा/अपलोड (Submit) करने होंगे। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। संशोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नहीं की जावेगी। संशोधन संबंधी सूचनाएं केवल वेबसाइट पर ही अपलोड की जावेगी। समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम दिवस की प्रतीक्षा न करें। शीघ्रातिशीघ्र विड जमा करें। वेबसाइट में किसी प्रकार की असुविधा के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

अधीक्षण यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा रीवा मण्डल रीवा

जी-21129/43203/2020

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड सीधी (म.प्र.)

क्रमांक 12/व.ले.लि./का.य./लो.स्वा.या./खण्ड/सीधी दिनांक 20.12.2019

ईमेल - eephedsid@nic.in, दूरभाष क्रमांक 07822-252296

पता - सम्राट चौराहा कोतवाली रोड सीधी

निम्न कार्यों हेतु ई-निविदा ऑनलाइन वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 26.12.2019 सुबह 10.30 बजे से **दिनांक 10.01.2020** को 05.30 शाम तक डाउनलोड/क्रय किये जा सकते हैं। तथा विड सबमिशन दिनांक 26.12.2019 से 10.01.2020 को शाम 05.30 तक प्रस्तुत की जा सकती है। भौतिक रूप से लिफाफा दिनांक 13.12.2019 को 5.30 शाम तक खण्ड कार्यालय सीधी में जमा किये जा सकते हैं। निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी उपरोक्त पोर्टल पर देखी जा सकती है। एवं निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	कार्य का नाम	अनु. लागत (लाखों में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य की अवधि	रिमार्क
01	2019_PHED_71016	Construction of old Broken platform 30 number Block sihawal.	213990/-	4280/-	2000/-	02 माह	
02	2019_PHED_71017	Construction of old Broken platform 30 number Block sihawal.	213990/-	4280/-	2000/-	02 माह	
03	2019_PHED_71020	Construction of old Broken platform 30 number Block sihawal.	213990/-	4280/-	2000/-	02 माह	
04	2019_PHED_71021	Construction of old Broken platform 30 number Block sidhi.	213990/-	4280/-	2000/-	02 माह	
05	2019_PHED_71022	Construction of old Broken platform 30 number Block sidhi.	213990/-	4280/-	2000/-	02 माह	
06	2019_PHED_71023	Construction of old Broken platform 30 number Block sidhi.	213990/-	4280/-	2000/-	02 माह	
07	2019_PHED_71024	Construction of old Broken platform 30 number Block Rampur naikin.	213990/-	4280/-	2000/-	02 माह	
08	2019_PHED_71025	Construction of old Broken platform 30 number Block Rampur naikin.	213990/-	4280/-	2000/-	02 माह	
09	2019_PHED_71026	Construction of old Broken platform 30 number Block Rampur naikin.	213990/-	4280/-	2000/-	02 माह	
10	2019_PHED_71027	Construction of old Broken platform 30 number Block Majhauli.	213990/-	4280/-	2000/-	02 माह	
11	2019_PHED_71028	Construction of old Broken platform 30 number Block Majhauli.	213990/-	4280/-	2000/-	02 माह	
12	2019_PHED_71030	Construction of old Broken platform 30 number Block Kusami.	213990/-	4280/-	2000/-	02 माह	
13	2019_PHED_71031	Construction of old Broken platform 30 number Block Kusami.	213990/-	4280/-	2000/-	02 माह	

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, सीधी (म.प्र.)

जी-21100/43199/2020

कार्यालय अधीक्षण यंत्री, राजधानी परियोजना मण्डल
राजधानी परियोजना प्रशासन, ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल
दूरभाष - 0755-2463365

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 93 एवं 94/2019-20 दिनांक 26.12.2019

निम्नलिखित कार्यों हेतु मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन के तहत पंजीकृत निविदाकारों से ऑनलाइन निविदाएं (निविदा पूर्व अर्हता सहित) आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है :-

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर में कन्वेन्शन सेन्टर (ऑडिटोरियम) का शेष निर्माण मय एच.वी.ए.सी., विद्युतीय कार्य, आंतरिक साज-सज्जा एवं फर्नीशिंग, साउण्ड सिस्टम एवं अन्य संबंधित कार्य।

एन.आई.टी. क्र.	सिस्टम टेण्डर नं.	कार्य की अनु. लागत (रु. लाखों में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय
93/निविदा प्रकोष्ठ दिनांक 26.12.19	2019_CPA_71608_1	रु. 36,83,08,183/- (रु. छत्तीस करोड़ तिरासी लाख आठ हजार एक सौ तिरासी)	रु. 18,41,541/-	रु. 50,000/-	अधीक्षण यंत्री, राजधानी परियोजना प्रशासन, भोपाल

क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर में नोलेज रिसोर्स सेन्टर का आंतरिक फर्नीशिंग का कार्य।

94/निविदा प्रकोष्ठ दिनांक 26.12.19	2019_CPA_71673_1	रु. 5,68,86,199/- (रु. पाँच करोड़ अडसठ लाख छियासी हजार एक सौ निन्यानव्वे)	रु. 5,68,862/-	रु. 20,000/-	अधीक्षण यंत्री, राजधानी परियोजना प्रशासन, भोपाल

उपरोक्त वेबसाइट से ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड एवं ऑनलाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 16.01.2020 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। वांछित दस्तावेज **दिनांक 17.01.2020** को अपरान्ह 5.00 बजे तक निर्धारित कार्यालय में प्राप्त की जायेगी। विस्तृत एनआईटी ए वं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है।

अधीक्षण यंत्री
राजधानी परियोजना मण्डल, राजधानी परियोजना प्रशासन,
ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल दूरभाष - 0755-2463365

जी-21112/43200/2020

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग मंदसौर (म.प्र.)

eepwdmandsaur0@gmail.com. Phone. 07422-255211

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 09/2019-20/एसएसी — मंदसौर, दिनांक 30.12.2019

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. उपसंभाग मंदसौर अंतर्गत मुख्यालय शाखा के आवासीय भवनों (एफ टाईप एवं विलों) में मरम्मत एवं एस.आर. डिपोजिट एवं एम.ओ.डब्ल्यू. कार्य।

टेण्डर रिफरेन्स क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्रमांक	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज) कार्यालयीन पता एवं अंतिम दिनांक व समय
2019_PWDRB_72116_1	मंदसौर	वार्षिक संधारण	द्वितीय	19.90	कार्यालय, कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग मंदसौर न्यू कोर्ट भवन प्रथम तल यशोधर्मन थाने के सामने मंदसौर 17.01.2020 सायं 5.30 बजे
क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. उपसंभाग मंदसौर अंतर्गत मुख्यालय शाखा के गैर-आवासीय भवनों में मरम्मत एस.आर. डिपोजिट एवं एम.ओ.डब्ल्यू. कार्य।					
2019_PWDRB_72117_1	मंदसौर	वार्षिक संधारण	द्वितीय	19.90	कार्यालय, कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग मंदसौर न्यू कोर्ट भवन प्रथम तल यशोधर्मन थाने के सामने मंदसौर 17.01.2020 सायं 5.30 बजे
क्र. एवं कार्य का नाम :- 3. आंकली दिवान मार्ग के कि.मी. 2 एवं 3 में डामरीकरण का नवीनीकरण कार्य।					
2019_PWDRB_72119_1	मंदसौर	नवीनीकरण	द्वितीय	14.02	कार्यालय, कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग मंदसौर न्यू कोर्ट भवन प्रथम तल यशोधर्मन थाने के सामने मंदसौर 17.01.2020 सायं 5.30 बजे
क्र. एवं कार्य का नाम :- 4. वार्ड क्र. 40 अयोध्यावस्ती जिला मंदसौर में सांस्कृतिक भवन का निर्माण कार्य।					
2019_PWDRB_72121_1	मंदसौर	डिपोजिट	प्रथम	4.46	कार्यालय, कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग मंदसौर न्यू कोर्ट भवन प्रथम तल यशोधर्मन थाने के सामने मंदसौर 17.01.2020 सायं 5.30 बजे
क्र. एवं कार्य का नाम :- 5. अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग उपसंभाग गरोठ के शासकीय कार्य के उपयोग हेतु बोलेरो वाहन किराये पर लगाने बाबत।					
2019_PWDRB_72123_1	मंदसौर	वाहन	द्वितीय	2.70	कार्यालय, कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग मंदसौर न्यू कोर्ट भवन प्रथम तल यशोधर्मन थाने के सामने मंदसौर 17.01.2020 सायं 5.30 बजे
		Total		**60.98**	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (mptenders.gov.in) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं प्रस्तुत करने की **अंतिम दिनांक 16.01.2020** सायं 17.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज दिनांक 17.01.2020, 17.30 बजे तक दर्शित कार्यालय में प्राप्त की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री

जी-21321/43230/2020 — लोक निर्माण विभाग, संभाग मंदसौर

कार्यालय प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पचोर
जिला राजगढ़ (ब्यावरा) मध्यप्रदेश 465683

क्रमांक/शापोमप/स्था./2019/1405 — पचोर, दिनांक :- 28.12.2019

गेस्ट फेकल्टी के चयन हेतु विज्ञप्ति

सत्र 2019-20 (जनवरी 2020 से जून 2020 तक) महाविद्यालय में अतिथि विद्वानों के आवेदन पत्र प्रति पीरियड रुपये 400/- देय (प्रतिदिन अधिकतम 03 पीरियड) दर से दिनांक 20.01.2020 शाम 5 बजे तक आमंत्रित है। आवेदन पत्र सादे कागज पर नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, मूलनिवासी, पत्र व्यवहार का पता, शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव व अन्य जानकारियां अंकित कर आवेदन किया जा सकता है। नियुक्ति में आरक्षण शासन के नियमानुसार रहेगा। इच्छुक उम्मीदवार दिनांक 21.01.2020 दोपहर 12.30 बजे साक्षात्कार हेतु स्वयं के व्यय पर (साक्षात्कार हेतु किसी भी श्रेणी के उम्मीदवार को यात्रा भत्ते की पात्रता नहीं होगी) अपने मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होवें। अनुभव एवं उच्च अर्हता प्राप्त उम्मीदवार को चयन में वरीयता दी जावेगी।

क्र.	पदनाम व विषय	रिक्त पद	शैक्षणिक योग्यता
1.	भौतिक शास्त्र (गेस्ट फेकल्टी)	01 पद (अना.)	भौतिक शास्त्र में प्रथम श्रेणी में मास्टर डिग्री (प्रति सप्ताह अधिकतम 10 पीरियड)

उपरोक्त नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई आधार पर है तथा शासन द्वारा उपरोक्त पदों पर नियुक्ति करने पर किसी भी समय बिना पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकती है। चयन में प्राचार्य का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। विज्ञापन संस्था सूचना पटल एवं विभाग के वेबसाइट **www.mptechedu.org** पर देखा जा सकता है।

प्र. प्राचार्य

जी-21320/43229/2020 — शासकीय पॉली. महा. पचोर

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)

5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P.-462 011

NOTICE INVITING TENDER No. 880 (Bridges)

No. 19389/22/D-12/MPRRDA/2019 — Bhopal, Dated : 31.12.2019

Online Tenders for Construction of Bridges with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below.

● **Table No. 1. PMGSY-I (Year 2016)**

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1	Rajgarh	1	14932237.00

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website from **31.12.2019 17:00 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER

M.P. Madhyam/96299/43234/2019 — **(T & e-G)**

कार्यालय आवासीय आयुक्त, मध्यप्रदेश शासन, मध्यप्रदेश भवन, 2-लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलाई मार्ग, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली - 110021

आवासीय आयुक्त, मध्यप्रदेश शासन, मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली निम्नलिखित सामान्य वर्ग पद की पूर्ति हेतु निर्धारित योग्यताधारित उम्मीदवारों से दिनांक 25.07.2020 तक सादे कागज पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

पदनाम	कुल पदों की संख्या	वेतनमान	आयु सीमा	शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता	अनुभव
कैशियर	01	रुपये 25300-80500 **(वेतन मैट्रिक्स लेवल-6)** (चयनित उम्मीदवार को तीन वर्ष की परिवीक्षा अवधि में नियुक्त किया जावेगा। परिवीक्षा अवधि में उस पद के वेतनमान के न्यूनतम का प्रथम वर्ष में 70 प्रतिशत, द्वितीय वर्ष में 80 प्रतिशत एवं तृतीय वर्ष में 90 प्रतिशत राशि, स्टायपेंड के रूप में देय होगी। परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर वेतनमान में वेतन दिया जाना प्रारंभ किया जावेगा)	18-40	हायर सेकेण्डरी (10+2) परीक्षा या उसके समकक्ष कोई अन्य कोई परीक्षा उत्तीर्ण एवं निम्नलिखित मान्यता प्राप्त संस्थानों में से किसी एक संस्थान से कम्प्यूटर परीक्षा उत्तीर्ण अनिवार्य। 1. यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय से डिप्लोमा। 2. यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त किसी मुक्त विश्वविद्यालय से डिप्लोमा। 3. DOAC से डिप्लोमा स्तर की परीक्षा। 4. शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज से मार्डन ऑफिस मैनेजमेंट कोर्स। 5. शासकीय आईटीआई द्वारा एक वर्षीय कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (COPA) प्रमाण पत्र। (2) राज्य शासन/केंद्र शासन अथवा उसके मान्यता प्राप्त संस्थाओं से कम्प्यूटर में हिन्दी में 30 शब्दप्रमि की परीक्षा उत्तीर्ण।	मध्यप्रेश शासन के कार्यालय में 2 वर्ष या इससे अधिक कैशियर से संबंधित कार्य का अनुभव रखने वालों को समानुपातिक वरियता।

शर्तें :- 1. आवेदन पत्र के साथ आयु, शैक्षणिक, तकनीकी योग्यता आदि प्रमाण पत्रों की पुष्टि हेतु संबंधित प्रमाण पत्रों की अभिप्रमाणित प्रतियां संलग्न होनी चाहिए।
2. कोई भी उम्मीदवार, जिसने विवाह के लिये नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।
3. कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक जीवित संतान हों, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी, 2001 को या उसके पश्चात हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।
4. अधिकतम आयु सीमा में राज्य शासन द्वारा दी गई छूट मान्य होगी।
5. आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर **"कैशियर पद हेतु आवेदन"** एवं नीचे बाई ओर आवेदक का नाम, पता, स्पष्ट एवं बड़े अक्षरों में आवश्यक रूप से लिखे।
6. आवेदन पत्र को डाक द्वारा अथवा किसी भी कार्य दिवस में बंद लिफाफे में व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में जमा किया जा सकता है। डाक में विलम्ब हेतु आवेदक स्वयं जिम्मेदार होंगे।
7. निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।
8. विसंगवत की स्थिति में मध्यप्रदेश के नियम ही अंतिम तौर पर मान्य होंगे।

जी-21307/43233/2020

कार्यालय अतिरिक्त परियोजना संचालक
लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.)

ई-मेल :- apdpiuindore@gmail.com, फैक्स :- 0731-2491433

क्र. एफ -1/2019/सामान्य/ए.पी.डी./एनआईटी-22/3025 — इन्दौर, दिनांक 31.12.2019

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 22/2019-20

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग, पीआईयू परिक्षेत्र इन्दौर के अंतर्गत निम्नांकित निर्माण कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., म.प्र. द्वारा दिनांक 01.08.2014 से प्रभावशील एवं निविदा सूचना प्रकाशन तिथि तक संशोधित, निर्धारित तिथि (Key-Date) अनुसार के आधार पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. जिला जेल झाबुआ में अष्टकोणीय वॉच टॉवर का निर्माण कार्य।

पोर्टल टेंडर आई.डी.	जिला	ठेके की अनु. राशि (पी.ए.सी. रु. लाख में)	अमानत राशि (ई.एम.डी.) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
2019_PWPIU_71973_1	झाबुआ	14.41	28820/-	2,000/-	3
क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. राजपुर जिला बड़वानी में 50 सीटेड कन्या छात्रावास भवन का निर्माण कार्य।					
2019_PWPIU_71957_1	बड़वानी	192.00	1,92,000/-	12,500/-	12
क्र. एवं कार्य का नाम :- 3. सिलावद जिला बड़वानी में 50 सीटेड कन्या छात्रावास भवन का निर्माण कार्य।					
2019_PWPIU_71976_1	बड़वानी	192.00	1,92,000/-	12,500/-	12
क्र. एवं कार्य का नाम :- 4. गौरिखेड़ा जिला बड़वानी में हाईस्कूल भवन का निर्माण कार्य।					
2019_PWPIU_71984_1	बड़वानी	86.48	86480/-	10,000/-	10
क्र. एवं कार्य का नाम :- 5. लोक निर्माण विभाग, पीआईयू अलीराजपुर में विभिन्न भवनों का वाह्य विद्युतीकरण का कार्य।					
2019_PWPIU_72249_1	अलीराजपुर	60.00	60000/-	10,000/-	12
क्र. एवं कार्य का नाम :- 6. कन्या शिक्षा परिसर, जिला अलीराजपुर में विद्यालय भवन के द्वितीय तल पर 8 नग कक्षा रूम का उन्नयन एवं 250 सीटर बालक छात्रावास भवन का कार्य।					
2019_PWPIU_72228_1	अलीराजपुर	695.48	6,95,481/-	20,000/-	18
क्र. एवं कार्य का नाम :- 7. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र छकतला में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य।					
2019_PWPIU_72210_1	अलीराजपुर	105.20	1,05,200/-	12,500/-	10
क्र. एवं कार्य का नाम :- 8. लोक निर्माण विभाग, पीआईयू अलीराजपुर में विभिन्न भवनों का मरम्मत का कार्य।					
2019_PWPIU_71895_1	अलीराजपुर	50.00	50000/-	5,000/-	12
क्र. एवं कार्य का नाम :- 9. कन्या शिक्षा परिसर झिरन्या जिला खरगोन के अंतर्गत एकलव्य आवासीय स्कूल भवन का उन्नयन का कार्य।					
2019_PWPIU_72345_1	खरगोन	691.09	6,91,090/-	20,000/-	18

निविदा संबंधी तिथियां (Key-Dates) :-

1. प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि	-	**31.12.2019**
2. बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि	-	**06.01.2020**
3. बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	-	**17.01.2020**
4. बिड खोलने की तिथि	-	**20.01.2020**

अतिरिक्त परियोजना संचालक

जी-21340/43231/2020 — लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., इन्दौर

मध्यप्रदेश राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा की तैयारी के लिये

भारतीय राजनीति एवं अर्थव्यवस्था

1. भारत के किस प्रान्त में सर्वप्रथम साम्यवादी सरकार की स्थापना हुई थी?
अ. तमिलनाडु ब. आन्ध्रप्रदेश
स. केरल द. मध्यप्रदेश

2. निम्नलिखित में से कौन संविधान सभा का सदस्य नहीं था?
अ. सरदार वल्लभ भाई पटेल
ब. आचार्य जे.वी. कृपाली
स. के.एम. मुन्शी
द. लोकनायक जय प्रकाश

3. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूटों का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन करिए?

सूची I (भारत के संविधान के लक्षण)	सूची II (किस देश से गृहीत)
A. मूल अधिकार	1. यू.के.
B. शासन की संसदीय प्रणाली	2. संयुक्त राज्य अमेरिका
C. आपात उपबन्ध	3. आयरलैंड
D. राज्य के नीति निर्देशक तत्व	4. जर्मनी

कूट-	A	B	C	D
अ.	2	4	5	1
ब.	5	1	3	4
स.	2	1	4	3
द.	1	2	3	4

4. कथन (A) भारतीय संविधान अर्द्ध संघात्मक है कथन (R) भारतीय संविधान न तो संघात्मक है और न ही एकात्मक?
अ. A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
ब. A और R दोनों सही हैं और R A की सही व्याख्या नहीं है।
स. A सही है किन्तु R गलत है।
द. A गलत है किन्तु R सही है।

5. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 356 के अन्तर्गत राष्ट्रपति शासन सर्वप्रथम कहां लागू किया गया था?
अ. उत्तरप्रदेश में
ब. ट्रावन कोर कोचीन में
स. पेप्सू में
द. बिहार में

6. भारत के संविधान की किस अनुसूची में विभिन्न राज्यों में अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासन और नियंत्रण के लिए विशेष उपबंध है?
अ. तीसरी ब. पांचवीं
स. सातवीं द. नौवीं

7. निम्नलिखित में से कौनसा राज्य का नीति-निदेशक सिद्धांत नहीं है?
अ. मद्य निषेध
ब. काम का अधिकार
स. समान कार्य हेतु समान वेतन
द. सूचना का अधिकार

8. भारतीय राज्यों का भाषायी आधार पर पुनर्गठन किस वर्ष किया गया है?
अ. 1947 ब. 1951
स. 1956 द. 1966

9. उत्तराखण्ड राज्य के सृजन के समय 11वें वित्त आयोग ने इसे निम्नांकित राज्य का दर्जा दिया?
अ. गरीब पहाड़ी राज्य
ब. अविकसित राज्य
स. विशेष वर्ग का राज्य
द. इनमें से कोई नहीं

10. यदि भारत संघ के नए राज्य का सृजन करना हो तो संविधान की निम्नलिखित अनुसूचियों में किस एक को अवश्य संशोधित किया जाना चाहिए?
अ. पहली ब. दूसरी
स. तीसरी द. पांचवीं

11. संविधान ने संघ को ..... नाम दिया?
अ. हिन्दुस्तान या भारतवर्ष
ब. इण्डिया या हिन्दुस्तान
स. इण्डिया या भारत
द. भारत देश या इण्डिया

12. भारत में रहने वाला ब्रिटिश नागरिक दावा नहीं कर सकता?
अ. व्यापार और व्यवसाय के स्वतंत्रता का अधिकार का
ब. विधि के सक्षम समता के अधिकार का
स. जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा के अधिकार का
द. धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार का

13. किस देश में दोहरी नागरिकता का सिद्धांत स्वीकार किया गया है?
अ. भारत
ब. कनाड़ा
स. ऑस्ट्रेलिया
द. संयुक्त राज्य अमेरिका

14. भारत के राष्ट्रपति से संबंधित कथनों में से कौनसा एक सही नहीं है?
अ. वह संसद का एक संघटक भाग है।
ब. वह दोनों सदनों में चर्चा में भाग लेता है।
स. वह प्रत्येक वर्ष दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करता है।
द. वह किन्ही परिस्थितियों में अध्यादेश लागू कर सकता है।

15. भारत के किस प्रधानमंत्री के मंत्रिमण्डल में दो व्यक्ति उपप्रधानमंत्री थे?
अ. इन्दिरा गांधी
ब. मोरारजी देसाई
स. वी.पी. सिंह
द. चन्द्रशेखर

16. राष्ट्रपति पर महाभियोग का आरोप संसद के किस सदन द्वारा लगाया जाता है?
अ. लोकसभा
ब. राज्यसभा
स. संसद के किसी भी सदन द्वारा
द. उपरोक्त किसी के द्वारा नहीं

17. भारत में संयुक्त संसदीय सत्रों की अध्यक्षता कौन करता है?
अ. भारत का राष्ट्रपति
ब. भारत का उपराष्ट्रपति जो राज्य सभा का सभापति है
स. लोकसभा का अध्यक्ष
द. भारत का प्रधानमंत्री

18. भारत की संसद में सरकारी कार्य के संचालन के संदर्भ में "समापन (क्लोजर) शब्द क्या निर्दिष्ट करता है?
अ. संसद की एक दिन की बैठक की समाप्ति पर चर्चा
ब. विधायी प्रक्रिया का कोई नियम जिसके अधीन किसी प्रस्ताव पर आगे चर्चा रोकी जा सकती है।
स. संसद सत्र की समाप्ति
द. विपक्ष को महत्वपूर्ण दस्तावेज दिखाने से सरकार की ओर से इन्कार

19. जब बजट के पारित होने से पहले संसद द्वारा अग्रिम अनुदान दिया जाता है उसे क्या कहते हैं?
अ. वोट ऑन क्रेडिट
ब. टोकन ग्राण्ट
स. अनुपूरक ग्राण्ट
द. वोट ऑन एकाउण्ट

20. संविधान के अन्तर्गत उच्चतम न्यायालय से विधि के प्रश्न पर राय लेने का अधिकार किसको है?
अ. राष्ट्रपति
ब. किसी भी हाईकोर्ट को
स. प्रधानमंत्री को
द. उपरोक्त सभी को

21. भारत के मताधिकार और निर्वाचन होने का अधिकार है?
अ. संवैधानिक अधिकार
ब. मूल अधिकार
स. विधिक अधिकार (एक अधिनियम के अन्तर्गत)
द. उपरोक्त में से कोई नहीं

22. सरकारिया आयोग किसके अध्ययन के लिए गठित किया गया था?
अ. राष्ट्रपति एवं राज्यपाल का संबंध
ब. केन्द्र-राज्य संबंध
स. राज्य एवं पंचायत निकाय संबंध
द. राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री का संबंध

23. निम्न में से कौनसा निकाय केन्द्र और राज्यों के बीच राजस्व वितरण के लिए उत्तरदायी है?
अ. योजना आयोग
ब. वित्त आयोग
स. अन्तर राज्य परिषद्
द. राष्ट्रीय विकास परिषद्

24. निम्नलिखित में से कौनसे लक्षण बाजार पर आधारित अर्थव्यवस्था के हैं?
अ. निवेश का लाभ से प्रेरित होना
ब. उत्पादन साधनों का गतिशील होना
स. प्रतिस्पर्धा का होना
द. उपरोक्त सभी

25. पंचवर्षीय योजना का अंतिम प्रारूप कौन प्रस्तुत करता है?
अ. राष्ट्रपति
ब. संसद
स. राष्ट्रीय विकास परिषद्
द. परियोजनाओं की योजना बनाने वाली समिति

26. चतुर्थ पंचवर्षीय योजना असफल रही कारण था?
1. भारत - चीन युद्ध
2. बांग्लादेश से शरणार्थियों का आना
3. खराब मानसून
4. बिगड़ती कीमत स्थिति
अ. 1, 3 और 4
ब. 1, 2, और 3
स. 2, 3, और 4
द. ये सभी

27. "हरित सूचकांक" किसके द्वारा विकसित किया गया?
अ. विश्व बैंक का पर्यावरणीय एवं सामाजिक सुस्थिर विकास प्रभाग
ब. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम
स. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम
द. क्योटो प्रोटोकॉल

28. किसी अर्थव्यवस्था में क्षेत्रों को सार्वजनिक और निजी में किस आधार पर वर्गीकृत किया जा सकता है?
अ. रोजगार की शर्त
ब. आर्थिक गतिविधियों
स. उद्यमों का स्वामित्व
द. कच्ची सामग्रियों का प्रयोग

29. भारत में बेरोजगारी के आंकड़े एकत्रित एवं प्रकाशित करता है?
अ. योजना आयोग
ब. वित्त आयोग
स. एन.एस.एस.ओ.
द. यू.एन.ओ.

30. "खाद्यी एवं ग्रामीण अद्योग आयोग" की स्थापना किस पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत की गई थी?
अ. तीसरी ब. चौथी
स. दूसरी द. पहली

31. निम्नलिखित में से किस एक पंचवर्षीय योजना में भारत में वास्तविक संवृद्धि निष्पादन सकल घरेलू उत्पाद (उत्पादन लागत पर) के सन्दर्भ में लक्ष्य से कम था?
अ. छठी पंचवर्षीय योजना
ब. सातवीं पंचवर्षीय योजना
स. आठवीं पंचवर्षीय योजना
द. नवी पंचवर्षीय योजना

32. भारत में राष्ट्रीय आय समंकों का आंकलन किसके द्वारा किया जाता है?
अ. भारतीय रिज़र्व बैंक
ब. योजना आयोग
स. वित्त मंत्रालय
द. केन्द्रीय संख्यिकीय संगठन

33. भारत में रुपये का अवमूल्यन पहली बार जिस वर्ष किया गया था, वह था ?
अ. वर्ष 1949 ब. वर्ष 1966
स. वर्ष 1972 द. वर्ष 1990

34. विशेष आहरण अधिकार किससे संबंधित है?
अ. विश्व बैंक
ब. भारतीय रिज़र्व बैंक
स. विश्व व्यापार संगठन
द. अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

35. मोडवेट संबंधित है?
अ. उत्पाद कर से
ब. मूल्यवर्धित कर (वैट से)
स. धनकर से
द. आयकर से

36. भारत में राजकोषीय नीति का निर्माण किसके द्वारा किया जाता है?
अ. भारतीय रिज़र्व बैंक
ब. योजना आयोग
स. वित्त मंत्रालय
द. भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड

37. किसी अतिविकसित देश के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का सापेक्ष योगदान होता है?
अ. अपेक्षाकृत उच्च
ब. अपेक्षाकृत निम्न
स. अन्य क्षेत्रकों के समान
द. शून्य

38. जब सकल आपूर्ति सकल मांग को बढ़ा देती है तो?
अ. व्यावसायिक गणना एकत्रित होती है
ब. बेरोजगारी रहती है
स. उपरोक्त सामग्री का मूल्य बढ़ता है
द. जनता इच्छा से अधिक बचत करती है

39. "लाहिड़ी आयोग"जुड़ा है?
अ. औद्योगिक रूग्णता
ब. कृषि उत्पादों के न्यूनतम समर्थन मूल्य
स. खाद्य तेलों के संरचना के मूल्य
द. हस्तशिल्प निर्यात

40. भारत सरकार की प्राप्तियों और व्ययों में जब अन्तर हो पूंजी और राजस्व दोनों, तब इसे..... कहते हैं?
अ. राजस्व घाटा ब. बजटीय घाटा
स. शून्य बजटिंग द. व्यापार अन्तर

41. उत्पादन के कारकों में नहीं है?
अ. परिवहन
ब. कच्चेमाल की उपलब्धता
स. कार्य कुशलता
द. उपरोक्त में से कोई नहीं

42. भारत में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम कब परित किया गया?
अ. वर्ष 1963 ब. वर्ष 1986
स. वर्ष 1995 द. वर्ष 1997

43. न्यूनतम समर्थन मूल्य का निर्धारक है?
अ. राज्य सरकार
ब. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्
स. कृषि लागत एवं मूल्य आयोग
द. उपरोक्त में से कोई नहीं

44. "कोटा" क्या है?
अ. आयात में लगाए गए कर
ब. पूंजीगत पदार्थ का आयात
स. आयात की मात्रा की सीमा
द. निर्यात की मात्रा की सीमा

45. अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?
अ. यह किसी भी देश को ऋण प्रदान कर सकता है।
ब. यह केवल विकसित देशों को ऋण प्रदान कर सकता है।
स. यह केवल सदस्य देशों को ऋण प्रदान करता है।
द. यह किसी देश के केन्द्रीय बैंक को ऋण प्रदान कर सकता है।

46. निम्नलिखित में से विश्व बैंक का मुख्यालय कहां है?
अ. दि हेग
ब. वाशिंगटन डी.सी.
स. पेरिस
द. लन्दन

47 'दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार समझौता (SAFTA) कब से प्रभावी हुआ है?
अ. 1 जनवरी 2004
ब. 1 जनवरी 2005
स. 15 अगस्त 2006
द. 1 जनवरी 2006

48. गैट (GATT) का तात्पर्य है?
अ. जेनेवा एग्रीमेंट फॉर ट्रेड एण्ड ट्रान्सपोर्ट
ब. जनरल एग्रीमेंट ऑन टेरिफ एंड ट्रेड
स. गाइड लाइन्स फॉर एसिस्टिंग टेरिफ एण्ड ट्रेड
द. गवर्नमेंन्ट एसोसिएशन फॉर ट्रेड एण्ड ट्रान्सपोर्ट

49. मानव विकास सूचकांक में सम्मिलित होते हैं?
1. राष्ट्रीय आय
2. जीवन सम्भाव्यता
3. शिक्षा का स्तर 4. गरीबी रेखा
अ. 1, 2 और 3 ब. 2 और 3
स. 2, 3 और 4 द. 2 और 4

50. राष्ट्रीय नियोजन में रोलिंग प्लान की अवधारणा लागू की गई थी?
1. इंदिरा गांधी के द्वारा
2. राष्ट्रीय फ्रण्ट सरकार के द्वारा
3. जनता सरकार के द्वारा
4. राजीव गांधी के द्वारा

उत्तरमाला

(1)	स	(2)	द	(3)	स	(4)	अ
(5)	स	(6)	ब	(7)	द	(8)	स
(9)	स	(10)	अ	(11)	स	(12)	अ
(13)	द	(14)	ब	(15)	ब	(16)	स
(17)	स	(18)	ब	(19)	द	(20)	अ
(21)	अ	(22)	ब	(23)	ब	(24)	द
(25)	स	(26)	स	(27)	ब	(28)	स
(29)	स	(30)	स	(31)	द	(32)	द
(33)	अ	(34)	द	(35)	ब	(36)	स
(37)	ब	(38)	अ	(39)	स	(40)	अ
(41)	द	(42)	ब	(43)	स	(44)	स
(45)	स	(46)	ब	(47)	द	(48)	ब
(49)	ब	(50)	स				

सुभाष पाण्डेय
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए

अर्थशास्त्र

1. जब दो या दो से अधिक राष्ट्रों के मध्य व्यापार किया जाता है, तो उसे कहते हैं?
(अ) आन्तरिक व्यापार
(ब) राष्ट्रीय व्यापार
(स) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार
(द) सीमावर्ती व्यापार
उत्तर - (स) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार
व्याख्या - अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विभिन्न देशों के मध्य होता है।

2. जब व्यापार देश की सीमा के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों के मध्य होता है, तो कहलाता है ?
(अ) आंतरिक व्यापार
(ब) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार
(स) सीमावर्ती व्यापार
(द) विदेशी व्यापार
उत्तर - (अ) आंतरिक व्यापार

3. स्वतंत्र व्यापार या मुक्त व्यापार प्रणाली किन देशों में प्रचलन में होती है ?
(अ) पूंजीवादी (ब) समाजवादी
(स) साम्यवादी (द) मिश्रित
उत्तर - (अ) पूंजीवादी
व्याख्या - इस तरह की प्रणाली में व्यापार पर सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होता है।

4. यह माना जाता है कि आन्तरिक व्यापार तथा अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में अधिकांश मान्यतायें समान होती हैं। दोनों ही प्रकार के व्यापार का मूल सिद्धान्त एक ही है। इन दोनों व्यापारों का आधार है ?
(अ) श्रम विशिष्टीकरण तथा कार्यों का विशिष्टीकरण
(ब) श्रम विशिष्टीकरण तथा कार्यों का केन्द्रीयकरण
(स) श्रम विभाजन तथा कार्यों का विशिष्टीकरण
(द) श्रम विभाजन तथा कार्यों का केन्द्रीयकरण
उत्तर - (स) श्रम विभाजन तथा कार्यों का विशिष्टीकरण
व्याख्या - श्रम विभाजन तथा कार्यों का विशिष्टीकरण ही इन व्यापारों में लाभ का कारण होता है।

5. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का कारण है?
(अ) लागतों में समान अन्तर
(ब) लागतों में निरपेक्ष व सापेक्ष अंतर
(स) लागतों में कोई अन्तर नहीं होना
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (ब) लागतों में निरपेक्ष व सापेक्ष अंतर
व्याख्या - जब दो देशों के मध्य वस्तुओं के उत्पादन और लागतों में निरपेक्ष या सापेक्ष अंतर होता है, तभी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार होता है।

6. देश की सीमा के अंदर श्रम एवं पूंजी की गतिशीलता विभिन्न देशों के बीच की अपेक्षाकृत ?
(अ) कम होती है
(ब) समान रहती है
(स) अधिक होती है
(द) अनिश्चित रहती है
उत्तर - (स) अधिक होती है
व्याख्या - देश की सीमा में साधनों की गतिशीलता अधिक होती है।

7. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लाभ किससे प्रभावित होते हैं ?
(अ) विक्रय संगठन की क्षमता से
(ब) लागतों के तुलनात्मक अंतर से
(स) व्यापार की शर्तों से
(द) उपरोक्त सभी से
उत्तर - (द) उपरोक्त सभी से
व्याख्या - लागतों में पर्याप्त अंतर, व्यापार की शर्तों का पक्ष में होना तथा विक्रय संगठन की क्षमता से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लाभ प्रभावित होते हैं।

8. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में लाभ की मात्रा दोनों देशों के ?
(अ) उत्पादन व्यय के अंतर पर निर्भर करती है
(ब) उत्पादन व्यय की समानता पर निर्भर करती है
(स) बीच श्रम की गतिशीलता पर निर्भर करती है
(द) उपरोक्त सभी पर
उत्तर - (अ) उत्पादन व्यय के अंतर पर निर्भर करती है।
व्याख्या - लागतों में जितना अंतर होगा, लाभ भी उतना ही होगा।

9. विदेशी व्यापार के कारण प्रत्येक देश केवल उसी वस्तु का उत्पादन करता है, जिसे वह?
(अ) अधिकतम लागत में बना सके
(ब) न्यूनतम लागत में बना सके
(स) बिना लागत के बना सके
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (ब) न्यूनतम लागत में बना सके
व्याख्या - जितनी लागत कम होगी, उतना लाभ बढ़ेगा।

10. जब दो या दो से अधिक वस्तुओं के उत्पादन में कोई एक देश किसी एक वस्तु का उत्पादन कम लागत पर तथा दूसरी वस्तु का उत्पादन दूसरा देश कम लागत पर करता है, तो दोनों वस्तुओं के उत्पादन व्यय में आने वाले इस अंतर को कहा जाता है ?
(अ) तुलनात्मक अंतर
(ब) समान अंतर
(स) पूर्ण अंतर
(द) वस्तु विभेद
उत्तर - (अ) तुलनात्मक अंतर
व्याख्या - इसी अंतर के कारण दोनों देशों के बीच व्यापार किया जाता है।

11. विशिष्टीकरण से आर्थिक साधनों का अधिकतम उपयोग संभव होता है तथा राष्ट्रीय आय में भी वृद्धि होती है। इस प्रकार अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से सभी देशों को लाभ होता है, इसके अतिरिक्त प्रति व्यक्ति आय भी ?
(अ) पहले से अधिक हो जाती है
(ब) पहले से कम हो जाती है
(स) अपरिवर्तित रहती है
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (अ) पहले से अधिक हो जाती है
व्याख्या - विशिष्टीकरण से राष्ट्रीय आय व प्रति व्यक्ति आय दोनों में वृद्धि होती है।

12. तीव्र आवागमन के साधनों तथा अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के कारण आर्थिक एवं राजनैतिक क्षेत्रों में आजकल दूरी का महत्व नहीं रह गया है। अतएव पूंजी तथा श्रम की आन्तरिक एवं अंतर्राष्ट्रीय गतिशीलता में अब केवल ?
(अ) मात्रा का अंतर है, प्रकार का नहीं
(ब) प्रकार का अंतर है, मात्रा का नहीं
(स) मात्रा एवं प्रकार दोनों का अंतर है
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (अ) मात्रा का अंतर है, प्रकार का नहीं
व्याख्या - राष्ट्रीय स्तर पर पूंजी तथा श्रम की गतिशीलता अंतर्राष्ट्रीय स्तर से अधिक होती है।

13. आधुनिक अर्थशास्त्री वस्तुओं के उत्पादन व्यय की माप ?
(अ) श्रम के रूप में ना करके मुद्रा के रूप में करते हैं
(ब) मुद्रा के रूप में न करके श्रम के रूप में करते हैं
(स) ना श्रम ना मुद्रा के रूप में करते हैं
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (अ) श्रम के रूप में ना करके मुद्रा के रूप में करते हैं
व्याख्या - आधुनिक समय में प्रत्येक व्यय को मुद्रा में मापना संभव हो गया है।

14. आधुनिक अर्थशास्त्रियों के अनुसार एक देश उन वस्तुओं का आयात करता है ?
(अ) जिनकी सीमान्त लागत अधिक होती है
(ब) जिनकी सीमान्त लागत कम होती है
(स) जिनकी सीमान्त लागत अपरिवर्तित होती है
(द) सीमान्त लागत से प्रभावित नहीं होता है
उत्तर - (अ) जिनकी सीमान्त लागत अधिक होती है
व्याख्या - अधिक सीमान्त लागत वाली वस्तुएँ देश में मंहगी बनती हैं, अतः उनका आयात करना लाभदायक होता है।

15. स्वतंत्र व्यापार से तात्पर्य है कि ?
(अ) विदेशी व्यापार पर कोई नियंत्रण नहीं है
(ब) व्यापारी अपनी वस्तुओं की कीमतें स्वयं निश्चित करते हैं
(स) व्यापार विज्ञापनों से प्रभावित होता है
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (अ) विदेशी व्यापार पर कोई नियंत्रण नहीं है

16. यदि एक देश उत्पत्ति समता नियम के अंतर्गत उत्पादन करता है तो उसका उत्पत्ति सम्भावना वक्र होगा ?
(अ) मूल बिन्दु के उन्नतोदर
(ब) मूल बिन्दु के नतोदर
(स) सरल रेखा
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (स) सरल रेखा
व्याख्या - उत्पत्ति समता नियम में उत्पत्ति संभावना वक्र सरल रेखा होता है।

17. पूर्ण विशिष्टीकरण किस स्थिति में संभव है?
(अ) बढ़ती हुई लागतों में
(ब) घटती हुई लागतों में
(स) लागत समानता की स्थिति में
(द) उपरोक्त में से कोई भी
उत्तर - (स) लागत समानता की स्थिति में

18. लागत समता नियम के अंतर्गत दोनों देशों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की स्थिति में ?
(अ) विशिष्टीकरण नहीं होगा
(ब) पूर्ण विशिष्टीकरण होगा
(स) आंशिक विशिष्टीकरण होगा
(द) अनिश्चित
उत्तर - (ब) पूर्ण विशिष्टीकरण होगा
व्याख्या - प्रत्येक देश अपनी विशिष्ट वस्तु का उत्पादन करेगा और दूसरी वस्तु को आयात करेगा।

19. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का उद्देश्य है ?
(अ) राष्ट्रीय आय में वृद्धि करना
(ब) अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में सुधार
(स) निर्यातों को प्रोत्साहित करना
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (द) उपरोक्त सभी
व्याख्या - इसका सबसे मुख्य उद्देश्य है राष्ट्रीय आय में वृद्धि करना, शेष सभी उद्देश्य इसी से प्राप्त हो जाते हैं।

20. दो देशों के बीच व्यापार उत्पन्न होता है क्योंकि ?
(अ) वस्तुएँ सीमित होती हैं
(ब) लागतों में तुलनात्मक अंतर होता है
(स) लागतों में कोई अंतर नहीं होता है
(द) निर्यातों की आवश्यकता होती है
उत्तर - (ब) लागतों में तुलनात्मक अंतर होता है
व्याख्या - व्यापार का आधार ही तुलनात्मक लागत में अंतर होता है।

21. विभिन्न देशों में यदि वस्तुएँ एक समान उत्पादन लागत पर उत्पादित की जाती हैं, तो ?
(अ) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार लाभप्रद होगा
(ब) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार हानिप्रद होगा
(स) ना लाभप्रद ना हानिप्रद होगा
(द) अपरिवर्तित रहेगा
उत्तर - (स) ना लाभप्रद ना हानिप्रद होगा
व्याख्या - ऐसी स्थिति में व्यापार नहीं होगा।

22. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के हैक्शर ओहलिन प्रमेय की पूर्ण धारणाओं में निम्नलिखित में से कौनसी पूर्व धारणा सबसे महत्वपूर्ण है ?
(अ) दो वस्तुएँ
(ब) द्विकारक मॉडल
(स) टैरिफ मुक्त मॉडल
(द) स्थिर रुचियां
उत्तर - (ब) द्विकारक मॉडल

23. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को अधिकतम करने के लिये उत्पादक को उत्पादन उस विन्दु तक बढ़ाना चाहिये, जहां वस्तु की मौद्रिक लागत ?
(अ) उसकी कीमत से कम हो जाये
(ब) कीमत के बराबर हो जाये
(स) कीमत से अधिक हो जाये
(द) उपरोक्त में से कोई भी
उत्तर - (ब) कीमत के बराबर हो जाये
व्याख्या - कीमत के बराबर होने पर लाभ अधिकतम होता है।

24. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में अधिक मात्रा में लाभ उन देशों को होता है, जहां?
(अ) आरम्भ में साधनों की कीमतें कम होती हैं
(ब) आरम्भ में साधनों की कीमतें अधिक होती हैं
(स) कीमतें स्थिर रहती हैं
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (अ) आरम्भ में साधनों की कीमतें कम होती हैं
व्याख्या - साधनों की कीमतें कम होने पर लाभ अधिक होता है।

25. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से होने वाला संभावित लाभ किस घटक से निर्धारित होता है ?
(अ) परिवहन लागत से
(ब) लागत अनुपातों के अंतर से
(स) वस्तु की कीमत के अंतर से
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (ब) लागत अनुपातों के अंतर से

26. 'ट्रेड ऑफ' किसे परिभाषित करता है ?
(अ) दो देशों के बीच व्यापार का न होना
(ब) x के लिए y की प्रतिस्थापित दर
(स) उपरोक्त दोनों
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (ब) x के लिए y की प्रतिस्थापित दर

27. व्यापार शर्तों में सुधार के लिये प्रशुल्क तभी प्रभावी होता है, जब प्रशुल्क लगाने वाले देश की वस्तु की मांग विदेशी बाजारों में ?
(अ) लोचदार हो
(ब) अत्यधिक लोचदार हो
(स) बेलोचदार हो
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (स) बेलोचदार हो
व्याख्या - बेलोचदार मांग होने पर प्रशुल्क लगाने से व्यापार कम नहीं होगा तथा व्यापार की शर्तों में सुधार होगा।

28. व्यापार की शर्तों को प्रभावित करने वाला घटक है ?
(अ) प्रशुल्क नीति
(ब) मांग एवं पूर्ति की लोच
(स) स्थानापन्न वस्तुओं की उपलब्धता
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (द) उपरोक्त सभी

29. आयातों को नियंत्रित करने के लिये कौन सी विधि अपनाई जाती है ?
(अ) बिक्री कर
(ब) कोटा प्रणाली
(स) आयकर
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (ब) कोटा प्रणाली
व्याख्या - वस्तुओं का कोटा निश्चित करके उनके आयातों को नियंत्रित किया जा सकता है।

30. संरक्षण की नीति के अंतर्गत?
(अ) विदेशों से आने वाले माल पर कानूनी रुकावट लगा दी जाती है
(ब) आयात कर लगा दिये जाते हैं
(स) कुछ उद्योगों को संरक्षण प्रदान किया जाता है
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (द) उपरोक्त सभी
व्याख्या - उपरोक्त सभी तरीके अपनाकर संरक्षण प्रदान किया जाता है।

31. मुक्त व्यापार के अंतर्गत वस्तुओं के मूल्य?
(अ) सर्वत्र समान हो जाते हैं
(ब) देश में समान रहते हैं
(स) विदेश में असमान रहते हैं
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (अ) सर्वत्र समान हो जाते हैं
व्याख्या - इसमें देश व विदेश दोनों में मूल्य एक समान रहता है।

32. संरक्षण का उद्देश्य?
(अ) विदेशी स्पर्धा को कम करना है
(ब) मांग को पूर्णतया लोचदार बनाना है
(स) पूर्ति को पूर्णतया लोचदार बनाना है
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (अ) विदेशी स्पर्धा को कम करना है
व्याख्या - विदेशी स्पर्धा से बचाने के लिये देश के उद्योगों को संरक्षण दिया जाता है।

33. एक देश द्वारा आयात शुल्क लगाये जाने पर उस देश में उपभोक्ता की बचत ?
(अ) बढ़ती है
(ब) घटती है
(स) अपरिवर्तित रहती है
(द) उपरोक्त में से कोई भी
उत्तर - (ब) घटती है
व्याख्या - आयात शुल्क लगाये जाने पर वस्तुएँ मंहगी हो जाती हैं, जिससे उपभोक्ता की बचत कम हो जाती है।

34. जो टैरिफ देश के आर्थिक कल्याण को अधिकतम करता है, उसे कहते हैं ?
(अ) संरक्षणात्मक टैरिफ
(ब) भेदमूलक टैरिफ
(स) इष्टतम टैरिफ
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (स) इष्टतम टैरिफ

35. जब समस्त उद्योगों को संरक्षण देना आवश्यक समझा जाता है, तो उसके लिये अपनाई गई नीति को क्या कहा जाता है ?
(अ) सामान्य संरक्षण
(ब) विवेचनात्मक संरक्षण
(स) राजकीय व्यापार
(द) संकुचित व्यापार
उत्तर - (अ) सामान्य संरक्षण
व्याख्या - ऐसी स्थिति में सरकार सामान्य संरक्षण की नीति अपनाती है।

- डॉ. माया राठी
(लेखिका, अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका हैं।)

लाल बहादुर शास्त्री पुण्यतिथि | 11 जनवरी

आदर्शों को जीवन में उतार दूसरों को प्रेरित करने वाले भारत के दूसरे प्रधानमंत्री

भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई में देश के दूसरे प्रधानमंत्री सात साल तक जेल में रहे। असहयोग आंदोलन के लिए पहली बार वह 17 साल की उम्र में जेल गए, लेकिन बालिग न होने की वजह से उनको छोड़ दिया गया। इसके बाद वे सविनय अवज्ञा आंदोलन के लिए 1930 में ढाई साल के लिए जेल गए। 1940 और फिर 1941 से लेकर 1946 के बीच भी वह जेल में रहे हैं। इस तरह कुल सात साल वह जेल में रहे। कहा जाता है कि जब वह जेल में थे, तब उनकी पत्नी चुपके से उनके लिए दो आम ले आई थीं। इस पर खुश होने की बजाय उन्होंने उनके खिलाफ ही धरना दे दिया था। उनका तर्क था कि कैदियों को जेल के बाहर की कोई चीज खाना कानून के खिलाफ है।

उनमें नैतिकता इस हद तक कूट-कूटकर भरी थी कि एक बार जेल से उनको अपनी बीमार बेटी से मिलने के लिए 15 दिन की पैरोल पर छोड़ा गया, लेकिन बीच में वह चल बसी तो शास्त्री जी वह अवधि पूरी होने से पहले ही जेल वापस आ गए।

वे जात-पात के सख्त खिलाफ थे। तभी उन्होंने अपने नाम के पीछे सरनेम नहीं लगाया। शास्त्री की उपाधि उनको काशी विद्यापीठ से पढ़ाई के बाद मिली थी। वहीं अपनी शादी में उन्होंने दहेज लेने से इनकार कर दिया था, लेकिन ससुर के बहुत जोर देने पर उन्होंने कुछ मीटर खादी का दहेज लिया।

देश को 'जय जवान जय किसान' जैसा अमर नारा देने वाले शास्त्री जी का पूरा जीवन आदर्शों की मिसाल था। उनका जीवन हर उस नौजवान के लिए प्रेरणा का प्रतीक है जो अभावों में जी रहा है। शास्त्री जी ने अपना पूरा जीवन गरीबों की सेवा में समर्पित कर दिया था। जब वह प्रधानमंत्री बने तो एक बार उन्होंने पाकिस्तान को लेकर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि भारत में बारे में सबसे खास चीज है कि यहां हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, पारसी और अन्य धर्मों के लोग हैं। यहां मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे और चर्च सभी कुछ है।

महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायी बन किये सेवाकार्य

लाल बहादुर शास्त्री ने हिन्दुस्तान की आजादी में अहम योगदान दिया। इसके बाद भारत को सशक्त राष्ट्र बनाने की दिशा में भी अहम भूमिका निभाई। वह देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की कैबिनेट में मंत्री थे। रेलवे और गृह मंत्रालय जैसे बड़े विभाग को संभाला। देश में उनकी वजह से ही सफेद और हरित क्रांति आई। उन्हें जितना जवान पसंद थे, उतने ही किसान भी पसंद थे। इसी कारण उन्होंने जय जवान, जय किसान का नारा दिया। शास्त्री जी की राजनीतिक राय हमेशा आम जनता के लिए ही रहती थी। उन्होंने एक बार कहा था, 'जो शासन करते हैं उन्हें देखना चाहिए कि लोग प्रशासन पर किस तरह प्रतिक्रिया करते हैं। अंततः जनता ही मुखिया होती है।' लाल बहादुर शास्त्री जी महात्मा गांधी को गुरु मानते थे। एक बार उन्होंने कहा था- 'मेहनत प्रार्थना करने के समान है।' शास्त्री जी महात्मा गांधी के समान ही विचार रखते थे। वह बापू की सोच से बेहद प्रभावित थे।

'सादा जीवन उच्च विचार' के मुहावरे को किया आत्मसात

प्रधानमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल केवल 18 महीने ही रहा, लेकिन उन्होंने इस समय में भी कई ऐसे अहम फैसले लिए जिसके लिए उनको दुनिया भर में ख्याति प्राप्त हुई। शास्त्री जी को मरणोपरांत देश के सबसे बड़े राष्ट्रीय पुरस्कार भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। सहिष्णु एवं जबर्दस्त आंतरिक शक्ति वाले शास्त्री जी लोगों के बीच ऐसे व्यक्ति बनकर उभरे, जिन्होंने लोगों की भावनाओं को समझा। वे एक ऐसे दूरदर्शी व्यक्तित्व थे जिन्होंने देश की समस्याओं को समझा और उन्हें दूर करने का प्रयास किया। जब भी सादगी भरा जीवन जीने का उदाहरण दिया जाता है तो हमारे दिलो-दिमाग में सबसे पहला नाम लाल बहादुर शास्त्री का ही आता है। उन्होंने जिंदगी भर 'सादा जीवन उच्च विचार' के मुहावरे को आत्मसात करते हुए गुजारा। शास्त्री जी पर उनके बेटे सुनील शास्त्री द्वारा लिखी गई किताब- 'लाल बहादुर शास्त्री, मेरे बाबूजी' में इस तरह की अनेक घटनाओं को पढ़ा जा सकता है। उन्होंने इसमें लिखा है कि शास्त्रीजी की सादगी और किफायत का यह आलम था कि वे कोई भी वस्तु बर्बाद नहीं करते थे। यहां तक कि एक बार उन्होंने अपना फटा हुआ कुर्ता अपनी पत्नी को देते हुए कहा

था कि इनके रूमाल बना दो। वे वही वस्तु खरीदना पसंद करते थे जिसकी कीमत वे अपनी कमाई से चुका सकते थे। उन्होंने न तो कभी अपने पद का अनुचित लाभ उठाया और न ही व्यक्तित्व का। शास्त्री जी एक सच्चे गांधीवादी थे। वे अक्सर गरीबों की सहायता करते रहते थे।

लाल बहादुर शास्त्री का जन्म सन् 1904 में दो अक्टूबर को उत्तरप्रदेश के मुगलसराय में हुआ था। इनके पिता का नाम मुंशी शारदा प्रसाद और माता का नाम रामदुलारी था। पिताजी की आकस्मिक मौत के कारण उन्हें अपने ननिहाल में रहना पड़ा और वहीं स्कूली शिक्षा प्राप्त की। वे कई मील की दूरी नंगे पांव तय कर विद्यालय जाते थे, उसके बाद शास्त्री जी काशी विद्यापीठ में पढ़ने चले गए थे। यही उनको शास्त्री की मानद उपाधि मिली थी। यही से वे अपना नाम लाल बहादुर श्रीवास्तव के बजाए लाल बहादुर शास्त्री लिखने लगे थे। शास्त्री जी की शादी 1928 में मिर्जापुर निवासी गणेश प्रसाद की पुत्री ललिता शास्त्री के साथ हुई थी। उनकी 2 बेटियां और 4 बेटे हुए।

आंदोलनों में दिया अहम योगदान

शास्त्री जी ने भारतीय स्वाधीनता संग्राम के सभी महत्वपूर्ण कार्यक्रमों और आंदोलनों में भागीदारी की। उन्होंने सन् 1921 में गांधी जी के साथ मिलकर असहयोग आंदोलन, 1930 में दांडी मार्च और 1942 में भारत छोड़ो आंदोलनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। उन्होंने कई विद्रोही अभियानों का नेतृत्व किया एवं कुल सात वर्षों तक ब्रिटिश जेलों में रहे। आजादी के इस संघर्ष ने उन्हें पूर्णतः परिपक्व बना दिया। दूसरे विश्व युद्ध के समय इंग्लैंड को बुरी तरह उलझता देख कर उस समय नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने आजाद हिन्द फौज को एक नारा दिया था- दिल्ली चलो। तब गांधी जी ने मुंबई से अंग्रेजों भारत छोड़ो और करो और मरो का आदेश जारी किया था। शास्त्री जी ने इलाहाबाद पहुंचकर इस आंदोलन के गांधीवादी नारे को चतुराई से- मरो नहीं मारो में बदल दिया था। देखते ही देखते इस आंदोलन ने भयंकर रूप धारण कर लिया था। 19 अगस्त 1942 को शास्त्री को गिरफ्तार कर लिया गया।

आजादी के बाद निभाई रचनात्मक भूमिका

देश की आजादी के बाद जब कांग्रेस सत्ता में आई तो उन्हें शासन में रचनात्मक भूमिका निभाने के लिए कहा गया। उन्हें अपने गृह राज्य उत्तरप्रदेश का संसदीय सचिव नियुक्त किया गया। इसके बाद उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री गोविन्द वल्लभ पन्त के मंत्रिमंडल में पुलिस और परिवहन विभाग की जिम्मेदारी भी सौंपी गयी थी। शास्त्री जी ने उस समय पुलिस की कार्यप्रणाली में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए। उन्होंने कहा था कि आंदोलनरत जनता पर लाठी का प्रयोग मत कीजिये इसके बजाए यदि उनपर पानी की बौछार की जाए तो यह तरीका अधिक कारगर होगा। उनकी पहल पर यह प्रयोग शुरू हुआ। उन्होंने केंद्रीय मंत्रिमंडल में रेल मंत्री, परिवहन एवं संचार मंत्री, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, गृह मंत्री एवं नेहरू जी की बीमारी के दौरान बिना विभाग के मंत्री का पदभार भी संभाला। इसी बीच एक रेल दुर्घटना, जिसमें कई लोग मारे गए थे, जिसके लिए स्वयं को जिम्मेदार मानते हुए उन्होंने रेल मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। देश एवं संसद ने उनकी इस अभूतपूर्व पहल को काफी सराहा। सन् 1951 के समय शास्त्री जी पंडित नेहरू के नेतृत्व में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव बनाये गए थे। इस पद पर रहते हुए शास्त्री जी ने 1952, 57 और 1962 के चुनावों में पार्टी को भारी मतों से विजयी बनाया। इस सफलता में उनकी संगठनिक प्रतिभा एवं चीजों को नजदीक से परखने की उनकी अद्भुत क्षमता का बड़ा योगदान था।

शास्त्री जी एक सीधे-सादे व्यक्ति थे और उनकी छवि साफ थी और इसी कारण उनको नेहरू जी के निधन के बाद देश का प्रधानमंत्री बनाया गया। 9 जून 1964 को शास्त्री जी ने भारत के दूसरे प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। प्रधानमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल काफी मुश्किल भरा रहा था। उनके शासनकाल में 1965 का भारत-पाकिस्तान युद्ध शुरू हो गया। इससे तीन वर्ष पूर्व चीन का युद्ध भारत हार चुका था। शास्त्रीजी ने अप्रत्याशित रूप से हुए इस युद्ध में राष्ट्र को उत्तम नेतृत्व प्रदान किया और पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी तब भारतीय सेना पाकिस्तान के लाहौर हवाई अड्डे तक पहुंच गयी थी, लेकिन रूस और अमेरिका ने शास्त्री जी पर युद्ध विराम करने का दबाव डाला और बातचीत के लिए शास्त्री जी और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान को रूस बुलाया। यहां के ताशकन्द में युद्ध समाप्त करने के समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद 11 जनवरी 1966 की रात में ही शास्त्री जी की मृत्यु हो गयी। उनका पार्थिव शरीर भारत लाया गया और दिल्ली के यमुना नदी के तट पर अंतिम संस्कार किया गया। इस स्थल को विजय घाट नाम दिया गया है। शास्त्री जी को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। उनके विचार और सादगीपूर्ण जीवन सदियों तक लोगों को प्रेरणा देता रहेगा। वे कहते थे कि "यदि कोई भी व्यक्ति हमारे देश में अछूत कहा जाता है तो भारत को अपना सर शर्म से झुकाना पड़ेगा। कानून का सम्मान किया जाना चाहिए ताकि हमारे लोकतंत्र की बुनियादी संरचना बरक़रार रहे और हमारा लोकतंत्र भी मजबूत बने। देश के प्रति निष्ठा सभी निष्ठाओं से पहले आती है और यह पूर्ण निष्ठा है, क्योंकि इसमें कोई प्रतीक्षा नहीं कर सकता कि बदले में उसे क्या मिलता है। जब स्वतंत्रता और अखंडता खतरे में हो, तो पूरी शक्ति से उस चुनौती का मुकाबला करना ही एकमात्र कर्तव्य होता है। हमें एक साथ मिलकर किसी भी प्रकार के अपेक्षित बलिदान के लिए दृढ़तापूर्वक तत्पर रहना है।"

- रीता मोदी

(लेखिका, स्वतंत्र पत्रकार हैं)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. वर्ष 2020 में खेले जाने वाले आई.सी.सी. अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के कप्तान होंगे-
अ. ध्रुवचंद जुरैल
ब. प्रियम गर्ग
स. शिवम मावी
द. यशस्वी जायसवाल

2. भारत में आखिरी बार एशियाई खेल कब आयोजित किए गये थे -
अ. 1982 में
ब. 1985 में
स. 2018 में
द. 2006 में

3. माइकल फेल्प्स का संबंध किस खेल से है -
अ. निशानेबाजी
ब. तैराकी
स. जिम्नास्टिक
द. एथेलेटिक्स

4. विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट में कितने दोहरे शतक बनाए हैं -
अ. 4
ब. 6
स. 8
द. 7

5. कटक का बाराबती स्टेडियम किस खेल से संबंधित है -
अ. क्रिकेट
ब. फुटबॉल
स. एथेलेटिक्स
द. हॉकी

6. वर्ल्ड एंटी डोपिंग एजेंसी (वाडा) का मुख्यालय कहाँ स्थित है -
अ. डबलिन
ब. लुसाने
स. मॉन्ट्रियल
द. मैड्रिड

7. वर्ष 2019 में वन-डे क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं -
अ. विराट कोहली
ब. रोहित शर्मा
स. डेविड वॉर्नर
द. जेसन रॉय

8. वर्ष 2019 में वन-डे क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं -
अ. ट्रेंट बोल्ट
ब. मोहम्मद शमी
स. जोफ्रा आर्चर
द. मिशेल स्टार्क

9. हाल ही में इनमें से किस श्रीलंकाई क्रिकेटर ने संन्यास लेने की घोषणा की है -
अ. चमारा कापुगेदरा
ब. दिनेश चांदीमल
स. रंगना हेराथ
द. इनमें से कोई नहीं

10. वर्ष 2018 के एशियाई खेलों में कबड्डी में पुरुष वर्ग का खिताब किस देश ने जीता है -
अ. भारत
ब. पाकिस्तान
स. दक्षिण अफ्रीका
द. ईरान

11. फीफा विश्वकप 2018 में सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार किसे मिला था -
अ. थियाबाउट कोर्टियास
ब. स्टीन मेंडाडा
स. ह्यूगो लोरियस
द. लाव्रे कैलिनिक

12. इनमें से कौन-सा खेल ओलिंपिक खेलों का हिस्सा नहीं है -
अ. वॉलीबॉल
ब. तलवारबाजी
स. आईस हॉकी
द. मुक्केबाजी

13. वर्ष 2019 में फीफा क्लब वर्ल्ड कप किस देश में आयोजित किया गया था -
अ. ब्राजील
ब. जापान
स. स्पेन
द. कतर

14. वर्ष 2019 में बैडमिंटन विश्व चैम्पियनशिप किस देश में आयोजित की गई थी -
अ. फ्रांस
ब. दक्षिण कोरिया
स. स्विट्ज़रलैंड
द. मैक्सिको

(शेष अगले पृष्ठ पर)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

समसामयिक घटनाचक्र

1. **मध्यप्रदेश का पहला चाइल्ड फ्रेंडली कोर्ट (बाल हितैषी न्यायालय) किस जिले में स्थापित किया जा रहा है-**
अ. देवास में ब. छतरपुर में
स. छिंदवाडा में द. उज्जैन में।

2. **17वीं लोकसभा के लिए मध्यप्रदेश के किस सांसद को प्रोटेम स्पीकर बनाया गया था-**
अ. प्रहलाद पटेल को
ब. वीरेन्द्र कुमार को
स. राकेश सिंह को
द. उमा भारती को।

3. **'बंधन एक्सप्रेस' नामक रेल सेवा का परिचालन किन देशों के मध्य शुरू हुआ है-**
अ. भारत-बांग्लादेश
ब. बांग्लादेश-म्यांमार
स. चीन-नेपाल
द. भारत-अफगानिस्तान।

4. **अल्फाबेट नामक कंपनी का मुख्यालय है-**
अ. कनाडा में ब. चीन में
स. भारत में द. अमेरिका में।

5. **मध्यप्रदेश का राष्ट्रीय शरद जोशी सम्मान (2018) प्रदान किया गया है-**
अ. रवीश कुमार को
ब. अशोक चक्रधर को
स. जॉनी लीवर को
द. अक्षय कुमार को।

6. **क्षेत्रफल एवं जनसंख्या की दृष्टि से वर्तमान में मध्यप्रदेश का सबसे छोटा जिला है-**
अ. आगर-मालवा
ब. निवाड़ी
स. उमरिया
द. अलीराजपुर।

7. **122वें विधेयक के रूप में जीएसटी को किस क्रम के संविधान संशोधन के रूप में मान्य किया गया है-**
अ. 100वां संविधान संशोधन
ब. 101वां संविधान संशोधन
स. 105वां संविधान संशोधन
द. 111वां संविधान संशोधन।

8. **जीएसटी बिल को सर्वप्रथम पारित करने वाला राज्य है-**
अ. गुजरात ब. झारखंड
स. मध्यप्रदेश द. असम।

9. **50वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में किस भारतीय कलाकार को 'आइकन ऑफ गोल्डन जुबली अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है-**
अ. अमिताभ बच्चन को
ब. नसीरूद्दीन शाह को
स. रजनीकांत को
द. इनमें से कोई नहीं।

10. **अब किस देश ने एक संतान की नीति को त्याग दिया है-**
अ. जर्मनी ने
ब. फ्रांस ने
स. कजाकिस्तान ने
द. चीन ने।

11. **शरद अरविंद बोबड़े वर्तमान में किस पद पर पदस्थ हैं-**
अ. मुख्य चुनाव आयुक्त।
ब. मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश
स. सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश
द. कैबीनेट सेक्रेटरी ।

12. **सर्व शिक्षा अभियान की निगरानी हेतु शुरू किये गए वेब पोर्टल को क्या नाम दिया गया है-**
अ. खबरी ब. दिव्य दृष्टि
स. शगुन द. त्रिनेत्र।

13. **हाल ही में किसे मिस यूनिवर्स 2019 चुना गया है-**
अ. जोजिबिनी
ब. सना मरीन
स. कमला हैरिस
द. इनमें से कोई नहीं।

14. **भारत में सिविल सर्विस डे मनाया जाता है-**
अ. 14 अप्रैल को
ब. 21 अप्रैल को
स. 28 अप्रैल को
द. 30 अप्रैल को।

15. **457 वीजा किस देश द्वारा जारी किया जाता है-**
अ. अमेरिका ब. कनाडा
स. ऑस्ट्रेलिया द. ब्रिटेन।

16. **इनमें सही युग्म नहीं है -**
अ. राष्ट्रीय मतदाता दिवस-25 जनवरी
ब. विश्व स्वास्थ्य दिवस -07 अप्रैल
स. विश्व जनसंख्या दिवस-22 जुलाई
द. राष्ट्रीय पंचायत दिवस-14 अप्रैल

17. **भारत में सूचना का अधिकार लागू हुआ है -**
अ. 2004 में ब. 2005 में
स. 2007 में द. 2009 में।

18. **मध्यप्रदेश की मधु यादव किस खेल की खिलाड़ी हैं-**
अ. हॉकी की
ब. क्रिकेट की
स. शतरंज की
द. बैडमिंटन की।

19. **किस राष्ट्रीय उद्यान को मोगली लैण्ड के रूप में विकसित किया गया है -**
अ. पेंच, सिवनी-छिंदवाड़ा
ब. फासिल्स, मंडला
स. माधव, शिवपुरी
द. सतपड़ा, होशंगाबाद।

20. **हाल ही में विश्व मृदा दिवस मनाया गया है-**
अ. 10 अगस्त को
ब. 25 सितम्बर को
स. 05 दिसंबर को
द. 10 दिसम्बर को।

21. **20वें विधि आयोग के अध्यक्ष हैं-**
अ. हंसराज भारद्वाज
ब. बी. के. देसाई
स. सी. के. लाहौटी
द. डी. के. जैन।

22. **मध्यप्रदेश शासन का 2016-17 का कालिदास सम्मान प्रदान किया गया है-**
अ. रामगोपाल बजाज को
ब. अक्षय कुमार को
स. माधुरी दीक्षित को
द. डालचंद वर्मा को।

23. **संयुक्त राष्ट्र की एक नयी रिपोर्ट 'लीव नो वन विहाइन्ड' किस मामले से जुड़ी है-**
अ. विस्थापित लोग
ब. बालिकाएं एवं महिलाएं
स. दिव्यांगजन
द. शिक्षा विकास।

24. **फिनलैंड की किस 34 वर्षीया महिला ने सबसे कम आयु की प्रधानमंत्री बनकर विश्व रिकॉर्ड बनाया है-**
अ. ली एंडरसन
ब. मारिया ओहिसालो
स. सना मारिन
द. कात्री कुलमुनी ने।

25. **शुरोजेली लीजित्सु किस राज्य के मुख्यमंत्री हैं-**
अ. मणिपुर के ब. असम के
स. मेघालय के द. नागालैंड के।

26. **123वां संविधान संसोधन विधेयक संबंधित है-**
अ. राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देने से
ब. बैंकिग सेवा को कैशलेस बनाने से
स. विदेश नीति को कारगर बनाने से
द. सभी वर्गों के आरक्षण को आर्थिक आधार पर बनाने से।

27. **2019 का साहित्य के क्षेत्र में दिया जाने वाला नोबल पुरस्कार पीटर हंडके को प्रदान किया गया है। वे मूलतः निवासी हैं-**
अ. ऑस्ट्रिया के
ब. ब्राजील के
स. कजाकिस्तान के
द. जापान के।

28. **भोपाल में कब शौर्य स्मारक स्थापित किया गया -**
अ. अक्टूबर 2016 में
ब. अक्टूबर 2017 में
स. जनवरी 2017 में
द. अगस्त 2017 में।

29. **'भारतीय विदेश नीति : नये दिशा संकेत' रचना है-**
अ. एस. जसशंकर की
ब. पुष्पेश पंत की
स. वेदप्रताप वैदिक की
द. शशि थरूर की।

30. **वर्तमान में कौन 'सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायर्नमेंट' का महानिदेशक है-**
अ. सुनीता नारायण
ब. प्रकाश जावड़ेकर
स. मेनका गांधी
द. के. के. वेणुगोपाल।

31. **15वां प्रवासी भारतीय दिवस समारोह जनवरी 2019 में सम्पन्न हुआ है-**
अ. छिंदवाड़ा में
ब. इन्दौर में
स. बनारस में
द. गोरखपुर में।

32. **प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय जिसे नैक से ए प्लस ग्रेड मिला है-**
अ. रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर
ब. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर
स. विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन
द. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर।

33. **हाल ही में राज्यपाल श्री लालजी टंडन ने भोपाल स्थित पासपोर्ट कार्यालय की राजभाषा पत्रिका के प्रथम अंक का लोकार्पण किया है। इस पत्रिका का शीर्षक है-**
अ. क्षितिज ब. सुखद पहल
स. नवयात्रा द. यायवरी।

34. **मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी स्थित है-**
अ. जबलपुर में ब. उज्जैन में
स. ग्वालियर में द. भोपाल में।

35. **इनमें से कौनसा समाचार पत्र मध्यप्रदेश से शाम को प्रकाशित होता है-**
अ. राजसत्ता ब. आजकल
स. अग्निबाण द. नव वतन।

36. **किसने 21 वीं एशियाई तीरंदाजी चैम्पियनशिप में महिला एकल रिकर्व स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता है-**
अ. दीपिका कुमारी ने
ब. तरुणा राय ने
स. सीमा राजपूत ने
द. इनमें से कोई नहीं।

37. **हाल ही में खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल संहिता के मसौदे की समीक्षा के लिए किसकी अध्यक्षता में 13 सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है-**
अ. गगन नारंग
ब. बाइचुंग भूटिया
स. पुलेला गोपीचंद
द. मुकुंदकम शर्मा।

हल-

1. अ, 2. ब, 3. अ, 4. द, 5. अ, 6. ब, 7. ब, 8. द, 9. स, 10. द, 11. स, 12. स, 13. अ, 14. ब, 15. स, 16. द, 17. ब, 18. अ, 19. अ, 20. स, 21. द, 22. अ, 23. ब, 24. स, 25. द, 26. अ, 27. अ, 28. अ, 29. स, 30. अ, 31. स, 32. द, 33. अ, 34. द, 35. स, 36. अ, 37. द।

व्याख्यात्मक हल-

6. **ब.** अब क्षेत्रफल एवं जनसंख्या की दृष्टि से वर्तमान में प्रदेश का सबसे छोटा जिला निवाड़ी बन गया है।

16. **द.** भारत में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 24 अप्रैल को मनाया जाता है। पंचायती राज मंत्रालय यह दिवस 2010 से प्रतिवर्ष मना रहा है।

24. **स.** शेष तीनों महिलाएं फिनलैंड की महिला मंत्री हैं। इनमें ली एंडरसन , मारिया ओहिसालो एवं कात्री कुलमुनी क्रमशः शिक्षामंत्री, गृहमंत्री एवं वित्तमंत्री हैं।

35. **स.** अग्निबाण मालवा क्षेत्र का लोकप्रिय सांध्यकालीन दैनिक समाचार पत्र है।

37. **द.** शेष तीनों खिलाडी गगन नारंग, बाइचुंग भूटिया एवं पुलेला गोपीचंद उक्त 13 सदस्यीय विशेषज्ञ समिति के सदस्य हैं।

- डॉ. नियाज अहमद अंसारी
(लेखक, शासकीय महाविद्यालय, सिंहावल में राजनीति शास्त्र के सहायक प्राध्यापक हैं)

(पिछले पृष्ठ का शेष)

15. **कार्लसन मैग्नस का संबंध किस खेल से है -**
अ. शतरंज ब. गोल्फ
स. बिलियर्ड्स द. टेनिस

16. **नीरज चोपड़ा एथेलेटिक्स की किस स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं -**
अ. चक्का फेंक ब. भाला फेंक
स. तिहरी कूद द. गोला फेंक

17. **किस भारतीय क्रिकेटर को ला लीगा का ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया है -**
अ. रोहित शर्मा ब. शिखर धवन
स. रविन्द्र जडेजा
द. महेन्द्र सिंह धोनी

18. **लांस आर्मस्ट्रांग का संबंध किस खेल से है -**
अ. फार्मूला-वन ब. साइक्लिंग
स. स्केटिंग द. बाइक रेसिंग

19. **हाल ही में इनमें से किस खिलाड़ी ने 150 रणजी मैच खेलने का रिकॉर्ड बनाया है -**
अ. अजिंक्य रहाणे
ब. शिखर धवन
स. वसीम जाफर द. जहीर खान

20. **अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) के वर्तमान अध्यक्ष हैं -**
अ. एन. श्रीनिवासन
ब. एहमान मनी
स. एलन बॉर्डर
द. शशांक मनोहर

21. **अंतर्राष्ट्रीय वन-डे क्रिकेट में दो हैट्रिक बनाने वाले भारतीय गेंदबाज हैं -**
अ. मोहम्मद शमी
ब. कुलदीप यादव
स. भुवनेश्वर कुमार
द. चेतन शर्मा

22. **वर्ष 2018 में फीफा विश्वकप जीतने वाली फ्रांसीसी टीम के कप्तान हैं -**
अ. ह्यूगो लोरियस
ब. राफेल वराने
स. एंटोनिए ग्रिजमैन
द. ओलिवर गिरोड

23. **डूरंड कप का संबंध किस खेल से है -**
अ. क्रिकेट
ब. फुटबॉल
स. हॉकी
द. टेनिस

24. **ओलिंपिक खेलों का आयोजन कितने वर्ष के अंतराल में होता है -**
अ. 2
ब. 3
स. 4
द. 5

25. **वर्ष 2019 में एशियन बैडमिंटन चैम्पियनशिप में महिला एकल वर्ग का खिताब किसने जीता है -**
अ. अकाने यामागुची
ब. पी.वी. सिंधु
स. नोजोमी ओकुहारा
द. साई जूयिंग

उत्तर

1. (ब) 2. (अ) 3. (ब) 4. (द) 5. (अ) 6. (स) 7. (ब) 8. (ब) 9. (अ) 10. (द) 11. (अ) 12. (स) 13. (द) 14. (स) 15. (अ) 16. (ब) 17. (अ) 18. (ब) 19. (स) 20. (द) 21. (ब) 22. (अ) 23. (ब) 24. (स) 25. (अ)

- पुष्पेंद्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

सड़क सुरक्षा क्रियान्वयन समिति

जनरल फीचर फोन से भी कॉलर की लोकेशन ट्रेस कर डायल-100 पहुंचाती है सहायता

भोपाल, जनरल फीचर फोन से 100 डायल करने पर भी पुलिस कॉलर की लोकेशन ट्रेस कर उसे सहायता पहुंचाती है। अभी तक डायल-100 ने 52 हजार से ज्यादा वरिष्ठ नागरिकों की भी सहायता की है। यह जानकारी डायल-100 के राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम में मध्यप्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा क्रियान्वयन समिति के नोडल अधिकारियों को दी गई। राज्य सड़क सुरक्षा सेल के कार्यालय पुलिस प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान से नोडल अधिकारियों को कंट्रोल रूम का भ्रमण करवाया गया।

डायल-100 की टीम द्वारा अधिकारियों को डिस्पेचर कक्ष, कॉल-ट्रैकर कक्ष का भ्रमण करवाया गया और उन्हें डायल-100 वाहन एफआरवी में रखी जाने वाली सामग्री का अवलोकन कराकर सिस्टम से अवगत करवाया गया। यह भ्रमण मध्यप्रदेश पुलिस की लोकप्रिय जनकल्याणकारी डायल-100 सेवा द्वारा सड़क दुर्घटना की सूचना पर की जाने वाली कार्यवाही से अवगत करवाने के लिये किया गया। पी.टी.आर.आई. सहायक पुलिस महानिरीक्षक श्री कुमार सौरभ और उनकी टीम को पुलिस अधीक्षक डायल-100 श्रीमती वीना सिंह ने डायल-100 सेवा की जानकारी दी।

इस अवसर पर बताया गया कि दुर्घटना की सूचना पर 100 प्रतिशत रिस्पांस होता है। कंट्रोल रूम में 110 कॉल ट्रेकर्स हैं। इनमें से 24 डिस्पेचर और 6 सुपरवाइजर्स सहायता के लिये 24 घंटे काम कर रहे हैं। प्रदेश में 1000 एफआरवी और 150 एफआरवी मोटर-साईकल काम कर रही हैं। किसी भी प्रकार की अनहोनी होने पर एसएमएस सिस्टम के जरिये ऑफिसर्स को सूचना दी जाती है। साथ ही की गई कार्यवाही से कॉलर को अवगत करवाया जाता है।

विश्व ब्रेल दिवस | 4 जनवरी

दृष्टिबाधितों के मानवाधिकारों को सुनिश्चित करता है यह दिवस

विश्व ब्रेल दिवस दृष्टिबाधितों और आंशिक रूप से देखने वाले लोगों के लिए मानवाधिकारों की पूर्ण प्राप्ति में संचार के साधन के रूप में ब्रेल के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में पहला आधिकारिक विश्व ब्रेल दिवस पिछले वर्ष 4 जनवरी को मनाया गया था, इस तरह यह दूसरा विश्व ब्रेल दिवस है। संयुक्त राष्ट्र आमसभा ने दृष्टिबाधित और कम दृष्टि के शिकार लोगों के मानवाधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए विश्व ब्रेल दिवस की घोषणा की थी। महासभा का मानना था कि दृष्टिबाधितों के मूलभूत अधिकारों के प्रसार के लिए ब्रेल लिपि अहम भूमिका निभाने में सक्षम है। वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो आम लोगों की तुलना में दृष्टिहीनता से पीड़ितों के गरीबी और आर्थिक असमानता से प्रभावित होने की संभावना ज्यादा होती है। दुनिया भर में करीब चार करोड़ लोग दृष्टिहीन हैं, जबकि 25 करोड़ से अधिक किसी न किसी रूप में दृष्टिबाधिता से पीड़ित हैं।

दृष्टिहीनता उस अवस्था को कहा जा सकता है जहां किसी भी व्यक्ति में दृष्टिगोचरता का पूर्ण अभाव हो या सुधारक लेन्सों के साथ बेहतर आंख में 6/60 या 20/200 स्नेलन से अनधिक दृष्टि की तीक्ष्णता हो या दृष्टि क्षेत्र की सीमा का 20 डिग्री के कोण के कक्षांतरकारी हो या इससे अधिक दृष्टि खराब हो। वहीं कम दृष्टिता वाले व्यक्ति का आशय ऐसे व्यक्ति से है, जिसके उपचार या मानक उपवर्धनीय सुधार संशोधन के बावजूद दृष्टि संबंधी कृत्य का ह्रास हो गया हो और जो समुचित सहायक युक्ति से किसी कार्य की योजना या निष्पादन के लिए दृष्टि का उपयोग करता हो या उपयोग करने में संभाव्य रूप से समर्थ हो। जनसंख्या वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार देशभर में निःशक्त व्यक्ति (दिव्यांगजन) की संख्या 2.68 करोड़ है। ये देश की कुल जनसंख्या का 2.21 प्रतिशत हिस्सा है। निःशक्तजनों में दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित, वाक्बाधित, अस्थिबाधित और मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति शामिल हैं। निःशक्त (दिव्यांग) से ऐसा कोई व्यक्ति अभिप्रेत है, जो किसी चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा यथाप्रमाणित किसी निःशक्तता से कम से कम 40 प्रतिशत से ग्रस्त है। दिव्यांगों की कई श्रेणियां हैं, उन्हीं में से एक है दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों की श्रेणी। 2011 की जनगणना के अनुसार देश में दृष्टिबाधित लोगों की कुल संख्या 50,33,431 है। इसमें से 26,39,028 पुरुष और 23,94,403 महिला हैं।

दृष्टिबाधितों के लिए समता और स्वतंत्रता सुनिश्चित करने में मददगार है ब्रेल लिपि

शारीरिक अक्षमता से पीड़ितों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र संधि के अंतर्गत ब्रेल लिपि को संचार का माध्यम माना गया है। यह एक ऐसा माध्यम है जो शिक्षा, अभिव्यक्ति और विचारों की आजादी, सूचना पहुंचाने और समावेशन को बढ़ावा देने के लिए बेहद जरूरी है। दृष्टिबाधित और कम दृष्टि के शिकार लोगों के लिए यह लिपि एक ऐसा माध्यम है, जिसके जरिए नेत्रहीनता और मंददृष्टि के शिकार लोग आम जानकारी को पढ़ और समझ सकते हैं। ब्रेल लिपि में हर अक्षर, नंबर, संगीत संबंधित और गणितीय चिन्हों को दर्शाने के लिए बिन्दु होते हैं। इन बिंदुओं को विभिन्न प्रकार से क्रमों में संयोजित किया जा सकता है जिनके ऊपर उंगलियां फिराकर पढ़ा जा सकता है। इससे दृष्टिबाधित व्यक्तियों का सामाजिक समावेश सुनिश्चित किया जा सकता है। ब्रेल लिपि का नाम 19वीं शताब्दी के फ्रांस के महान आविष्कारक लुई ब्रेल के नाम पर रखा गया है। लुई ब्रेल ने सर्वप्रथम 6 बिन्दुओं के उपयोग से 64 अक्षर और चिन्ह वाली लिपि बनायी। इस लिपि का प्रयोग कर विराम चिन्ह, गणितीय चिन्ह और संगीत के नोटेशन भी लिखे जा सकते थे। इस कला को 1821 में खोजा गया था तथा वर्ष 1825 से इसे विश्व भर में प्रयोग में लाया जाने लगा। इस लिपि का उपयोग दृष्टिबाधित और आंशिक रूप से देखने वाले लोगों द्वारा दृश्य फॉन्ट में मुद्रित पुस्तकों और पत्रिकाओं को पढ़ने के लिए किया जाता है।

- आधुनिक ब्रेल लिपि में 8 डॉट्स के सेल का प्रयोग किया जाता है, जिससे कि अधिक से अधिक शब्दों को पढ़ने की सुविधा उपलब्ध हो सके।
- ब्रेल लिपि में बने डॉट्स की औसतन ऊंचाई 0.02 इंच होती है।
- आठ डॉट्स वाले ब्रेल लिपि सेल में अब 64 की बजाय 256 अक्षर, संख्या और विराम चिन्हों को पढ़ने के लिए उपयोग में लाया जाता है।
- ब्रेल लिपि को स्लेट पर या ब्रेल टाइपराइटर पर भी प्रस्तुत किया जा सकता है।

'ब्रेल' की मदद से दृष्टिबाधितों को आगे बढ़ाने के प्रयास

हाल ही में चंडीगढ़ देश का ऐसा पांचवां रेलवे स्टेशन बना, जहां दृष्टिबाधित यात्रियों की मदद के लिए ब्रेल लिपि इंडिकेटर लगाए गए हैं। चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन नॉर्दन रेलवे का पहला स्टेशन है, जहां पर ब्रेल लिपि इंडिकेटर लगाया गया है। बेंगलुरु, कोयंबटूर, बोरीवली और मैसूर में यह सुविधा पहले से ही मिल रही है। वर्ष 2010 में अंग्रेजी ब्रेल में 'एटलस फॉर विजुअली इम्पेयर्ड (इंडिया)' का विशेष संस्करण जारी किया। ब्रेल एटलस को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अधीन राष्ट्रीय एटलस एवं थिमैटिक मानचित्रण संगठन ने तैयार किया था। ब्रेल एटलस में मानचित्रों की रेखाओं को उभारा गया है और ऐसे संकेत दिये गए हैं, जिनका स्पर्श करके स्थान की जानकारी मिल सकती है। इस एटलस में लगभग 20 मानचित्रों के द्वारा भारत के भौगोलिक, सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक पक्षों के साथ-साथ नदियों, वनों, महानगरों, सड़कों, रेलवे, फसलों इत्यादि की जानकारी भी दी गई है। 2018 में मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश में पहली बार दृष्टिबाधित मतदाताओं के लिए ब्रेल लिपि की फोटो वोटर पर्ची दी गई थी।

दुनिया का पहला ब्रेल लिपि में लिखा गया संविधान

भारत के संविधान को ब्रेल लिपि में उपलब्ध कराया गया है। ऐसा इतिहास में पहली बार हुआ, जब संविधान को ब्रेल लिपि में उपलब्ध कराया गया है। ब्रेल लिपि में मुद्रित संविधान का पहला खंड 25 नवंबर 2018 को प्रस्तुत किया गया। ब्रेल लिपि 150 पन्नों को पार नहीं कर सकती, इसलिए संविधान को पांच भागों में विभाजित कर प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया। सवी फाउंडेशन और स्वागत थोराट के साथ दृष्टिबाधितों हेतु बुद्धिस्ट एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से इस योजना का दायित्व लिया है। संविधान की आधिकारिक प्रति, जिसका ब्रेल में अनुवाद किया गया है, उसको डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान से लिया गया है। संविधान के प्रकाशन के साथ ही ब्रेल लिपि में कई अन्य पुस्तिकाओं को भी प्रकाशित किया जाएगा जो दृष्टिबाधित समुदाय से आने वाले यूपीएससी अभ्यर्थियों तथा वकीलों के लिये सहायक होंगी।

- महाराष्ट्र के स्वागत थोराट ने भारत का पहला ब्रेल अखबार 'स्पर्शज्ञान' शुरू किया था। 15 फरवरी, 2008 को 'स्पर्शज्ञान' का पहला अंक प्रकाशित हुआ। 50 पन्नों का यह अखबार, महीने की एक और 15 तारीख को प्रकाशित होता है।
- साल 2012 में रिलायंस फाउंडेशन ने ब्रेल लिपि में एक हिंदी अखबार 'रिलायंस दृष्टि' की शुरुआत की।

रिलायंस दृष्टि का संपादन भी स्वागत थोराट ही करते हैं।

- उपासना मकाती ने साल 2013 में नेत्रहीन लोगों के लिए ब्रेल लिपि में एक लाइफस्टाइल मैगज़ीन 'व्हाइट प्रिंट' शुरू की। अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित होने वाली यह मैगज़ीन देश की पहली लाइफस्टाइल ब्रेल मैगज़ीन है।
- बुद्धिस्ट एसोसिएशन ने दृष्टिबाधितों के लिये बुद्ध वंदना को पहली बार ब्रेल लिपि में प्रकाशित किया।

ब्रेल लिपि के आविष्कारक लुई ब्रेल का संघर्षमय जीवन

दुनिया भर में विश्व ब्रेल दिवस चार जनवरी के दिन लुई ब्रेल की याद में मनाया जाता है, इन्हें नेत्रहीनों के मसीहा रूप में भी याद किया जाता है। फ्रांस की राजधानी पेरिस से 40 किलोमीटर दूर कुप्रे नामक गाँव में 4 जनवरी 1809 को जन्मे लुई ब्रेल ने दृष्टिबाधित लोगों के लिए वह काम किया, जिसके कारण आज दृष्टिबाधित शिक्षित हैं, समाज की मुख्यधारा से जुड़े हैं, स्कूल-कॉलेजों में दूसरे विद्यार्थियों की तरह पढ़ सकते हैं और व्यापार कर सकते हैं। लुई की मां मोनिक ब्रेल घर का कामकाज संभालती थीं और पिता सायमन ब्रेल घोड़ों की जीन बनाने का एक कारखाना चलाते थे। 3 साल की छोटी उम्र में पिता साइमन ब्रेल के साथ काम करते हुए लुई वहां रखे औजारों से खेल रहे थे इस दौरान लुई की आंख में एक औजार लग गया। चोट लगने के बाद उनकी आंख से खून निकलने लगा, परिवार के लोगों ने इसे मामूली चोट समझ कर आंख पर पट्टी बांध दी और इलाज करवाने में दिलचस्पी नहीं दिखाई, जिससे घाव गहरा होता गया और उनकी एक आंख की रोशनी चली गई। धीरे-धीरे संक्रमण के बाद उनकी दूसरी आंख की रोशनी भी चली गई और वह पूर्ण दृष्टिहीन हो गए। लुई की शिक्षा के प्रति रुचि को देखते हुए 10 वर्ष की उम्र में उनके पिता ने एक स्थानीय पादरी की मदद से उन्हें पेरिस के रॉयल नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर ब्लाइंड चिल्ड्रेन में भरती करवा दिया। पेरिस के इस इंस्टीट्यूट में 'valenteen hau' द्वारा बनाई गयी लिपि से पढ़ाई होती थी। इस इंस्टीट्यूट में पढ़ते हुए मात्र 15 वर्ष की उम्र में लुई ब्रेल ने अपनी योग्यता से इतिहास, भूगोल और गणित विषयों में महारथ हासिल कर ली।

इंस्टीट्यूट में अध्ययन के दौरान ब्रेल लिपि का विचार लुई के दिमाग में फ्रांस की सेना के कैप्टन चार्ल्स बार्बियर से मुलाकात के बाद आया। वे चार्ल्स बार्बियर से मिले और उनसे सोनोग्राफी तथा नाइट राइटिंग तकनीक के बारे में जाना। यह लिपि कागज पर अक्षरों को उभारकर बनायी जाती थी और इसमें 12 बिन्दुओं को 6-6 की दो पंक्तियों में रखा जाता था, पर इसमें विराम चिन्ह, संख्या, गणितीय चिन्ह आदि का अभाव था। इसी तकनीक को आधार बनाकर वर्ष 1821 में उन्होंने ब्रेल लिपि का आविष्कार किया, जिसने नेत्रहीनों की शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति ला दी। 12 डॉट्स वाली लिपि की जगह उन्होंने ब्रेल लिपि में 6 डॉट्स का प्रयोग किया, जिससे कि यह भाषा नेत्रहीनों के लिए ज्यादा सुगम हो सके। लुई ने न केवल अक्षरों और अंकों को, बल्कि सभी चिन्हों को भी लिपि में सहेज कर लोगों के सामने प्रस्तुत किया। 1851 में लुई को टीबी की बीमारी हो गई जिससे उनकी तबियत बिगड़ने लगी और 6 जनवरी 1852 को मात्र 43 वर्ष की उम्र में उनका निधन हो गया।

अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- लुई ब्रेल के निधन के उपरांत वर्ष 1868 में रॉयल इंस्टीट्यूशन फॉर ब्लाइंड यूथ ने इस लिपि को मान्यता दी।
- भारत में ब्रेल लिपि को साल 1950 के बाद अपनाया गया।
- दृष्टिहीनों के लिए 1784 में पेरिस में दुनिया का पहला रॉयल इन्स्टीट्यूशन फार ब्लाइंड यूथ खोला गया। इसके बाद इंग्लैण्ड और अमेरिका में दृष्टिहीन विद्यालय खुले।
- भारत में पहला दृष्टिहीन विद्यालय 1886 में अमृतसर में खोला गया था।
- भारत सरकार ने लुई के सम्मान में साल 2009 में डाक टिकट और 2010 में 2 रुपये का सिक्का जारी किया था।
- लुई की मृत्यु के 100 वर्ष पूरे होने पर फ्रांस सरकार ने दफनाए गए उनके शरीर को बाहर निकाला और राष्ट्रीय ध्वज में लपेट कर पूरे राजकीय सम्मान से दोबारा दफनाया।
- नेत्रहीनों के लिए OwnFone नामक कंपनी ने दुनिया का पहला ब्रेल फोन 2014 में बनाया था।
- देहरादून स्थित केंद्रीय ब्रेल प्रेस न केवल भारत की पहली यूनिट है, बल्कि एशिया में भी सबसे पुरानी और बड़ी ब्रेल प्रेस में शामिल है। इसकी स्थापना राष्ट्रीय दिव्यांग सशक्तिकरण संस्थान के तहत 1952 में की गई थी।
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दिल्ली के शोधकर्ताओं ने डॉटबुक नामक 'ब्रेल लैपटॉप' विकसित किया। यह ब्रेल डिस्प्ले युक्त रिफ्रेशेबल लैपटॉप है, जिसमें नेत्रहीनों के अनुकूल ई-मेल, कैलकुलेटर और वेब ब्राउजर जैसे एप्लीकेशन्स शामिल हैं। इसके अलावा लैपटॉप में थर्ड पार्टी एप्स का उपयोग भी किया जा सकता है।
- रांची में देश की पहली ब्रेल स्मार्ट क्लास 2018 में शुरू हुई थी। इसमें एनी नामक ब्रेल टीचिंग डिवाइस से पढ़ाई होती है।

- रश्मि रंजन
(लेखिका, वाटर एड में कार्यक्रम अधिकारी हैं एवं समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

अपनी अक्षमताओं और दुर्बलताओं को तोड़-मरोड़ कर रख दें और फिर देखें सफलता आपसे मिलने खुद आयेगी - मिखाइल लोमोनसेव

ऐसे करें मध्यप्रदेश राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2019 की तैयारी

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। युवाओं को कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित कराने और कॅरियर के रास्तों पर आगे बढ़ने के लिए सफल दिशायें देने वाला 'कॅरियर की राहें' स्तंभ नियमित रूप से कॅरियर काउंसलर श्रीमती मीना भंडारी द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। श्रीमती भंडारी पिछले 23 सालों से कॅरियर संबंधी विषयों पर लेखन कर रही हैं।

मध्यप्रदेश राज्य सेवा परीक्षा के माध्यम से उच्च प्रशासनिक पद की प्राप्ति बड़ी संख्या में युवाओं का एक कॅरियर स्वप्न होता है। वे युवा जो अत्यधिक प्रतिस्पर्धा के कारण सिविल सर्विस परीक्षा में चयनित नहीं हो पाते हैं या जिनका उद्देश्य राज्य में रहकर ही प्रशासनिक सेवा की डगर पर बढ़ना होता है, वे परिश्रम, आत्मविश्वास और सुनियोजित तैयारी से राज्य के विभिन्न तरह के प्रशासनिक पदों पर चयनित हो सकते हैं।

गौरतलब है कि इस परीक्षा में मेधावी छात्रों के साथ-साथ वे सभी छात्र-छात्राएं सफलता की एक जैसी ही संभावनाएं रखते हैं जो परिश्रम, सुनियोजित तैयारी और अच्छे अध्ययन संदर्भों को आधार बना लेते हैं। निःसंदेह यदि प्रारंभ से ही तैयारी की रणनीति बना ली जाए और अच्छी पुस्तकों तथा पत्रिकाओं को अध्ययन का आधार बना लिया जाए तो पहले दिन से ही सफलता की संभावनाएं आपकी मुट्ठी में समा जाती हैं। ध्यातव्य है कि मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 12 जनवरी, 2020 को ली जाने वाली मध्यप्रदेश राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2019 में दो वस्तुनिष्ठ प्रश्नपत्र होंगे। पहला प्रश्नपत्र सामान्य अध्ययन का एवं दूसरा प्रश्नपत्र जनरल एप्टीट्यूट टेस्ट का होगा। सामान्य अध्ययन तथा जनरल एप्टीट्यूट टेस्ट के प्रश्नपत्र में 100-100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएँगे तथा प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा। इस परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी प्रतियोगी सामान्य अध्ययन प्रश्नपत्र के लिए चिंतित तो रहते हैं, लेकिन सुनियोजित रूप से तैयारी करके वे सफल हो सकते हैं। निःसंदेह सामान्य अध्ययन की तैयारी पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

आधुनिक इतिहास होता है सबसे महत्वपूर्ण भाग

मध्यप्रदेश राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2019 के सामान्य अध्ययन खंड में भारतीय इतिहास तथा संस्कृति से संबंधित कई प्रश्न पूछे जाते हैं। इसकी तैयारी हेतु इतिहास को तीन भागों यथा प्राचीन भारत, मध्यकालीन भारत तथा आधुनिक भारत में बाँटा जा सकता है। आधुनिक इतिहास सबसे महत्वपूर्ण तथा सर्वाधिक अंकदायी भाग है, अतः इस पर विशेष ध्यान केंद्रित करना चाहिए। स्वतंत्रता संग्राम की महत्वपूर्ण घटनाओं का अध्ययन भी आवश्यक है। मध्यप्रदेश राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2019 के सामान्य अध्ययन प्रश्न पत्र में सामान्य विज्ञान एवं पर्यावरण एक महत्वपूर्ण खंड है। सामान्य विज्ञान एवं पर्यावरण में भौतिकी, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान तथा पर्यावरण एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। इन प्रश्नों की विशेष तैयारी आवश्यक है। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय महत्व की वर्तमान घटनाओं की तैयारी में प्रतियोगियों को चाहिए कि वे केवल राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय महत्व की राजनीतिक घटनाओं को ही इस खंड की तैयारी में शामिल न करें अपितु चर्चा में रहने वाले विभिन्न विषयों पर भी ध्यान दें।

भूगोल खंड में भूगोल से संबंधित प्रश्न होते हैं। इनमें भूकंप के बुनियादी लक्षण, दुनिया के जलवायु क्षेत्र, बंदरगाह, ज्वार-भाटा, नदियां, बहुउद्देशीय परियोजनाएं, सिंचाई, फसलें आदि मुख्य होते हैं। मध्यप्रदेश की भौगोलिक जानकारी से जुड़े प्रश्न भी बहुतायात में पूछे जाते हैं। सामान्य अध्ययन प्रश्नपत्र के अंतर्गत भारतीय राजनीति की तैयारी में संविधान संशोधन के महत्वपूर्ण तथ्यों एवं उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों का अध्ययन लाभप्रद होता है। राजव्यवस्था के अंतर्गत, राज्य के नीति निदेशक तत्व, मूल कर्तव्य, कार्यपालिका, आर्थिक प्रक्रिया जैसे बजट (विभिन्न प्रकार के विधेयक जैसे वित्त विधेयक धन विधेयक आदि), न्यायपालिका विशेषतः सर्वोच्च न्यायालय व उच्च न्यायालय के अधिकार (उनके ऐतिहासिक विकास सहित), संघ व राज्यों के बीच संबंध, प्रशासनिक अधिकरण, चुनाव व चुनाव सुधार, आपातकालीन प्रावधान, संविधान संशोधन, पंचायती राज व्यवस्था इत्यादि से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। इसलिए इन खंडों को विशेष रूप से तैयार करें। सामान्य अध्ययन का एक और महत्वपूर्ण खंड है अर्थव्यवस्था। इसके लिए प्रतियोगी को भारतीय तथा विश्व अर्थव्यवस्था में हुई पहल व विकास का समीक्षात्मक विश्लेषण करना चाहिए। सामान्य अध्ययन के पाठ्यक्रम में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी भी सम्मिलित की गई है। अतः इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित विभिन्न शब्दों का अर्थ तथा कम्प्यूटर के विभिन्न भागों के कार्यों, हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर की जानकारी भी बेहद जरूरी है। इस भाग की तैयारी हेतु आप बेसिक कम्प्यूटर की किताबों का सहारा भी ले सकते हैं। अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम-1989 तथा सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम-1955 पर विशेष रूप से फोकस करने की जरूरत है। इस बार मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम-1993 पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया गया है अतः इस अधिनियम से जुड़े प्रश्नों को अच्छे से तैयार करें। चूँकि सामान्य अध्ययन के प्रश्नपत्र में मध्यप्रदेश से संबंधित ढेरों प्रश्न पूछे जाते हैं। अतः मध्यप्रदेश के सामान्य ज्ञान की भी विशेष तैयारी जरूरी है।

एनसीईआरटी की 11वीं एवं 12वीं की पुस्तकें पढ़ना होता है लाभकारी

सामान्य अध्ययन प्रश्नपत्र की तैयारी हेतु सबसे पहले एनसीईआरटी की वे पुस्तकें जो 11वीं और 12वीं कक्षाओं में पाठ्यक्रम में निर्धारित हैं राज्य सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए पढ़ी जानी चाहिए। इनमें भारतीय इतिहास, भूगोल, राजनीतिक व्यवस्था, अर्थशास्त्र, आर्थिक नियोजन, संविधान और विज्ञान की पुस्तकें अत्यधिक महत्वपूर्ण अध्ययन संदर्भ हैं। सामान्य ज्ञान की ऐसी बुनियादी तैयारी के साथ-साथ प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी हेतु उपलब्ध स्तरीय मासिक पत्रिकाओं का अध्ययन आवश्यक होता है। सामान्य अध्ययन की तैयारी के लिए जहां एक ओर भारत सरकार के प्रकाशन- योजना, कुरुक्षेत्र, मध्यप्रदेश सरकार के प्रकाशन- पंचायिका, मध्यप्रदेश संदेश, 'रोज़गार और निर्माण'।

सामान्य अभिरुचि परीक्षण में संचार कौशल, तार्किकता, मानसिक योग्यता आदि होते हैं शामिल

अभिरुचि प्रश्नपत्र के पाठ्यक्रम के विभिन्न भागों में बोधगम्यता, संचार कौशल सहित अन्तर्वैयक्तिक कौशल, तार्किक तर्क एवं विश्लेषण योग्यता, निर्णय लेना एवं समस्या का समाधान करना, सामान्य मानसिक योग्यता, आधारभूत संख्यांकन तथा हिन्दी भाषा बोधगम्यता कौशल सम्मिलित हैं। बोधगम्यता का क्षेत्र उम्मीदवार की भाषा को समझने की क्षमता का परीक्षण करता है। इसमें गद्य अवतरण पर आधारित प्रश्नों के द्वारा यह परखा जाता है कि उम्मीदवार तथ्य खोजने, सूचनाओं का विश्लेषण करने, कथ्य की व्याख्या करने, दी गई सूचनाओं से निष्कर्ष निकालने तथा सूचनाओं के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष अर्थ को समझने में कितना दक्ष है। उम्मीदवार को सर्वप्रथम अवतरण को पढ़कर उसके निहितार्थ को समझने की कोशिश करनी चाहिए। एक बार गद्यांश पढ़कर मूल भाव को समझने में कठिनाई हो तो उसे एक से अधिक बार पढ़ें। जब तक निहितार्थ समझ में न आ जाए, दिए गए गद्यांश को बार-बार पढ़ें। निहितार्थ समझ लेने पर प्रश्नों का उत्तर देना बहुत आसान हो जाता है। संचार कौशल सहित अंतर्वैयक्तिक कौशल का उद्देश्य सामाजिक अंतःक्रिया के कारकों को समझने और उनका प्रबंधन करने की उम्मीदवार की योग्यता परखना है। प्रशासन के संदर्भ में, आंतरिक गुणों के रूप में व्यक्ति की उन आंतरिक क्षमताओं, व्यवहार, संवाद के गुण आदि को देखा-परखा जाता है, जिनका उपयोग वे प्रशासन संगठन में कार्यों की सफलता के लिए करते हैं। इस प्रकार के प्रश्नों का उत्तर काफी सोच समझकर दें। तार्किक तर्क एवं विश्लेषात्मक योग्यता संबंधी प्रश्न दिए गए विवरणों की कमांड, औपचारिक निगमनात्मक योग्यता, नियमों द्वारा व्यवहार को सीमित और आदेशित करने के ढंग से तथा समस्याएं हल करने के लिए डाटा के अनेक अंशों का उपयोग करने की योग्यता परखते हैं, अतः उम्मीदवारों में निम्नलिखित कौशलों का होना आवश्यक है। 1. सूचना को समझना। 2. सूचना का आरेखन। 3. सूचना को क्रम से लगाना (सीक्वेंसिंग)। यदि आप इन बातों को ध्यान रखते हुए प्रश्नपत्र के इस खंड को हल करेंगे तो निश्चित ही प्रश्नों के सही उत्तर दे पाएँगे।

पूछे जाते हैं निर्णय लेने और समस्या समाधान से संबंधित प्रश्न

निर्णय लेना एवं समस्या का समाधान करना प्रशासनिक व्यवहार का एक अहम बिन्दु है। निर्णय लेना एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके अन्तर्गत कोई व्यक्ति विभिन्न रणनीतियों या विकल्पों में से किसी एक विकल्प का चुनाव करता है। प्रश्नपत्र में निर्णय लेने और समस्या-समाधान से संबंधित प्रश्न पूछे जाएँगे जिनका उद्देश्य किसी जटिल स्थिति के प्रति उम्मीदवार की प्रतिक्रिया और उस स्थिति से उत्पन्न होने वाली समस्या का उपयुक्त समाधान ढूँढ़ने का उसका विवेकपूर्ण दृष्टिकोण परखना है। इस भाग में दी गई सूचनाओं एवं परिस्थितियों के आधार पर उम्मीदवार की निर्णय क्षमता को जांचा एवं परखा जाता है। प्रश्न साधारणतः कुछ परिस्थितियों से संबंधित होंगे, जिनके आधार पर आपको कोई कार्यवाही करनी होगी तथा बताना होगा कि उक्त कार्यवाही क्यों करनी चाहिए। वास्तविक जीवन, कानून एवं व्यवस्था, परिस्थितियाँ अथवा प्रशासनिक कथन और नीति एवं नैतिकता के आधार पर निर्णय लेने संबंधी प्रश्न इस क्षेत्र के अन्य महत्वपूर्ण भाग हैं।

सामान्य मानसिक योग्यता की परीक्षा में संख्यात्मक, शाब्दिक, अमूर्त या स्थानिक रीजनिंग के प्रश्न शामिल रहते हैं। इस प्रकार के प्रश्नों को हल करने के लिए यह आवश्यक है कि उम्मीदवार अपनी कल्पना शक्ति और स्थान बोध का भरपूर प्रयोग करे। प्रश्नों को हल करने की संपूर्ण प्रक्रिया एक मानसिक प्रक्रिया होती है, अतः उम्मीदवारों के लिए यह आवश्यक है कि वे विभिन्न स्थानिक पैटर्नों को अपनी कल्पना की आँखों से निर्धारित करने में विशिष्ट निपुणता का प्रयोग करें। मध्यप्रदेश राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के जनरल एप्टीट्यूट टेस्ट प्रश्नपत्र में एक भाग आधारभूत संख्यांकन और आंकड़ों का निर्वचन नाम से दिया गया है। वस्तुतः ये दोनों लंबे समय से विभिन्न परीक्षाओं के पाठ्यक्रम के अंग रहे हैं। गणित, विशेषकर आधारभूत संख्यांकन हमारे जीवन का अभिन्न अंग है और वह हमारे लिए उतना ही अपरिहार्य है, जितनी हमारे दिल की धड़कन । इस कारण आधारभूत संख्यांकन की जानकारी राज्य सेवा परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रशासक की नौकरी पाने के इच्छुक उम्मीदवार के लिए अनिवार्य है। आंकड़ों के निर्वाचन का वस्तुतः दिए गए आंकड़े का विश्लेषण करने, सार्थक निष्कर्षों पर पहुंचने और उपयुक्त निर्णय लेने की आपकी योग्यता का आकलन करना है। आंकड़ों की मांग इस तथ्य के कारण होती है कि किसी भी संगठन में उच्च पदों पर आसीन लोगों के पास प्रत्येक रिपोर्ट के विवरणों में जाने का समय नहीं होता, संगठित आंकड़ों की आवश्यकता भावी परिदृश्य के संबंध में वर्तमान स्थिति के वर्णन में उनकी उपयोगिता के कारण अनुभव की जाती है। आंकड़े विभिन्न घटनाओं जैसे कि विभिन्न क्षेत्रों में सरकारी खर्च, बजटीय विनिधान, प्रति व्यक्ति आय, जन्म दर, किसी महामारी के कारण मृत्यु-संख्या आदि के बीच संबंध प्रस्तुत कर सकते हैं। आंकड़ों का निर्वचन एक कला है, जिसमें आपको सिद्धहस्त होना चाहिए।

हिन्दी भाषा में बोधगम्यता कौशल खंड में हिन्दी में दिए गए बोधगम्यता आधारित प्रश्न पूछे जाएँगे। इस खंड का उद्देश्य उम्मीदवार की हिन्दी भाषा में गद्य को समझने की क्षमता का पता लगाना है। इस भाग में दिए गए लेखांशों को पढ़कर उचित निष्कर्ष पर पहुँचने की उम्मीदवार की अभिरुचि को परखा जाएगा। इसके साथ ही इस खंड में हिन्दी व्याकरण से जुड़े अनेक प्रश्न भी पूछे जा सकते हैं। इसलिए हिन्दी भाषा बोधगम्यता में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उम्मीदवार में किसी प्रश्न-समस्या का नियमों के आधार पर समाधान करने के लिए दी गई आधारभूत जानकारी को समझने की योग्यता का होना जरूरी है। यदि उम्मीदवार निरंतर अभ्यास करे और हिन्दी भाषा के व्याकरण पर अपनी पकड़ मजबूत करे तो वह इस खंड में बहुत आसानी से अच्छे अंक प्राप्त कर सकता है।

वे सभी प्रतियोगी जो आगामी मध्यप्रदेश राज्य सेवा परीक्षा-2019 के माध्यम से राज्य सेवा के प्रतिष्ठित पद पर चयनित होने का सपना संजो रहे हैं उन्हें चाहिए कि वे परिश्रम और आत्मविश्वास के संकल्प के साथ राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा की तैयारी करें। यदि पूरे मनोयोग से तैयारी करेंगे तो सफलता अवश्य ही मिलेगी।

- श्रीमती मीना भंडारी

(लेखिका, सुप्रसिद्ध कॅरियर काउंसलर हैं)

मध्यप्रदेश में पहली बार बिजली की अधिकतम मांग हुई 14 हजार 326 मेगावॉट

भोपाल, मध्यप्रदेश मे ऊर्जा सेक्टर के लिए वर्ष 2019 बिजली की अधिकतम मांग के लिए याद किया जाएगा। मध्यप्रदेश में पहली बार रबी सीजन में इस वर्ष 31 दिसम्बर को बिजली की अभी तक की अधिकतम मांग 14 हजार 326 मेगावॉट दर्ज की गई। बिजली की अधिकतम मांग की बिना व्यवधान के सफलतापूर्वक सप्लाई भी सुनिश्चित की गई। ऊर्जा मंत्री श्री प्रियव्रत सिंह ने एमपी पावर मैनेजमेंट, मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी, मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र, मध्य क्षेत्र और पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

बिजली की अधिकतम मांग बढ़ने का मुख्य कारण प्रदेश में कृषकों को 10 घंटे लगातार गुणवत्तापूर्ण बिजली सप्लाई और घरेलू उपभोक्ताओं को रोशनी के लिए 24 घंटे, सातों दिन बिजली की सप्लाई होना है। पिछले रबी सीजन में बिजली की अधिकतम मांग 5 जनवरी 2019 को 14 हजार 89 मेगावॉट दर्ज हुई थी।

प्रदेश में बिजली की मांग

मंगलवार को जब बिजली की अधिकतम मांग 14 हजार 326 मेगावॉट थी, उस समय मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (इंदौर और उज्जैन संभाग) में बिजली की अधिकतम मांग 5,624 मेगावॉट, मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (भोपाल और ग्वालियर संभाग) में 5 हजार 20 मेगावॉट और मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (जबलपुर, सागर और रीवा संभाग) में 3 हजार 682 मेगावॉट दर्ज हुई।

जीआईएस के आधार पर बन रहीं विकास योजनाएं

भोपाल, नगर तथा ग्राम निवेश संचालनालय द्वारा सभी विकास योजनाएं जीआईएस पर तैयार की जा रही हैं। इसके अंतर्गत 24 नगरों की विकास योजनाएं मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् के सहयोग से तैयार की जा चुकी हैं।

अमृत योजना में 5 नगरों की विकास योजना में जीआईएस के आधार पर बनायी जा चुकी हैं। एनआरएससी, हैदराबाद के माध्यम से 21 नगरों का सेटेलाइट डाटा प्राप्त किया गया है। प्रदेश के 16 नगरों की विकास योजनाओं से संबंधित भूमि उपयोग पत्र ऑनलाइन जारी किये जा रहे हैं।

जीआईएस स्टूडियो

नगरों की विकास योजनाएं तैयार करने के लिये जीआईएस स्टूडियो की स्थापना की गयी है। स्टूडियों में उपलब्ध उच्च स्तर के हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर और डाटा का लाभ प्रदेश के अन्य विभाग भी प्राप्त कर सकेंगे।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य हिन्दी

निर्देश - निम्नलिखित वाक्यों को संयुक्त वाक्य में बदलिये एवं सही विकल्प का चयन कीजिए -

1. **अपराध सिद्ध होने पर उसे सजा हुई?**
(A) अपराध सिद्ध हुआ और उसे सजा हुई
(B) अपराध सिद्ध हुआ पर सजा हो गई
(C) अपराधी को सजा हो गई
(D) अपराध सिद्ध होते ही उसे सजा हो गई

2. **बादल गरज रहे थे तेज वर्षा होने लगी?**
(A) बादल गरजते ही तेज वर्षा होने लगी
(B) बादल गरज रहे थे और तेज वर्षा होने लगी
(C) बादल गरजे और तेज वर्षा हुई
(D) बादलों के गरजने पर तेज वर्षा होने लगी

3. **लता के आते ही तबला बजने लगा?**
(A) लता तबला लाकर बजाने लगी
(B) जैसे ही लता तबला लाई, वह उसे बजाने लगी
(C) लता तबला लाई और उसे बजाने लगी
(D) जब तबला आया, लता उसे बजाने लगी

4. **शिक्षक कक्षा में आए उन्होंने पढ़ाना शुरू कर दिया?**
(A) शिक्षक कक्षा में आए और उन्होंने पढ़ाना शुरू कर दिया
(B) शिक्षक ने कक्षा में आते ही पढ़ाना शुरू कर दिया
(C) जब शिक्षक कक्षा में आए, तो उन्होंने पढ़ाना शुरू कर दिया
(D) शिक्षक कक्षा में आते ही पढ़ाना शुरू कर देते हैं

5. **सरस्वती ने नहाकर पूजा की?**
(A) सरस्वती नहाई और पूजा की
(B) सरस्वती ने पूजा की नहाकर
(C) नहाकर पूजा की सरस्वती ने
(D) सरस्वती ने पूजा की नहाई

6. **मेरे आंगन की हरी घास पर बच्चे खेल रहे हैं, इस वाक्य को मिश्र वाक्य में बदलें?**
(A) मेरे आंगन में जो हरी घास है, उस पर बच्चे खेल रहे हैं
(B) हरी घास आंगन की पर बच्चे खेल रहे हैं
(C) जो हरी घास है, उस पर बच्चे खेल रहे हैं
(D) मेरे आंगन में हरी घास है और उस पर बच्चे खेल रहे हैं

7. **जिसके सहारे शहनाई फूंकी जाती है, वह रीड़ पोली होती है। यह वाक्य है?**
(A) सरल
(B) संयुक्त
(C) मिश्र
(D) अन्य

8. **निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य चुनिए?**
(A) डॉक्टर के आते ही मरीज चल बसा
(B) डॉक्टर आया और मरीज चल बसा
(C) जब डॉक्टर आया, मरीज चल बसा
(D) डॉक्टर आता है, मरीज चल बसता है

9. **निम्न वाक्यों में मिश्र वाक्य चुनिए?**
(A) प्रथम आने वाला पुरस्कार पायेगा
(B) पुरस्कार पायेगा प्रथम आने वाला
(C) प्रथम पुरस्कार पायेगा आने वाला
(D) जो प्रथम आयेगा वह पुरस्कार पायेगा

10. **निम्नलिखित वाक्यों में सरल वाक्य चुनिए?**
(A) बच्चे नाश्ता करके स्कूल गये
(B) बच्चे स्कूल गये नाश्ता करके
(C) बच्चों ने नाश्ता किया और स्कूल गये
(D) बच्चे स्कूल जाते ही नाश्ता किए

निम्नलिखित प्रश्नों में सही विकल्प चुनिए -

11. **कोई** बालक रो रहा है। बोल्ड का पद परिचय है?
(A) सार्वनामिक विशेषण, एक वचन, पुल्लिंग
(B) अनिश्चय वाचक सर्वनाम, एक वचन, पुल्लिंग
(C) जाति वाचक संज्ञा, एक वचन, पुल्लिंग
(D) गुण वाचक विशेषण, एक वचन, पुल्लिंग

12. **मैं** धीरे-धीरे चलता हूँ। बोल्ड पद का परिचय दीजिए?
(A) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एक वचन, पुल्लिंग
(B) पुरुष वाचक सर्वनाम (उत्तम पुरुष), एक वचन, पुल्लिंग
(C) निश्चयवाचक सर्वनाम, स्त्रीलिंग, बहुवचन
(D) पुरुष वाचक सर्वनाम, स्त्रीलिंग, बहुवचन

13. हमें **देश पर** गर्व है (बोल्ड का पद परिचय दीजिए)?
(A) जाति वाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एक वचन, अधिकरणकारक
(B) व्यक्ति वाचक संज्ञा, एक वचन, पुल्लिंग
(C) व्यक्ति वाचक संज्ञा, बहुवचन स्त्रीलिंग
(D) गुणवाचक विशेषण, एक वचन, पुल्लिंग

14. **मुंबई** व्यावसायिक शहर है (बोल्ड का पद परिचय दीजिए)?
(A) व्यक्ति वाचक संज्ञा, एक वचन, स्त्रीलिंग
(B) व्यक्ति वाचक संज्ञा, एक वचन, पुल्लिंग
(C) जाति वाचक संज्ञा, एक वचन, पुल्लिंग
(D) जाति वाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एक वचन

15. लंका के राजा **रावण** ने सीता को चुराया (बोल्ड पद का पद परिचय दीजिए)?
(A) व्यक्ति वाचक संज्ञा, एक वचन, पुल्लिंग, कर्ताकारक
(B) जाति वाचक संज्ञा, एक वचन, पुल्लिंग
(C) पुरुष वाचक, सर्वनाम, एक वचन, कर्ता कारक
(D) व्यक्ति वाचक संज्ञा, बहुवचन, कर्म कारक

निर्देश :- निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार का नाम बतायें -

16. **सावन के अंधहि ज्यों सूझत रंग हरो?**
(A) रूपक
(B) अनुप्रास
(C) उपमा
(D) अन्योक्ति

17. **सहज सुभाय सुभग तन गोरे?**
(A) अतिशयोक्ति
(B) उत्प्रेक्षा
(C) रूपक
(D) अनुप्रास

18. **सोभा-सिंधु न अंत रही री?**
(A) श्लेष
(B) रूपक
(C) उपमा
(D) उत्प्रेक्षा

19. **चाटत रहो स्वान पातरि ज्यों कबहुँ न पेट भरो?**
(A) अनुप्रास
(B) रूपक
(C) उपमा
(D) अतिशयोक्ति

20. **हमारे हरि हारिल की लकरी?**
(A) अनुप्रास
(B) रूपक
(C) मानवीकरण
(D) उपमा

निर्देश :- निम्नलिखित संधि का सही विच्छेद लिखिए -

21. **परमार्थ?**
(A) परम + आर्थ
(B) पर + मार्थ
(C) परम + र्थ
(D) परम + अर्थ

22. **रवीन्द्र?**
(A) रवि + इन्द्र
(B) रावी + इन्द्र
(C) रावीइ + इन्द्र
(D) रवि + अनेन्द्र

23. **चन्द्रोदय?**
(A) चन्द्रो + उदय
(B) चन्द्र + अउदय
(C) चन्द्रो + दय
(D) चन्द्र + उदय

24. **पित्राज्ञा?**
(A) पितृ + ज्ञा
(B) पितृ + आज्ञा
(C) पि + तृआज्ञा
(D) पित्रा + आज्ञा

25. **नवीश?**
(A) नव + ईश
(B) नवी + ईश
(C) नौ + ईश
(D) नव + अवीश

निर्देश :- निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य का चयन करें

26.
(A) मेरा प्राण संकट में है
(B) मेरा संकट में प्राण है
(C) मेरे प्राण संकट में हैं
(D) मेरे संकट में प्राण हैं

27.
(A) मैंने अनेक कहानियां पढ़ी हैं
(B) मैंने अनेकों कहानियां पढ़ी हैं
(C) मैं अनेकों कहानी पढ़ी है
(D) मैं अनेक कहानियां पढ़ी हैं

28.
(A) दोनों की दशा एक-सी है
(B) दोनों की दशाएं एक सी हैं
(C) दोनों की एक सी दशाएं हैं
(D) दोनों की एक सी दिशा है

29.
(A) उसे भारी प्यास लगी है
(B) उसे प्यास भारी लगी है
(C) उसे प्यास बहुत लगी है
(D) उसे बहुत प्यास लगी है

30.
(A) सोहन ने श्याम की घड़ी चुरा लिया
(B) सोहन ने श्याम की घड़ी चुरा ली
(C) सोहन ने घड़ी चुरा लिया श्याम की
(D) सोहन ने चुरा ली घड़ी श्याम की

निर्देश :- निम्नलिखित शब्दों से शुद्ध शब्द का चयन कीजिए?

31.
(A) अनुष्टान
(B) अनुस्ठान
(C) अनुश्टान
(D) अनुष्ठान

32.
(A) दुरावस्था
(B) दुरवस्था
(C) दुरावास्ता
(D) दुरवास्ता

33.
(A) शीर्षक
(B) शीर्शक
(C) सीरपक
(D) शीर्सक

34.
(A) सप्ताहिक
(B) सप्ताहक
(C) साप्ताहिक
(D) साप्ताहका

35.
(A) रचयीता
(B) रचइता
(C) रचयिता
(D) रचईता

निर्देश :- निम्नलिखित शब्दों से तत्सम, तद्भव, देशज, विदेशज शब्दों का चयन कीजिए -

36. **स्तुति?**
(A) तद्भव
(B) तत्सम्
(C) विदेशज
(D) देशज

37. **कछुआ?**
(A) तद्भव
(B) तत्सम्
(C) देशज
(D) विदेशज

38. **भौजाई?**
(A) तद्भव
(B) तत्सम्
(C) देशज
(D) विदेशज

39. **पाहुना?**
(A) देशज
(B) तत्सम्
(C) तद्भव
(D) विदेशज

40. **मक्षिका?**
(A) तद्भव
(B) तत्सम्
(C) देशज
(D) विदेशज

निर्देश :- अनेक शब्दों के लिए एक शब्द का चयन करें

41. **अधिक बढ़ा-चढ़ाकर कहना?**
(A) प्रशंसा करना
(B) बढ़ाकर बताना
(C) अतिशयोक्ति
(D) स्तुति

42. **जिसके समान कोई दूसरा न हो?**
(A) असमान
(B) अद्वितीय
(C) समानता
(D) अलौकिक

43. **जो विधि के विरुद्ध हो?**
(A) अवैध
(B) वैध
(C) कानूनी
(D) विधिवत्

44. **जो इधर-उधर से घूमता-फिरता आ जाए?**
(A) भिखारी
(B) मेहमान
(C) आवारा
(D) आगन्तुक

45. **जिसके हृदय में ममता न हो?**
(A) अममता
(B) स्नेह
(C) निर्मम
(D) अमानवीय

निम्नलिखित पर्यायवाची शब्दों में से सही विकल्प का चयन करें -

46. **अनाज?**
(A) शस्य
(B) अवज्ञा
(C) राय बीज
(D) सोपान

47. **अभिजात?**
(A) अभी
(B) पूज्य
(C) अनन्त
(D) विपिन

48. **आक्षेप?**
(A) अजिर
(B) अभ्र
(C) अभियोग
(D) वृतांत

49. **आडम्बर?**
(A) स्वांग
(B) सहमति
(C) वृतान्त
(D) मानक

50. **एकल?**
(A) अनोखा
(B) अनुपम
(C) ऐक्य
(D) स्थिर

उत्तरमाला

(1)	A	(2)	B	(3)	C
(4)	A	(5)	A	(6)	A
(7)	C	(8)	C	(9)	D
(10)	A	(11)	B	(12)	B
(13)	A	(14)	A	(15)	A
(16)	C	(17)	D	(18)	B
(19)	C	(20)	A	(21)	D
(22)	A	(23)	D	(24)	B
(25)	C	(26)	C	(27)	A
(28)	B	(29)	D	(30)	B
(31)	D	(32)	B	(33)	A
(34)	C	(35)	C	(36)	B
(37)	A	(38)	A	(39)	C
(40)	B	(41)	C	(42)	B
(43)	A	(44)	D	(45)	C
(46)	A	(47)	B	(48)	C
(49)	A	(50)	B		

- डॉ. राम मनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं)

धैर्य, बुद्धिमत्ता का मित्र है – सेंट अगस्टीन

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण समसामयिक जानकारी

अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, प्रादेशिक और खेल घटनाक्रम वर्ष-2019

यूपीएससी, एमपीपीएससी, रेलवे, बैंकिंग, पीईबी एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में समसामयिक घटनाक्रम से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए 'रोज़गार और निर्माण' में वार्षिक और मासिक अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, प्रादेशिक और खेल घटनाक्रम प्रस्तुत किया जाता है। 'रोज़गार और निर्माण' के इस अंक में वर्ष 2019 के घटनाक्रम का प्रकाशन किया जा रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम

जनवरी

- अमेरिका और इजराइल आधिकारिक रूप से यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन) से अलग हो गये। अमेरिका यूनेस्को के संस्थापक सदस्यों में रहा है।
- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में पांच नये अस्थायी सदस्यों इंडोनेशिया, बेल्जियम, डोमिनिकन गणराज्य, जर्मनी तथा दक्षिण अफ्रीका ने 2 जनवरी से अगले दो वर्षों के लिये कार्यभार संभाल लिया है।
- शेख हसीना ने चौथी बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। वह आवामी लीग की नेता हैं।
- ग्रीस और मेसेडोनिया के मध्य एक समझौता हुआ, जिसके तहत मेसेडोनिया ने अपने देश का नाम बदलकर 'रिपब्लिक ऑफ नॉर्थ मेसेडोनिया' रख लिया है।
- यूनेस्को ने ब्राजील के शहर रियो डी जेनेरियो को वास्तुकला की वैश्विक राजधानी-2020 घोषित किया।
- फिलिस्तीन के प्रधानमंत्री रामी हमदल्लाह की नेतृत्व वाली सरकार ने इस्तीफा दे दिया है।
- संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और सऊदी अरब ने मिलकर ब्लॉकचेन पर आधारित वैकल्पिक डिजिटल मुद्रा 'अबेर' लॉन्च की।

फरवरी

- अमेरिकी प्रतिबंधों को किनारे लगाकर ईरान के साथ व्यापार जारी रखने के लिये जर्मनी, फ्रांस और इंग्लैंड ने ईरान के साथ एक अलग पेमेंट चैनल बनाने की घोषणा की है। इस चैनल का नाम INSTEX बताया गया है, जिसका फुल फॉर्म है, 'इंस्ट्रुमेंट इन सपोर्ट ऑफ ट्रेड एक्सचेंज'।
- संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबू धाबी में न्यायालय के आधिकारिक कार्यों में अरबी और अंग्रेजी के साथ ही हिंदी को तीसरी आधिकारिक भाषा का दर्जा दिया गया।
- इथियोपिया में 10 फरवरी को आयोजित अफ्रीकी महाद्वीपीय संघ के शिखर सम्मेलन में मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी अफ्रीकी संघ (African Union) के अध्यक्ष चुने गये।
- सूडान के राष्ट्रपति उमर अल बशीर ने 24 फरवरी को ताहिर ईल्ला को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया। इसके एक दिन पहले ही राष्ट्रपति ने सूडान में आपातकाल की घोषणा भी की थी।
- 91वें एकेडमी (ऑस्कर) अवॉर्ड में सर्वश्रेष्ठ फिल्म (पिक्चर) का खिताब 'ग्रीन बुक' ने जीता। इसके अलावा मैक्सिकन फिल्म 'रोमा' को विदेशी भाषा की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार मिला। इस फिल्म के निर्देशक अल्फोंसो कुरों थे, इन्हें भी सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार मिला।
- फिल्म 'बोहेमियन रैपसोडी' के लिए रामी मालेक को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और फिल्म 'द फेवरेट' के लिए ओलिविया कोलमैन को सर्वेश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। इसमें भारत की पृष्ठभूमि पर बनी एक डाक्यूमेंट्री फिल्म को पीरियड इंड ऑफ सेंटेंस को सर्वश्रेष्ठ शॉर्ट फिल्म का पुरस्कार मिला।

मार्च

- अमेरिका ने इजराइल के यरूशलम में अवस्थित अपने वाणिज्यिक दूतावास को बंद कर दिया।
- अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने अमेरिका-मैक्सिको सीमा पर दीवार निर्माण के लिये एक अरब डॉलर (6,891 करोड़ रुपये) की राशि को मंजूरी दे दी है।
- अमेरिका ने बी-1बी लांसर स्ट्रेटजिक स्टील्थ एयरक्राफ्ट के परिचालन पर रोक लगा दी।
- फ्रांस की राजधानी पेरिस में स्थित एफिल टॉवर 31 मार्च को 130 वर्ष का हो गया।

अप्रैल

- मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद की पार्टी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) को संसदीय चुनाव में दो तिहाई से ज्यादा बहुमत (65 सीटें) हासिल हुआ है। मालदीव की संसद (मजलिस) में कुल 87 सीटे हैं।
- अमेरिका ने 8 अप्रैल को 1979 में स्थापित ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गॉर्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) को विदेशी आतंकी संगठन घोषित कर दिया।
- आर्कटिक पर स्थित तसेवेनी क्लीवर सैन्य अड्डे पर मिसाइल लॉन्चर और हवाई रक्षा प्रणालियां तैनात करने वाला रूस दुनिया का पहला देश बना।
- फिनलैंड के आम चुनाव में एंटी रिनी के नेतृत्व वाली सोशल डेमोक्रेट्स पार्टी ने 17.7 प्रतिशत मत और 40 सीट पाकर जीत दर्ज की।
- ईरान की संसद में एक नए कानून के तहत अमेरिका की सभी सेनाओं को आतंकी संगठन घोषित कर दिया गया है। संसद में कानून बनने से पहले इस बिल के समर्थन में 215 में से 173 सांसदों ने वोट दिए थे।

मई

- जापान के पूर्व सम्राट अकिहितो के पुत्र नारोहितो जापान के 126वें सम्राट बने।
- थाईलैंड के नए सम्राट महा वजिरालॉन्गकोर्न बने। सम्राट वजिरालॉन्गकोर्न चक्री राजवंश के दसवें शासक हैं। यह राजवंश 1782 से शासन कर रहा है।
- नेपाल की वंदना ने 126 घंटे तक लगातार नृत्य करके गिनीज विश्व रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया।
- ऑस्ट्रेलिया के चुनाव में कंजरवेटिव पार्टी के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन को दोबारा जीत मिली।
- ओमान की साहित्यकार 40 वर्षीय जोखा अल्हार्थी को उपन्यास 'कैलेस्टियल बॉडीज' के लिए 2019 का प्रतिष्ठित मैन बुकर अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। अल्हार्थी पहली ऐसी महिला उपन्यासकार हैं, जिन्हें अरबी भाषा में लिखे गए उनके उपन्यास के लिए यह मशहूर पुरस्कार मिला है।

जून

- थेरेसा मे ने ब्रिटेन की प्रधानमंत्री के पद से 7 जून को इस्तीफा दे दिया।
- इस वर्ष शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के 19वें शिखर सम्मेलन का आयोजन 13-14 जून को किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में हुआ।
- इस वर्ष का जी-20 का सम्मेलन जापान के ओसाका में संपन्न हुआ।
- यूरोपीय संघ (ईयू) और दक्षिणी अमेरिकी इकोनॉमिक ब्लॉक (मैरकोसुर) ने 20 साल की बातचीत के बाद मुक्त व्यापार समझौते पर सहमति जताई है।
- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने 30 जून को डीएमजेड में मुलाकात की है। डीएमज़ेड यानी कि डीमिलिट्राइज्ड जोन अर्थात् यह उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया को विभाजित करने वाला एक असैन्यकृत इलाका है।

जुलाई

- अमेरिका ने बलूच अलगाववादी संगठन बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) को आतंकवादी समूह घोषित किया है।
- ईरान 8 जुलाई को परमाणु समझौता 2015 से अलग हो गया।
- अमेरिका में ब्रिटेन के राजदूत किम डेरोक ने लीक हुए ई-मेल को लेकर चल रहे कूटनीतिक विवाद के बीच इस्तीफा दे दिया।
- बोरिस जॉनसन 24 जुलाई को ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री बने।
- अमेरिकी प्रशासन ने ईरान के विदेश मंत्री मोहम्मद जवाद जरीफ पर प्रतिबंध लगा दिया है। अमेरिका ने आरोप लगाया कि जवाद ज़रीफ ने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अयातुल्ला खामेनई के लिए काम किया है।

अगस्त

- अमेरिका ने चीन को आधिकारिक तौर पर करेंसी मैनिपुलेटर देश की श्रेणी में डाल दिया है। करेंसी मैनिपुलेटर अर्थात् मुद्रा के साथ छेड़छाड़ करने वाला।
- परमाणु हथियारों को ले जाने में सक्षम मध्यम रेंज की बैलेस्टिक मिसाइल पर नियंत्रण रखने वाली आईएनएफ (इंटरमीडिएट-रेंज न्यूक्लियर फोर्सेस) संधि से अमेरिका अलग हो गया है। शीत युद्ध को खत्म करने के लिए और निरस्त्रीकरण की दिशा में काम करने के उद्देश्य से वर्ष 1987 में अमेरिकी राष्ट्रपति रॉनल्ड रीगन और सोवियत संघ के नेता मिखाइल गोर्बाचेव द्वारा यह संधि अमल में लाई गई थी।
- 'लंग्स ऑफ द प्लेनेट' के नाम से मशहूर ब्राजील के अमेजन के जंगलों में कई दिनों तक भीषण आग लगी रही। अमेजन के जंगलों से दुनिया का 20 फीसदी ऑक्सीजन प्राप्त होता है।

सितंबर

- इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने देश की राजधानी को ज़कार्ता से बोर्नियो द्वीप पर पूर्वी कालीमंतन प्रांत में स्थानांतरित करने की घोषणा की।
- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन को पद से हटा दिया। इसके बाद अमेरिकी विदेश विभाग में बंधक मामलों के विशेष राजदूत के रूप में कार्यरत रॉबर्ट सी ओ ब्रायन को नया राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाया गया है।
- संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेश ने भारतीय सेना के पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल अभिजीत गुहा को यमन मिशन का प्रमुख नियुक्त किया है।
- अबू धाबी में 9 से 12 सितंबर तक 24वीं विश्व ऊर्जा कांग्रेस का आयोजन किया गया। इसकी थीम 'समृद्धि के लिए ऊर्जा' थी।
- वैटिकन ने बांग्लादेश के नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर युनुस को 'लैंप ऑफ़ पीस ऑफ़ सेंट फ्रांसिस' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- श्रीलंका की राजधानी कोलोंबो में दक्षिण एशिया के सबसे ऊंचे टावर 'लोटस टावर' का अनावरण किया गया। इस टावर की ऊंचाई 350 मीटर है।

अक्टूबर

- संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की स्थाई प्रतिनिधि मलीहा लोधी को हटा दिया गया। लोधी की जगह मुनीर अकरम को संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान का स्थाई प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है।
- इस वर्ष का बुकर पुरस्कार संयुक्त रूप से मार्गरेट एटवुड और बर्नार्डिन एवरिस्टो को दिया गया है।
- कनाडा में हुये आम चुनाव में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। लिबरल पार्टी को 338 में से 157 सीटें मिलीं।
- आईएसआईएस प्रमुख अबु बकर अल-बगदादी को अमेरिकी सुरक्षाबलों ने सीरिया में मार गिराया।
- यूरोपीय संघ (ईयू) ने ब्रेक्जिट टालने का यूनाइटेड किंगडम का अनुरोध स्वीकार करते हुए इसे 31 जनवरी 2020 तक टाल दिया है। पहले ब्रेक्जिट की तारीख 31 अक्टूबर थी।
- कैस सईद को ट्यूनीशिया का नया राष्ट्रपति चुना गया। कैस सईद ने राष्ट्रपति के चुनावों में 72.7% वोट हासिल किये, उन्होंने चुनाव में अपने प्रतिद्वंदी नाबिल करोई को पराजित किया।
- अमेरिकी सेना ने Minuteman III अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया है।

नवंबर

- शेख खलीफा बिन जायद अल नाह्यान संयुक्त अरब अमीरात के दोबारा राष्ट्रपति चुने गये।
- बोलीविया के राष्ट्रपति ईवो मोरालेस ने चुनाव में गड़बड़ियों के आरोप के चलते इस्तीफा दे दिया और मैक्सिको में राजनीतिक शरण ले ली।
- श्रीलंका में हुए राष्ट्रपति चुनाव में गोटबाया राजपक्षे की जीत हुई है, जबकि उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी और सत्ताधारी यूनाइटेड नेशनल पार्टी के उम्मीदवार साजित प्रेमदासा की हार हुई।
- स्पेन की राजधानी मेड्रिड में वार्षिक जलवायु सम्मेलन 'COP-25' (कांफ्रेंस ऑफ़ पार्टीज) का आयोजन किया गया। दरअसल, चिली देश में जारी विरोध प्रदर्शन के चलते 'COP-25' की मेजबानी से अलग हो गया था।
- 35वें आसियान शिखर सम्मेलन का आयोजन थाईलैंड के बैंकॉक में किया गया।
- अमेरिका और बांग्लादेश के बीच Cooperation Afloat Readiness and Training (CARAT) - 2019 नामक नौसैनिक अभ्यास का आयोजन बांग्लादेश के चटगांव में किया गया।
- 11वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन ब्राजील में किया गया। इस सम्मेलन का विषय 'इकोनॉमिक ग्रोथ फॉर एन इन्नोवेटिव फ्यूचर' था।
- पेप्सीको की पूर्व सीईओ इंदिरा नूई और अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस को अमेरिका की प्रतिष्ठित नेशनल पोर्ट्रेट गैलरी में शामिल किया गया।

दिसंबर

- फिनलैंड की सोशल डेमोक्रेट पार्टी ने प्रधानमंत्री पद के लिए 34 वर्षीय सना मारिन को चुना है। वह दुनिया की सबसे कम उम्र की प्रधानमंत्री बनीं।
- स्वीडन की पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग 2019 की 'टाइम पर्सन ऑफ द ईयर' चुनी गई हैं।
- सऊदी अरामको की लिस्टिंग के बाद बाज़ार पूंजीकरण के लिहाज़ से जर्मनी, कनाडा और भारत को पछाड़कर सऊदी अरब दुनिया का 7वां सबसे बड़ा शेयर बाजार बन गया है। पहले स्थान पर अमेरिका, दूसरे पर चीन, तीसरे पर जापान, चौथे पर हांगकांग, पांचवे पर यूके और छठवें पर फ्रांस है। इस लिस्ट में भारत का नंबर 10वां है।
- यूनाइटेड किंगडम (यूके) के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन की कंज़र्वेटिव पार्टी ने आम चुनावों में 650 में से 365 सीटें जीती हैं। इन चुनावों में लेबर पार्टी ने 203 जीती हैं। गौरतलब है कि लेबर पार्टी के नेता जेरेमी कॉर्बिन उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी थे।
- वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम द्वारा जारी जेंडर गैप इंडेक्स में भारत 112वें स्थान पर है। वहीं, नेपाल 101वें, श्रीलंका 102वें, चीन 106वें, भूटान 131वें और पाकिस्तान 151वें स्थान पर है। सूची में सबसे ऊपर आइसलैंड है, जबकि सबसे निचले पायदान पर यमन है।
- मिस वर्ल्ड 2019 प्रतियोगिता का खिताब जमैका की 23 वर्षीय टोनी ऐन सिंह ने जीता।
- क्यूबा के राष्ट्रपति मिगेल डियाज़ कैनल ने पर्यटन मंत्री मैनुएल मरेरो क्रूज़ को देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। मरेरो 1976 के बाद प्रधानमंत्री बनने वाले पहले व्यक्ति हैं।
- अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात की सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'आयरन यूनियन 12' का आयोजन किया गया।
- साउथ अफ्रीका की जोजिबिनी टूंजी ने मिस यूनिवर्स 2019 का खिताब जीता।
- सऊदी अरब को G20 की अध्यक्षता प्रदान की गयी है। इससे पहले अध्यक्षता जापान के पास थी।
- पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ को 2007 में संविधान को निलंबित कर देश में आपातकाल लगाने के मामले में मौत की सजा सुनाई गई।

राष्ट्रीय घटनाक्रम

जनवरी

- 106वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस का आयोजन 3 से 7 जनवरी तक लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, जालंधर में किया गया। इसकी थीम 'भावी भारत:विज्ञान और प्रौद्योगिकी' थी।
- महिला और बाल विकास मंत्रालय ने ऑनलाइन अभियान वेब वंडर वुमन लॉन्च किया।
- 12 जनवरी को चंडीगढ़ स्थित लेजर वैली में छठे 'भारतीय महिला जैविक उत्सव' का शुभारंभ हुआ।
- 14 जनवरी को हैदराबाद के जीएमसी बालयोगी स्टेडियम, गाचीबावली में 'प्रथम एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के स्पोर्ट्स मीट - 2019' का शुभारंभ हुआ।
- वर्ष 2019 के लिए गाजियाबाद स्थित राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की आठवीं बटालियन को आपदा प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य के लिए सुभाष चन्द्र बोस आपदा पुरस्कार हेतु चयनित किया गया है।
- सरकार ने श्री नानाजी देशमुख (मरणोपरांत), डॉ. भूपेन हजारिका (मरणोपरांत) और श्री प्रणब मुखर्जी को भारत रत्न प्रदान करने की घोषणा की।

फरवरी

- श्री ऋषि कुमार शुक्ला को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) का निदेशक नियुक्त किया गया।
- उमाकांत गुन्देचा और रमाकांत गुन्देचा, योगेश समसी, रमा वैद्यनाथम, सुनील शानबाग, अनवर खान सहित 42 लोगों को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार-2017 प्रदान किये गये।
- पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में कलकत्ता उच्च न्यायालय की सर्किट पीठ की स्थापना को मंजुरी दी गई।
- 15 फरवरी को कोर ऑफ सिग्नल्स की 108वीं वर्षगांठ मनाई गई। इसकी स्थापना 1911 में हुई थी।
- भारत ने पाकिस्तान को दिया गया MFN (मोस्ट फेवर्ड नेशन) का दर्जा वापस लिया। भारत ने पाकिस्तान को 1996 में यह दर्जा दिया था।
- अमृत शहरों-रायगढ़, अंबिकापुर और कुंभकोणम् के नगर निगमों ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्वछता उत्कृष्टता पुरस्कार- 2019 हासिल किया।
- वर्ष 2014, 2015 और 2016 के लिए टैगोर सांस्कृतिक सद्भावना पुरस्कार क्रमशः श्री राजकुमार सिंहजीत सिंह, छायानट (बांग्लादेश का एक सांस्कृतिक संगठन) और श्री राम वनजी सुतार को प्रदान किए गए।
- राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी द्वारा 'कृषि क्रांति के लिए नवाचार' विषय पर नई दिल्ली में 14वें कृषि विज्ञान सम्मेलन का आयोजन किया गया।

मार्च

- राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने 11 मार्च को अपना 34वां स्थापना दिवस मनाया। एनसीआरबी का गठन 1986 में किया गया था।
- साहा इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूक्लियर फिजिक्स, कोलकाता के निदेशक डॉ. ए. के. मोहंती ने 12 मार्च को भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र (बीएआरसी) के निदेशक का पदभार संभाला।
- भारत और अफ्रीकी देशों के बीच अफ्रीका-भारत फील्ड प्रशिक्षण अभ्यास-2019 का आयोजन किया गया। इस अभ्यास में 17 अफ्रीकी देशों ने भाग लिया।
- न्यायमूर्ति श्री पिनाकी चन्द्र घोष देश के पहले लोकपाल नियुक्त हुए।
- वाइस एडमिरल करमबीर सिंह को देश का नया नौसेना प्रमुख नियुक्त किया गया। उन्होंने नौसेना प्रमुख एडमिरल सुनील लांबा का स्थान लिया।

अप्रैल

- भारत और सिंगापुर के बीच 12वां संयुक्त सैन्य अभ्यास 'बोल्डर कुरूक्षेत्र-2019' 11 अप्रैल को सम्पन्न हुआ।
- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने देश में विकसित लम्बी दूरी तक मार करने वाले सब-सोनिक क्रूज प्रक्षेपास्त्र 'निर्भय' का 15 अप्रैल को चांदीपुर ओडिशा स्थित परीक्षण स्थल से सफल परीक्षण किया।
- श्री राजेन्द्र कुमार नायक ने 22 अप्रैल को 52वें रक्षा लेखा महानियंत्रक (सीजीडीए) के रूप में पदभार संभाला।

मई

- एयर मार्शल राकेश कुमार सिंह भदौरिया वायुसेना के उपप्रमुख बने।
- प्रधानमंत्री के अपर प्रधान सचिव डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा को संयुक्त राष्ट्र के आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यालय (यूएनडीआरआर) की ओर से प्रतिष्ठित सासाकावा पुरस्कार-2019 से सम्मानित किया गया।
- भारत के पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (पीएसएलवी-सी46) ने आंध्रप्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से रीसैट-2बी को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया।
- केंद्र सरकार ने जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश अथवा जमात-उल-मुजाहिदीन भारत या जमात-उल-मुजाहिदीन हिंदुस्तान और इसकी सभी गतिविधियों पर गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धारा 35 के उप-खंड (1) की धारा (क) के तहत सभी गतिविधियों और अभिव्यक्तियों पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया।

जून

- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 12 जून को ओडिशा के तट के निकट डॉ. अब्दुल कलाम द्वीप से टेक्नोलॉजी डेमोंस्ट्रेटर व्हीलकल लॉन्च किया।
- सत्रहवीं लोकसभा के अध्यक्ष के रूप में श्री ओम बिडला को सर्वसम्मति से चुना गया।
- नीति आयोग ने 'स्वस्थ राज्य, प्रगतिशील भारत' रिपोर्ट का दुसरा संस्करण जारी किया। रिपोर्ट में बड़े राज्यों में केरल, आंध्रप्रदेश और महाराष्ट्र को समग्र प्रदर्शन की दृष्टि से शीर्ष रैंकिंग दी गई है, जबकि हरियाणा, राजस्थान और झारखंड वार्षिक वृद्धिशील प्रदर्शन की दृष्टि से शीर्ष तीन राज्ये हैं। छोटे राज्यों में समग्र प्रदर्शन के आधार पर मिजोरम को शीर्ष रैंकिंग दी गई है। इसके बाद मणिपुर का नंबर आता है तथा वार्षिक वृद्धिशील प्रदर्शन के आधार पर त्रिपुरा को शीर्ष रैंकिंग दी गई है और उसके बाद मणिपुर का नंबर आता है।

जुलाई

- अजरबैजान के बाकू में आयोजित यूनेस्को विश्व हेरिटेज समिति के 43वें सत्र के दौरान भारत के गुलाबी शहर जयपुर को यूनेस्को की विश्व हेरिटेज सूची में शामिल कर लिया गया। इसके साथ ही भारत में कुल 38 विश्व विरासत स्थल हो गये हैं, जिसमें 30 सांस्कृतिक स्थल, 7 प्राकृतिक स्थल और 1 मिश्रित स्थल हैं।
- वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग में राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद् की महानिदेशक सुश्री अमिता प्रसाद को सचिव के अस्थायी ग्रेड पर नौवहन मंत्रालय में भारतीय अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण में अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- राष्ट्रपति ने मध्यप्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल का तबादला करके उत्तरप्रदेश के राज्यपाल के रूप में नियुक्त किया। इसके साथ ही श्री जगदीप धनखड़ को पश्चिम बंगाल का राज्यपाल, श्री रमेश बैस को त्रिपुरा का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। बिहार के राज्यपाल श्री लाल जी टंडन का तबादला करके मध्यप्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया। श्री फागु चौहान को बिहार का राज्यपाल तथा श्री आर.एन. रवि को नगालैंड का राज्यपाल नियुक्ति किया गया।

अगस्त

- भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1986 बैच के अधिकारी डॉ. गुरुप्रसाद महापात्र ने उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) में सचिव पद का कार्यभार संभाला। डीपीआईआईटी में सचिव पद का कार्यभार संभालने से पूर्व वह भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) में अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे।
- भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक डॉ. विक्रम साराभाई के शताब्दी वर्ष समारोह के अंग के रूप में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अंतरिक्ष विज्ञान, अनुप्रयोगों और अनुसंधान के क्षेत्र में सक्रिय योगदान देने वाले पत्रकारों को मान्यता देने और पुरस्कृत करने के लिए 'अंतरिक्ष विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान में विक्रम साराभाई पत्रकारिता पुरस्कार' की घोषणा की है।
- ई- गवर्नेंस पर 22वें राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन मेघालय की राजधानी शिलांग में किया गया। सम्मेलन का विषय 'डिजिटल इंडिया : सफलता से उत्कृष्टता' था।

66वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

- गुजराती फिल्म 'हेलारो' को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म और स्वस्थ मनोरंजन देने के लिए 'बधाई हो' फिल्म को सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म चुना गया।
- सामाजिक विषयों पर सर्वश्रेष्ठ फिल्म 'पैडमैन' को चुना गया है, जबकि कन्नड़ फिल्म 'ऑनडाला इराडाला' को राष्ट्रीय एकता पर सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का नरगिस दत्त पुरस्कार देने की घोषणा की गई है।
- आयुष्मान खुराना को 'अंधाधुन' तथा विक्की कौशल को 'उरी : द सर्जिकल स्ट्राइक' फिल्मों के लिए संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता चुना गया तथा कीर्ति सुरेश को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री चुना गया।
- आदित्य धर को 'उरी : द सर्जिकल स्ट्राइक' फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक चुना गया।
- उत्तराखंड को सिनेमा अनुकूल सर्वश्रेष्ठ राज्य घोषित किया गया है।

- तमिलनाडु राज्य के डिंडीगुल जिले के पलानी शहर के पलानीपंचामिर्थम, मिजोरम राज्य के तवलोहपुआन और मिजोपुआनचेई तथा केरल के तिरुर के पान के पत्तें को जीआई टैग मिला।
- केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्यूडी) के महानिदेशक श्री प्रभाकर सिंह को उत्कृष्ट इंजीनियर पुरस्कार-2019 के लिए चुना गया।
- श्री राजीव गाबा ने भारत सरकार के कैबिनेट सचिव का पदभार संभाला। यह पदभार उन्होंने श्री पी.के. सिन्हा के सेवानिवृत्त होने के बाद संभाला।

सितंबर

- हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल श्री कलराज मिश्र का स्थानांतरण कर उन्हें राजस्थान का राज्यपाल नियुक्त किया गया। इसके साथ ही श्री भगत सिंह कोश्यारी को महाराष्ट्र, श्री बंडारू दत्तात्रेय को हिमाचल प्रदेश, श्री आरिफ मोहम्मद खान को केरल तथा डॉ. तमिलिसाई सुंदरराजन को तेलंगाना का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।
- एसोसिएशन ऑफ वर्ल्ड इलेक्शन बॉडीज (ए-वेब) की चौथी महासभा बेंगलुरु में आयोजित की गई। इस दौरान भारत ने 2019-21 के लिए ए-वेब के अध्यक्ष का कार्यभार संभाला।
- 3 सितंबर, 2019 को जहाजरानी महानिदेशालय की स्थापना के 70 साल पूरे हुए। जहाजरानी महानिदेशालय की स्थापना 1949 में की गई थी।
- श्री पी.के. सिन्हा को प्रधानमंत्री का प्रधान सलाहकार नियुक्त किया गया।
- डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा को प्रधानमंत्री का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया।
- भारत और थाइलैंड के बीच मैत्री 2019 नामक संयुक्त सैन्य अभ्यास 16 सितम्बर से 29 सितम्बर तक मेघालय के उमरोई में फॉरेन ट्रेनिंग नोड में आयोजित किया गया।
- भारत ग्लोबल एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट (एएमआरआरएंडडी) हब में शामिल हुआ।
- भारतीय वायुसेना, सिंगापुर गणराज्य नौसेना (आरएसएन) और रॉयल थाईलैंड नौसेना (आरटीएन) के बीच पहला त्रिपक्षीय अभ्यास पोर्टब्लेयर में आयोजित किया गया।
- भारत, जापान और अमरीका की नौसेनाओं के बीच त्रिपक्षीय समुद्रीय अभ्यास मालाबार का 23वां संस्करण आयोजित किया गया।

अक्टूबर

- एयर मार्शल हरजीत सिंह अरोड़ा वायुसेना के उप प्रमुख बने।
- भारतीय सेना और मालदीव की नेशनल डिफेंस फोर्स का दसवां संयुक्त सैन्य अभ्यास 'एक्यूवरिन' आयोजित किया गया। इसका पहला संस्करण 2009 में हुआ था।
- भारत और मंगोलिया के बीच संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास नोमाडिक एलीफैंट का आयोजन किया गया।
- भारत और कज़ाकिस्तान की सेना के बीच चौथा वार्षिक सैन्य अभ्यास काजिंद - 2019 पिथौरागढ़ में आयोजित किया गया।
- भारत और जापान के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन-2019' का आयोजन किया गया।
- भारत और ओमान के बीच एक्स ईस्टर्न ब्रिज - V द्विपक्षीय संयुक्त अभ्यास आयोजित किया गया।
- जम्मू और कश्मीर के राज्यपाल श्री सत्यपाल मलिक को गोवा के राज्यपाल के रूप में स्थानांतरित और नियुक्त किया गया। इसके साथ ही श्री पी.एस. श्रीधरन पिल्लई को मिजोरम का राज्यपाल, श्री गिरीश चंद्र मुर्मू को जम्मू-कश्मीर का उपराज्यपाल तथा श्री राधा कृष्ण माथुर को लद्दाख का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है।

नवंबर

- तंबाकू बोर्ड ऑफ इंडिया को वर्ष 2019 के लिए सबसे प्रभावशाली सार्वजनिक सेवा पहल श्रेणी में गोल्डन लीफ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार बोर्ड को भारत में फ्ल्यू-क्योर वर्जीनिया (एफसीवी) तंबाकू की खेती में विभिन्न दीर्घकालिक (हरी) पहलों की शुरुआत करने के उसके प्रयासों के लिए दिया गया।
- यूनेस्को ने फिल्म के क्षेत्र में मुंबई और पाक-कला के क्षेत्र में हैदराबाद को यूनेस्को के क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क (यूसीसीएन) के सदस्य के रूप में नामित किया। यूसीसीएन का गठन 2004 में हुआ था। इसमें उन शहरों के नाम शामिल है, जो अपने-अपने देशों में सांस्कृतिक गतिविधियों के सक्रिय केन्द्र हैं। यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क में अब कुल 246 शहर हो गये हैं।
- ले. जनरल अनूप बनर्जी ने सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (एएफएमएस) के महानिदेशक का पदभार संभाला।
- एयर मार्शल मानवेंद्र सिंह ने वायुसेना मुख्यालय में महानिदेशक (निरीक्षण एवं सुरक्षा) पद का कार्यभार संभाला।
- एयर मार्शल अमित देव ने वायुसेना मुख्यालय वायु भवन में एयर ऑफिसर इंचार्ज (कार्मिक) के रूप में कार्यभार संभाला।
- भारतीय नौसेना और इंडोनेशियाई नौसेना के बीच संयुक्त युद्धाभ्यास 'समुद्र शक्ति' आयोजित किया गया।
- भारत और अमरीका के बीच पहला भारत-अमरीकी संयुक्त त्रिसेना मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (एचएडीआर) अभ्यास 'टाइगर ट्रिम्फ' पूर्वी समुद्री तट पर अयोजित किया गया।
- भारतीय और फ्रांसीसी सेना के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'शक्ति-2019' का आयोजन किया गया।
- श्री न्यायमूर्ति शरद अरविंद बोबड़े भारत के उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बने।
- भारतीय नौसेना और कतर की शाही नौसेना के बीच दोहा के निकट 'ज़ायर-अल-बह' (सागर की दहाड़) संयुक्त अभ्यास आयोजित किया गया।
- लोकपाल का आदर्श वाक्य 'मा गृधः कस्यस्विद्धनम्' अपनाया गया।

दिसम्बर

- श्री हरि मोहन ने ऑर्डनेंस फैक्टरी बोर्ड (ओएफबी) के अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला। श्री मोहन ने सेवानिवृत हो चुके श्री सौरभ कुमार की जगह ली है।
- श्रीमती सोमा रॉय बर्मन ने लेखा महानियंत्रक के रूप में कार्यभार संभाला। वे देश की 24वीं लेखा महानियंत्रक हैं और इस सम्मानित पद को धारण करने वाली सातवीं महिला हैं।
- भारत और चीन के बीच 8वें संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास 'हैंड-इन-हैंड 2019' का आयोजन किया गया।
- लेफ्टिनेंट जनरल पोडाली शंकर राजेश्वर अंडमान एवं निकोबार कमान के 14वें कमांडर-इन-चीफ बने।
- भारत और नेपाल की सेनाओं के बीच 14वां द्विपक्षीय वार्षिक सैन्य अभ्यास सूर्य किरण-14 आयोजित किया गया।
- भारत और रूस के बीच तीनों सेनाओं का अभ्यास इंद्र 2019 का आयोजन किया गया।
- उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल मनोज मुकुंद नरवाने सेना प्रमुख बने।
- वॉशिंगटन डी.सी. में राजदूत श्री हर्ष वर्धन श्रृंगला भारत के विदेश सचिव होंगे। श्री श्रृंगला, श्री विजय केशव गोखले का स्थान लेंगे।
- जनरल बिपिन रावत देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बने।

प्रादेशिक घटनाक्रम

जनवरी

- पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री के अनुसार ग्राम-सभाओं में महिलाओं की विशेष भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को 'सबला महिला सभा' तथा 19 नवम्बर को 'प्रियदर्शनी महिला सभा' का आयोजन किया जायेगा।
- राज्य शासन द्वारा एम.एस.एम.ई. विकास नीति-2017 में नया प्रावधान जोड़ा गया। इस नीति के तहत प्रावधानित रियायतों एवं अन्य सुविधाओं का लाभ लेने वाली इकाइयों को कुल रोज़गार का 70 प्रतिशत रोज़गार मध्यप्रदेश के स्थाई निवासियों को दिया जाना अनिवार्य होगा।
- किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री ने 'ई-कृषि सेवा' मोबाइल एप लॉन्च किया।
- मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने 'जय किसान फसल ऋण माफी योजना' का शुभारंभ किया।
- पुणे में आयोजित 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' में प्रदेश के खिलाड़ियों ने कुल 31 पदक जीते।

फरवरी

- खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री ने दाल वितरण योजना का शुभारंभ किया गया। इसमें एक करोड़ 17 लाख पात्र परिवारों को प्रति माह 4 किलोग्राम के मान से दाल प्रदाय की जाएगी।
- स्पेन में 'फितूर' कार्यक्रम में मध्यप्रदेश पर्यटन को टीवीसी का अंतर्राष्ट्रीय अवॉर्ड मिला।
- राज्य शासन ने तेंदुपत्ता संग्राहकों की पारिश्रमिक दर में 500 रुपये प्रति मानक बोरा की वृद्धि की है। अब 2500 रुपये प्रति मानक बोरा पारिश्रमिक का भुगतान किया जायेगा।
- प्रदेश के चार शहरों रीवा, शहडोल, छतरपुर और रतलाम में श्रमोदय विद्यालय खोले जायेंगे।
- मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने बेरोज़गार युवाओं के लिये मुख्यमंत्री 'युवा स्वाभिमान योजना' की शुरुआत की।
- प्रदेश की मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल और पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर को 100-100 करोड़ रुपये का सौभाग्य अवॉर्ड (प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना) प्रदान किया गया।

मार्च

- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री वी.एल. कान्ता राव ने कहा कि चुनाव आयोग के निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार प्रदेश में चार चरणों में चुनाव होंगे। सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनावों में चौथे, पांचवें, छटवें और सातवें चरण में मध्यप्रदेश के 29 लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव हुये।
- प्रदेश में चौथे चरण में 6 लोकसभा क्षेत्र सीधी, शहडोल, जबलपुर, बालाघाट, मण्डला और छिन्दवाड़ा में मतदान हुआ। पांचवें चरण में सात लोकसभा क्षेत्र टीकमगढ़, दमोह, सतना, रीवा, खजुराहो, होशंगाबाद और बैतूल लोकसभा क्षेत्र में चुनाव हुआ। छठवें चरण में आठ लोकसभा क्षेत्र मुरैना, भिण्ड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल और राजगढ़ में मतदान हुआ। सातवें और अंतिम चरण में आठ लोकसभा क्षेत्र देवास, उज्जैन, इंदौर, धार, मन्दसौर, रतलाम, खरगौन और खण्डवा में मतदान हुआ।
- लोकसभा निर्वाचन-2019 में ईव्हीएम का परिवहन करने वाले वाहनों पर GPS लगाया गया।

अप्रैल

- मतदान प्रक्रिया में दिव्यांग मतदाताओं की सक्रिय एवं रचनात्मक भागीदारी सुनिश्चित कराने के प्रयास किये गये। दृष्टि-बाधित मतदाताओं के लिये ब्रेल सुविधाओं वाली मतदाता पर्ची, ब्रेल मतदाता पहचान-पत्र तथा वोटर गाइड तैयार की गई, जिन्हें जिलों में बीएलओ के माध्यम से वितरित कराया गया।
- लोकसभा निर्वाचन-2019 के दौरान मध्यप्रदेश के लिये फिल्म अभिनेता कार्तिक आर्यन को स्टेट आईकॉन बनाया गया। गोविन्द नामदेव, पलक मुछाल एवं देशना जैन को भी स्टेट आईकॉन नियुक्त किया गया।

मई

- ईरान में आयोजित वर्ल्ड हेल्थ समिट में भोपाल के शासकीय यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय के डॉ. सैय्यद मोहम्मद अब्बास जैदी ने देश का प्रतिनिधित्व किया।
- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद् की बैठक में आदिवासी संस्कृति के देव-स्थानों के संरक्षण एवं देव-दर्शन की योजना को मंजूरी दी गई। इसके साथ ही मंत्रि-परिषद् ने रेत (खनन, परिवहन, भण्डारण एवं विपणन) नियम 2019 का अनुमोदन किया। इस नियम के प्रावधानों के अधीन रेत खदानों की समूह बनाकर नीलामी की जायेगी।
- राज्य शासन द्वारा गठित मठ-मंदिर सलाहकार समिति के नव-नियुक्त अध्यक्ष स्वामी श्री सुबोधानंद महाराज ने पदभार ग्रहण किया।

जून

- मंत्रि-परिषद् की बैठक में शासकीय सेवकों, स्थाई कर्मियों, पंचायत सचिवों एवं पेंशनर्स/परिवार पेंशनर्स के सातवें वेतनमान में महंगाई भत्ते/राहत में एक जनवरी, 2019 से 3 प्रतिशत की वृद्धि करने का निर्णय लिया गया।
- श्री नामदेव दास त्यागी उर्फ कम्प्यूटर बाबा ने मंत्रालय में नर्मदा, क्षिप्रा एवं मन्दाकिनी नदी न्यास के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया।
- मालवा क्षेत्र में स्थित इंदौर शहर के सिरपुर तालाब को राष्ट्रीय महत्व के वेटलैण्ड के रूप में चिन्हित किया गया।
- प्रदेश में 24 जून से 'स्कूल चलें हम' अभियान की शुरुआत हुई।
- मंत्रि-परिषद् की बैठक में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई.डब्ल्यू.एस) को 10 प्रतिशत आरक्षण की मंजूरी दी गई।
- मध्यप्रदेश सरकार सोलर पंप के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ काम करने वाले राष्ट्र को विनोबा भावे अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार देगी।

जुलाई

- प्रदेश में तालाबों के संरक्षण और जल भराव की जानकारी संधारण करने के लिए पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को) ने जियोग्राफिकल इनफॉर्मेशन सिस्टम (जीआईएस) बेस्ड वेब पोर्टल तैयार किया है।
- मध्यप्रदेश का खण्डवा जिला वर्ष 2019 के जनवरी-फरवरी महीनों में देशभर में स्वास्थ्य और पोषण के परिप्रेक्ष्य में अव्वल स्थान पर रहा।
- मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बीज संघ अब किसानों को प्रमाणित एवं प्रजनन बीजों का वितरण और विपणन करने के साथ बीजों का उत्पादन भी करेगा। बीज का ब्रांड नेम मसह-बीज' होगा।
- बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना में रीवा जिले ने जन्म के समय बाल लिंगानुपात में अच्छे प्रदर्शन के लिए देश के 10 चयनित जिलों में अव्वल स्थान प्राप्त किया है।
- प्रदेश के आदिवासी बुनकरों के लिये वन-धन योजना लागू की गई।
- मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) के प्रशासक श्री अशोक सिंह ने कार्यभार ग्रहण किया।
- श्री लाल जी टंडन को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रविशंकर झा ने 29 जुलाई को प्रदेश के राज्यपाल पद की शपथ दिलाई।
- प्रदेश में 29 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस मनाया गया। रिपोर्ट के मुताबिक देश में बाघों की कुल संख्या 2967 पहुँच गई है, जिसमें मध्यप्रदेश 526 बाघों के साथ देश में पहले स्थान पर है।

अगस्त

- मध्यप्रदेश के सीहोर जिले की निवासी सुश्री मेघा परमार ने रूस के 18 हजार 510.44 फीट ऊँचे माउंट एल्ब्रस पर्वत पर पहुँचकर 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' का संदेश दिया।
- मध्यप्रदेश की जनता को स्वास्थ्यवर्धक मिलावट रहित खाद्य-सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए राज्य सरकार ने 'शुद्ध के लिए युद्ध' अभियान शुरू किया।
- भोपाल और इंदौर मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के भारत सरकार, मध्यप्रदेश सरकार और मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन के बीच एम.ओ.यू. हुआ।
- भोपाल मेट्रो रेल प्रोजेक्ट में 27.87 किलोमीटर में दो कॉरिडोर बनेंगे, वहीं इंदौर मेट्रो रेल प्रोजेक्ट में 31.55 किलोमीटर की रिंग लाइन बनेगी।
- भोपाल मेट्रो के लिए यूरोपियन इन्वेस्टमेंट बैंक और इंदौर मेट्रो के लिए एशियन डेव्हलपमेंट बैंक तथा न्यू डेव्हलपमेंट बैंक से लोन लिया जायेगा।

सितंबर

- स्वच्छ भारत मिशन में महाकालेश्वर मंदिर, उज्जैन को जल शक्ति मंत्रालय एवं पेयजल और स्वच्छता विभाग, भारत सरकार द्वारा फेज-2 में फर्स्ट रनरअप 'स्वच्छ आइकॉनिक स्थल' घोषित किया गया।
- उच्च शिक्षा मंत्री श्री जीतू पटवारी 16-17 सितम्बर को कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय (यूके) में कैम्ब्रिज एसेसमेंट समिट ऑफ एजुकेशन - एंटीसिपेटिंग द फ्यूचर ऑफ एसेसमेंट कॉन्फ्रेंस में शामिल हुये।
- राज्य शासन ने श्री शशांक शेखर प्रभारी महाधिवक्ता को महाधिवक्ता मध्यप्रदेश के पद पर नियुक्त किया।
- केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय जल मिशन के अन्तर्गत जल संसाधन स्रोतों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और उनका आकलन श्रेणी में पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को) मध्यप्रदेश को पहला पुरस्कार प्राप्त हुआ।
- मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ द्वारा 26 सितम्बर को भोपाल मेट्रो रेल परियोजना का शिलान्यास किया गया।
- राष्ट्रीय पर्यटन पुरस्कार 2019 में मध्यप्रदेश को पर्यटन की विभिन्न श्रेणियों में दस राष्ट्रीय पुरस्कार मिले।
- मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की स्काडा परियोजना को स्कॉच (skoch) गवर्नेंस अवॉर्ड 2019 के अन्तर्गत ऑर्डर ऑफ मेरिट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

अक्टूबर

- जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित 'मध्यप्रदेश और गाँधी जी' पुस्तक का लोकार्पण मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ द्वारा किया गया।
- मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने गौ-रक्षा और गौ-संरक्षण के लिए आमजन से सहयोग प्राप्त करने के लिए 'ऑनलाइन डोनेशन पोर्टल' www.gopalanboard.mp.gov.in का शुभारंभ किया।
- प्रोजेक्ट गौ-शाला की समीक्षा बैठक में गौ-रक्षा एवं निराश्रित गायों के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान को 'मुख्यमंत्री गौ-सेवा योजना' नाम दिया गया है।
- राज्य सरकार ने इंदिरा सागर बांध पर प्रथम चरण में 1000 मेगावॉट अल्ट्रा मेगा फ्लोटिंग सोलर परियोजना विकसित करने की पहल की।
- मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने 18 अक्टूबर को इन्दौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेन्टर में 'मैग्नीफिसेंट एमपी' इन्वेस्टर समिट के मुख्य समारोह का शुभारंभ किया।
- होशंगाबाद तथा छिन्दवाड़ा जिले में नये हार्टिकल्चर हब की स्थापना की जाएगी।
- कान्हा टाइगर रिजर्व का लोकप्रिय बाघ टी-17 उर्फ मुन्ना 2 अक्टूबर को वन विहार लाया गया।

नवंबर

- एक नवंबर को मुख्यमंत्री द्वारा 64वें स्थापना दिवस राज्योत्सव का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर आने वाले वर्ष को गोंड कला वर्ष घोषित किया और इसके प्रतीक चिन्ह का विमोचन किया।
- श्री गुरुनानक देवजी के 550वें प्रकाश पर्व पर जबलपुर में 20 करोड़ रुपये की लागत से सिख संग्रहालय और शोध केन्द्र बनाया जाएगा।
- खेल अकादमियों के 822 खिलाड़ियों का बीमा कराने वाला देश का पहला राज्य बना मध्यप्रदेश।
- राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने तीन नवंबर को जस्टिस श्री अजय कुमार मित्तल को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई।
- उच्च शिक्षा तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री जीतू पटवारी को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में फेम इंडिया सर्वश्रेष्ठ मंत्री अवॉर्ड से अलंकृत किया गया।
- राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना की सूची में करतारपुर साहिब (पाकिस्तान) को शामिल किया गया।
- पहली बार प्रदेश के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में 14 नवंबर को पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर बाल दिवस मनाया गया।
- छिन्दवाड़ा जिले की सभी तहसीलों में जन-सुविधा केन्द्र स्थापित किए गए।
- मध्यप्रदेश को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में बेस्ट स्मार्ट स्टेट और भोपाल को बेस्ट स्मार्ट सिटी का अवॉर्ड मिला।
- केन्द्र सरकार ने मध्यप्रदेश को अधोसंरचना और कृषि विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति के लिए सर्वश्रेष्ठ राज्यों की श्रेणी में पुरस्कृत किया।
- प्रदेश में खिलाड़ियों को अब शासकीय नौकरी में मिलेगा 5 प्रतिशत आरक्षण का लाभ।
- देवी अहिल्या विश्वविद्यालय A+ ग्रेड पाने वाला प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय बना।
- मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी को राष्ट्रीय स्तर के 5 पुरस्कार मिले।
- नदी पुनर्जीवन योजना में शामिल की गई कन्हान नदी।

दिसंबर

- मध्यप्रदेश को अंगदान के क्षेत्र में सर्वोपरि कार्यों के लिये बेस्ट सोटो (राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संस्थान) अवॉर्ड मिला।
- राज्य शासन ने अनुसूचित जाति के छात्रावासों और आश्रमों में रहने वाले विद्यार्थियों की शिष्यवृत्ति में वृद्धि की। वर्ष 2019-20 में छात्रों के लिए 1230 रुपये और छात्राओं के लिए 1270 रुपये की प्रतिमाह शिष्यवृत्ति देय होगी।
- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश सम्पूर्ण देश में अव्वल रहा।
- भारत सरकार के जलशक्ति मंत्रालय द्वारा जलगुणवत्ता की जाँच में की गई रैंकिंग में प्रदेश को आईएस 10500-2012 के तहत पहला स्थान दिया गया।
- लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने 2 दिसंबर को इंदौर में मिशन इंद्रधनुष का शुभारंभ किया।
- यूरिया वितरण शिकायत के लिये कॉल सेंटर (दूरभाष क्रमांक 0755-2558823) शुरू।
- गुरुनानक देव जी संभाग स्तरीय प्रांतीय ओलिंपिक में भोपाल बना ओवर ऑल चैम्पियन।
- सांची के पास निनोद में बनेगा 220 करोड़ का प्रदेश का पहला विश्व-स्तरीय गोल्फ कोर्स।
- स्कॉच ग्रुप की ज्यूरी ने मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्यों के लिए एनर्जी यूटिलिटी कैटेगरी में बेस्ट परफॉर्मेंस इम्प्रूवमेंट गोल्ड अवॉर्ड से सम्मानित किया।
- शासकीय आवास आवंटन के लिये संपदा संचालनालय द्वारा नया वेब पोर्टल www.sampada.mp.gov.in शुरू किया गया।
- भोपाल के टी.टी. नगर स्टेडियम में 9 दिसम्बर से शुरू हुई 4 दिवसीय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में 120 पदक जीतकर मध्यप्रदेश पदक तालिका में पहले स्थान पर रहा है।
- मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने 15 दिसम्बर को छिन्दवाड़ा में दो दिवसीय कॉर्न फेस्टिवल 2019 का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने फार्म इको एप को भी लॉन्च किया।
- भोपाल स्थित मिन्टो हॉल में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ की उपस्थिति में मध्यप्रदेश विजन-टू-डिलीवरी रोड मैप-2020-2025 दस्तावेज का विमोचन किया।
- राज्य शासन द्वारा स्थापित इन्दिरा गांधी समाज सेवा पुरस्कार वर्ष 2019-20 स्वर्गीय श्री अब्दुल जब्बार, भोपाल गैस पीड़ित महिला उद्योग संगठन को समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मरणोपरांत प्रदान किया गया।
- ग्वालियर घराने के मूर्धन्य गायक पं. विद्याधर व्यास को वर्ष 2019 के तानसेन सम्मान से अलंकृत किया गया और नाट्य संस्था 'निनासम हेग्गोडु' को राजा मानसिंह तोमर राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया।
- राज्य आजीविका मिशन उत्कृष्ट कार्यों के लिये सिल्वर अवॉर्ड से सम्मानित।
- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में 19 दिसंबर से तीन दिवसीय राष्ट्रीय बालरंग महोत्सव का आयोजन किया गया।
- मध्यप्रदेश को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में चार राष्ट्रीय पुरस्कार मिले।
- प्रदेश में पहली बार सरकारी अस्पताल (जबलपुर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल) में लकवे का सफल ऑपरेशन हुआ।

खेल घटनाक्रम

जनवरी

- स्विट्ज़रलैंड के रोजर फेडरर और अमेरिका की सेरेना विलियम्स ने कैरियर में पहली बार एक-दूसरे के खिलाफ पेशेवर मिक्स्ड डबल्स मैच खेला। होपमैन कप में हुए इस मुकाबले में फेडरर और उनकी जोड़ीदार बेलिंडा बेनसिस ने सेरेना और उनके जोड़ीदार फ्रांसेस तिफो को 4-2, 4-3 से शिकस्त दी। रोजर फेडरर और उनकी जोड़ीदार बेलिंडा बेनसिस ने चौथी बार स्विट्ज़रलैंड को होपमैन कप का खिताब दिलाया।
- जापान की नाओमी ओसाका ने अपना पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन और लगातार दूसरा ग्रैंड स्लैम जीता। ओसाका विश्व नंबर 1 बनने वाली पहली एशियाई (महिला और पुरुष) खिलाड़ी बनीं।
- नोवाक जोकोविच ने रिकॉर्ड 7वीं बार ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीता।
- भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच स्टीफन कांस्टेनटाइन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।
- इतिहास में पहली बार भारत ने ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज़ जीती।
- स्पिनर कुलदीप यादव एशियाई सरजमीं के बाहर सभी फॉर्मेट में 5 विकेट-हॉल झटकने वाले पहले भारतीय गेंदबाज़ बने।
- ऑस्ट्रेलियाई बोर्ड 'क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया' ने विराट कोहली को अपनी वनडे टीम ऑफ द ईयर 2018 का कप्तान बनाया।
- ऑस्ट्रेलिया 1000 अंतर्राष्ट्रीय मैच जीतने वाली पहली टीम बनी।
- सौराष्ट्र ने उत्तरप्रदेश के खिलाफ क्वॉर्टरफाइनल में 372 रनों का लक्ष्य हासिल कर रणजी ट्रॉफी इतिहास का सबसे बड़े रन चेज़ का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।
- ऋषभ पंत आईसीसी के पुरुष इमर्जिंग प्लेयर ऑफ ईयर 2018 चुने गए। यह अवॉर्ड हासिल करने वाले वह तीसरे भारतीय हैं।
- विराट कोहली को आईसीसी की टेस्ट व वन-डे टीम ऑफ द ईयर 2018 का कप्तान बनाया गया है।
- विराट कोहली एक ही वर्ष के लिए आईसीसी के तीनों प्रमुख सालाना अवॉर्ड जीतने वाले इतिहास में पहले खिलाड़ी बन गए हैं। कोहली पहली बार पुरुष टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर जबकि लगातार दूसरे साल वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर बने हैं। उन्होंने क्रिकेटर ऑफ द ईयर को मिलने वाली सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी भी जीती।
- नेपाल के रोहित पौडेल अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अर्धशतक जड़ने वाले सबसे युवा पुरुष खिलाड़ी बने। 16 वर्ष और 146 दिन के रोहित ने यह उपलब्धि यूएई के खिलाफ हासिल की।
- पर्वतारोही अरुणिमा सिन्हा के मुताबिक वह अंटार्कटिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट विंसन (4892 मीटर) पर चढ़ाई करने वाली दुनिया की पहली दिव्यांग महिला बनीं, एवरेस्ट फतह करने वाली विश्व की पहली दिव्यांग महिला होने का रिकॉर्ड भी अरुणिमा के नाम है।
- भारत के सत्यरूप सिद्धांत 7 पर्वत शिखरों और 7 ज्वालामुखी पहाड़ों को फतह करने वाले सबसे युवा पर्वतारोही बने।
- पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर समेत कई खिलाड़ियों के बचपन के कोच रहे रमाकांत आचरेकर का 02 जनवरी को मुंबई में निधन हो गया।
- भारतीय मुक्केबाज़ एम.सी. मैरीकॉम अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाज़ी संघ की विश्व रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंचीं।
- तमिलनाडु के डी. गुकेश विश्व के दूसरे और भारत के सबसे युवा ग्रैंडमास्टर बने।
- पहलवान विनेश फोगाट प्रतिष्ठित लॉरियस स्पोर्ट्स अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट होने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनीं।
- साइना नेहवाल इंडोनेशिया मास्टर्स का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला शटलर बन गईं।

फरवरी

- फ्रांस के टेनिस खिलाड़ी गेल मोनफिल्स ने रॉटरडम ओपन का खिताब अपने नाम किया।
- सुनील छेत्री को 'फुटबॉल दिल्ली' ने पहले फुटबॉल रत्न सम्मान से नवाज़ा।
- चार बार के चैंपियन जापान को 3-1 से हराकर कतर ने पहली बार जीता एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब।
- अपूर्वी चंदेला ने 10 मीटर एयर राइफल का विश्व रिकॉर्ड बनाकर नई दिल्ली विश्वकप में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। वहीं भारत के सौरभ चौधरी ने विश्व रिकॉर्ड के साथ शूटिंग विश्व कप में 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता।
- महिला वन-डे बल्लेबाजी रैंकिंग में स्मृति मंधाना ने पहला स्थान हासिल किया।
- भारत ने न्यूज़ीलैंड को हराकर 5 मैचों की वन-डे सीरीज़ 4-1 से जीती, पहली बार भारत ने न्यूज़ीलैंड में वन-डे सीरीज़ में 4 मैच जीते हैं।
- सौराष्ट्र को 78 रनों से हराकर विदर्भ ने लगातार दूसरी बार रणजी ट्रॉफी खिताब जीता।
- हार्दिक पांड्या और कुणाल पांड्या भारत के लिए एक साथ अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच खेलने वाली भाइयों की दूसरी जोड़ी बन गई है।
- दक्षिण अफ्रीका को हराकर श्रीलंका ने सीरीज़ में 2-0 से व्हाइटवॉश कर दिया। इसके साथ दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट सीरीज़ जीतने वाली श्रीलंका पहली एशियाई टीम बनी।
- अफगानिस्तान ने आयरलैंड के खिलाफ 278/3 का स्कोर जड़कर टी-20 इतिहास के सर्वाधिक टोटल का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।
- आयरलैंड के खिलाफ राशिद खान 4 गेंदों में 4 विकेट लेने वाले अंतर्राष्ट्रीय टी-20 इतिहास में पहले और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट इतिहास में केवल दूसरे गेंदबाज़ बन गए।
- सुप्रीम कोर्ट ने बीसीसीआई के मामलों को सुलझाने के लिए अपने पूर्व जज, जस्टिस डी.के. जैन को बीसीसीआई का पहला लोकपाल नियुक्त कर दिया है।
- नोवाक जोकोविच और जिमनास्ट सिमोन बाइल्स ने लॉरियस 'स्पोर्ट्समैन ऑफ द इयर' व 'स्पोर्ट्सवुमेन ऑफ द ईयर' का खिताब जीता। गोल्फर टाइगर वुड्स को 'कमबैक ऑफ द ईयर' जबकि टेनिस खिलाड़ी जापान की नाओमी ओसाका ने 'ब्रेकथ्रू ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड जीता।
- सौरभ वर्मा ने तीसरी बार जीता सीनियर बैडमिंटन का राष्ट्रीय खिताब।
- साइना नेहवाल लगातार दूसरी व कुल चौथी बार राष्ट्रीय चैंपियन बनीं।
- पी.वी. सिंधु पहले स्वदेश निर्मित लड़ाकू विमान तेजस में को-पायलट के रूप में उड़ान भरने वाली पहली महिला बनीं।
- भारतीय कप्तान मनप्रीत सिंह को एशियाई हाकी महासंघ ने वर्ष 2018 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार से सम्मानित किया है, जबकि महिला टीम की स्ट्राइकर लालरेमसियामी को वर्ष की उदीयमान खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। पुरुष टीम को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का पुरस्कार भी दिया गया।

मार्च

- रोजर फेडरर ने दुबई टेनिस चैंपियनशिप जीतते हुये कैरियर का 100वां सिंगल्स खिताब अपने नाम किया।
- ऑस्ट्रिया के डोमिनिक थीम ने इंडियन वेल्स मास्टर्स का खिताब जीता।
- भारत को पहली बार 2020 में होने वाले फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप की मेज़बानी मिली। मेज़बानी के चलते भारतीय महिला टीम इतिहास में पहली बार यह टूर्नामेंट खेलेगी।
- भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने लगातार 5वीं बार सैफ महिला चैंपियनशिप का खिताब जीता।
- निशानेबाज़ मनु भाकर और सौरभ चौधरी की जोड़ी ने क्वॉलिफिकेशन विश्व रिकॉर्ड तोड़कर एशियन एयरगन चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता।
- ऑस्ट्रेलिया को हराकर भारत ने अपनी 500वीं वनडे जीत हासिल की।
- न्यूज़ीलैंड ने अपने क्रिकेट इतिहास में पहली बार टेस्ट की एक पारी में 700 रनों का आंकड़ा छुआ।
- भारतीय क्रिकेट टीम की नई जर्सी का अनावरण हुआ। जर्सी के कॉलर के नीचे भारतीय टीम द्वारा जीते गए तीनों विश्वकप (वनडे व टी-20) की तारीख और फाइनल मैचों में भारत के स्कोर लिखे हैं।
- दक्षिण अफ्रीकी ऑल-राउंडर जे.पी. डुमिनी ने 2019 विश्वकप के बाद वनडे से संन्यास लेने की घोषणा की।
- कर्नाटक ने पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी अपने नाम की।
- दिल्ली कैपिटल्स ने पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली को टीम के सलाहकार के तौर पर नियुक्त किया।
- सुप्रीम कोर्ट ने क्रिकेटर श्रीसंत पर लगाया गया आजीवन प्रतिबंध हटाया।
- आईसीसी ने टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले देशों को टीम जर्सी पर खिलाड़ियों के नाम व नंबर रखने की अनुमति दे दी है।
- किंग्स XI पंजाब के कप्तान रविचंद्रन अश्विन ने नॉन स्ट्राइकर एंड पर मौजूद राजस्थान रॉयल्स के जोस बटलर को 'मांकड़' किया। यह घटना आईपीएल में पहली बार हुई है।
- रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लेग स्पिनर प्रयास रे बर्मन आईपीएल मैच खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने।

अप्रैल

- रोजर फेडरर ने चौथी बार मियामी ओपन और कैरियर का 101वां सिंगल्स खिताब जीता।
- इटली के फाबियो फोगनिनी ने मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के रूप में कैरियर का अपना पहला एटीपी मास्टर्स खिताब जीता।
- अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल फुटबॉल की विश्व नियामक संस्था (फीफा) के काउंसिल मेंबर चुने जाने वाले पहले भारतीय बन गए हैं।
- इराक में जन्मे इज़रायली गोलकीपर इसाक हायिक ने पेशेवर फुटबॉल मैच खेलने का सबसे उम्रदराज़ खिलाड़ी का गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बना लिया है।
- एफसी बार्सिलोना ने 26वीं बार स्पेनिश लीग का खिताब जीता।
- भारत ने लगातार तीसरी बार आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप गदा जीती।
- ऑल-राउंडर सैम करण 20 वर्ष और 302 दिन की उम्र में आईपीएल इतिहास में हैट्रिक लेने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने।
- मुंबई इंडियंस टी-20 क्रिकेट में 200 मैच खेलने वाली पहली टीम बन गई।
- क्रिकेट की बाइबिल कही जाने वाली मैग्जीन विजडन ने लगातार तीसरे साल विराट कोहली को लीडिंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर-मेल चुना। वहीं महिला क्रिकेट टीम की सदस्य स्मृति मंधाना को भी लीडिंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर-फीमेल चुना गया।
- ऑस्ट्रेलिया की क्लेयर पोलोसॉक पुरुषों के अंतर्राष्ट्रीय वनडे मैच में अंपायरिंग करने वाली पहली महिला अंपायर बन गई हैं।
- हॉकी इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के ग्राहम रीड को भारतीय पुरुष हॉकी टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया।
- बजरंग पूनिया ने एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप 2019 में 65 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

मई

- नोवाक जोकोविच ने तीसरी बार मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के खिताब पर कब्जा किया।
- राफेल नडाल ने नौवीं बार इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के खिताब पर कब्जा जमाया।
- विश्व फुटबॉल नियामक संस्था- फीफा के अनुसार 2022 में कतर में होने वाले विश्वकप में कुल 32 टीमें ही हिस्सा लेंगी।
- क्रोएशिया के इगोर स्टिमाच को दो साल के लिए भारतीय फुटबॉल टीम का मुख्य कोच बनाया गया।
- मैनचेस्टर सिटी ने लगातार दूसरी बार इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) का खिताब अपने नाम किया।
- भारतीय निशानेबाज़ मनु भाकर और सौरभ चौधरी ने आईएसएसएफ विश्व कप के 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट का स्वर्ण पदक जीता। अंजुम मुदगिल और दिव्यांश सिंह पंवार ने 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम इवेंट में भी भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। टूर्नामेंट की अंकतालिका में 5 स्वर्ण समेत 6 पदक के साथ भारत शीर्ष पर रहा।
- आईसीसी ने 2019 विश्वकप (इंग्लैंड और वेल्स) के लिए आधिकारिक थीम सॉन्ग गर्स्टैंड बाय जारी किया।
- भारत की जी.एस. लक्ष्मी, आईसीसी के मैच रेफरियों के पैनल में शामिल होने वाली पहली महिला बनीं।
- इरफान पठान कैरिबियन प्रीमियर लीग के लिए खिलाड़ियों के ड्राफ्ट में शामिल होने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं।
- मुंबई इंडियंस 4 बार आईपीएल खिताब जीतने वाली पहली टीम बन गई। इससे पहले, मुंबई और चेन्नई ने तीन-तीन बार आईपीएल खिताब जीता था।
- मैडम तुसाद ने 2019 आईसीसी वर्ल्ड कप लॉन्च के अवसर पर भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली का मोम का पुतला पेश किया।
- मुंबई की 23 वर्षीय कैप्टन आरोही पंडित लाइट स्पोर्टस एयरक्राफ्ट (एलएसए) में अकेली अटलांटिक महासागर को पार करने वाली दुनिया की पहली महिला बनीं।
- गोल्फर टाइगर वुड्स को अमेरिका के सबसे बड़े नागरिक सम्मान 'प्रेसीडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम' से सम्मानित किया गया।

जून

- रोजर फेडरर ने रिकॉर्ड 10वीं बार हाले ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता।
- एश्ले बार्टी ने फ्रेंच ओपन के महिला सिंगल्स खिताब के साथ अपना पहला ग्रैंडस्लैम जीता।
- राफेल नडाल ने फ्रेंच ओपन में 12वीं बार खिताब जीता।
- सुनील छेत्री भारत के लिए सबसे अधिक अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाले फुटबॉल खिलाड़ी बन गए हैं। मौजूदा भारतीय टीम के कप्तान छेत्री ने 108 मैच खेले हैं।
- स्पेन के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी फर्नांडो टॉरेस ने संन्यास की घोषणा की।
- भारत ने पुरुष एफआईएच सीरीज फाइनल्स के खिताबी मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 5-1 से हराया।
- भारत ने महिला एफआईएच सीरीज फाइनल मुकाबले में जापान को 3-1 से हराकर महिला एफआईएच सीरीज हॉकी टूर्नामेंट अपने नाम किया।
- विराट कोहली अंतर्राष्ट्रीय वनडे क्रिकेट इतिहास में सबसे तेज़ 11,000 रन बनाने वाले खिलाड़ी बने।
- अफगानिस्तान के राशिद खान एक वनडे में 100 रन देने वाले क्रिकेट इतिहास में पहले स्पिनर बने।
- युवराज सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया।
- भारत की रिकर्व पुरुष तीरंदाजी टीम ने विश्व चैंपियनशिप में कनाडा को 5-3 से हराते हुए 2020 टोक्यो खेलों के लिए ओलिंपिक कोटा हासिल किया।
- अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक समिति ने अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों की मेजबानी पर भारत पर लगा प्रतिबंध हटाया।
- पंकज आडवाणी ने 35वीं पुरूष एशियाई स्नूकर चैम्पियनशिप जीतकर क्यू खेलों में अपना कैरियर ग्रैंडस्लैम पूरा किया। इस तरह आडवाणी सभी प्रारूपों में एशियाई और विश्व चैम्पियनशिप अपने नाम करने वाले एकमात्र खिलाड़ी बन गये हैं।
- पूर्व विश्व नंबर-1 और तीन बार ओलिंपिक रजत पदक विजेता मलेशियाई ली चोंग वेई ने बैडमिंटन से संन्यास लिया।

जुलाई

- नोवाक जोकोविच ने दूसरी बार विंबलडन और अपने कैरियर का 16वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। चार घंटे और 57 मिनट तक चलने वाला यह मैच विंबलडन के एकल वर्ग के इतिहास का सबसे लंबा फाइनल मैच रहा।
- सिमोना हालेप ने अपना पहला विंबलडन खिताब जीता। इसके साथ ही सिमोना विंबलडन का सिंगल्स खिताब जीतने वाली पहली रोमानियाई खिलाड़ी बन गईं।
- अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) ने 2018-19 साल के लिए अपने वार्षिक पुरस्कारों का ऐलान किया, जिसमें राष्ट्रीय टीम के कप्तान सुनील छेत्री को साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष फुटबॉल खिलाड़ी चुना गया। छेत्री ने छठी बार यह खिताब जीता है।
- महिलाओं में आशालता देवी साल की सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी चुनी गई हैं।
- युवा खिलाड़ी अब्दुल सहल को एआईएफएफ ईमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से नवाजा गया। वहीं डेंगमेई ग्रेस को महिला 'ईमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर' का पुरस्कार मिला।
- अमेरिका ने लगातार दूसरी बार महिला फीफा विश्वकप का खिताब अपने नाम किया। अमेरिका का यह चौथा विश्व कप खिताब है।
- ब्राजील ने नौवीं बार कोपा अमेरिका खिताब पर कब्जा किया।
- क्रिकेट विश्वकप 2019 के दौरान 9 मैचों में 648 रनों के साथ रोहित शर्मा 2019 विश्वकप में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे।
- 2019 विश्वकप में भारतीय ओपनर रोहित शर्मा एक विश्वकप में 5 शतक जड़ने वाले पहले बल्लेबाज़ बन गए।
- विश्वकप फाइनल इतिहास के पहले सुपर ओवर के टाई रहने के बाद बाउंड्री की संख्या के आधार पर न्यूज़ीलैंड को हराकर इंग्लैंड ने पहली बार विश्वकप जीता।
- न्यूज़ीलैंड में जन्मे इंग्लैंड के ऑल-राउंडर बेन स्टोक्स को 'न्यूज़ीलैंडर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड के लिए नामित किया गया, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार

नहीं किया।
- सचिन तेंदुलकर, पूर्व दक्षिण अफ्रीकी पेसर ऐलन डोनल्ड और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई महिला पेसर कैथरीन फिट्ज़पैट्रिक को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया।
- 133 रन बनाकर ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मेग लेनिंग अंतर्राष्ट्रीय महिला टी-20 इतिहास में सर्वाधिक निजी स्कोर बनाने वाली खिलाड़ी बन गई हैं।
- ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेटर एलिस पैरी टी20 इंटरनेशनल में 100 विकेट और 1000 रन बनाने वाली पहली खिलाड़ी (महिला और पुरुष) बन गईं हैं।
- भारतीय मुक्केबाज़ विजेंदर सिंह ने अमेरिका के माइक स्नाइडर को हराकर पेशेवर मुक्केबाज़ी में लगातार 11वीं जीत दर्ज की।
- स्मृति मंधाना और रोहन बोपन्ना को अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।
- दिल्ली के युवा खिलाड़ी पृथु गुप्ता ने देश का 64वां ग्रैंडमास्टर बनने की उपलब्धि हासिल की।

अगस्त

- रूस के डेनिल मेदवेदेव ने सिनसिनाटी मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल वर्ग का खिताब अपने नाम कर लिया है, जबकि महिला एकल वर्ग में अमेरिका की मेडिसन कीज को खिताबी जीत मिली।
- स्पेन के राफेल नडाल और कनाडा की बियान्का एंड्रेस्कू ने यहां अपने-अपने वर्ग में रोजर्स कप का खिताब जीता।
- गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार पाने वाले 26वें भारतीय फुटबॉलर बने।
- दक्षिण अफ्रीका के तेज़ गेंदबाज़ डेल स्टेन ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया।
- भारतीय कप्तान विराट कोहली एक दशक में 20,000 अंतर्राष्ट्रीय रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज़ बन गए हैं।
- क्रिस गेल 300 अंतर्राष्ट्रीय वनडे मैच खेलने वाले वेस्टइंडीज़ के पहले खिलाड़ी बने।
- कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन ने इंग्लैंड के बर्मिंघम में होने वाले 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स में महिलाओं के टी-20 क्रिकेट को शामिल करने की घोषणा की है।
- भारत ने वनडे मैच में डकवर्थ लुइस नियम के आधार पर 6 विकेट से वेस्टइंडीज़ को हराकर 3 मैचों की सीरीज़ 2-0 से जीत ली।
- तीसरे टी-20 मैच में 7 विकेट से जीत हासिलकर भारत ने वेस्टइंडीज़ को 3-0 से क्लीन स्वीप कर दिया।
- दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज़ हाशिम अमला ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की।
- रवि शास्त्री टीम इंडिया के मुख्य कोच के तौर पर फिर से नियुक्त किए गए।
- ऑस्ट्रेलियाई ऑल-राउंडर मार्नस लबुशेन इंटरनेशनल क्रिकेट में कनकशन (सिर पर चोट) सब्स्टिट्यूट के तौर पर शामिल होने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं।
- बीसीसीआई के लोकपाल डी.के. जैन ने क्रिकेटर एस. श्रीसंत पर लगे आजीवन प्रतिबंध को घटाकर 7 साल कर दिया है। इससे श्रीसंत पर लगा प्रतिबंध अगले साल खत्म हो जाएगा।
- श्रीलंकाई स्पिनर अजंता मेंडिस ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास लेने की घोषणा की।
- वेस्टइंडीज़ के 26 वर्षीय ऑलराउंडर रहकीम कॉर्नवॉल सबसे वज़नी टेस्ट खिलाड़ी बन गए हैं।
- दिल्ली एवं ज़िला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने फिरोज़शाह कोटला स्टेडियम का नाम पूर्व डीडीसीए अध्यक्ष अरुण जेटली के नाम पर रखने का फैसला किया।
- तेज़ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह टेस्ट क्रिकेट में हैट्रिक लेने वाले तीसरे भारतीय बने।
- पहलवान दीपक पुनिया वर्ल्ड जूनियर रेसलिंग चैंपियनशिप जीतने वाले 18 वर्ष में पहले भारतीय बन गए हैं।
- भारतीय धावक हिमा दास और मोहम्मद अनस याहिया ने चेक गणराज्य में एथलेटिकी मिटिनेक रीटर इवेंट में क्रमशः महिलाओं और पुरुषों की 300 मीटर रेस में एक-एक स्वर्ण जीता। हिमा का दो जुलाई के बाद से यूरोप में यह छठा स्वर्ण पदक था।
- बैडमिंटन खिलाड़ी पी.वी. सिंधु बी.डब्ल्यू.एफ. वर्ल्ड चैंपियनशिप्स में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बन गईं।
- भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने न्यूजीलैंड को फाइनल में 5-0 से हराकर ओलंपिक टेस्ट टूर्नामेंट जीता।

सितंबर

- राफेल नडाल ने अपना चौथा यूएस ओपन खिताब जीता।
- बियांका ऐंड्रेस्कू यूएस ओपन जीतने के साथ ही ग्रैंड स्लैम सिंगल्स जीतने वाली कनाडा की पहली खिलाड़ी बन गई हैं।
- ब्रिटेन के जेमी मरे और अमेरिका की बेथनी मैटेक-सैंड्स की जोड़ी ने अमेरिका ओपन में मिश्रित युगल वर्ग का खिताब जीता।
- जुआन सिबेस्टियन कावल और रोबर्ट फाराह को जोड़ी ने यूएस ओपन के पुरुष युगल वर्ग का खिताब जीता।
- भारत ने नेपाल को सैफ अंडर-15 फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में 7-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया।
- लियोनल मेसी ने छठी बार फीफा 'फुटबॉलर ऑफ द ईयर' का खिताब अपने नाम किया। वहीं सर्वश्रेष्ठ कोच का खिताब लीवरपूल के क्लब मैनेजर जर्गन क्लॉप को मिला, बेस्ट गोलकीपर का अवॉर्ड भी लीवरपूल टीम के एलिसन ने प्राप्त किया।
- महिला खिलाड़ियों में पहली बार फीफा 'वूमेन फुटबॉलर ऑफ द ईयर' का खिताब मेगन रपिनो ने जीता। बेस्ट महिला गोलकीपर का अवॉर्ड नीदरलैंड्स की खिलाड़ी वैन वीनेदाल को मिला है। अमेरिकी टीम की कोच जिल एलिस को 'सर्वश्रेष्ठ महिला कोच' का अवॉर्ड मिला।
- भारतीय महिला वनडे कप्तान मिताली राज ने अंतर्राष्ट्रीय टी-20 से संन्यास ले लिया है।
- श्रीलंका के पेसर लसिथ मलिंगा टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज़ बन गए हैं।
- लसिथ मलिंगा इंटरनेशनल क्रिकेट में दो बार लगातार 4 गेंद पर 4 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज़ बन गए। मलिंगा इंटरनेशनल क्रिकेट में 5 हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज़ भी बन गए हैं।
- भारत ने जमैका में हुए दूसरे टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज़ को 257 रनों से हराकर सीरीज़ में 2-0 से क्लीन स्वीप कर दिया।
- विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट इतिहास में भारत के सबसे सफल कप्तान बन गए हैं।
- पाकिस्तानी लेग स्पिनर अब्दुल कादिर का हृदय गति रुकने से 63 वर्ष की उम्र में लाहौर में निधन हो गया।
- पूर्व इंग्लिश कप्तान जैफ्री बॉयकॉट और ऐंड्रयू स्ट्रॉस को नाइटहुड की उपाधि से सम्मानित किया गया।
- हरियाणा स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के पहले चांसलर नियुक्त किए जाएंगे कपिल देव।
- ऐशेज़ सीरीज़ के पांचवें टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को 135 रनों से हरा दिया, जिसके साथ ही यह श्रृंखला 2-2 से ड्रॉ हो गई। 1972 के बाद यह पहली बार है कि ऐशेज़ सीरीज़ ड्रा हुई है।
- मोहाली में खेले गए दूसरे टी-20 में दक्षिण अफ्रीका को भारत ने 7 विकेट से हराया। यह पहला ऐसा मौका है जब भारत ने अपनी सरज़मीं पर दक्षिण अफ्रीका को अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में मात दी है।
- दिनेश मोंगिया ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा की।
- लक्ष्य सेन ने बेल्जियन इंटरनेशनल चैलेंज टूर्नामेंट के पुरुष एकल वर्ग का खिताब अपने नाम किया।
- सौरभ वर्मा ने वियतनाम ओपन का खिताब अपने नाम किया।
- कर्नल (डॉ) बिभु कल्याण नायक अगले साल टोक्यो में होने वाले ओलंपिक खेलों में एफआईएच मेडिकल ऑफिसर की भूमिका निभाएंगे। वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय होंगे।
- वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप्स में 5 पदक जीतकर भारत ने टूर्नामेंट इतिहास में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया।
- मुक्केबाज़ अमित पंघाल वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप्स में रजत पदक जीतने वाले भारत के पहले मुक्केबाज़ बने।

अक्टूबर

- अमेरिका के कोको गॉफ ने लिंज ओपन टूर्नामेंट के रूप में अपना पहला डब्ल्यूटीए खिताब जीत लिया है।
- रोजर फेडरर ने रिकॉर्ड 10वीं बार स्विस ओपन इंडोर चैम्पियनशिप खिताब अपने नाम की।
- भारतीय फुटबॉल टीम ने पहली बार सैफ अंडर-18 चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया।
- भारत ने सैफ अंडर-15 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप का खिताब जीता।
- भारत महिला टी-20 टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर 100 टी-20 मैच खेलने वाली पहली भारतीय (पुरुष या महिला) बन गई हैं।
- ओपनर के तौर पर तीनों फॉर्मेट में शतक जड़ने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बने रोहित शर्मा।
- मिताली राज 20 साल से अधिक समय के अंतर्राष्ट्रीय वनडे कैरियर वाली इतिहास की पहली महिला क्रिकेटर बन गई हैं।
- आईसीसी ने बाउंड्री काउंट नियम को खत्म किया।
- भारतीय टीम घर पर लगातार 11 टेस्ट सीरीज़ जीतने वाली क्रिकेट इतिहास की पहली टीम बन गई।
- मुंबई के यशस्वी जयसवाल 50 ओवर के क्रिकेट में दोहरा शतक जड़ने वाले इतिहास में सबसे कम उम्र के क्रिकेटर बने।
- रांची में हुए तीसरे टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को एक पारी और 202 रनों से हराकर भारत ने सीरीज़ में 3-0 से जीत हासिल की। टेस्ट क्रिकेट इतिहास में पहली बार भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज़ में व्हाइटवॉश किया है।
- कर्नाटक ने तमिलनाडु को 60 रनों (वीजेडी नियम) से हराकर चौथी बार विजय हज़ारे ट्रॉफी जीती।
- सौरव गांगुली ने बीसीसीआई अध्यक्ष का पदभार संभाला, गांगुली सितंबर 2020 तक इस पद पर काबिज़ रहेंगे।
- अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक समिति ने मैरी कॉम को 2020 टोक्यो ओलिंपिक के लिए खिलाड़ी दूत समूह में शामिल किया।
- मैरी कॉम वर्ल्ड चैंपियनशिप्स के 8 मेडल (पुरुषों या महिलाओं की सभी श्रेणियां मिलाकर) जीतने वाली इतिहास में पहली मुक्केबाज़ बन गई हैं।
- गोल्फर टाइगर वुड्स ने जोजो चैम्पियनशिप का खिताब जीत कर सैम स्नेड के 54 साल पुराने रिकॉर्ड की बराबरी की। वुड्स के कैरियर का यह 82वां यूएस पीजीए टूर खिताब है।
- मर्सिडीज के चालक लुईस हैमिल्टन ने एफ-1 मैक्सिकन ग्रैंड प्रिक्स का खिताब अपने नाम किया।
- भारत के विवेक चिकारा ने एशियाई पैरा तीरंदाजी चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।
- विश्व वुशू चैंपियनशिप में 48 किलोग्राम वर्ग में भारत के प्रवीण कुमार ने स्वर्ण पदक जीता।
- प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के सातवें सीजन में दिल्ली को हराकर बंगाल वॉरियर्स बना नया चैंपियन।
- लियोनेल मेसी ने यूरोपीय लीग में सर्वाधिक गोल करने के लिये छठी बार गोल्डन शू हासिल किया।
- लक्ष्य सेन ने डच ओपन 2019 का पुरुष एकल खिताब जीता।

नवंबर

- स्टीफानोस सितसिपास ने जीता एटीपी फाइनल्स का खिताब।
- पूरव राजा और रामकुमार रामनाथन ने जीता पुणे चैलेंजर का युगल खिताब।
- नडाल की कप्तानी में स्पेन ने जीता छठा डेविस कप खिताब।
- फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप के आधिकारिक लोगो का गेटवे ऑफ इंडिया पर अनावरण किया गया।
- पुर्तगाल के फुटबॉलर जोआओ फेलिक्स को इस साल के 'गोल्डन बॉय' अवॉर्ड के लिए चुना गया।
- बार्सिलोना के स्ट्राइकर लियोनल मेसी चैम्पियंस लीग में 34 अलग-अलग टीमों के खिलाफ गोल करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बने।
- देवधर ट्रॉफी फाइनल में कप्तानी करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने शुभमन गिल।
- भारतीय ओपनर शेफाली वर्मा ने 49 गेंदों में 73 रन बनाए। इसके साथ वह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अर्धशतक लगाने वाली सबसे युवा (15 वर्ष 286 दिन) भारतीय बन गईं।
- मैच-फिक्सिंग, सट्टेबाज़ी को अपराध मानने वाला पहला दक्षिण एशियाई देश बना श्रीलंका।
- अपने पहले डे-नाइट टेस्ट में बांग्लादेश को पारी और 46 रन से हराकर भारत ने अपनी लगातार 7वीं टेस्ट जीत दर्ज की। इसके साथ भारत ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भी लगातार 7 मैच जीत लिए हैं। 360 अंकों के साथ भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंकतालिका में शीर्ष पर है।
- एक ही मैच में दो कनकशन सब्स्टीट्यूट लेने वाली पहली टीम बनी बांग्लादेश।
- कर्नाटक के तेज़ गेंदबाज़ अभिमन्यु मिथुन टी-20 मैच में 1 ओवर में 5 विकेट लेने वाले पहले भारतीय बन गए हैं।
- दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को हराकर तीसरी बार रग्बी विश्व कप का खिताब अपने नाम किया।
- लुईस हैमिल्टन ने छठी बार फार्मूला वन विश्व खिताब जीता।
- भारत 2023 में करेगा पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी। ओडिशा के भुवनेश्वर और राउरकेला में खेले जाएंगे सभी मैच।
- जयपुर में पहली बार खेली गई साइकल पोलो लीग, पांच टीमों ने लिया हिस्सा।
- प्री-बॉक्सिंग में विजेंदर सिंह की लगातार 12वीं जीत, कॉमनवेल्थ चैंपियन चार्ल्स अदामू को हराया।
- दुती चंद दुनिया के सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों की सूची टाइम 100 नेक्स्ट में हुईं शामिल।
- पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, दो गोल्ड सहित नौ पदक जीते।
- भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी हरमीत देसाई ने इंडोनेशिया ओपन टेबल टेनिस चैंपियनशिप का खिताब जीता।
- भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने जीता स्कॉटिश ओपन का खिताब।

दिसंबर

- ऑस्ट्रेलियाई ओपन के आयोजकों ने इस ग्रैंडस्लैम की पुरस्कार राशि में 13.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी की।
- स्विट्ज़रलैंड की संघीय टकसाल स्विसमिंट ने फेडरर के सम्मान में उनकी छवि के साथ एक 20 फ्रैंक का चांदी का सिक्का बनाया है।
- भारत ने पाकिस्तान से डेविस कप में लगातार सातवां मुकाबला जीता।
- राफेल नडाल ने विश्व टेनिस चैंपियनशिप का खिताब जीता।
- लिएंडर पेस ने साल 2020 में प्रोफेशनल टेनिस से रिटायरमेंट लेने की घोषणा की।
- लिवरपूल ने पहली बार क्लब वर्ल्ड कप खिताब जीता।
- फुटबॉल की नियामक संस्था (फीफा) ने बेल्जियम को लगातार दूसरी बार साल की सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल टीम के पुरस्कार से सम्मानित किया।
- फीफा ने कतर फुटबॉल टीम को 'मूवर ऑफ द ईयर-2019' के पुरस्कार के लिए चुना।
- क्रिस्टियानो रोनाल्डो को 'सीरी-ए प्लेयर ऑफ द ईयर' के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- लियोनल मेसी ने रिकॉर्ड छठी बार बैलोन डि 'ओर पुरस्कार जीता। वहीं महिला फुटबॉल में ये अवॉर्ड इंग्लैंड की मेगन रैपिनो को दिया गया।
- सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीतकर कर्नाटक लगातार दूसरी बार घरेलू टी-20 चैंपियन बना।
- नेपाल महिला क्रिकेट टीम की स्पिनर अंजलि चंद ने अंतर्राष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट (महिला और पुरुष) में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ी आंकड़ों का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया।
- वसीम जाफर 150 रणजी ट्रॉफी मैच खेलने वाले पहले क्रिकेटर बने।
- पृथ्वी शॉ ने 174 गेंदों में रणजी ट्रॉफी के इतिहास का तीसरा सबसे तेज़ दोहरा शतक जड़ा।
- फॉलो-ऑन के बाद रणजी ट्रॉफी का मैच जीतने वाली झारखंड इतिहास में पहली टीम बनी।
- पाकिस्तान के ओपनर आबिद अली वनडे और टेस्ट डेब्यू पर शतक जड़ने वाले इतिहास में पहले क्रिकेटर बने।
- अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट इतिहास में 400 छक्के जड़ने वाले पहले भारतीय बने रोहित शर्मा।
- कुलदीप यादव अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में दो हैट्रिक लेने वाले पहले भारतीय बने।
- भारत ने वेस्टइंडीज़ के खिलाफ अपना आखिरी मैच जीत लिया और 2-1 से सीरीज़ अपने नाम कर ली। यह वेस्टइंडीज़ के खिलाफ भारत की लागातार 10वीं वनडे सीरीज़ जीत थी।
- कनाडा के 84-वर्षीय रॉय जॉर्जन स्वेनिंगसेन अंटार्कटिक आइस मैराथन को पूरा करने वाले सबसे उम्रदराज़ व्यक्ति बने।
- वाडा ने रूसी एथलेटिक्स फेडरेशन को 2020 टोक्यो ओलिंपिक्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप्स समेत सभी बड़े खेल आयोजनों से 4 साल के लिए निलंबित किया।
- बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने बांग्लादेश इंटरनेशनल चैलेंज टूर्नामेंट का खिताब जीता।
- भारत के तीन निशानेबाज सौरभ चौधरी, दिव्यांश सिंह पंवार और एलावेनिल वलारिवन को प्रतिष्ठित 'गोल्डन टारगेट' अवॉर्ड से नवाजा गया।
- गौरव गिल ने पांचवीं बार जीती पॉपुलर रैली।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित)

मुंबादेवी आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, मुंबई

पद का नाम - प्रधानाचार्य, सहायक प्रोफेसर
पद संख्या - 01, 01
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग, विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर देखें।
अंतिम तिथि - 21 जनवरी 2020
www.sanskrit.nic.in/adarsh-mahavidhyalaya

कोल इंडिया लिमिटेड, कोलकाता

पद का नाम - खनन, विद्युत, यांत्रिक, सिविल, कोल प्रिपरेशन, सिस्टम्स, मटीरियल्स मैनेजमेंट, वित्त एवं लेखा, कार्मिक एवं मानव संसाधन, विपणन एवं विक्रय, समुदाय विकास
पद संख्या - 288, 218, 258, 68, 28, 46, 28, 254, 89, 23, 26
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 19 जनवरी 2020
www.coalindia.in

भारतीय प्रबंध संस्थान, लखनऊ

पद का नाम - वरिष्ठ नर्सिंग सहायक
पद संख्या - 02
योग्यता - मान्यता प्राप्त संस्थान से ग्रेड-ए (तीन वर्षीय पाठ्यक्रम) में नर्सिंग डिप्लोमा/ जीएनएम अथवा मान्यता प्राप्त संस्थान/ महाविद्यालय से बी.एससी. नर्सिंग में डिग्री, भारतीय/राज्य नर्सिंग से पंजीकृत, चिकित्सालय में 2 वर्षों का नैदानिक कार्यानुभव।
अंतिम तिथि - 20 जनवरी 2020
www.iiml.ac.in

बेसेंट अरूंडेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चेन्नई

पद का नाम - पीजीटी (तमिल)
पद संख्या - 01
योग्यता - मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में स्नातकोत्तर डिग्री या समकक्ष, शिक्षा में डिग्री, अनुभव 5 वर्षों का (राज्य/केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालय)
अंतिम तिथि - 20 जनवरी 2020
www.kalakshetra.in

राष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान अध्ययन केन्द्र, तिरुवनंतपुरम्

पद का नाम - वैज्ञानिक 'बी'
पद संख्या - 03
योग्यता - **आवश्यक** - भू-विज्ञान या भू-रसायनशास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से योग्यता डिग्री स्तर में कम से कम 60 प्रतिशत अंकों के साथ समकक्ष।
वांछित - भू-विज्ञान, भू-रसायनशास्त्र, भू-कालानुक्रम, संरचनात्मक भू-विज्ञान, जल विज्ञान, भूस्खलन, आइसोटोप अध्ययन में पीएचडी/अनुसंधान का अनुभव।
अंतिम तिथि - 20 जनवरी 2020
www.ncess.gov.in

परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय, हैदराबाद

पद का नाम - वैज्ञानिक अधिकारी/सी (चिकित्सा-सामान्य ड्यूटी), वैज्ञानिक सहायक-बी (ड्रिलिंग), वैज्ञानिक सहायक-बी (भौतिकी), वैज्ञानिक सहायक - बी (सर्वे), वैज्ञानिक सहायक - बी (इलेक्ट्रिकल), तकनीशियन - बी (ड्रिलिंग/ डीजल/ऑटोमैकेनिक), तकनीशियन - बी (इलेक्ट्रिकल), आशुलिपिक ग्रेड-III, प्रवर श्रेणी लिपिक, चालक (सामान्य ग्रेड)
पद संख्या - 02, 10, 01, 02, 02, 14, 04, 03, 10, 30
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 10 जनवरी 2020
www.amd.gov.in

दक्षिण पश्चिम रेलवे

पद का नाम - 7वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स लेवल-02, 7वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल-1 (पद स्काउट एंड गाइड कोटे के अधीन हैं।)
पद संख्या - 02, 08
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 20 जनवरी 2020
www.swr.indianrailways.gov.in

आईएनडी बैंक, चेन्नई

पद का नाम - वर्ग-1 मर्चेंट बैंकर - संविदात्मक आधार पर व्यापारी बैंकर, डीलर (स्टॉक ब्रोकिंग), अनुबंध आधार पर बैंक ऑफिस स्टाफ
पद संख्या - 02, 02, 04
योग्यता - **व्यापारी बैंकर** - वित्त में कोई भी स्नातक या एमबीए, **वांछनीय** - मर्चेंट बैंकिंग संचालन में न्यूनतम चार साल का अनुभव, वित्त में एमबीए - मर्चेंट बैंकिंग संचालन में न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव। **डीलर** - एनआईएसएम/एनसीएफएम योग्यता के साथ स्नातक, **वांछनीय** - डीलिंग/ बैक ऑफिस में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव। **अनुबंध आधार पर** - स्नातक के साथ बैक ऑफिस में न्यूनतम 1 वर्ष का अनुभव वांछनीय।
अंतिम तिथि - 15 जनवरी 2020
www.indbankonline.com

रेल पहिया कारखाना, बेंगलुरु

पद का नाम - जूनियर क्लर्क/अकाउंट्स क्लर्क, तकनीशियन ग्रेड-III (सांस्कृतिक कोटा के तहत भर्ती)
पद संख्या - 01, 01
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 28 जनवरी 2020
www.rwf.indianrailways.gov.in

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार

पद का नाम - युवा पेशेवर (अनुबंध आधार पर)
पद संख्या - 05
योग्यता - स्नातकोत्तर डिग्री या तकनीकी योग्यताएं जैसे बी.टेक, एमबीए या संलग्नक-1 में उल्लेखित क्षेत्र/विषय में समकक्ष। **वांछनीय** - एमफिल या अतिरिक्त योग्यताएं, अनुसंधान अनुभव, प्रकाशित पत्र और संबंधित क्षेत्र में योग्यता के बाद का अनुभव रखने वालों को वरीयता। अनुभव और विवरण के लिए वेबसाइट देखें।
अंतिम तिथि - 20 जनवरी 2020
www.dbtindia.gov.in

केन्द्रीय सिद्ध अनुसंधान परिषद, चेन्नई

पद का नाम - अनुसंधान अधिकारी (चिकित्सा), अनुसंधान अधिकारी (पशु चिकित्सा औषध विज्ञान), अनुसंधान अधिकारी (सिद्ध फार्मेसी)
पद संख्या - 01, 01, 01
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 19 फरवरी 2020
www.siddhacouncil.com

भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय, चेन्नई

पद का नाम - सहायक रजिस्ट्रार (वित्त) प्रत्यक्ष भर्ती के आधार पर।
पद संख्या - 03
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 4 फरवरी 2020
www.imu.edu.in

आईसीएमआर - नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एपीडिमियोलॉजी, चेन्नई

पद का नाम - प्रोजेक्ट रिसर्च असिस्टेंट, प्रोजेक्ट टेक्निशियन (लेब-III)
पद संख्या - 03, 01
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 20 फरवरी 2020 को वॉक इन इंटरव्यू
www.nie.gov.in

मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम, हरियाणा

पाठ्यक्रम का नाम - पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (एक वर्षीय पूर्णावधि), एक्जीक्यूटिव मैनेजमेंट प्रोग्राम (पीजीडीएम, पार्ट टाइम)
योग्यता - **पोस्ट ग्रेजुएट इन मैनेजमेंट** - स्नातक के साथ 5 वर्षीय कार्यानुभव, कैट/जीमैट का वैलिड स्कोर कार्ड। **पीजीडीएम** - स्नातक के साथ 3 वर्षीय कार्यानुभव, जीमैट/कैट/एमडीआई टेस्ट
अंतिम तिथि - पोस्ट ग्रेजुएट इन मैनेजमेंट-8 जनवरी 2020, पीजीडीएम - 6 फरवरी 2020
www.mdi.ac.in

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, संबलपुर, ओडिशा

पाठ्यक्रम का नाम - डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) इन मैनेजमेंट - 2020 - ओथी एंड एचआरएम, फायनेंस एंड एकाउंटिंग, प्रोडक्शन एंड ऑपरेशन मैनेजमेंट, इकोनॉमिक्स, पॉलिसी एंड स्ट्रेटजिक मैनेजमेंट, इनफॉर्मेशन सिस्टम एंड मार्केटिंग मैनेजमेंट
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 31 मार्च 2020
www.iimsambalpur.ac.in

एपीजे सत्य यूनिवर्सिटी, गुरुग्राम

पाठ्यक्रम का नाम - पीएचडी प्रोग्राम्स 2020 - इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट स्टडीज, जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, फार्मास्युटिकल साइंस, डिजाइन एंड विजुअल आर्ट्स, एजुकेशन, बायोसाइंस, लीगल स्टडीज (फुल टाइम/ पार्ट टाइम)
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 15 जनवरी 2020
www.university.apeejay.edu

भारतीय शिल्प संस्थान, जयपुर, राजस्थान

पाठ्यक्रम का नाम - 4 वर्षीय यूजी प्रोग्राम, 3 वर्षीय पीजी प्रोग्राम, 2 वर्षीय पीजी प्रोग्राम, 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड पीजी प्रोग्राम
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 20 मार्च 2020
https://iicd.ac.in

इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेस

पाठ्यक्रम का नाम - पीजीडीएम 2020-22 - मैनेजमेंट, बैंकिंग, इंश्योरेंस, फायनेंशियल सर्विस, इंटरनेशनल बिजनेस, मार्केटिंग मैनेजमेंट, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, एक्जीक्यूटिव पीजीडीएम
योग्यता - स्नातक के साथ, कैट/जैट/ जीमैट/मैट/सीमैट/एटीएमए का वैलिड स्कोर कार्ड
अंतिम तिथि - प्रवेश प्रारंभ है।
www.ipeindia.org

आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी बद्दी, हिमाचल प्रदेश

पाठ्यक्रम का नाम - सत्र 2020 के लिए स्नातक स्तर के बीटेक, बीबीए, बीकॉम, बीएससी और पीजी स्तर के एमबीए, एमएससी
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 25 जुलाई 2020
www.iuhimachal.edu.in

सीईपीटी यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद, गुजरात

पाठ्यक्रम का नाम - पी-एच.डी. और एम.फिल प्रोग्राम्स
योग्यता - सोशियोलॉजी, इकोनोमिक्स या हिस्ट्री विषय में मास्टर डिग्री या आर्किटेक्चर डिजाइन, कंजर्वेशन विषय में प्रोफेशनल मास्टर्स होना जरूरी।
अंतिम तिथि - 15 मार्च 2020
https://cept.ac.in

एनएएआरएम, हैदराबाद, तेलंगाना

पाठ्यक्रम का नाम - सत्र 2020-21 के लिए टेक्नोलॉजी इन एग्रीकल्चर एक वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स।
योग्यता - सोशल साइंस, फिजिकल साइंस, मैनेजमेंट साइंस में पीजी या इन्हीं विषयों के साथ ग्रेजुएशन के साथ दो वर्षीय कार्यानुभव।
अंतिम तिथि - 31 जनवरी 2020
www.naarm.org.in

दूरस्थ एवं वास्तविक शिक्षा केन्द्र, हैदराबाद

पाठ्यक्रम का नाम - वर्ष 2020 के लिए दूरस्थ प्रणाली द्वारा प्रस्तावित स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश।
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - प्रवेश प्रारंभ है।
www.uohyd.ac.in

इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल मैनेजमेंट, आणंद

पाठ्यक्रम का नाम - 19th फैलो प्रोग्राम इन रूरल मैनेजमेंट (एफपीआरएम 2020)
योग्यता - पीजी और समकक्ष डिग्री/ डिप्लोमा, कैट/जैट/मैट/जीआई/यूजीसी-जेआरएफ/नेट, सीएसआईआर/जेआरएफ/ नेट, आईसीएआर-एसआरएफ
अंतिम तिथि - 15 फरवरी 2020
https://www.irma.ac.in

स्कॉलरशिप और इन्टर्नशिप अलर्ट

टीच फॉर इंडिया फेलोशिप-2020

संस्था का नाम - टीच फॉर इंडिया ऑर्गेनाइजेशन, मुंबई
किसके लिए - उन सभी शिक्षित लोगों/ विद्यार्थियों/नौजवानों/युवतियों के लिए जो शिक्षा के प्रचार-प्रसार में शामिल होकर उन बच्चों को शिक्षित करने में मदद करें जो आधुनिक शिक्षा से दूर हैं। कक्षा दूसरी से लेकर दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को अंग्रेजी, गणित, सामाजिक विज्ञान आदि पढ़ाना होगा।
योग्यता - स्नातक की डिग्री हो या अंतिम वर्ष स्नातक के छात्र हों, भारत का नागरिक, अंग्रेजी भाषा पर पकड़ हो, चयनित आवेदकों को मुंबई, पुणे, दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद, अहमदाबाद और बैंगलुरु के माध्यम, निम्न श्रेणी स्कूलों में पढ़ाना होगा।
अंतिम तिथि - 1 मार्च 2020
https://applyteachforindia.org

मद्यपान और नशीले पदार्थ दुरुपयोग की रोकथाम में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार - 2020

संस्था का नाम - सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली, भारत सरकार
किसके लिए - मद्यपान और नशीले पदार्थ (दवा) दुरुपयोग के क्षेत्र में रोकथाम, पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने के लिए व्यसनियों के लिए एकीकृत पुनर्वास केन्द्र, इस क्षेत्र में कार्यरत सर्वोत्तम पंचायती राज अथवा नगरपालिका निकाय, जागरूकता के क्षेत्र में कार्यरत सर्वोत्तम शिक्षा संस्थान, उत्कृष्ट योगदान देने वाला सर्वोत्तम लाभ निरपेक्ष संस्थान, अनुसंधान अथवा नवोन्मेष करने वाले, जागरूकता अभियान चलाने वाले, आवेदन के पात्र हैं। ये संस्थागत श्रेणी के अंतर्गत हैं। जबकि व्यक्तिगत श्रेणी के तहत किसी भी व्यक्ति द्वारा उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त की गयी हो।
योग्यता - विषयानुसार
अंतिम तिथि - 31 जनवरी 2020
www.socialjustice.nic.in

राष्ट्रीय सीएसआर पुरस्कार-2020

संस्था का नाम - कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली
किसके लिए - सीएसआर में उत्कृष्टता के लिए चार पुरस्कार, सीएसआर व्यय के आधार पर, आकांक्षी जिलों/पुष्कर क्षेत्रों में सीएसआर परियोजनाओं के लिए पांच पुरस्कार, राष्ट्रीय प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में सीएसआर परियोजनाओं के लिए नामित संगठन, कंपनी, आवेदन के पात्र हैं।
योग्यता - विषयानुसार
अंतिम तिथि - 15 फरवरी 2020
www.csr.gov.in

नर्मदा-क्षिप्रा लिंक परियोजना का हुआ भूमि पूजन

भोपाल, जल संसाधन मंत्री श्री हुकुम सिंह कराड़ा एवं नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री जयवर्द्धन सिंह ने गत दिनों शाजापुर में 2215.64 करोड़ रुपये की नर्मदा-क्षिप्रा लिंक परियोजना, 13 करोड़ रुपये लागत की नर्मदा जलावर्धन योजना तथा 92 करोड़ के सीवेज ट्रीटमेंट योजना के कार्यों का भूमि पूजन किया। इससे अगले ढाई वर्षों में शाजापुर के नागरिकों को घर-घर प्रतिदिन नर्मदा का जल मिलने लगेगा। साथ ही शाजापुर नगर के लिए विश्व बैंक की सहायता से स्वीकृत सीवेज ट्रीटमेंट योजना से नगर की हर गली और मोहल्ले स्वच्छ होंगे।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री श्री कराड़ा ने कहा कि नर्मदा-क्षिप्रा लिंक का काम लगभग दो से ढाई साल के भीतर पूरा कराकर शाजापुर के नागरिकों को पानी पिलायेंगे। उन्होंने कहा कि रबी की सिंचाई से चीलर डेम के खाली होने के बाद इसे नर्मदा के जल से पुनः भरने और इस पानी को तीसरी फसल के लिए किसानों को देने की योजना भी बनाई जा रही है। नर्मदा-क्षिप्रा लिंक से मक्सी एवं शाजापुर क्षेत्र के किसानों को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में लगभग एक हजार गौ-शालाएं इस वर्ष बनकर तैयार हो जायेंगी। नागरिक जो जलकर आज दे रहे हैं, वही जलकर की दर बाद में भी रहेगी।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री सिंह ने कहा कि नर्मदा-क्षिप्रा लिंक से शाजापुर एवं मक्सी नगर को पेयजल के लिए पानी उपलब्ध होगा। साथ ही इस योजना से किसानों को सिंचाई के लिए पानी भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि शाजापुर नगर के लिए लगभग 92 करोड़ की सीवेज ट्रीटमेंट योजना से नगर की गंदगी दूर होगी। इस योजना से प्रत्येक घर को जोड़ा जायेगा। शहर में योजना के क्रियान्वयन के उपरांत खुली नालियां नहीं रहेंगी। शहर के लगभग 12500 मकानों में नर्मदा जल वितरण के लिए कनेक्शन दिया जायेगा और प्रतिदिवस जलप्रदाय भी होगा।

इस अवसर पर उन्होंने शाजापुर नगर के लिए बड़ा हाट बाजार बनाने के लिए एक करोड़ रुपये तथा गरीब व्यक्तियों के ठहरने के लिए आश्रय स्थल निर्माण के लिए एक करोड़ रुपये प्रदान करने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने कहा कि शाजापुर नगर में ट्रांसपोर्ट नगर एवं आधुनिक बस स्टेण्ड निर्माण के लिए नगरपालिका को जमीन उपलब्ध करा दी जायेगी तो इसके निर्माण में जितनी भी राशि की जरूरत होगी, उतनी राशि दी जायेगी।

(स्रोत : समाचार जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार।)

पिछला सप्ताह

28 दिसम्बर

चीन ने प्रक्षेपित किया संचार उपग्रह शिजियान-20

● चीन ने अपने सबसे उन्नत और भारी संचार उपग्रह को प्रक्षेपित किया है।

शिजियान-20 नामक यह उपग्रह नई संचार तकनीकों का परीक्षण करेगा। शिजियान-20 लगभग आठ हजार किलोग्राम वजनी है और चीन का सबसे भारी कृत्रिम उपग्रह है। इस उपग्रह का निर्माण चाइना एकेडमी ऑफ स्पेस टेक्नोलॉजी ने किया है। इस उपग्रह को चीन के सबसे बड़े रॉकेट लांग मार्च-5 के जरिये अंतरिक्ष में भेजा गया है। इस बड़े उपग्रह की सफल लॉन्चिंग के बाद चीन की मंगल ग्रह को लेकर बनी योजना पर काम तेज हो गया है। चीन वर्ष 2020 में मंगल ग्रह पर उपग्रह भेजेगा।

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित की गई केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) का परिणाम जारी किया गया है। सीबीएसई के अनुसार, सीटेट परीक्षा में 29 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया था, जिसमें से 5.42 लाख उम्मीदवार उत्तीर्ण हुये हैं। उल्लेखनीय है कि सीबीएसई द्वारा सीटेट परीक्षा प्रत्येक वर्ष दो बार आयोजित की जाती है। दिसम्बर 2019 में सीटेट परीक्षा देशभर के 110 शहरों में 20 भाषाओं में आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में दो पेपर होते हैं। पेपर-1 उन अभ्यार्थियों के लिये है, जो पहली से पांचवीं कक्षा के लिये शिक्षक बनना चाहते है और पेपर-2 उन अभ्यर्थियों के लिये हैं, जो कक्षा छठवीं से आठवीं के लिये शिक्षक बनना चाहते हैं।

● रूस की सेना ने सीरिया में विद्रोहियों के ठिकानों पर हमले तेज कर दिये हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, सीरियाई सरकार समर्थित रूसी सेना ने जिहादी गुटों के कब्जे वाले ठिकानों पर जमीनी और हवाई हमले किये। इन हमलों के कारण इदलिब प्रांत में लगभग 2 लाख 30 हजार लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा है।

29 दिसम्बर

चीन में करीब पांच लाख मुस्लिम बच्चों को बोर्डिंग स्कूलों में भेजा गया

● चीन के शिनजियांग प्रांत में लाखों मुस्लिम बच्चों को सरकार ने बोर्डिंग स्कूलों में रखा है। शिनजियांग प्रांत में ऐसे सैकड़ों बोर्डिंग स्कूल खुले हैं, जिनमें मुस्लिम बच्चों को रखा जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक लाखों उइगर और कजाक मुस्लिमों को डिटेंशन कैंपों में रखा गया है, जबकि उनके बच्चों को बोर्डिंग स्कूलों में भेजा गया है। ऐसे बच्चों की संख्या करीब 5 लाख है। शिनजियांग प्रांत की सरकार की ओर से जारी एक दस्तावेज के मुताबिक 800 से ज्यादा इलाकों में एक या दो ऐसे स्कूल खोलने की योजना तैयार की गई है।

● अफगानिस्तान के हेलमंड में स्थित एक सैन्य अड्डे पर तालिबान ने हमला कर दिया, जिसमें 10 सैनिकों की मौत हो गई। वहीं चार जवान घायल हुए। यह हमला सुरंग बनाकर किया गया था। अधिकारियों के अनुसार आतंकियों ने पहले सुरंग खोदी और फिर उसे विस्फोट करके उड़ा दिया।

● सोमालिया में हुए एक कार बम धमाके में 70 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई

और कई लोग घायल हो गए। मृतकों में दो तुर्की के नागरिक भी हैं। पुलिस के मुताबिक जांच के दौरान आत्मघाती हमलावर ने कार को उड़ा दिया। धमाका पास ही स्थित टैक्स कलेक्शन ऑफिस को टारगेट बनाकर किया गया था। हमले के पीछे किसका हाथ है, इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल किसी भी संगठन ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है।

30 दिसम्बर

हेमंत सोरेन झारखंड के 11वें मुख्यमंत्री बने

● झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन दूसरी बार झारखंड के मुख्यमंत्री बने।

राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें राज्य के 11वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ दिलाई। रांची के मोरहाबादी मैदान में सोरेन के साथ आलमगीर आलम, रामेश्वर उरांव और सत्यानंद भोक्ता ने मंत्री पद की शपथ ली। इससे पहले हेमंत ने जुलाई 2013 में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। वे 2009 में राज्य के डिप्टी सीएम भी रह चुके हैं।

● चिली में सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच जमकर झड़प हुई। झड़प इतनी बढ़ गई की पुलिस को प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस और वॉटर कैनन का इस्तेमाल करना पड़ा। प्रदर्शन के बीच राष्ट्रपति सेबस्टियन पिनेरा ने संविधान संशोधन को लेकर 26 अप्रैल 2020 को होने वाले जनमत संग्रह के फैसले पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी नागरिकों को मतदान में भाग लेने के लिए आमंत्रित करेंगे।

● मिस्र में एक सड़क हादसे में भारतीय और मलेशियाई पर्यटकों समेत छह लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में करीब 24 लोग घायल हो गए। एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि पर्यटकों को लेकर जा रही दो बसें काहिरा के पहले एक ट्रक से टकरा गईं। मिस्र स्थित भारतीय दूतावास की ओर से भी घटना की जानकारी दी गई है।

31 दिसम्बर

आधार-पैन लिंक करने की समय सीमा में फिर हुई वृद्धि

● आधार नंबर को पैन नंबर से लिंक कराने की समय सीमा में एक बार फिर वृद्धि की गई है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स ने आधार-पैन लिंक की समय सीमा 31 मार्च 2020 तक तय की है। पहले यह समय सीमा 31 दिसम्बर 2019 तक थी। आधार-पैन लिंक समय सीमा में यह 8वीं वृद्धि है। उल्लेखनीय है कि आयकर रिटर्न भरने के लिये आधार नंबर को पैन नंबर से लिंक करना अनिवार्य है। आयकर विभाग ने कहा था कि अगले वर्ष से बिना आधार से लिंक पैन कार्ड को निरस्त किया जा सकता है।

● अमेरिका ने इराक और सीरिया समर्थित आतंकी समूहों के ठिकानों पर हवाई हमले किये हैं। इन हवाई हमलों में 25 लड़ाके मारे गये हैं, वहीं 51 घायल हुए हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन के अनुसार, इराक और सीरिया में कताइब हिजबुल्लाह संगठन के 5 अड्डों पर यह हमले किये गये हैं। पेंटागन ने कहा कि ईरान की ओर से अमेरिकियों पर जानलेवा हमले की कार्रवाई को अमेरिका बर्दाश्त नहीं करेगा। उल्लेखनीय है कि हाल ही में ईरान समर्थित लड़ाकों ने इराक की राजधानी बगदाद के पास अमेरिकी सुरक्षा बलों के अड्डे पर रॉकेट से हमले किये थे, इन हमलों में एक अमेरिकी एजेंट मारा गया था, जबकि चार सैनिक घायल हुए थे।

● केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नागालैंड में सशस्त्र बल विशेष शक्ति अधिनियम (अफस्पा) को छह महीने के लिये और बढ़ा दिया है। यह कानून जून 2020 तक प्रभावी रहेगा। गृह मंत्रालय ने अफस्पा की धारा-3 के तहत नागालैंड को अशांत क्षेत्र घोषित किया है। नागालैंड में स्थिति अशांत और खतरनाक है, ऐसे में प्रशासन की मदद के लिये सेनाओं का इस्तेमाल जरूरी है। उल्लेखनीय है कि नागालैंड में अफस्पा कानून लंबे समय से लागू है।

1 जनवरी

भारतीय रेलवे सुरक्षा बल सेवा के नाम से जाना जायेगा आरपीएफ

● भारतीय रेलवे ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) का नाम बदलकर भारतीय

रेलवे सुरक्षा बल सेवा कर दिया है। इस संबंध में रेलवे ने एक आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि माननीय कोर्ट के आदेश के आधार पर मंत्रिमंडल के फैसले के मद्देनजर आरपीएफ को संगठित समूह ए का दर्जा प्रदान किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरपीएफ की स्थापना रेलवे सुरक्षा बल अधिनियम 1957 के तहत की गई थी। आरपीएफ का कार्य रेलवे की सम्पत्तियों की सुरक्षा करना है।

● ऑस्ट्रेलिया के जंगलों में लगी आग बेहद विकराल होती जा रही है। जंगलों की आग समुद्र के किनारे बसे लोकप्रिय पर्यटक शहर मल्लकूटा तक पहुंच गई है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार आग के कारण चार हजार लोग शहर में फंस गये हैं। उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलिया में कई दिनों से जंगलों में आग लगी हुई है। आग की भयानकता को देखते हुये अधिकारियों ने पर्यटकों को वापस जाने की अपील की थी। ऑस्ट्रेलिया के आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार मल्लकूटा शहर में फंसे 4 हजार लोग समुद्र तट पर सुरक्षित हैं। जरूरत पड़ने पर लोगों को समुद्री या वायु मार्ग से बाहर निकाला जायेगा।

● वायुसेना में हल्के लड़ाकू विमान डोर्नियर को आधिकारिक रूप से शामिल किया

गया है। डोर्नियर को वायुसेना के 41वें ओटर्स स्क्वाड्रन में शामिल किया गया है, वायु सेना प्रमुख आरकेएस भदौरिया ने इन विमानों को शामिल करने की प्रक्रिया पूरी की। डोर्नियर विमान हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा बनाये गये हैं। उल्लेखनीय है कि भारतीय वायुसेना ने वर्ष 2015 में एचएएल के साथ 1090 करोड़ रुपये का करार किया था। इस करार के तहत उड़ान निरीक्षण प्रणाली से लैस 14 डोर्नियर विमानों की खरीदी की जायेगी।

2 जनवरी

नये राजनीतिक दलों को एक माह के अंदर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य

● भारत निर्वाचन आयोग ने नये राजनीतिक दलों के लिये नये दिशा-निर्देश जारी किये हैं। इसके तहत नये राजनीतिक दलों को अपने गठन के 30 दिन के अंदर रजिस्ट्रेशन के लिये आवेदन करना होगा। साथ ही अब नये राजनीतिक दल मान्यता प्राप्त दलों से मिलते-जुलते नाम से रजिस्ट्रेशन नहीं करवा सकेंगे। निर्वाचन आयोग ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29ए के तहत में दिशा-निर्देश जारी किये हैं। आयोग ने नये राजनीतिक दलों के आवेदनों की नवीनतम जानकारी प्राप्त करने के लिये राजनीतिक दल पंजीकरण प्रबंधन प्रणाली शुरू की है।

● इंडोनेशिया की राजधानी में भारी बारिश के कारण बाढ़ और भू-स्खलन का प्रकोप बढ़ गया है। बाढ़ के कारण लगभग 21 लोगों की मौत हो गई है, वहीं 30 हजार से अधिक लोगों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया है। जकार्ता की आपदा एजेंसी के अनुसार, बाढ़ प्रभावितों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। बाढ़ के कारण कई जिलों की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई है और हलीम एयरपोर्ट के रनवे को भी अस्थायी रूप से बंद किया गया है।

● अफगानिस्तान में कुख्यात आतंकी संगठन तालिबान ने एक बार फिर सुरक्षाबलों पर कई हमले किये। तालिबान ने अफगानिस्तान के कुंदुज प्रांत के दशाती आर्ची जिले में एक जांच चौकी पर हमला कर 10 अफगान सैनिकों को मार गिराया, वहीं बाख प्रांत में जांच चौकी में 9 अफगान सैनिकों की मौत हुई। इन सभी हमलों में 26 सैनिकों के मारे जाने की खबर है। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने दावा किया कि तालिबानी लड़ाकों ने सुरक्षाबलों में घुसपैठ कर इन हमलों को अंजाम दिया है।

3 जनवरी

रेलवे ने हेल्पलाइन नंबर 139 को बनाया एकीकृत

● भारतीय रेलवे ने अपने सभी हेल्पलाइन नंबरों को एकल नंबर 139 में समाहित किया है। अब 139 रेलवे का एकीकृत हेल्पलाइन नंबर है। इससे यात्रा के दौरान यात्रियों को जानकारी प्रदान करने तथा उनकी शिकायतों के निराकरण में आसानी होगी। हेल्पलाइन नंबर 139 पर 12 भाषाओं में उत्तर की सुविधा होगी। यह हेल्पलाइन नंबर इंटरेक्टिव वॉइस रिस्पॉन्स प्रणाली (आईवीआरएस) पर आधारित होगा। इस हेल्पलाइन नंबर में आठ सुविधाएं मिलेंगी जैसे- सुरक्षा और मेडिकल इमरजेंसी, किराए-पीएनआर की पूछताछ, कैटरिंग संबंधी शिकायतें, आम शिकायतें, सतर्कता और भ्रष्टाचार की शिकायतें और दुर्घटना संबंधी सूचनाएं आदि।

● ताइवान की राजधानी ताइपे में एक हादसे में उप रक्षा मंत्री शेन यी मिंग सहित 8 लोगों की मौत हो गई है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, एम ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टर एक पहाड़ी से टकरा कर क्रैश हो गया। हेलिकॉप्टर ने ताइपे से मिलान काउंटी के लिये उड़ान भरी थी। हेलिकॉप्टर में 13 लोग सवार थे, इनमें से 5 लोगों को बचा लिया गया है।

● सीरिया के इदलिब प्रांत में सीरियाई सेना की गोलाबारी में पांच बच्चों सहित 9 लोगों की मौत हो गई है। इस गोलाबारी में 16 लोग भी घायल हुए हैं। यह हमला सरमिन शहर के एक स्कूल पर हुआ था। जानकारी के अनुसार, स्कूल को राहत शिविर बनाया गया था। सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल असर की सरकार विद्रोहियों के खिलाफ सैन्य कार्रवाई कर रही है।

मुख्यमंत्री प्याज कृषक प्रोत्साहन योजना में किसान के खाते में पहुंचेगी अंतर की राशि

भोपाल, राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री प्याज कृषक प्रोत्साहन योजना में वर्ष 2019-20 में प्याज उत्पादक किसानों को मंडी के क्रय मूल्य और समर्थन मूल्य के अंतर की राशि का भुगतान करने के लिये 20 जिलों को उनकी मांग के अनुरूप 116 करोड़ रुपये की राशि जारी कर दी है। योजना में ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत प्याज उत्पादक किसानों के बैंक खातों में प्याज विक्रय करने पर मूल्य के अंतर की राशि सीधे ट्रांसफर की जायेगी।

प्रदेश की प्याज के लिये अधिसूचित मंडियों में प्याज का मॉडल विक्रय दर रबी प्याज की फसल के लिये निर्धारित अवधि में 800 रुपये प्रति क्विंटल से कम रहता है। इस स्थिति में राज्य सरकार द्वारा प्याज उत्पादक किसानों को अधिसूचित मंडियों में प्याज बेचने पर क्रय मूल्य एवं समर्थन मूल्य 800 रुपये प्रति क्विंटल के अंतर की राशि का भुगतान मुख्यमंत्री प्याज कृषक प्रोत्साहन योजना में किया जाता है।

राज्य सरकार द्वारा जिला शिवपुरी को 1 करोड़ 14 लाख 90 हजार 440 रुपये, रायसेन 1 लाख 96 हजार 706, आगर-मालवा 7 करोड़ 38 लाख 43 हजार 842 रुपये, उज्जैन 16 करोड़ 32 लाख 89 हजार 197 रुपये, झाबुआ 1 करोड़ 99 लाख 66 हजार 511 रुपये और खरगोन जिले को 3 करोड़ 26 हजार 99 रुपये आवंटित किये गये है।

योजना में जिला खण्डवा को 2 करोड़ 71 लाख 97 हजार 910 रुपये, ग्वालियर 29 हजार 153 रुपये, सीहोर 9 करोड़ 48 लाख 64 हजार 624, रतलाम 1 करोड़ 19 लाख 18 हजार 920 रुपये, नीमच 1 करोड़ 65 लाख 24 हजार 722 रुपये, इंदौर 29 करोड़ 95 लाख 92 हजार 753 रुपये, भोपाल 1 करोड़ 25 लाख 59 हजार 891 रुपये, शाजापुर 9 करोड़ 6 लाख 76 हजार 934 रुपये, मंदसौर 7 करोड़ 79 लाख 18 हजार 28 रुपये, हरदा 12 लाख 54 हजार 76 रुपये, बड़वानी 2 करोड़ 83 लाख 79 हजार 319 रुपये, धार 5 करोड़ 52 लाख 55 हजार 310 रुपये, पन्ना 2 लाख 23 हजार 144 और देवास जिले को 3 करोड़ 67 लाख 25 हजार 397 रुपये बजट आवंटित किये गये हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

रोज़गार और निर्माण वर्ष 37, अंक 01, 06.01.2020 से 12.01.2020

● प्रबंध संचालक - संजय कुमार शुक्ल ● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी ● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह, राकेश गौतम ● उप सम्पादक - रंजना चितले ● उप महाप्रबंधक - अजीत रोमन (विज्ञापन और प्रसार)
● प्रबंधक - नरेन्द्र कुमार वनवट (वित्त) ● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन) ● आकल्पन - आशा रोमन, हेमंत वायंगणकर, सुशील लांडगे ● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, e-mail : mpmdtp@yahoo.com
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

खेलचर्चा

विजडन की ट्वेंटी-20 टीम में कोहली और बुमराह शामिल

नई दिल्ली, विजडन की ओर से चुनी गई दशक की सर्वश्रेष्ठ ट्वेंटी-20 टीम में

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को जगह मिली है। टीम में कोहली और बुमराह के अलावा एरोन फिंच, कोलिन मुनरो, शेन वाटसन, ग्लैन मैक्सवेल, जोस बटलर, मोहम्मद नबी, डेविड विली, राशिद खान और लसिथ मलिंगा भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि विराट को विजडन की टेस्ट और वन-डे टीम में जगह दी गई थी। विराट ने इस वर्ष क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। वहीं बुमराह मौजूदा दौर में विश्व के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने 247 रनों से जीता दूसरा टेस्ट मैच

मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया ने मेलबर्न में खेले गये दूसरे टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड को 247 रनों से हराया है। मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में ट्रेविस हेड के शतक की बदौलत 467 रन बनाए, जबकि न्यूजीलैंड की टीम पहली पारी में 148 रनों पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी 5 विकेट पर 168 रन बनाकर घोषित की। जीत के लिये 488 रनों के लक्ष्य के जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 240 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड के लिये टॉम ब्लंडेल ने 121 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली।

एंडी मरे ने ऑस्ट्रेलिया ओपन से वापस लिया नाम

लंदन, ब्रिटेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे ने ऑस्ट्रेलियन ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। मरे ने चोट के कारण यह कदम उठाया है। मरे को पिछले महीने डेविस कप के दौरान कूल्हे में चोट लग गई थी। मरे ने कहा है कि ऑस्ट्रेलियन ओपन में नहीं खेल पाना बेहद निराशाजनक है। मैं ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को लेकर रोमांचित था, मगर दुर्भाग्यवश मैं चोट के कारण में ऐसा नहीं कर सकूंगा।

ऑस्ट्रेलिया के पीटर सिडल ने लिया संन्यास

सिडनी, ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज पीटर सिडल ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट

से संन्यास लेने की घोषणा की है। सिडल ने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच के दौरान संन्यास की घोषणा की। वे मौजूदा टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा थे, लेकिन उन्हें प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिली थी। सिडल ने ऑस्ट्रेलिया के लिये 67 टेस्ट मैचों में 221 विकेट लिये हैं। सिडल ने 20 वन-डे और 2 ट्वेंटी-20 मैच भी खेले हैं।

ओलिंपिक क्वालिफायर रैंकिंग जारी

मीराबाई चानू ने टोक्यो ओलिंपिक के लिये किया क्वालिफाई

नई दिल्ली, भारत की अनुभवी महिला भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने वर्ष 2020 में आयोजित होने वाले टोक्यो ओलिंपिक में अपनी जगह पक्की कर ली है। अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन संघ (आईडब्ल्यूएफ) द्वारा ओलिंपिक क्वालिफायर रैंकिंग जारी की गई है। महिलाओं की 49 किलोग्राम भारवर्ग स्पर्धा की रैंकिंग में मीराबाई चानू आठवें स्थान पर काबिज हैं। हालांकि यह फाइनल रैंकिंग नहीं है। लेकिन मीराबाई का क्वालिफाई करना पक्का माना जा रहा है। रैंकिंग में टॉप-4 में चीन की तीन वेटलिफ्टर हैं, इनमें से किसी एक को ही ओलिंपिक में प्रवेश मिलेगा, क्योंकि आईडब्ल्यूएफ के नियम के अनुसार, एक कैटेगरी में किसी देश का एक खिलाड़ी ही क्वालिफाई कर सकता है, ऐसे में मीराबाई रैंकिंग में ऊपर आ जायेंगी। आईडब्ल्यूएफ अप्रैल में अपनी फाइनल रैंकिंग जारी करेगा। रैंकिंग में टॉप-8 खिलाड़ी ओलिंपिक के लिये क्वालिफाई करेंगे।

एशियाई चैंपियनशिप में उतरेंगी मीराबाई

ओलिंपिक से पहले मीराबाई एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में उतरेंगी। मीराबाई इस चैंपियनशिप में पदक की दावेदार मानी जा रही है। इस चैंपियनशिप में उतरने के कारण मीराबाई का ओलिंपिक में चयन महज औपचारिकता भर रह जायेगा। मीराबाई के कोच विजय शर्मा ने बताया कि मीराबाई पटियाला में एशियाई चैंपियनशिप और ओलिंपिक खेलों के लिये कड़ी ट्रेनिंग ले रही हैं।

प्रत्येक खिलाड़ी को 6 टूर्नामेंट खेलना अनिवार्य

आईडब्ल्यूएफ के नियमों के अनुसार, ओलिंपिक में क्वालिफाई करने के लिये प्रत्येक खिलाड़ी को कम से कम 6 टूर्नामेंट में हिस्सा लेना जरूरी है, इनमें स्वर्ण और रजत पदक के इवेंट भी जरूरी हैं। मीराबाई चोट के कारण कुछ टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सकी थीं, लेकिन उन्होंने वर्ष 2019 की एशियाई चैंपियनशिप में हिस्सा लिया था, लेकिन वे बेहद कम अंतर से कांस्य पदक जीतने से चूक गई थीं। इसके बाद मीराबाई ने कतर इंटरनेशनल कप में स्वर्ण पदक जीता था।

- भारत ने ओलिंपिक खेलों में अब तक एक कांस्य पदक ही जीता है।
- वर्ष 2000 के सिडनी ओलिंपिक में कर्णम मल्लेश्वरी ने 69 किलोग्राम भारवर्ग में यह पदक जीता था।
- मीराबाई वर्ष 2017 में विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 48 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं।
- मीराबाई ने वर्ष 2018 के गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक तथा 2014 ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीते हैं।

ओलिंपिक में दोनों वर्गों में होंगे 14 इवेंट

टोक्यो ओलिंपिक में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में कुल 14 इवेंट होंगे। दोनों वर्गों में 7-7 भारवर्ग हैं। पुरुषों के लिये 61, 67, 73, 81, 96, 109 और 109 (से अधिक) किलोग्राम भारवर्ग निर्धारित किये गये हैं, वहीं महिलाओं के लिये 49, 55, 59, 64, 76, 87 और 87 (से अधिक) किलोग्राम भारवर्ग में खिलाड़ी दमखम दिखायेंगे। एक देश दोनों वर्गों में अधिकतम 8 खिलाड़ी ही भेज सकते हैं।

राष्ट्रमंडल खेलों की दावेदारी पेश करेगा भारत

नई दिल्ली, भारत वर्ष 2026 या 2030 में आयोजित होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की दावेदारी करने का दावा पेश करेगा। आईओए की वार्षिक आम बैठक में यह फैसला लिया गया है। आईओए के महासचिव राजीव मेहता ने कहा कि हम वर्ष 2026 या 2030 में राष्ट्रमंडल खेल की मेजबानी का दावा करेंगे। साथ ही भारत वर्ष 2022 के बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भी हिस्सा लेगा। उल्लेखनीय है कि भारत वर्ष 2010 में राष्ट्रमंडल खेलों की सफल मेजबानी कर चुका है।

क्लाइव लॉयड को मिलेगी नाइटहुड की उपाधि

एंटीगा, वेस्टइंडीज को दो बार क्रिकेट विश्वकप का खिताब दिलाने वाले कप्तान क्लाइव लॉयड को नाइटहुड की उपाधि प्रदान की जायेगी। इस उपाधि के बाद लॉयड 'सर' क्लाइव लॉयड कहलायेंगे। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर यह जानकारी दी। बोर्ड ने लिखा है कि नये वर्ष पर क्रिकेट में बेमिसाल योगदान के लिये क्लाइव लॉयड को नाइटहुड दिया जायेगा। लॉयड ने वेस्टइंडीज के लिये 110 टेस्ट और 87 वन-डे मैच खेले हैं।

ट्रेवर पेनी बने वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के सहायक कोच

एंटीगा, वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने ट्रेवर पेनी को राष्ट्रीय टीम का सहायक कोच नियुक्त किया है। पेनी वन-डे और ट्वेंटी-20 टीम के साथ काम करेंगे। पेनी वेस्टइंडीज के साथ 2 वर्ष तक काम करेंगे। उल्लेखनीय है कि पेनी काउंटी क्लब वॉरविकशर की ओर से 158 प्रथम श्रेणी और 291 लिस्ट ए मैच खेल चुके हैं।

भारतीय टेनिस स्टार लिएंडर पेस लेंगे संन्यास

नई दिल्ली, भारत के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस टेनिस से संन्यास लेने जा रहे हैं। पेस ने सोशल मीडिया पर लिखा कि वर्ष 2020 मेरे पेशेवर टेनिस खिलाड़ी के तौर पर आखिरी वर्ष होगा। पेस ने लिखा कि मुझे 2020 टेनिस कैलेंडर का इंतजार है, जिसमें मैं चुनिंदा टूर्नामेंट खेलूंगा। उन्होंने विश्वभर में अपने प्रशंसकों का धन्यवाद करते हुये कहा कि आप सभी की वजह से मैं यहां तक पहुंचा हूं।

पेस पिछले 30 वर्षों से पेशेवर टेनिस खेल रहे हैं। पेस ने वर्ष 1991 में अपने टेनिस कॅरियर का आगाज किया था। पेस सात बार ओलिंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। यह कारनामा करने वाले वे पहले भारतीय हैं। पेस ने वर्ष 1994 के अटलांटा ओलिंपिक खेलों में पुरुष एकल वर्ग में कांस्य पदक जीता था। ओलिंपिक खेलों में

टेनिस में पदक जीतने वाले वे एकमात्र भारतीय हैं। पेस अपने टेनिस कॅरियर में 18 बार ग्रैंड स्लैम खिताबी जीत चुके हैं। पेस ने 8 बार पुरुष युगल वर्ग में तथा 10 बार मिश्रित युगल वर्ग में ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। इसके अलावा पेस एशियाई खेलों में 5 स्वर्ण सहित 7 पदक भी जीत चुके हैं।

उल्लेखनीय है कि पेस भारत के सबसे सफल टेनिस खिलाड़ी हैं। पेस और महेश भूपति की जोड़ी पुरुष युगल वर्ग में काफी सफल भी रही है।

ओलिंपिक क्वालिफायर के लिये भारतीय मुक्केबाजी दल की घोषणा

नई दिल्ली, भारतीय मुक्केबाज संघ ने ओलिंपिक क्वालिफायर के लिये भारतीय पुरुष मुक्केबाजी दल की घोषणा की है। भारतीय दल में आठ मुक्केबाजों को जगह मिली है। मुक्केबाजों का चयन ट्रायल मुकाबलों के बाद किया गया है। विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघल को 52 किलोग्राम भार वर्ग तथा कांस्य पदक विजेता मनीष कौशिक को 63 किलोग्राम भारवर्ग में सीधे चुना गया है। इन दोनों मुक्केबाजों को ट्रायल में छूट दी गई थी।

इनके अलावा गौरव सोलंकी को 57 किलोग्राम भार वर्ग में, विकास कृष्ठान को 69 किलोग्राम भारवर्ग में, आशीष कुमार को 75 किलोग्राम भारवर्ग में, सचिन कुमार को 81 किलोग्राम भारवर्ग में, नमन तंवर को 91 किलोग्राम भारवर्ग तथा सतीष कुमार को 91 किलोग्राम से अधिक भारवर्ग के लिये चुना गया है। अमित और मनीष को छोड़कर अन्य सभी मुक्केबाजों ने अपने-अपने भारवर्ग के ट्रायल मुकाबले जीते हैं।

उल्लेखनीय है कि एशिया ओसनिया ओलिंपिक क्वालिफाइंग टूर्नामेंट 3 से 14 फरवरी 2020 तक चीन के वुहान शहर में आयोजित किया जायेगा। इस टूर्नामेंट से ओलिंपिक का टिकट मिलेगा।

हंपी ने जीती महिला विश्व रैपिड चैंपियनशिप

मॉस्को, भारत की अनुभवी शतरंज खिलाड़ी कनेरू हंपी ने महिला विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया है। हंपी ने चीन की लेई टिंगजी के खिलाफ आर्मेगेडनन गेम को ड्रा करने के बाद खिताब अपने नाम किया।

हंपी ने फिडे को दिये एक साक्षात्कार में कहा कि जब मैंने तीसरे दिन अपना पहला गेम खेलना शुरू किया तो उम्मीद थी कि मैं टॉप-3 पर रहूंगी। मैंने कोई भी टाई ब्रेक गेम खेलने की उम्मीद नहीं की थी। उन्होंने कहा कि मैंने अपना पहला गेम, गवां दिया, लेकिन दूसरे गेम में वापसी की। यह गेम बहुत जोखिम भरा रहा, लेकिन मैंने इसमें जीत हासिल की। अंतिम गेम में भी मैंने आसानी से जीत हासिल करने में सफलता पाई।

चैंपियनशिप में हंपी ने सभी 12 दौर में 9-9 अंक जुटाए, जिससे वह टिंगजी के बराबर आ गईं। दोनों खिलाड़ियों के समान अंक होने के बाद दोनों के बीच आर्मेगेडोन गेम खेला गया। इस निर्णायक गेम में पहला गेम हारने के बाद हंपी पिछड़ गई थीं। हंपी ने दूसरे और तीसरे गेम को जीतकर खिताब अपने नाम किया।

उल्लेखनीय है कि कनेरू हंपी ने वर्ष 2017 में पारिवारिक कारणों से खेल से ब्रेक लिया था। हंपी के इस फैसले से उनके प्रशंसक निराश थे। वर्ष 2019 में हंपी ने खेल में फिर वापसी की, तब किसी को उम्मीद नहीं थी कि वे विश्व चैंपियन बन सकती हैं।

- हंपी विश्व रैपिड चैंपियनशिप जीतने वाली दूसरी भारतीय हैं।
- हंपी से पहले वर्ष 2017 में विश्वनाथन आनंद ने यह खिताब जीता है।
- हंपी ग्रैंड मास्टर बनने वाली पहली भारतीय महिला हैं।
- हंपी के नाम वर्ष 2002 में सबसे युवा महिला ग्रैंड मास्टर बनने का रिकॉर्ड भी है।

सुमित और सीमा डोप टेस्ट में हुए फेल, लगा प्रतिबंध

नई दिल्ली, भारत के मुक्केबाज सुमित सांगवान डोप टेस्ट में फेल हो गये हैं। राष्ट्रीय डोपी रोधी एजेंसी (नाडा) ने सुमित पर एक वर्ष के लिये प्रतिबंध भी लगाया है। इस प्रतिबंध के कारण सुमित टोक्यो ओलिंपिक में हिस्सा नहीं ले पायेंगे। नाडा ने 10 अक्टूबर को सुमित के यूरिन सैंपल लिये थे, सैंपल में एसेटेजोलामाइड पाया गया था। सुमित लंदन ओलिंपिक में भारतीय दल का हिस्सा थे। सुमित के अलावा महिला भारोत्तोलक सीमा भी डोप टेस्ट में विफल रही है। नाडा ने सीमा को चार वर्ष के लिये प्रतिबंधित किया है। सीमा वर्ष 2018 के गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के लिये रजत पदक जीत चुकी हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

पाठकों के लिए 'हमसे पूछिये' स्तम्भ का प्रकाशन किया जा रहा है। इस स्तम्भ के लिये 'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों से कॅरियर संबंधी सवाल आमंत्रित किये जाते हैं।

इन सवालों के जवाब प्रोफेसर जयंतीलाल भंडारी देते हैं। पाठक अपने सवाल नीचे दिये गये पते पर भेजकर कॅरियर संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पाठक पत्र लिखते समय पोस्टकार्ड या लिफाफे के ऊपर 'हमसे पूछिये' कॉलम जरूर लिखें।

रोज़गार और निर्माण
(हमसे पूछिये)
40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश
पिनकोड-462 011

❍ कृपया मुझे बताएं कि क्लैट परीक्षा के पैटर्न में क्या नए बदलाव किए गए हैं तथा इस बदले हुए पैटर्न के हिसाब से क्लैट की सफल तैयारी कैसे की जाए?

- मोहित शर्मा, भोपाल

● कंसोर्टियम ऑफ नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज ने कॉमन लॉ एडमिशन

टेस्ट (क्लैट) 2020 का पैटर्न बदलने का फैसला किया है। क्लैट एक अंडरग्रेजुएट प्रवेश परीक्षा है, जिसके आधार पर देशभर के विधि (लॉ) संस्थानों में दाखिला होता है। एग्जाम पैटर्न में बदलाव का सबसे बड़ा मकसद छात्रों में तनाव कम करना और उनके बीच स्वस्थ प्रतियोगिता को बढ़ावा देना है। कंसोर्टियम की बैठक में व्यापक विचार-विमर्श के बाद सहमति बनी है कि क्लैट का प्रश्न पत्र ऐसा हो, जिसमें विद्यार्थी की सूझबूझ की क्षमता का आकलन किया जा सके। विधि के कोर्स के लिये उसकी अर्हता भी साबित हो सके। पहले क्लैट की परीक्षा में 200 सवाल पूछे जाते थे, लेकिन अब सवालों की संख्या घटाकर 150 कर दी गई है। अगले साल कॉम्प्रिहैंसन से जुड़े सवाल पूछे जायेंगे इसमें इंग्लिश लैंग्वेज, करेंट अफेयर्स, जनरल अवेयरनेस के साथ, लीगल रीजनिंग, लॉजिकल रीजनिंग, क्वांटिटेटिव टेक्नीक के प्रश्न शामिल होंगे। परीक्षा का समय पहले की तरह दो घंटे ही होगा। बता दें कि क्लैट-2020 परीक्षा 10 मई 2020 को होगी और इसका पंजीकरण 1 जनवरी 2020 से शुरू हो गया है।

❍ भारतीय सेना की मिलिट्री नर्सिंग सेवा में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता क्या आवश्यक है?

- सुरेखा कश्यप, पनागर (जबलपुर)

● भारतीय सेना की मिलिट्री नर्सिंग सेवा में प्रवेश के लिए उम्मीदवार ने 50 फीसदी अंकों के साथ फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी से बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की हो तथा इंग्लिश भी एक विषय रहा हो। ऐसे उम्मीदवार भारतीय सेना द्वारा संचालित नर्सिंग के बैचलर ऑफ साइंस कोर्स हेतु पात्र होते हैं। इस कोर्स में प्रवेश एडमिशन रिटेन टेस्ट के वैलिड स्कोर और पर्सनल इंटरव्यू के आधार पर मिलता है। यह कोर्स सफलतापूर्वक करने के बाद आपको मिलिट्री नर्सिंग सेवा में सम्मिलित कर लिया जाता है।

❍ लिबरल आर्ट्स में बीए कहाँ से किया जा सकता है?

- कन्हैया राजपूत, शहपुरा (डिंडोरी)

● नरसी मोनजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, मुंबई से लिबरल आर्ट्स में बीए ऑनर्स किया जा सकता है। उम्मीदवारों को प्रवेश क्वालिफाइंग एग्जाम और इंटरव्यू के आधार पर मिलता है। इस कोर्स में प्रवेश हेतु किसी भी विषय समूह से न्यूनतम 60 फीसदी अंकों के साथ बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

❍ कृपया मुझे हैंडराइटिंग ओलंपियाड के बारे में जानकारी प्रदान करें?

- नरेश सोनी, निवाड़ी

● हैंडराइटिंग ओलंपियाड में पहली कक्षा से बारहवीं कक्षा तक के छात्र सम्मिलित हो सकते हैं। हैंडराइटिंग ओलंपियाड प्रतियोगिता चार चरणों में आयोजित होती है। पहला स्कूल, दूसरा राज्य स्तर, तीसरा प्री-फाइनल और चौथा फाइनल। प्रत्येक कैटेगरी में तीन विजेताओं का चयन किया जाता है। छात्रों को कक्षा के आधार पर तीन कैटेगरी में बाँटा जाता है। ए कैटेगरी में 9वीं से 12वीं कक्षा तक के छात्र, बी कैटेगरी में पाँचवीं से आठवीं कक्षा तक के छात्र और सी कैटेगरी में पहली से चौथी कक्षा तक के छात्र शामिल होते हैं। हैंडराइटिंग ओलंपियाड से संबंधित विस्तृत विवरण के लिए आप अपने स्कूल से सम्पर्क करें।

❍ मैं समुद्र विज्ञान के क्षेत्र में कॅरियर बनाना चाहता हूँ। कृपया विस्तृत जानकारी प्रदान करें?

- जयंत नीमा, अनूपपुर

● समुद्र से जुड़े कॅरियर विकल्पों में से एक चुनौतीपूर्ण कॅरियर समुद्र विज्ञान

भी है, जिसमें आप नवीनतम जानकारी के साथ-साथ समुद्र के जीवन से जुड़े रोमांच का भी भरपूर मजा ले सकते हैं। समुद्र विज्ञान वह विज्ञान है, जिसमें समुद्र के हर पहलू का वैज्ञानिक अध्ययन किया जाता है। समुद्र विज्ञान में समुद्र, उसके तट, समुद्री शाखाओं से लेकर कोस्टल वाटर और समुद्री चट्टानों की गहराई का जायजा लेना होता है। गौरतलब है कि यह एक ऐसा विज्ञान है जो केमेस्ट्री, जियोलॉजी, मेटिरियोलॉजी, फिजिक्स और बायोलॉजी को एक साथ समझने का मौका प्रदान करता है। समुद्र विज्ञान एक ऐसा रोचक क्षेत्र है, जहाँ आपको विभिन्न रोमांचक वैज्ञानिक गतिविधियों में शामिल होने का अवसर मिलता है। इसमें कॅरियर बनाने के इच्छुक युवाओं के लिए धन के साथ चुनौतियाँ भी हैं। समुद्र विज्ञान कभी न खत्म होने वाली जिज्ञासाओं का समंदर भी है। समुद्र में ढेरों जानकारी के खजाने छिपे हैं, जिनके रहस्य पर से परदा उठना अभी बाकी है। इस काम में समुद्र के भीतर घंटों गुजारकर, सैंपल जुटाना, सर्वे करना, डाटा को विश्लेषित करना होता है। चूँकि यह खोज आधारित क्षेत्र है, इसलिए इसमें काम करने वाले लोगों को समुद्र के आस-पास के इलाकों में लंबा समय गुजारना पड़ता है। समुद्र वैज्ञानिक महासागरों व कोस्टल वाटर के रहस्य को बारीकी से जाँचता है। वह महासागरीय जल की गति, जल के वितरण और उसके फिजिकल व कैमिकल गुण व लक्षण का अध्ययन करता है और जानने की कोशिश करता है कि इनका समुद्र के तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों और जलवायु पर क्या असर पड़ता है। यह क्षेत्र रिसर्च ओरिएंटेड है, जहाँ एक लंबा समय समुद्री उथल-पुथल के बीच बिताना होता है। मिलने वाली चुनौतियों तथा खतरों के करीब से गुजरना होता है। विज्ञान विषय के छात्र समुद्र विज्ञान में कॅरियर बना सकते हैं। बारहवीं विज्ञान विषय से करने के साथ ही आपको स्वीमिंग तथा डाइविंग भी आनी चाहिए।

समुद्र विज्ञान के विभिन्न कोर्स कराने वाले देश के प्रमुख संस्थान इस प्रकार हैं-

- गोवा विश्वविद्यालय, गोवा।
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, टेक्नोलॉजी एंड डेवलपमेंट स्टडीज, नई दिल्ली।
- उत्कल विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर, उड़ीसा।
- यूनीवर्सिटी ऑफ मद्रास, चेन्नई।
- कोचीन यूनीवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, कोचीन।
- मंगलौर यूनीवर्सिटी, कर्नाटक।

❍ मैं फोटो जर्नलिस्ट बनना चाहता हूँ। कृपया मार्गदर्शन प्रदान करें?

- गोपाल भारद्वाज, बहोरीबंद (कटनी)

● यदि आप फोटो जर्नलिस्ट बनना चाहते हैं तो आपको किसी सामान्य स्टूडियो में या शादी जैसे मौकों पर तस्वीर खींच रहे फोटोग्राफर और फोटो जर्नलिस्ट के काम के अंतर को समझना होगा और साथ ही साथ जर्नलिज्म में आपकी रुचि भी होनी चाहिए। दरअसल फोटो जर्नलिस्ट प्रेस रिपोर्टर के साथ कदम से कदम मिलाकर चलता है, कहानी के अनुसार पिक्चर क्लिक करता है। सबसे जरूरी बात कि उसमें किसी भी घटना को कैमरे में कैद करने के लिए चीते-जैसी फुर्ती होती है, क्योंकि अगर चूक गए तो हो सकता है फिर वह मौका कभी न मिले। इसमें रीटेक तथा इंतजार की कोई गुंजाइश नहीं होती है। फोटो जर्नलिस्ट का सबसे पहला काम बढ़िया तस्वीरें खींचना होता है। वे जिस किसी भी पब्लिशिंग हाउस के लिए काम कर रहे हों यह उनकी जिम्मेदारी है कि उस संस्थान के लिए साफ व स्पष्ट फोटो खींचें, जो न केवल हाई क्वालिटी के हों, बल्कि जिनसे बनावट नहीं, बल्कि सच्चाई झलकती हो और पाठकों के सामने एक अर्थपूर्ण संदेश पहुँचाती हों। बहुत से अखबार व पत्रिकाएँ फोटो जर्नलिस्ट को कुछ अन्य जिम्मेदारियाँ भी देते हैं, मसलन डिजिटल कैमरे से कम्प्यूटर में पिक्चर लोड करना, पिक्चर एडिट करना, तस्वीरों को स्कैन करवाना और पिक्चर के कलर को मनमाफिक बनाना। फोटो जर्नलिज्म के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए फोटोग्राफी के कोर्स में दाखिला लेने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता बारहवीं पास होना है। फोटोग्राफी में डिग्री, डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स देश के कई कॉलेजों में उपलब्ध हैं। फोटोग्राफी को गंभीरता से अपना कॅरियर बनाने वालों को कम्प्यूटर, खासकर फोटोशॉप का विशेष ज्ञान ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है। उसे कैमरों एवं लाइट्स, आउटडोर एवं इनडोर शूटिंग की भी बेहतर जानकारी होनी चाहिए। फोटो जर्नलिस्ट में न्यूज के अनुसार फोटो के बेहतर चयन की दक्षता होनी चाहिए। किसी भी फोटो जर्नलिस्ट का वेतन इस बात पर निर्भर करता है कि वह कहाँ काम कर रहा है, उस संस्थान की लोकेशन, साइज, पब्लिकेशन का प्रकार क्या है। इसके अलावा आपका लगातार बढ़ता हुआ अनुभव भी एक बड़ा फैक्टर होता है कि आपकी तनख्वाह क्या हो। अगर पिक्चर की अच्छी समझ है तो जल्द ही आप उन ऊँचाइयों पर होंगे, जहाँ सैलरी के मामले में आपको ज्यादा नहीं सोचना पड़ेगा। क्योंकि अगर वाकई आपकी ली गई पिक्चर बोलती हैं तो आप फ्रीलांस फोटोग्राफी कर भी अपना दमखम दिखा सकते हैं। इस प्रकार कहा जा सकता है कि इस क्षेत्र में रोज़गार की अच्छी संभावनाएँ हैं।

❍ आपदा प्रबंधन में एमबीए कोर्स कहाँ से करना कॅरियर एवं रोज़गार की दृष्टि से उपयुक्त रहेगा?

- अवनीश माथुर, कुरई (सिवनी)

● किसी भी स्ट्रीम से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों से बैचलर डिग्री कर



चुके छात्र आपदा प्रबंधन के एमबीए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। यह कोर्स नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजास्टर मैनेजमेंट, दिल्ली तथा गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी, दिल्ली से किया जाना रोज़गार एवं कॅरियर की दृष्टि से उपयुक्त रहेगा।

फोटोग्राफी के पाठ्यक्रम कराने वाले देश के प्रमुख संस्थान इस प्रकार हैं-

- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन, (आईआईएमसी), जे.एन.यू. कैम्पस, नई दिल्ली।
- भारतीय विद्या भवन, कस्तूरबा गाँधी मार्ग, नई दिल्ली।
- इंडिया इंटरनेशनल फोटोग्राफिक काउंसिल, नई दिल्ली।
- कॉलेज ऑफ आर्ट्स, नई दिल्ली।
- फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, लॉ कॉलेज रोड, पुणे।
- सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन, पुणे।
- सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट, कोलकाता।
- जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट, मुंबई।
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, पालदी, अहमदाबाद।
- एकेडमी ऑफ फोटोग्राफी, रवींद्र भारती विश्वविद्यालय, कोलकाता।

❍ मैं आधुनिक तथा नए जमाने के औजारों के निर्माण के क्षेत्र में कॅरियर बनाना चाहता हूँ। कृपया मार्गदर्शन दें?

- अमर वासवानी, धुधरी (मंडला)

● यकीनन औजारों का निर्माण तथा डिजाइनिंग एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ प्रशिक्षण के उपरांत रोज़गार की बहुत अच्छी संभावनाएँ हैं। भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम मंत्रालय के अधीन देशभर के विभिन्न हिस्सों में चल रहे सेंट्रल टूल रूम एवं केंद्रीय औजार कक्ष एवं प्रशिक्षण केंद्र (सीटीटीसी) से निकले सभी बैचों के छात्र शत-प्रतिशत रोज़गार प्राप्त कर रहे हैं। इसकी प्रमुख वजह यह है कि विनिर्माण उद्योग में औजारों का निर्माण तथा डिजाइनिंग का विशेष स्थान है। गौरतलब है कि सेन्ट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ टूल डिजाइन, सेंट्रल टूल रूम एंड ट्रेनिंग सेंटर, इंडो-जर्मन टूल रूम जैसे कुछ चुनिंदा संस्थानों में ही टूल एंड डाई निर्माण में डिप्लोमा, सीएनसी मशीनिंग में सर्टिफिकेट, टूल डिजाइनिंग में डिप्लोमा, कम्प्यूटर एडिड टूल डिजाइन में डिप्लोमा, कैम तथा कैड एवं टूल डिजाइन में पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। यह सभी पाठ्यक्रम प्रशिक्षण के दौरान लघु एवं मध्यम आकार के उद्यमों विशेषकर धातु और प्लास्टिक समूह के उद्योगों में प्रयुक्त जिग्स एवं फिक्सचर्स, प्रेस टूल्स, प्लास्टिक मोल्ड टूल्स, डाई कास्टिंग साइज, आटोकैड सीएनसी प्रोग्रामिंग तथा मशीनिंग (लैश एवं मिलिंग), यूनीग्राफिक्स (कैम एवं कैड), कैटिया (कैड), मटीरियल, विशिष्टीकरण एवं हीट ट्रीटमेंट, हाइड्रोलिक्स आदि का बुनियादी प्रशिक्षण उपलब्ध कराते हैं। औजार निर्माण के विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम छह माह से लेकर चार वर्ष तक की अवधि के होते हैं। औजार निर्माण के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश इंट्रेंस टेस्ट तथा इंटरव्यू के उपरांत दिया जाता है। सीएनसी मशीनिंग के छह माह के सर्टिफिकेट कोर्स में किसी भी ट्रेड में आईटीआई उत्तीर्ण उम्मीदवार दाखिला ले सकते हैं। जबकि टूल एवं डाई निर्माण के चार वर्षीय डिप्लोमा कोर्स में दाखिले के लिए दसवीं की परीक्षा न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण होना आवश्यक है। दो वर्षीय मशीनिस्ट ट्रेड में दाखिले के लिए दसवीं परीक्षा गणित, विज्ञान के साथ न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इसके अलावा कैम/कैड तथा टूल डिजाइनिंग में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, कम्प्यूटर एडिड टूल डिजाइन के पोस्ट डिप्लोमा, मैकेनिकल उत्पाद, ऑटोमोबाइल, टूल एवं डाई अथवा प्लास्टिक प्रोग्राम इन कम्प्यूटेशनल इंजीनियरी, पीजी डिप्लोमा इन एम्बेडेड सिस्टम डिजाइन आदि पाठ्यक्रम भी विभिन्न टूल डिजाइन प्रशिक्षण संस्थानों में उपलब्ध हैं। औजार निर्माण तथा डिजाइन के एडवांस पाठ्यक्रमों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों को शुरुआती तौर पर कम्प्यूटर एडेड टूल डिटेलर्स, प्रोडक्ट ड्राफ्टर्स, एक्ट्रीलेवल डिजाइनर्स, कैड ऑपरेटर्स तथा अन्य तकनीकी पदों पर नौकरी के अवसर मिलते हैं जबकि आईआईटी के उपरांत सर्टिफिकेट व डिप्लोमा कोर्स करने वाले उम्मीदवारों को मास्टर क्राफ्टमैन इंजीनियर जैसे पदों पर रोज़गार मिलता है। विभिन्न पदों पर वेतन योग्यता एवं पाठ्यक्रमानुसार मिलता है।

औजार निर्माण तथा डिजाइनिंग का कोर्स कराने वाले देश के प्रमुख संस्थान इस प्रकार हैं-

- इंडो-जर्मन टूल रूम, औद्योगिक क्षेत्र, सांवेर रोड, इंदौर।
- सेन्ट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ टूल डिजाइन, बालंगार, हैदराबाद।
- सेन्ट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ टूल डिजाइन, पुणे, महाराष्ट्र।
- इंडो-डेनिस टूल रूम, गम्हारिया, जमशेदपुर।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी
(स्तंभकार देश के सीनियर कॅरियर काउंसलर हैं)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक संजय कुमार शुक्ल, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं सांध्य प्रकाश लिमिटेड, एफ-14, गोविन्दपुरा, औद्योगिक क्षेत्र, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।